नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, मई-जून, 1991 में दूसरी बार, नवम्बर, 1993 में तीसरी बार लगातार निर्दलीय, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार समाजवादी पार्टी से तथा अब आप फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवीं बार अपना-दल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । पार्टी आन्दोलन में आप दो माह पन्द्रह दिन नैनी जेल में बन्दी रहे । आप दो बार उत्तर प्रदेश विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य रहे हैं ।

राजनीतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा घुड़सवारी प्रिय है ।

मुख्यावास–52, कसारी मसारी, इलाहाबाद ।


कुल मतदाता–3,69,233, कुल मतदान–1,09,548,

प्राप्त मत– 1–श्री अतीक अहमद–39,532,

2–श्री गोपाल दास यादव–27,724 (समाजवादी पार्टी) ।

---

*दिनांक 24 अक्टूबर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



**अनवर महमूद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–141, उतरौला,
जिला–बलरामपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० अहमद महमूद खां । जन्म तिथि–15 अक्टूबर, 1960 । जन्म स्थान–पुरैना वाजिद । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक (एम०एल०के० डिग्री कालेज, बलरामपुर) । विवाह तिथि–23 जून, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती जरीना खातून । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1996 में आप राजभवन घेराव कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला कारागार, गोण्डा में दो दिन बन्दी रहे । आप मो० यूसुफ उस्मानी इण्टर कालेज, उतरौला के आजीवन सदस्य हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा वन्य जीव प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–पुरैना वाजिद, जिला–बलरामपुर ।
कुल मतदाता–2,54,692, कुल मतदान–1,25,772,
प्राप्त मत– 1–श्री अनवर महमूद खां–40,384,
2–श्री श्याम लाल–39,253 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अनार सिंह दिवाकर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–334, जलेसर (अ०जा०),
जिला–एटा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री ईश्वरी प्रसाद । जन्म-तिथि–20 अगस्त, 1957 । जन्म-स्थान– ग्रा०– रानामऊ । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–मई, 1975 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सर्वेश कुमारी (सदस्य, जिला पंचायत एटा) । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । श्री ईश्वरी प्रसाद शिक्षा समिति, रानामऊ, एटा के विगत दो वर्षों से आप संस्थापक-अध्यक्ष हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने सिंगापुर की यात्रा की है ।

मुख्यावास–ग्रा०–रानामऊ, पो०–अमाँपुर, जिला–एटा ।
कुल मतदाता–1,98,757, कुल मतदान–1,16,712,
प्राप्त मत :–1–श्री अनार सिंह–38,462,
2–श्री राम सिंह रावल–31,361 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**अनिल कुमार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–363, खुर्जा,
जिला–बुलन्दशहर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सुरजावती, जिला–बुलन्दशहर ।
कुल मतदाता–2,19,255, कुल मतदान–1,08,831,
प्राप्त मत–1–श्री अनिल कुमार–28,494,
2–श्री हरपाल सिंह–21,443 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**अनिल कुमार पाण्डेय, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–111, चांदा,
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–भदैया, जिला–सुल्तानपुर ।
कुल मतदाता–2,50,858, कुल मतदान–1,36,736,
प्राप्त मत–1–श्री अनिल कुमार पाण्डेय–36,078,
2–श्री राम शिरोमणि वर्मा–34,631 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**अनिल कुमार पासवान, श्री**


निर्वाचन क्षेत्र–71, बावन (अ०जा०),
जिला–हरदोई ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम शंकर । जन्म तिथि 5 मार्च, 1972 जन्मस्थान–ग्रा० सरंगापुर सकरा (हरदोई) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (कानपुर वि०वि०) । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1992 में आप सी०एस०एन० (पी०जी०) कालेज, हरदोई छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे । सम्प्रति वर्ष 2000 से डॉ० राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर, हरदोई की प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष, अप्रैल, 2002 से आर्य कन्या महाविद्यालय, हरदोई के प्रधान (अध्यक्ष) हैं । पर्यटन के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।

युवा कार्यक्रमों, भ्रमण, कृषि एवं पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है तथा समाचार-पत्र, राजनैतिक पत्रिकाओं का अध्ययन, टी० वी० देखना एवं बैडमिण्टन का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० सरंगापुर, पो०–सकरा, जिला–हरदोई ।
कुल मतदाता–1,94,537, कुल मतदान–1,18,938,
प्राप्त मत–1–श्री अनिल कुमार वर्मा–47,803,
2–सुश्री राजेश्वरी–37,589 (समाजवादी पार्टी) ।



## अनिल कुमार मौर्य, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–246, राजगढ़,
जिला–मिर्जापुर।
दल–बहुजन समाज पार्टी।

पिता–श्री श्रीराम मौर्य। जन्मतिथि–20 अक्टूबर, 1969। जन्मस्थान–ग्रा० अकथा (वाराणसी)। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–स्नातक (काशीविद्यापीठ, वाराणसी)। विवाह तिथि–21 मई, 1990। पत्नी का नाम–श्रीमती रानी मौर्या। सन्तान–तीन पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं।

समाज के निर्धन एवं दबे-कुचले व्यक्तियों की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्रा०–अकथा, पो०–सारनाथ, जिला–वाराणसी।

कुल मतदाता–3,05,379, कुल मतदान–1,87,855,

प्राप्त मत–1–श्री अनिल कुमार मौर्य–57,365,

2–श्री अभूसन ब्रह्मशाह–35,869 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।

## अनिल कुमार वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–62, लहरपुर,
जिला–सीतापुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० हरगोविन्द वर्मा (भूतपूर्व सांसद एवं विधायक) । जन्म तिथि–7 जुलाई, 1964 । जन्म स्थान–ग्रा०–खैरुल्लापुर, (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–14 जनवरी, 1982 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरला वर्मा । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप धारा 144 के अन्तर्गत जिला कारागार, सीतापुर में दो दिन बन्दी रहे । विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1991-92), लोक-लेखा समिति (1993-94) तथा गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग स्थायी समिति (1991-92) के आप सदस्य रहे हैं । ग्राम स्वराज आश्रम खादी संस्था में एकाउंटेंट के पद पर आपने लगभग 6 वर्षों तक कार्य किया । वर्ष 1991 से हरगोविन्द वर्मा खादी ग्रामोद्योग समिति के मंत्री हैं ।

खादी जगत में आपकी विशेष रुचि है तथा समाचार-पत्र और पत्र-पत्रिकाएं पढ़ना एवं शतरंज का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–खैरुल्लापुर, पो०–गूरेपारा, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,24,391, कुल मतदान–1,34,629,

प्राप्त मत–1–श्री अनिल कुमार वर्मा–43,112,

2–हाजी जलीस अहमद–42,771 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**अनिल कुमार सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–333, निधौलीकलां,
जिला–एटा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–रामनगर, पो०–रुस्तमगढ़, एटा ।
कुल मतदाता–1,77,915, कुल मतदान–1,05,111,
प्राप्त मत–1–श्री अनिल कुमार सिंह यादव–51,556,
2–श्री ओम प्रकाश–23,295 (राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी) ।



## अनिल सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–157, नौगढ़,
जिला–सिद्धार्थनगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री पटेश्वरी सिंह । जन्म तिथि–3 अप्रैल, 1959। जन्मस्थान–ग्रा०उफालीपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–17 जून, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती किरन सिंह । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा एवं कृषि कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–उफालीपुर, पो०–सिकरी बाजार, जिला–सिद्धार्थनगर ।
कुल मतदाता–2,41,964, कुल मतदान–1,37,497,
प्राप्त मत–1–श्री अनील–34,907,
2–श्री ईश्वर चन्द्र शुक्ल–24,636 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू, श्री


निर्वाचन क्षेत्र–43, बीसलपुर,
जिला–पीलीभीत ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री शफी अहमद खां । जन्म तिथि–17 जुलाई, 1966 । जन्म स्थान–बीसलपुर । धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक । विवाह–वर्ष 1989 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मलका बेगम । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश एग्रो इण्डस्ट्रियल कारपोरेशन, लखनऊ के अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) और दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 4 फरवरी, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

खेलकूद, पठन-पाठन में आपकी विशेष रुचि है तथा स्वादिष्ट भोजन, व्यायाम एवं कैरम व वालीबाल खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०–हबीबुल्ला खां, जनूबी, बीसलपुर, जिला–पीलीभीत ।
कुल मतदाता–2,06,421, कुल मतदान–1,33,093,
प्राप्त मत–1–श्री अनीस अहमद खां–32,266,
2–श्री बाबू तेजबहादुर गंगवार–24,603 (राष्ट्रीय क्रांति पार्टी) ।



## अनुग्रह-नारायण उर्फ खोखा सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–186, रुद्रपुर,
जिला–देवरिया ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० रूप नारायण सिंह । जन्म तिथि–2 अगस्त, 1950 । जन्म स्थान–ग्रा०–अकटहा (देवरिया) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातक । विवाह–मार्च, 1983 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुम लता सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1977 से अब तक कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी, मजदूरों–किसानों और छात्रों द्वारा चलाये गये आन्दोलनों में आपने भाग लिया तथा जिला कारागार, देवरिया, गोरखपुर एवं लखनऊ में बन्दी रहे । सम्प्रति वर्ष 1980 से सहकारी कताई मिल मगहर श्रमिक यूनियन, संत कबीर नगर और श्री गांधी आश्रम कर्मचारी यूनियन, मगहर, वर्ष 1982 से संजय पेपर एण्ड वेहिकल्स श्रमिक यूनियन मगहर, वर्ष 1990 से पूर्वांचल सहकारी कताई मिल, बहादुरगंज (गाजीपुर), एन०ई० रेलवे इम्प्लाइज एसोशियेशन, गोरखपुर तथा वर्ष 1993-94 से अब तक श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष हैं । इसके अतिरिक्त विगत कई वर्षों से अनेक श्रमिक संगठनों के आप अध्यक्ष के रूप में सम्बद्ध हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा, पत्रकारिता, अध्ययन एवं लेखन में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल-कूद और संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–जं० अकटहा, पो०–छपौली, जिला–देवरिया ।
कुल मतदाता–2,46,227, कुल मतदान–1,26,652,
प्राप्त मत–1–श्री अनुग्रह नारायण उर्फ खोखा सिंह–41,095,
2–श्री जय प्रकाश निषाद–27,417 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अनुराधा चौधरी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–394, बघरा,
जिला–मुजफ्फरनगर ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप दिनांक 3 मई, 2002 से 27 मई, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में लोक निर्माण मंत्री रहीं तथा अब दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव की सरकार में मंत्री हैं ।

मुख्यावास–32/1ए–सिविल लाइन दक्षिणी, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता– 1,98,962, कुल मतदान–1,18,574,

1–श्रीमती अनुराधा चौधरी–48,509,

2–श्री उदयपाल–30,680 (समाजवादी पार्टी) ।



## अनूप कुमार पाण्डेय, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–153, राम नगर,
जिला–बस्ती ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री दीनानाथ पाण्डेय । जन्म तिथि–1 जून, 1961। जन्मस्थान–ग्रा०–चौकवा (बस्ती) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री । विवाह तिथि–13 जून, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती विनय पाण्डेय । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप श्रीमती यशोदा बालिका इण्टर कालेज तथा अनाथ आश्रम, बस्ती (निर्माणाधीन) के प्रबन्धक हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–चौकवा, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,21,487, कुल मतदान–1,29,047,

प्राप्त मत–1–श्री अनूप कुमार पाण्डेय–49,001,

2–श्री राम ललित चौधरी–34,727 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**अन्सार अहमद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–258, नवाबगंज,
जिला–इलाहाबाद ।
* दल–अपना दल ।

पिता–स्व० नवाब अली । आयु–लगभग 45 वर्ष । जन्म स्थान–ग्रा०–चन्दापुर । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । शिक्षा–हाई स्कूल । पत्नी का नाम–श्रीमती सहनूर बानो । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा में आप अपना दल के मुख्य सचेतक रहे हैं । दिनांक 21 अप्रैल, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा कुश्ती व व्यायाम प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–चन्दापुर, पो०–मलाक हरिहर, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,47,159, कुल मतदान–1,31,621,


प्राप्त मत–1–श्री अन्सार अहमद–33,213,

2–श्री तुलसीराम यादव–30,556 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---

*दिनांक 3 जुलाई, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।

दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## अब्दुल कलाम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–227, वाराणसी उत्तरी,
जिला–वाराणसी ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री अब्दुल रऊफ । जन्म तिथि–17 जुलाई, 1958 । जन्म स्थान–वाराणसी । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम, पिछड़ी जाति) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–25 जून, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती राबिया बेगम । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न आन्दोलनों में वर्ष 1995, 2000 तथा 2001 में सेण्ट्रल जेल, वाराणसी तथा दो बार जिला जेल, लखनऊ में कुल 7 दिन बन्दी रहे । आप 13वीं विधान सभा में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की वर्ष 2002-2003 के लिए गठित प्राक्कलन समिति के सदस्य हैं । शीबा कलाकेन्द्र, लल्लापुर, वाराणसी के सन् 2000 से संरक्षक तथा मौलाना बुनकर अस्पताल, वाराणसी के सन् 2001 से आप सचिव हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा रोटी-चिकन खाना एवं गजल सुनना प्रिय है ।

मुख्यावास–एस०–18/78, राजा बाजार, नदेसर, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,91,078, कुल मतदान–1,08,121,

प्राप्त मत–1–श्री अब्दुल कलाम–56,805,

2–श्री रवीन्द्र जायसवाल–37,268 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अब्दुल कलाम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–160, मेंहदावल,
जिला–सन्त कबीर नगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री अब्दुल सलाम । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1956 । जन्म स्थान–बस्ती । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह–सन् 1975 में । पत्नी का नाम– श्रीमती हमीदुन्निशां । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) तथा पत्रकारिता ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं । आप राजनीतिक आन्दोलनों में जिला कारागार, बस्ती में 7 दिन बन्दी रहे । आप हीरालाल राम निवास कालेज के छात्र प्रतिनिधि, सन् 1988 में ब्लाक बघौली के 6 वर्ष तक ब्लाक प्रमुख, लायन्स क्लब, बस्ती तथा व्यापार मण्डल, खलीलाबाद (बस्ती) के मंत्री रहे हैं । सम्प्रति अलमदद कमेटी, बस्ती तथा बुनकर संघर्ष समिति अमर डोभा, (बस्ती) के संरक्षक, मदरसा सिराजुल उलूम के प्रबन्धक, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति तथा जनजाति समिति के सदस्य, बेरोजगार युवा संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक एवं मेंहदावल जमींदारी उन्मूलन समिति, बस्ती के अध्यक्ष हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।


सामाजिक कार्य एवं देश के उत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा असहाय लोगों की मदद, बागवानी और प्रदूषण से बचाव करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–आटा कला, पो०–पचपोखरी, जिला–सन्त कबीर नगर ।

कुल मतदाता–2,41,775, कुल मतदान–1,29,062,

प्राप्त मत–1–श्री अब्दुल कलाम–40,143,

2–श्री लालचन्द्र निषाद–29,086 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**अब्दुल मन्नान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–68, सण्डीला,
जिला–हरदोई ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० अब्दुल जब्बार । जन्म तिथि–1 जून, 1956 । जन्म स्थान–असही, आजमपुर (सण्डीला) । धर्म–मुस्लिम (सुन्नी) । शिक्षा–स्नातक (बी०काम०, डी०पी०ए०) । विवाह तिथि–22 जून, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती तमहीद बानों । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (2000-2001) के सदस्य तथा क्षेत्र समिति बेहदर, हरदोई के (वर्ष 1989-1996) ब्लाक प्रमुख और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में मुस्लिम वक्फ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है और शाकाहारी व मांसाहारी भोजन तथा बैडमिण्टन खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–असही, आजमपुर, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–2,09,964, कुल मतदान–1,27,726,

प्राप्त मत–1–श्री अब्दुल मन्नान–52,852,

2–कुंवर वीरेन्द्र सिंह–33,292 (समाजवादी पार्टी) ।



## अब्बास अली जैदी उर्फ रुशदी मियां, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–122, रुदौली,
जिला–फैजाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–सै० तहजीबुल हसन जैदी । जन्म तिथि–24 अप्रैल, 1975 । जन्म स्थान–लखनऊ । धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (कम्प्यूटर साफ्टवेयर) । विवाह तिथि–7 फरवरी, 1998 । पत्नी का नाम–श्रीमती मासूमा कासिम । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा इंजीनियरिंग ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया और 14 दिन मण्डल कारागार–फैजाबाद में बन्दी रहे । आप विगत 2 वर्षों से लायन्स क्लब, रुदौली, फैजाबाद तथा उ० प्र० विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्श-दात्री समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । अपने पिता के साथ आपने सऊदी अरब की यात्रा भी की है ।

कम्प्यूटर्स, अध्ययन एवं पीड़ित जनों की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट खेलना, म्यूजिक सुनना और स्वीमिंग प्रिय है ।

मुख्यावास–इरशाद मंजिल सोफियाना–रुदौली, फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,19,257, कुल मतदान–1,27,969,

प्राप्त मत–1–श्री अब्बास अली जैदी उर्फ रूशदी मियां–51,465,

2–श्री ऐहतराम अली–30,483 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## अमरजीत सिंह "जनसेवक", श्री

निर्वाचन क्षेत्र–270, बिन्दकी,
जिला–फतेहपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० बल्देव सिंह । जन्म तिथि–12 अक्टूबर, 1954 । जन्म स्थान–अदमापुर कोरसम (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य (विकलांग) । शिक्षा –एम०ए० (इतिहास, राजनीति-शास्त्र, दर्शन-शास्त्र), एम०एड०, एल-एल०बी० । विवाह–जून, 1965 में । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रमिला सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने विभिन्न आन्दोलनों में भाग लिया और वर्ष 1975 एवं 1994 में धारा–107, 117 तथा 151 के अन्तर्गत सेण्ट्रल जेल, फतेहगढ़ में बन्दी रहे । आप चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के मैनेजिंग बोर्ड में वर्ष 1993-95 तक सदस्य तथा वर्ष 1995 से 1997 तक भारतीय विकलांग क्लब के संरक्षक रहे हैं । वर्ष 1983 से राष्ट्रीय विकलांग महासंघ के अध्यक्ष, 1986 से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्वास समन्वय समिति के सदस्य, 1997 से भारतीय विकलांग एसोसियेशन के संरक्षक तथा उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री रहे हैं । विकलांगों के जीवन के अध्ययन हेतु आपने रूस, जापान, थाईलैण्ड तथा अमेरिका आदि देशों की यात्रा की है ।

कमजोर वर्गों की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है तथा बच्चों के साथ खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–अदमापुर, कोरसम, बिन्दकी, जिला–फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,18,911, कुल मतदान–1,29,350,

प्राप्त मत–1–श्री अमरजीत सिंह "जनसेवक"–31,658,

2–श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा–28,348 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**अमरमणि, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–174, लक्ष्मीपुर,
जिला–महराजगंज ।
* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री कृष्ण नारायण मणि त्रिपाठी । जन्म तिथि–23 मार्च, 1955 । जन्म स्थान–ग्राम–गोपालपुर (गोरखपुर) । धर्म–हिन्दू (ब्राह्मण) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (गोरखपुर वि०वि०) । विवाह तिथि–25 फरवरी, 1988 । पत्नी का नाम–श्रीमती मधुमणि त्रिपाठी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं राजनीति ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं । श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रिमण्डल में आप युवा कल्याण, लघु उद्योग, संस्थागत वित्त एवं व्यापार कर विभाग के राज्य मंत्री और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 16 मई, 2003 तक आप सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में गिरफ्तार होकर रा० सु० का० में जिला कारागार, गोरखपुर, बस्ती, देवरिया तथा केन्द्रीय कारागार, बरेली में कुल 9 माह बंदी रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1989-91) के सदस्य, वाणी वन्दना विद्यालय के अध्यक्ष 1983 से, अ० भा० यु० संगठन के प्रादेशिक अध्यक्ष 1982 से तथा सा० नि० वि० मजदूर यूनियन उ० प्र० के उपाध्यक्ष 1985 से रहे हैं । आप राजीव गांधी महाविद्यालय और राजीव गांधी

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

कृषि विज्ञान केन्द्र के क्रमशः 1992 और 1994 से अध्यक्ष हैं। प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित अभिनन्दन–समारोह में सम्मिलित होने के लिए आपने थाईलैण्ड, सिंगापुर तथा हांगकांग आदि देशों की यात्रा की है।

राजनीति एवं मानवता की रक्षा करने तथा विकास कार्यों में आपकी विशेष रुचि है। शाकाहारी भोजन, राजनीतिक विषयों पर वाद-विवाद, पर्यटन, खेलकूद तथा संगीत आपको प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–त्रिलोकपुर, पो०–सुनौली, जिला– महराजगंज।

कुल मतदाता–2,42,633, कुल मतदान–1,49,407,

प्राप्त मत– 1–श्री अमरमणि–63,348,

2–श्री कौशल किशोर–57,348 (समाजवादी पार्टी)।



## अमर सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–354, सिकन्दरा राऊ,
जिला–हाथरस ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री सुन्दर सिंह । जन्म तिथि–4 मार्च, 1953 । जन्म स्थान–ग्रा०-नगला देवी (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, एल-एल०बी० (वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़) । विवाह–जून, 1967 में । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रागश्री । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार समाजवादी पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार निर्दलीय विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए हैं । आप राज भवन घेरो आन्दोलन में अस्थायी जेल, लखनऊ एवं अन्य आन्दोलनों में जनपद कारागार, अलीगढ़ तथा हाथरस में 10 घण्टे बन्दी रहे । उत्तर प्रदेश विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1993-95) के आप सदस्य रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–नगला देवी, जिला– अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,28,840, कुल मतदान–1,34,773,

प्राप्त मत– 1–श्री अमर सिंह यादव–38,232,

2–श्री यशपाल सिंह चौहान–32,640 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अमिता सिंह, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–105, अमेठी,
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री एम० बी० कुलकर्णी । जन्म तिथि–4 अक्टूबर, 1962 । जन्म स्थान–मुम्बई । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य । शिक्षा–स्नातक । पति का नाम–डॉ० संजय सिंह । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि और समाज सेवा ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) की सदस्या और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रही हैं । खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के उद्देश्य से आपने अधिकांश देशों की यात्रा की है ।

आन्तरिक डिजाइनिंग एवं आभूषण डिजाइनिंग में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन व संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–भूपति भवन, ग्रा० व पो०–रामनगर, अमेठी, जिला–सुल्तानपुर ।
कुल मतदाता–2,37,036, कुल मतदान–1,32,506,
प्राप्त मत– 1–श्रीमती अमिता सिंह–55,949,
2–श्री आशीष–37,184 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## अम्बिका चौधरी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–212, कोपाचीट,
जिला–बलिया ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० रामनगीना चौधरी । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1955 । जन्म स्थान–हसनपुरा (बलिया) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–22 फरवरी, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।


नवम्बर, 1993 में प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप धारा 144/188 सी० आर० पी० सी० में कुल 27 दिन (तीन बार) जिला कारागार, बलिया में बन्दी रहे । आप वर्ष 1993-95 और 1997-98 में विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सदस्य तथा तेरहवीं विधान सभा में याचिका समिति के कार्यकारी सभापति रहे हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं । आप वर्ष 1983 में मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा से त्याग-पत्र देकर सक्रिय राजनीति में आये । पर्यटन के उद्देश्य से आपने नेपाल और बंगलादेश की तथा संसदीय अध्ययन प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में यू०के०, हालैंड, यू०एस०ए० एवं कनाडा सहित अनेक देशों की यात्रा की है ।

समाजसेवा और पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत व स्वाध्याय प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–कपूरी, पो०–फेफना, जिला– बलिया ।

कुल मतदाता–2,46,874, कुल मतदान–1,28,399,

प्राप्त मत– 1–श्री अम्बिका चौधरी–40,040,
2–श्री सुग्रीव सिंह–31,789 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## अम्बेश कुमारी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–308, चरखारी (अ० जा०),
जिला–महोबा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

जन्म तिथि–2 अगस्त, 1976 । जन्म स्थान–उत्तर प्रदेश । धर्म–हिन्दू । जाति अनुसूचित जाति (अहिरवार) । शिक्षा–एम०ए० (समाजशास्त्र) । विवाह तिथि–17 जून, 1994 । पति का नाम–श्री महेश प्रताप अहिरवार । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । दिनांक 26 जून, 2000 से आप जिला-पंचायत की सदस्या हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा साहित्यिक अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–बसौठ, जिला–महोबा ।

कुल मतदाता–2,09,111, कुल मतदान–1,07,400,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती अम्बेश कुमारी–25,061,

2–श्रीमती पुष्पा–21,403 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अयोध्याप्रसाद पाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–267, हसवा,
जिला–फतेहपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री फागुनी प्रसाद । जन्मतिथि–18 मार्च, 1955 । जन्म स्थान – ग्रा०–जखनी (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । पत्नी का नाम–श्रीमती शिवकली । सन्तान–छः पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1999-2002) के सदस्य और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक आप सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री रहे । दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–जखनी, पो०–कांधी, जिला– फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,27,643, कुल मतदान–1,25,786,

प्राप्त मत– 1–श्री अयोध्या प्रसाद पाल–37,983,

2–श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम–34,868 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अरविन्द गिरि, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–52, हैदराबाद,
जिला–लखीमपुर (खीरी) ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राजेन्द्र गिरि । जन्म तिथि–30 जून, 1958 । जन्म स्थान–गोला गोकरननाथ । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह–वर्ष1991 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा गिरि । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1993 से आपने विभिन्न राजनैतिक आन्दोलनों में भाग लिया और कई बार जिला कारागार, लखीमपुर, शाहजहांपुर एवं लखनऊ में बन्दी रहे । विधान सभा की लोक लेखा समिति (1998-99) के आप सदस्य रहे और दिनांक 5 अगस्त, 2002 से प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1982 में आप छात्र संघ के महामंत्री, 1988 में लाल्हापुर के ग्राम प्रधान तथा वर्ष 1992-93 में कोआपरेटिव बैंक के संचालक रहे हैं । आप नगरपालिका परिषद् के अध्यक्ष भी रहे तथा वर्ष 1998 से विभिन्न शिक्षण–संस्थाओं के संचालक हैं ।


सामाजिक कार्यों तथा शिक्षण–संस्थाओं के निर्माण में आपकी विशेष रुचि है और प्रकृति से लगाव के कारण वन एवं तीर्थ स्थानों का भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०–तीर्थ गोला गोकरननाथ, जिला–लखीमपुर खीरी ।

कुल मतदाता–2,58,024, कुल मतदान–1,60,220,

प्राप्त मत–1–श्री अरविन्द गिरि–62,527,

2–श्री अरुन कुमार वर्मा–47,974 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**अरुण कुमार मेहरोत्रा, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–318, कालपी,
जिला–जालौन ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० मोती चन्द्र वर्मा (स्वतंत्रता सेनानी)) । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1958 । जन्म-स्थान–कालपी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री एम०बी०बी०एस, एम०एस० (आर्थोपैडिक सर्जन) । विवाह तिथि–10 नवम्बर, 1984 । पत्नी का नाम–डा० सीमा मेहरोत्रा । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–चिकित्सा ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप इण्डियन आर्थोपैडिक एसोसियेशन के आजीवन सदस्य 20 वर्ष से, यू०पी० पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसियेशन की कार्यकारिणी के सदस्य 5 वर्ष से, उ० प्र० गौशाला संघ के कोषाध्यक्ष 1 वर्ष से, भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री, 3 वर्ष, से, हिन्दी विद्यार्थी सम्प्रदाय हिन्दी भवन, कालपी के अध्यक्ष और श्री ठक्कर बापा इण्टर कालेज, कालपी के उपाध्यक्ष, 5 वर्ष से, मोती चन्द्र वर्मा विद्या निकेतन, कालपी के 7 वर्ष से तथा गोसदन, कालपी के 8 वर्ष से प्रबन्धक हैं । भ्रमण तथा अध्यापन के उद्देश्य से आपने लीबिया, इंग्लैण्ड, इटली, फ्रांस, स्विटजरलैण्ड आदि देशों की यात्रा की हैं ।

समाज सेवा एवं शिक्षा के प्रचार-प्रसार में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन और बच्चों से बातें करना अच्छा लगता है ।

मुख्यावास–भट्टीपुरा, कालपी, जिला–जालौन ।

कुल मतदाता–2,28,343, कुल मतदान–1,30,376,

प्राप्त मत–1–डा० अरुण कुमार मेहरोत्रा–42,312,

2–श्री श्रीराम पाल–39,581 (समाजवादी पार्टी) ।



**अरुण कुमारी, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–279, भोगनीपुर (अ०जा०),
जिला–कानपुर–देहात ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गोविन्द प्रसाद । जन्म तिथि–13 मार्च, 1973 । जन्म स्थान–कानपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (कोरी) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (कानपुर वि० विद्यालय) । विवाह तिथि–30 नवम्बर, 1995 । पति का नाम–श्री उमेश चन्द्र । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–राजनीति ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।

प्रदेश की आदिम जातियों एवं जनजातियों के विकास हेतु कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनीतिक पुस्तकें पढ़ना, टी०वी० पर चर्चायें देखना और हिन्दी साहित्य का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–31, सहदुल्लापुर, पी०ए०सी० रोड, कानपुर नगर ।

कुल मतदाता–2,26,414, कुल मतदान–1,19,677,

प्राप्त मत–1–श्रीमती अरुण कुमारी–45,071,

2–श्रीमती निर्मला शंखवार–35,101 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## अरुणवीर सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–131, फखरपुर,
जिला–बहराइच ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० यशवीर सिंह । जन्म तिथि–9 नवम्बर, 1962 । जन्म स्थान–हरिहरपुर रैकवारी । धर्म– हिन्दू । जाति–राजपूत । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–9 मई, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला सिंह । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 में सम्पन्न सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप समाजवादी पार्टी के आन्दोलन में धारा 107/116 के अन्तर्गत तीन दिन जिला कारागार, बहराइच में बन्दी रहे । वर्ष 1994 से आप लायन्स क्लब, बहराइच के अध्यक्ष तथा उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

राजनीति एवं पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–हरिहरपुर रैकवारी, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,29,292, कुल मतदान–1,39,595,

प्राप्त मत–1–श्री अरुणवीर सिंह–58,059,

2–श्री मयंकर सिंह–56,721 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अरुणा तोमर, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–277, सरसौल,
जिला–कानपुर नगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गिरिराज सिंह कुशवाहा (पूर्व सांसद) । जन्म तिथि–10 अप्रैल, 1959 । जन्म स्थान–गौरीगंज (सुल्तानपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (कानपुर वि०वि०) । विवाह तिथि–31 मई, 1978 । पति का नाम–श्री लाल सिंह तोमर, एम०एल०सी० । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चौदहवीं विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप वर्ष 1997 से सेक्युलर इंडियन्स आरगनाइजेशन आफ कानपुर की उपसंरक्षक तथा वर्ष 2001 से जागरूक मतदाता संगठन, सरसौल–कानपुर नगर की संरक्षक हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–नसड़ा, जिला–कानपुर नगर ।

कुल मतदाता–2,48,762, कुल मतदान–1,37,844,

प्राप्त मत–1–श्रीमती अरुणा तोमर–47,957,

2–श्री राम प्रसाद–40,964 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## *अली बहादुर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–132, महसी,
जिला–बहराइच ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री शेर अली । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–ककरी (बहराइच) । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । जाति–पिछड़ी जाति (धुनिया) । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० (लखनऊ विश्वविद्यालय) । पत्नी का नाम–श्रीमती जमीला खातून । सन्तान–तीन पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, वकालत तथा समाज सेवा ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । वर्ष 1982 से 2000 तक आप लगातार तीन बार क्षेत्र पंचायत, बलहा (बहराइच) के ब्लाक प्रमुख रहे ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि रही ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–ककरी, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,44,781, कुल मतदान–1,41,164,

प्राप्त मत–1–श्री अली बहादुर–52,173,

2–श्री दिलीप कुमार–44,973 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* श्री अली बहादुर की मृत्यु दिनांक 16 अगस्त, 2003 को अपराह्न में हो गयी । अतः उक्त स्थान दिनांक 16 अगस्त, 2003 के अपराह्न से रिक्त हो गया ।



## अवधेश कुमार वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–49, ददरौल,
जिला–शाहजहांपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री अधौलाल वर्मा । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1964 । जन्म स्थान–ग्रा०–कहिलिया रुद्रपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–5 फरवरी, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रा वर्मा । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

निर्धनों एवं पीड़ितों को सहायता प्रदान करने में आपकी विशेष रुचि है तथा वालीवाल खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–कहिलिया रुद्रपुर, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–2,15,659, कुल मतदान–1,36,342,

प्राप्त मत–1–श्री अवधेश कुमार वर्मा–34,925,

2–श्री अनवर अली उर्फ जकीउर्रहमान–30,534 (समाजवादी पार्टी) ।



## अवधेश प्रसाद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–121, सोहावल (अ०जा०),
जिला–फैजाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० दुखीराम। जन्म तिथि–31 जुलाई, 1945 । जन्मस्थान–ग्रा०–सुरवारी (फैजाबाद)। धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–एम०ए० (कानपुर), एल–एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–7 जुलाई, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती सोना देवी (अध्यक्ष, जिला पंचायत फैजाबाद) । सन्तान–दो पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

वर्ष 1977 में प्रथम बार जनता पार्टी से, मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में लोकदल से, नवम्बर, 1989 में तीसरी बार जनता दल से, नवम्बर, 1993 में चौथी बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में पांचवी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में छठी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 1977 से 1980 तक श्री राम नरेश यादव मंत्रि-मण्डल में सूचना तथा सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री, श्री बनारसी दास मंत्रि-मण्डल में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री तथा श्री मुलायम सिंह यादव के प्रथम मंत्रि-मण्डल में दिसम्बर, 1989 से 1991 तक हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग के एवं द्वितीय मंत्रि-मण्डल में दिसम्बर, 1993 से जून, 1995 तक कारागार, होमगार्ड्स एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव के तृतीय मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं । किसानों की समस्याओं को लेकर 1974 में, आपातकाल के दौरान 1975 में, बागपत काण्ड व विभिन्न आन्दोलनों तथा डी० आई० आर० में लगभग 50 बार जिला कारागार, फैजाबाद तथा आदर्श कारागार, लखनऊ में कुल 14 महीनों तक बन्दी रहे । विधान सभा की

लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति सहित अनेक समितियों के सदस्य तथा वर्ष 1970-74 तक चन्द्रशेखर आजाद माध्यमिक विद्यालय कुचेरा, फैजाबाद के संस्थापक तथा प्रबन्धक रहे हैं । सम्प्रति आप विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति (2003–2004) के सदस्य तथा समाजवादी पार्टी विधान मण्डल दल के सन् 1996 से महामंत्री, संसदीय बोर्ड के सदस्य और राष्ट्रीय सचिव हैं ।


निर्धनों एवं असहाय वर्ग की सेवा एवं सहायता करने में आपकी विशेष रुचि है तथा क्षेत्रीय लोगों के सम्पर्क में रहकर उनकी समस्याओं का निदान करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सुरवारी (पूरे लच्छन तिवारी), जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,29,778, कुल मतदान–1,22,730,

प्राप्त मत–1–श्री अवधेश प्रसाद–43,398,

2–श्री रामू प्रियदर्शी–35,242 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## अशोक कुमार कटियार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–282, चौबेपुर,
जिला–कानपुर देहात ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० राम सनेही । जन्म तिथि–5 जनवरी, 1956 । जन्म स्थान–ग्रा०-खजुरी । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–27 जून, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती विनोदनी देवी । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–खजुरी, पो०–बिल्हौर, कानपुर नगर ।

कुल मतदाता–2,27,195, कुल मतदान–1,20,407,

प्राप्त मत–1–श्री अशोक कुमार–27,359,

2–सुश्री चन्द्रप्रभा शुक्ला–26,657 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अशोक बाजपेयी, डॉ०**

निर्वाचन क्षेत्र–72, पिहानी,
जिला–हरदोई ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० गोकर्णनाथ बाजपेयी । जन्म तिथि–20 फरवरी, 1949 । जन्म स्थान–बूढ़ा गांव (हरदोई) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–एम०ए० (राज० शास्त्र व लोक प्रशासन), एल–एल०बी०, डी०पी०ए० तथा पी–एच०डी० (लोक प्रशासन) । विवाह तिथि–10 मार्च, 1978 । पत्नी का नाम–डा० सुधा बाजपेयी । सन्तान–तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, अध्यापन एवं पुस्तक–लेखन ।

सर्वप्रथम आप 1977 में, दूसरी बार मार्च, 1985 में जनता पार्टी से, तीसरी बार नवम्बर, 1989 में जनता दल, चौथी बार नवम्बर, 1993 में, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में पांचवी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में छठी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने लेवी आन्दोलन (1974), हिन्दी भाषा आन्दोलन तथा राजभवन घेरो आन्दोलन सहित अनेक आन्दोलनों में भाग लिया और वर्ष 1974, 75, 76, 81 एवं 1996 तक लगभग पन्द्रह बार जेल यात्रा की । आपातकाल में, डी०आई०आर०, मीसा, धारा–188, 151, 107 तथा 116 आदि के अन्तर्गत जिला एवं आदर्श कारागार, लखनऊ तथा जिला कारागार, खीरी व हरदोई में कुल दो वर्ष से अधिक समय तक बन्दी रहे । श्री बनारसी दास मंत्रि-मण्डल में आप 1979-80 में

उच्च शिक्षा, पर्वतीय विकास विभाग के राज्य मंत्री एवं वर्ष 1990-91 में श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में माध्यमिक, बेसिक तथा प्रौढ़ शिक्षा विभाग के मंत्री, 1985-89 में मुख्य सचेतक, 1993-95 में उप मुख्य सचेतक, वर्ष 1993-94 में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा वर्ष 2000-2001, 2001-2002 एवं 2002–2003 में लोक लेखा समिति के सभापति तथा वर्ष 1993-95, 1997-98, 2000-2001, 2001-2002, 2002–2003 एवं 2003–2004 में अधिष्ठाता-मण्डल के सदस्य रहे हैं । आप विधान सभा की लोक लेखा समिति (1985-1987 व 1989-1990), सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1987-1989), प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1977-1978), कार्य-मंत्रणा समिति (1989-1991, 1993-1995 तथा 1997-1998) एवं विधान पुस्तकालय परामर्श दात्री समिति (1985-1986) के सदस्य भी रहे । आप राष्ट्रीय युवा जनता दल के संस्थापक सदस्य (1976-1980), जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के महामंत्री (1977-1979), उ० प्र० युवा लोकदल के अध्यक्ष (1980-1983), उ० प्र० जनता दल के उपाध्यक्ष (1989-1991), उ० प्र० जनता पार्टी विधान मण्डल दल के मुख्य सचेतक (1985-1989) एवं उ० प्र० विधान मण्डल दल के महामंत्री (1989-1991), समाजवादी जनता पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (1991-1992) एवं उ० प्र० समाजवादी जनता पार्टी के महामंत्री (1992-1993), चन्द्रभानु गुप्त सेवा समिति के अध्यक्ष (1993-2002), मोती लाल मेमोरियल शिक्षा समिति, लखनऊ, चन्द्रभानु गुप्त महाविद्यालय, बक्शी का तालाब इण्टर कालेज, लखनऊ के सदस्य, पी० जी० आई०, लखनऊ के सदस्य (2000-2002) रहे हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, भारत सेवा संस्थान की प्रशासन परिषद् के

सदस्य तथा सेण्ट्रल फार रूरल डेवलपमेन्ट एवं पंचायती राज के वर्ष 1997 से उपाध्यक्ष और दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मंडल में मंत्री हैं । आपने "पंचायती राज इन इण्डिया–यूथ्रस्ट" (2 वाल्यूम), "पंचायती राज एण्ड रूरल डेवलपमेंट", "उ० प्र० में पंचायती राज एक झलक", "गांधी जी के उत्तर प्रदेश में भाषण" और "पंचायतों के निर्वाचन के निर्वाचन नियमावली एवं प्रतिनिधियों के अधिकार" नामक पुस्तकें लिखी हैं जो साहित्य प्रकाशन, नई दिल्ली तथा सेण्ट्रल फार रूरल डेवलपमेंट पंचायती राज, उ० प्र० द्वारा प्रकाशित हुई हैं । आपने अन्तर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में भाग लेने हेतु क्यूबा, मोरक्को, मास्को, पाकिस्तान तथा संसदीय प्रक्रिया एवं लोकतांत्रिक प्रणाली के अध्ययन हेतु यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, स्वीटजर-लैण्ड, जर्मनी, आस्ट्रिया, रूस, इटली, नीदरलैण्ड, यू०एस०ए०, हांगकांग, मलेशिया, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड तथा सिंगापुर आदि देशों की यात्रा की हैं ।

लेखन, पठन-पाठन, बागवानी एवं कृषि-कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा भारतीय संगीत सुनना एवं टी०वी० धारावाहिक देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–जनता कुटीर, धर्मशाला रोड, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–2,02,240, कुल मतदान–1,22,951,

प्राप्त मत–1–डा० अशोक बाजपेयी–49,838,

2–श्री खालिद गौरी–44,407 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## अशोक सिंह चौहान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–326, मैनपुरी,
जिला–मैनपुरी ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० कैप्टन रामेश्वर सिंह । जन्म तिथि–25 मई, 1960 । जन्म स्थान–मैनपुरी । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातक । विवाह–वर्ष 1980 में । पत्नी का नाम–श्रीमती ममता चौहान । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप जिला पंचायत, मैनपुरी के सदस्य (5 वर्ष), लायन्स क्लब के सदस्य (10 वर्ष), व्यापार मण्डल के नगर उपाध्यक्ष (8 वर्ष) तथा कैमिस्ट एसोसियेशन, मैनपुरी के अध्यक्ष (12 वर्ष) रहे हैं ।


राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–नगला जुला, जिला–मैनपुरी ।

कुल मतदाता–2,48,691, कुल मतदान–1,27,738,

प्राप्त मत–1–श्री अशोक सिंह चौहान–36,239,

2–श्री मानिक चन्द्र यादव–34,410 (समाजवादी पार्टी) ।



## आदित्य विक्रम सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–159, खेसरहा,
जिला–सन्त कबीर नगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री दिवाकर विक्रम सिंह (पूर्व मंत्री, उ० प्र०) । जन्म तिथि–4 अप्रैल, 1959 । जन्म स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य (क्षत्रिय) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह–दिसम्बर, 1983 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कंचना सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप गोविन्द नगर गन्ना समिति, जनपद–बस्ती के चेयरमैन तथा उ० प्र० विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

कृषि एवं मत्स्य पालन में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तक पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–अठदमा, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,46,479, कुल मतदान–1,38,094,

प्राप्त मत–1–श्री आदित्य विक्रम सिंह–43,138,

2–श्री दिवाकर विक्रम सिंह–30,261 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## आनन्द प्रकाश लोधी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–268, फतेहपुर,
जिला–फतेहपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री श्यामा चरन लोधी । जन्म तिथि–18 सितम्बर, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०–दानियालपुर (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (लोधी) । शिक्षा– स्नातक, एल-एल०बी० (लखनऊ विश्व०) । विवाह तिथि–26 फरवरी, 1982 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रियंका राजपूत । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा एवं बागवानी में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत और खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–33 किसान भवन, ज्वालागंज, जी०टी०रोड, फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,83,904, कुल मतदान–1,50,651,

प्राप्त मत– 1–श्री आनन्द प्रकाश लोधी–55,975,

2–श्री राधेश्याम गुप्त–45,565 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## आनन्दसेन, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–120, मिल्कीपुर,
जिला–फैजाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मित्रसेन यादव (पूर्व विधायक एवं सांसद) । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1964 । जन्म स्थान–ग्राम–भिटारी, (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक । विवाह तिथि–7 मार्च, 1990 । पत्नी का नाम–श्रीमती इन्दुसेन । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1985, 1987 तथा 1998 के अनेक आन्दोलनों में आप जिला कारागार, फैजाबाद में बन्दी रहे । वर्ष 1990 से किसान इण्टर कालेज, कल्याणपुर (फैजाबाद) के प्रबन्धक, वर्ष 1996 से श्यामकली बालिका इण्टर कालेज, आनन्दनगर-भिटारी (फैजाबाद) के सचिव तथा वर्ष 2001 में क्षेत्र- पंचायत, हरिग्टनगंज (फैजाबाद) के ब्लाक प्रमुख रहे हैं ।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल-कूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–भिटारी, पो०–कल्यानपुर-केवटानी, जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,49,527, कुल मतदान–1,36,170,

प्राप्त मत– 1–श्री आनन्द सेन–54,545,

2–श्री दिनेश प्रताप सिंह–51,459 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## आर० एस० कुशवाहा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–56, निघासन,
जिला–लखीमपुर (खीरी) ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री एच० पी० कुशवाहा । जन्म तिथि–1 दिसम्बर 1956 । जन्म स्थान–ग्रा०–कमालपुर (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक (जय नारायण डिग्री कालेज लखनऊ), डिप्लोमा इन इलेक्ट्रिकल इंजी० । विवाह तिथि–20 अप्रैल, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती बीना कुशवाहा । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार, (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

बैडमिण्टन में आपकी विशेष रुचि है और फलाहार प्रिय है ।

मुख्यावास–ई–2938, राजाजीपुरम्, लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,97,127, कुल मतदान–1,69,456,

प्राप्त मत– 1–श्री आर० एस० कुशवाहा–44,367,

2–श्री कृष्ण गोपाल पटेल–39,981 (समाजवादी पार्टी) ।



## आर० के० चौधरी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–90, मोहनलालगंज (अ०जा०),
जिला–लखनऊ ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री जगदीन । जन्म तिथि–6 दिसम्बर, 1954 । जन्म स्थान–ग्रा०–टोनिया (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–बी० एस-सी०, एल-एल० बी० (साकेत महाविद्यालय फैजाबाद)। व्यवसाय–वकालत।

मई, 1994 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार मंझनपुर निर्वाचन क्षेत्र से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार मोहनलालगंज निर्वाचन क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार निर्दलीय (लोकपरिवर्तन पार्टी) उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 4 दिसम्बर, 1993 से आप श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में परिवहन मंत्री, जून, 1995 से सुश्री मायावती के प्रथम मंत्रि-मण्डल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री और बसपा-भाजपा सरकार में 21 मार्च, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक सहकारिता, पर्यावरण एवं अम्बेडकर ग्राम्य विकास मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं । सन् 1994 में उ०प्र० विधान सभा की आवास मंत्रणा एवं किचन समिति तथा दिनांक 12 अप्रैल, 2001 से कार्य-मंत्रणा समिति (2001-2002) के सदस्य रहे । आप उ०प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के भी सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1982 से लगातार डी०एस० फोर के लिए कार्य करते रहे तथा बसपा के राज्य कोआर्डिनेटर भी रहे । अब वर्ष 2001 से "बहुजन

समाज स्वाभिमान संघर्ष समिति उ०प्र०'' के अध्यक्ष हैं। आपने ''पासी साम्राज्य'' नामक पुस्तक भी लिखी है।

समाज के कमजोर एवं पिछड़े वर्ग की उन्नति और समता मूलक समाज बनाने में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन प्रिय है।

मुख्यावास– ग्रा०–पूरे जवाहर मजरे टोनियाँ, पो०–मऊ यदुवंशपुर,

जनपद–फैजाबाद।

कुल मतदाता–2,12,923, कुल मतदान–1,24,083,

प्राप्त मत– 1–श्री आर० के० चौधरी–56,744,

2–श्री आर० पी० सरोज–32,076 (समाजवादी पार्टी)।



## आर० के० सिंह पटेल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–300, कर्वी,
जिला–चित्रकूट ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री भगवानदीन सिंह । जन्म तिथि–3 जुलाई, 1959 । जन्म स्थान–ग्रा०–बालापुर–खालसा (कर्बी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–स्नातक । विवाह–वर्ष 1976 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ती देवी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कालीन उद्योग) ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की याचिका समिति (2000-2001) के सदस्य रहे हैं और छत्रपति शाहू जी महाराज उ०मा० विद्यालय–रगौली (चित्रकूट) के सन् 2000 से प्रबन्धक हैं । आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री रहे हैं ।

सामाजिक परिवर्तन हेतु कार्य करने में एवं कमजोर वर्ग के लोगों को उनका मान-सम्मान तथा स्वाभिमान को वापस दिलाने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास– बल्दाउगंज, कर्वी जिला–चित्रकूट ।

कुल मतदाता–2,28,679, कुल मतदान–1,19,754,

प्राप्त मत– 1–श्री आर० के० सिंह पटेल–48,688,

2–श्री भैरव प्रसाद मिश्रा–33,173 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## आलमबदी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र--196, निजामाबाद,
जिला–आजमगढ़ ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री वदीउज्जमा आजमी । जन्म तिथि–16 मार्च, 1936 । जन्म स्थान–ग्रा०–विन्दवल (आजमगढ़) । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, डिप्लोमा इन इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल इन्जीनियरिंग । विवाह–अक्टूबर, 1960 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कुदसिया खानम । सन्तान–छः पुत्र । व्यवसाय–इंजीनियरिंग ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । उ०प्र० में एण्टी राइट फोर्स के गठन के सम्बन्ध में, मुस्लिम मजलिस उ०प्र० की मांग पर लखनऊ में जेल भरो आन्दोलन तथा अयोध्या आन्दोलन में आपने भाग लिया और धारा 153(ए) एन०एस०ए० के अन्तर्गत एक माह, 10 दिन तक गोरखपुर जेल में बन्दी रहे । आप 13वीं विधान सभा में प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे । कौमी एकता मंच तथा विगत 10 वर्षों से मुस्लिम रिलीफ कमेटी, आजमगढ़ के फाउन्डर मेम्बर तथा अनेक संस्थाओं/संगठनों से सम्बद्ध हैं । असरकारी सेवा (इंजीनियर) के तौर पर आपने सउदी अरबिया की यात्रा की है । ''देश के रोशन मुस्तकबिल की एक राह कौमी एकता'' शीर्षक से आपने एक पुस्तक लिखी है जो प्रकाशनाधीन है ।

राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने तथा असहाय एवं गरीबों को सहायता प्रदान करने में आपकी विशेष रुचि है और पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास– 145, कुर्मी टोला, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,66,393, कुल मतदान–1,36,078,

प्राप्त मत– 1–श्री आलमबदी–41,415,
2–श्री कलामुद्दीन–36,439 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## आलोक कुमार शाक्य, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–320, भोगांव,
जिला–मैनपुरी ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राम औतार शाक्य (भूतपूर्व विधायक) । जन्म तिथि–15 मार्च, 1972 । जन्म स्थान–ग्रा०–उजागरपुर, कुसमरा (मैनपुरी) । धर्म–हिन्दू (बौद्ध) । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह–जून, 1994 में । पत्नी–श्रीमती रेखा शाक्य । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–रामलीला मैदान (मैनपुरी देहात) लोहापीट झोपड़ी, मैनपुरी ।

कुल मतदाता–2,25,710, कुल मतदान–1,35,247,

प्राप्त मत– 1–श्री आलोक कुमार शाक्य–51,920,

2–श्री शिवराज सिंह उर्फ पी०टी०आई०–37,726 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## आशा किशोर, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–97, सलोन (अ०जा०),
जिला–रायबरेली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राम कुमार श्रीवास । जन्म तिथि–4 जून, 1958 । जन्म स्थान–पीलीभीत । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा– एम०ए० । विवाह तिथि–7 जून, 1975 । पति का नाम–श्री श्याम किशोर । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–समाज सेवा ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । वर्ष 1999 एवं 2001 में समाजवादी पार्टी के आन्दोलन के दौरान आप जिला कारागार, रायबरेली में क्रमशः दो दिन एवं एक दिन बन्दी रहीं । आप स्नेहिल मानव सेवा संस्थान, रायबरेली की विगत पांच वर्षों से निदेशक हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा साहित्य का अध्ययन एवं टी०वी० देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–म० नं०–18, एम०आई०जी०, इन्दिरा नगर, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,29,118, कुल मतदान–1,29,148,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती आशा किशोर–36,536,

2–श्री शिव बालक पासी–32,509 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## आशीष यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–29. उसेहत,
जिला–बदायूं ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बनवारी सिंह यादव (एम०एल०सी०) । जन्म तिथि–12 अगस्त, 1972 । जन्म स्थान–ग्रा०–मानपुर (बदायूं) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–12 मार्च, 1991 । पत्नी का नाम–श्रीमती रेखा यादव । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप साधन सहकारी समिति, बदायूं के संचालक, इफ्को, नई दिल्ली के प्रतिनिधि, श्री लाखन सिंह मेमोरियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मानपुर के सचिव तथा जिला सहकारी संघ, बदायूं के अध्यक्ष हैं ।

कृषि एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा दूरदर्शन के सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मानपुर, पो०–आसफपुर, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–2,20,358, कुल मतदान–1,32,979,

प्राप्त मत– 1–श्री आशीष यादव–40,550,

2–श्री मुस्लिम खान–32,152 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## आशुतोष मौर्य उर्फ राजू, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–27, बिल्सी (अ०जा०),
जिला–बदायूं।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–स्व० भोला शंकर मौर्य (भूतपूर्व राज्य मंत्री) । जन्म तिथि–2 मार्च, 1976 । जन्म स्थान–बदायूं । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–6 दिसम्बर, 2001 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुषमा मौर्य । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो०–नं०–2, बिल्सी, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–2,05,583, कुल मतदान–1,18,410,

प्राप्त मत– 1–श्री आशुतोष मौर्य उर्फ राजू–45,895,

2–श्री अमित कुमार मथूरिया–33,859 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**इकबाल महमूद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–12, सम्भल,
जिला–मुरादाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री नवाब महमूद हसन खां । जन्म तिथि–21 नवम्बर, 1949 । जन्म स्थान–सम्भल । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–11 अप्रैल, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती रुखसाना इकबाल । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

मई–जून, 1991 में आप प्रथम बार जनता दल से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1991-92) और याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । आप नवाब महमूद गर्ल्स हाई स्कूल मियां सराय, सम्भल, जिला–मुरादाबाद के प्रबन्धक भी हैं । पर्यटक के रूप में आपने सऊदी अरब (रियाद) की यात्रा की है ।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट प्रिय है ।

मुख्यावास–किला मियां सराय, सम्भल, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,35,172, कुल मतदान–1,45,463,

प्राप्त मत– 1–श्री इकबाल महमूद–52,562,

2–श्री शफीकुर्रहमान बर्क–31,256 (राष्ट्रीय परिवर्तन दल) ।



## इन्द्रजीत सरोज, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–263, मंझनपुर (अ०जा०),
जिला–कौशाम्बी ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० भाईदीन । जन्म तिथि–14 जनवरी, 1963 । जन्म स्थान–ग्रा०–नगरेहा खुर्द (कौशाम्बी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–स्नातक (इलाहाबाद वि०वि०) । विवाह तिथि–2 नवम्बर, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती पुष्पा देवी । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति तथा याचिका समिति (1997-98) के सदस्य तथा सदन में बहुजन समाज पार्टी के वर्ष 2001 में सचेतक रहे । दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के मंत्री तथा कार्य-मंत्रणा समिति (वर्ष 2002-2003) के सदस्य रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा वालीबाल, फुटबाल और क्रिकेट का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–नगरेहा खुर्द, पो०–पश्चिम शरीरा, जिला–कौशाम्बी ।

कुल मतदाता–2,63,591, कुल मतदान–1,32,443,

प्राप्त मत– 1–श्री इन्द्रजीत सरोज–49,381,

2–श्री शिव मोहन चौधरी–45,168 (समाजवादी पार्टी) ।

## इन्द्रदेव सिंह, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–3, अफजलगढ़,
जिला–बिजनौर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० डा० दुर्गा सिंह । जन्म तिथि–5 जनवरी, 1955 । जन्म स्थान–दिल्ली । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर, बी० ए० एम० एस० (आयुर्वेदाचार्य) । विवाह तिथि–11 दिसम्बर, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती शोभा चौहान । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार भी आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अयोध्या आन्दोलन में जनवरी, 1991 में एक दिन, भाजपा की चार सरकारें गिराये जाने के विरोध में 1992-93 के दिसम्बर–जनवरी के मध्य 3 दिन तथा धामपुर में रामनवमी का जुलूस निकाले जाने हेतु अप्रैल, 1993 में भी 3 दिन जिला जेल, बिजनौर में बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे हैं । आप लोकतांत्रिक युवा मोर्चा के जिला संयोजक वर्ष 1976-77 में रहे । वर्ष 1988 से बजरंग दल के जिला संयोजक हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा, ग्रामीण शिक्षा, रसायनशास्त्र एवं अर्थशास्त्र के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट खेलना एवं सामाजिक उपन्यास पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–अलावलपुर, धामपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,74,149, कुल मतदान–1,67,708,

प्राप्त मत– 1–श्री इन्द्रदेव–41,532,

2–श्री मोहम्मद गाजी–40,805 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**इलम सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–399, नागल (अ०जा०),
जिला–सहारनपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० नकलीराम । जन्म-तिथि–1 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–ग्रा०–मड़की (सहारनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–15 जुलाई, 1971 । पत्नी का नाम–श्रीमती सत्यवती । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के ही टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप जिला पंचायत, हरिद्वार के अध्यक्ष लगभग 2 वर्ष रहे हैं । विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1997-98) और लोक लेखा समिति (1997-98 व 2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में आयुर्वेद चिकित्सा विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।

जनसेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा फुटबाल एवं कुश्ती प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मड़की, जिला–सहारनपुर ।

कुल मतदाता–2,18,727, कुल मतदान–1,28,856,

प्राप्त मत– 1–श्री इलम सिंह–50,283,

2–श्री मामचन्द्र–33,799 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## उदयभान करवरिया, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–253, बारा,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० वशिष्ठ नारायण करवरिया । जन्म तिथि–25 मई, 1969 । जन्म स्थान–इलाहाबाद । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–बी०ई० (इलेक्ट्रानिक्स) । विवाह तिथि–6 मार्च, 1993 । पत्नी का नाम–श्रीमती नीलम करवरिया । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, उद्योग एवं व्यापार ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1997 से जिला सहकारी बैंक, इलाहाबाद के अध्यक्ष हैं ।


सहकारी क्षेत्र में कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा करना प्रिय है ।

मुख्यावास–1204, अहियापुर (कल्याणी देवी), इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,52,252, कुल मतदान–1,46,775,

प्राप्त मत– 1–श्री उदयभान करवरिया–32,981,

2–श्री रामसेवक सिंह पटेल–32,916 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## उदय भान सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–231, औराई,
जिला–संत रविदास नगर (भदोही) ।
* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री तहसीलदार सिंह । जन्म स्थान–सेमरा पश्चिमी–खोलुआ (मिर्जापुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (के०बी० स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मिर्जापुर) । विवाह तिथि–11 जून, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती रीता सिंह । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 में सम्पन्न हुए सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–सेमरा पश्चिमी, पो०–खोलुआ, जिला–मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–3,03,580, कुल मतदान–1,75,304,

प्राप्त मत– 1–श्री उदयभान सिंह–52,947,

2–श्री रंगनाथ–46,453 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## उदयराज यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–81, पुरवा,
जिला–उन्नाव ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हरी शंकर यादव । जन्म तिथि–15 नवम्बर, 1959 । जन्म स्थान–ग्रा०–कूची खेड़ा (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, एल-एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–22 मई, 1982 । पत्नी का नाम–श्रीमती फूलमती यादव । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आप जिला कारागार, लखनऊ, बाराबंकी एवं उन्नाव में बन्दी रहे । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (वर्ष 1997 से 2001) के आप सदस्य रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (वर्ष 2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–रायनगर, पो०–हिलौली, जिला–उन्नाव ।

कुल मतदाता–2,33,118, कुल मतदान–1,38,794,

प्राप्त मत– 1–श्री उदय राज–48,831,

2–श्री हृदय नारायण दीक्षित–38,914 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## उमा किरन, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–393, चरथावल (अ०जा०),
जिला–मुजफ्फरनगर ।
* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० फूल सिंह । जन्म तिथि–6 जून, 1965 । जन्म स्थान–ग्रा०–सोना अर्जुनपुर (सहारनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, बी०एड० । विवाह तिथि–25 नवम्बर, 1988 । पति का नाम–श्री ऋषि पाल सिंह । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति (2002-2003) की सदस्या रहीं तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मंडल में राज्य मंत्री हैं ।

सामाजिक परिवर्तन हेतु सामाजिक कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है तथा बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर की विचार धारा पर आधारित परिचर्चाएं प्रिय हैं ।

मुख्यावास–कस्बा–चरथावल, पो०–हलवाईयान चौहट्ठा, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–2,20,444, कुल मतदान–1,19,463,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती उमा–38,219,

2–डा० जी०एस० विनोद–36,974 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी की सदस्या ।



## उमाशंकर कुशवाहा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–217, गाजीपुर,
जिला–गाजीपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० राम प्रसाद कुशवाहा । जन्म तिथि–1 जून, 1957 । जन्म स्थान–परसादपुर छावनी लाइन (गाजीपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (गोरखपुर वि०वि०) बी० एड्० । विवाह तिथि–13 फरवरी, 1988 । पत्नी का नाम–श्रीमती उर्मिला कुशवाहा । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियाँ । व्यवसाय–सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप क्रय-विक्रय सहकारी समिति जंगीपुर, जनपद–गाजीपुर के वर्ष 1994 से 96 तक उपाध्यक्ष रहे । सम्प्रति आप दिनांक 1 मई, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

पंचायती राज एवं सहकारिता में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–परसादपुर छावनी लाईन, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,64,348, कुल मतदान–1,47,612,

प्राप्त मत– 1–श्री उमा शंकर–43,920,

2–श्री राजेन्द्र–43,304 (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) ।



## ऊषा वर्मा, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–69, अहिरोरी (अ०जा०),
जिला–हरदोई ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बसन्त कुमार । जन्म तिथि–5 मई, 1963 । जन्म स्थान–रुड़की (हरिद्वार) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री । विवाह तिथि–29 जनवरी, 1988 । पति का नाम–स्व० लाल बिहारी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप वर्ष 1998-1999 में समाजवादी पार्टी से हरदोई (सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा की सदस्या रही हैं । समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित आन्दोलनों में आपने भाग लिया और जिला–कारागार, हरदोई में बन्दी रहीं । सम्प्रति उ०प्र० विधान सभा की नियम समिति (2002-2003) की सदस्या तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से आप श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मंडल में राज्य मंत्री हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।

सामाजिक कार्य, संगीत, और पेंटिंग में आपकी विशेष रुचि है तथा व पर्यटन स्थलों का भ्रमण और बच्चों के साथ रहना एवं उनके पसन्द का भोजन बनाना प्रिय है ।

मुख्यावास–78, बेनी पुरवा, रेलवेगंज, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–1,95,206, कुल मतदान–1,12,330,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती ऊषा वर्मा–47,799,

2–श्री श्याम प्रकाश,–43,719 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## ओइमूवेश, स्वामी

निर्वाचन क्षेत्र–7, चांदपुर,
जिला–बिजनौर ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–स्वामी इन्द्रवेश (पूर्व सांसद) । जन्म तिथि–11 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–गुंगाखेड़ी (बागपत) । धर्म–वैदिक । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री (जे०वी० डिग्री कालेज, बड़ौत । व्यवसाय--समाज सेवा ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार निर्दलीय तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । किसान यूनियन, जनता दल, वी०के०डी० तथा समाजवादी पार्टी के आन्दोलनों में आप जिला कारागार, बिजनौर, रामपुर, केन्द्रीय कारागार, बरेली तथा वाराणसी में लगभग 6 माह तक बन्दी रहे । आप गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार (1976-77), गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ, दिल्ली (1978-80), गुरुकुल महाविद्यालय, सरोरा, नगवा (1981-86) के मुख्याधिष्ठाता रहे हैं तथा वर्ष 1987 से निगमा राम संस्कृत महाविद्यालय, गंज दारानगर, बिजनौर के मुख्याधिष्ठाता तथा प्रबन्धक हैं । आप विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति तथा याचिका समिति (वर्ष 2002-03) के सदस्य तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 28 मई, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में लोक निर्माण राज्य मंत्री रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मंडल में राज्य मंत्री हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है । ''ग्रामघोष'' शीर्षक से आपने एक पुस्तक लिखी है जो सुबोध कुमार आर्य प्रेस, बड़ौत से प्रकाशित हुई है ।

आध्यात्म में आपकी विशेष रुचि है तथा निर्धन, बेसहारा और विकलांगों की सेवा करना एवं व्यायाम प्रिय है।

मुख्यावास–केवलानन्द निगमाश्रम, गंज दारानगर, जिला–बिजनौर।

कुल मतदाता–2,71,764, कुल मतदान–1,68,727,

प्राप्त मत– 1–स्वामी ओइम्वेश–60,595,

2–श्री राम अवतार सिंह–49,928 (बहुजन समाज पार्टी)।

## ओमकार सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–26, सहसवान,
जिला–बदायूं ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री नेम सिंह । जन्म तिथि–5 जनवरी, 1951 । जन्म स्थान–सिंगौला पुख्ता (बदायूं) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, एल-एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–27 मई, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती रामवती देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 में जनता दल से तथा 8 फरवरी, 1997 को सम्पन्न हुए उप चुनाव में आप दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सन् 1981 में आप जिला कारागार, बदायूं में धारा–144 का उल्लंघन करने पर 3 दिन बन्दी रहे । वर्ष 1994-95 में आप जनता दल के उपाध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा एवं ग्रामीण उत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा लोकगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–सिंगौला पुख्ता, पो०–मढ़िकावली, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–2,19,430, कुल मतदान–1,21,736,

प्राप्त मत– 1–श्री ओमकार सिंह–57,050,

2–श्री शमा अली–43,720 जनता दल (यूनाइटेड) ।



## ओम प्रकाश, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–215, दिलदार नगर,
जिला–गाजीपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गया प्रसाद सिंह । जन्म तिथि–13 मई, 1959 । जन्म स्थान–दिगार (गाजीपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य (क्षत्रिय) । शिक्षा–एम०ए०, वी०पी०एड्०, राष्ट्रीय खिलाड़ी (काशी हिन्दू वि०वि० वाराणसी) । विवाह तिथि–5 जून, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रकान्ति सिंह । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार जनता पार्टी से, नवम्बर, 1993 में तीसरी बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप मार्च, 1998 से अक्टूबर, 1999 तक समाजवादी पार्टी से संसदीय क्षेत्र–गाजीपुर से लोक सभा के सदस्य रहे हैं । छात्र आन्दोलन एवं जयप्रकाश नारायण के जन आन्दोलन में आपने भाग लिया तथा वर्ष 1985 से 1999 के मध्य विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत जिला कारागार, गाजीपुर, वाराणसी, लखनऊ तथा कानपुर में बन्दी रहे । आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1993-95 एवं 1997-98) के सदस्य, वर्ष 1985-86 में आप छात्र संघ, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के महामंत्री तथा वर्ष 1986-87 में युवा जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे । आप उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मंडल में मंत्री हैं ।

सामाजिक कार्य एवं खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सेवराई, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,79,497, कुल मतदान–1,49,866,

प्राप्त मत– 1–श्री ओम प्रकाश–56,914,

2–श्री असलम–38,823 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**ओम प्रकाश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–65, मिश्रिख,

जिला–सीतापुर।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री माता प्रसाद गुप्त। जन्म स्थान–नैमिषारण्य (तीर्थ) (सीतापुर)। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति (बाथम वैश्य)। शिक्षा– हाईस्कूल। विवाह–सन् 1964 में। पत्नी का नाम–श्रीमती कमला देवी। सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि तथा व्यापार दुकान आदि)।

सर्वप्रथम 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार आप लगातार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। स०ज०पा० तथा समाजवादी पार्टी से संबंधित आन्दोलनों में आपने अनेक बार भाग लिया और रासुका, डी०आई०आर०, एन०एस०ए० तथा भाजपा के शासन काल में, टाडा में कुल 14 माह केन्द्रीय कारागार, नैनी (इलाहाबाद), जिला कारागार–सीतापुर, लखनऊ तथा वाराणसी में बन्दी रहे। वर्ष 1973 से 1995 तक आप गौशाला–पिंवरापोल सोसायटी लि० सीतापुर, वर्ष 1976 से कृषक सेवा सहकारी समिति लि० नैमिषारण्य, 1977 से केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी समिति लि० सीतापुर के अनेक बार अध्यक्ष रहे हैं। सम्प्रति वर्ष 1977 से भरत मिलाप राज्याभिषेक उत्सव कमेटी, सीतापुर, 1978 से आर०एम०पी० डिग्री कालेज एवं इण्टर कालेज, सीतापुर तथा अन्य तमाम धार्मिक संगठनों और संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सदस्य हैं।


निर्धन व्यक्तियों की सहायता करने में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा भोजन-उच्च विचार एवं तीर्थ यात्रा प्रिय है ।

मुख्यावास–46, जेल रोड, सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,24,762, कुल मतदान–1,32,023,

प्राप्त मत– 1–श्री ओम प्रकाश–53,990,

2–श्री राकेश सिंह–35,379 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## ओम प्रकाश (ओ०पी०सिंह), श्री

निर्वाचन क्षेत्र–110, जयसिंह पुर,
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० राम समर्थ सिंह । जन्म तिथि–14 अगस्त, 1970 । जन्म स्थान–सुल्तानपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री । विवाह तिथि–25 नवम्बर, 2000 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुनीता सिंह । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । छात्र आन्दोलन में वर्ष 1989-1990-1991 में जिला कारागार, लखनऊ, उन्नाव तथा फतेहगढ़ में बन्दी रहे । आप वर्ष 1990-92 में डी०ए०वी० डिग्री कालेज के छात्र संघ के महामंत्री, 1997-98 में भारतीय जनता युवा मोर्चा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री, वर्ष 2000 में राष्ट्रीय क्रान्ति युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 3 फरवरी, 2003 तक सुश्री मायावती के मंत्रि-मण्डल में खेलकूद विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–बहोरा, दोस्तपुर, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,44,128, कुल मतदान–1,37,050,

प्राप्त मत– 1–श्री ओम प्रकाश (ओ०पी०सिंह)–31,963,

2–श्री जय नारायन–25,198 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## ओम प्रकाश पाण्डेय, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–109, सुल्तानपुर,
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम प्रकट पाण्डेय । जन्म तिथि–26 अगस्त, 1952 । जन्म स्थान–द्वारिकागंज (सुल्तानपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०एस–सी० (इलाहाबाद वि०वि०) । विवाह तिथि–31 मई, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती लालती पाण्डेय । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार इसौली निर्वाचन क्षेत्र से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही सुल्तानपुर निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1973-74 में उ० मा० वि० गोडवा, सुल्तानपुर में अध्यापक, वर्ष 1980-85 तक रोटरी क्लब, सुल्तानपुर के सचिव/सदस्य तथा 1985-89 तक स० विद्या मन्दिर, सुल्तानपुर के प्रबन्धक रहे । आप वर्ष 1983 से स० शिशु मंदिर द्वारिकागंज, सुल्तानपुर के संस्थापक/प्रबन्धक तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा एवं धार्मिक कार्यों तथा प्रयोजनों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–लक्ष्मी निवास, निकट बैंक आफ बड़ौदा, सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,81,926, कुल मतदान–1,29,584,

प्राप्त मत– 1–श्री ओम प्रकाश पाण्डेय–29,126,

2–श्री मुईद अहमद–23,940 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**ओम प्रकाश सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–247, चुनार,
जिला–मिर्जापुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० विमला शरण सिंह । जन्म तिथि–6 फरवरी, 1943 । जन्म स्थान–ग्रा०–मगरहा (मिर्जापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातकोत्तर, एल–एल०एम० (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–1 मई, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सन् 1974 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार भारतीय जनसंघ से, वर्ष 1977 के निर्वाचन में जनता पार्टी से, नवम्बर, 1993 में तीसरी बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1974 और 75 में श्री जय प्रकाश नारायण के समग्र क्रांति आन्दोलन तथा वर्ष 1990 में श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में क्रमशः मीसा और अन्य धाराओं के अन्तर्गत आप जिला जेल, वाराणसी और मिर्जापुर तथा केन्द्रीय कारागार, बरेली में कुल एक वर्ष दो माह बन्दी रहे । मई, 1990 से 8 दिसम्बर, 1993 तक आप उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य रहे हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति, विशेषाधिकार समिति तथा याचिका समिति के भी सदस्य रहे । जुलाई, 1977 से दिसम्बर, 1980 तक श्री राम नरेश यादव और श्री बनारसी दास–मंत्रि-मण्डल में न्याय एवं कारागार मंत्री, जून, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में सिंचाई विभाग के मंत्री, दिनांक 27 मार्च, 1997 से 20 सितम्बर, 1997 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में तथा 21 सितम्बर, 1997 से फरवरी, 2002 तक श्री कल्याण सिंह,

श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मण्डल में सिंचाई, गन्ना-विकास, बाढ़-नियंत्रण, उच्च-शिक्षा एवं लोक-निर्माण तत्पश्चात् दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में सिंचाई, बाढ़-नियंत्रण, गन्ना-विकास, उच्च-शिक्षा, प्राविधिक-शिक्षा, माध्यमिक-शिक्षा, भाषा, राष्ट्रीय-एकीकरण तथा कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्री रहे हैं। कामनवेल्थ पार्लियामेण्टरी एसोसियेशन (उ०प्र० शाखा) के सदस्य के रूप में आपने इंग्लैंड, अमेरिका, रूस, इटली, हांगकांग, जर्मनी तथा हालैण्ड की यात्रा की है। सम्प्रति राजकीय विद्यालय, राजकीय पुस्तकालय खोजवां, वाराणसी तथा काशी व्यापार-मण्डल के सदस्य हैं।

समाज सेवा, अध्ययन और समस्याओं के कारण-निवारण, विश्लेषण व चिन्तन में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत एवं पर्यटन प्रिय है।

मुख्यावास–खोजवां बाजार, वाराणसी।

कुल मतदाता–2,82,921, कुल मतदान–1,63,057,

प्राप्त मत– 1–श्री ओम प्रकाश सिंह–56,171,

2–प्रो० तारकनाथ–31,219 (बहुजन समाज पार्टी)।



## ओमवती देवी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–4, नगीना (अ०जा०),
जिला–बिजनौर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० छोटिया सिंह । जन्म तिथि–15 जून, 1949 । जन्म स्थान–ग्रा०–तखावली (बिजनौर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा– इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–जून, 1959 में। पति का नाम–श्री आर०के० सिंह । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार कांग्रेस (आई) से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार और फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के लिए निर्वाचित हुई है । समाजवादी पार्टी के राजनीतिक आन्दोलनों, हल्ला-बोल आन्दोलन तथा जेल-भरो आन्दोलन के अन्तर्गत आप जिला कारागार, बिजनौर में एक-एक दिन बन्दी रहीं । मार्च, 1998 से सितम्बर, 1999 तक बिजनौर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी से ही लोक सभा की सदस्या रहीं हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की अनेक समितियों की भी सदस्या रही हैं । सम्प्रति आप वर्ष 1995 से उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास परिषद् की प्रदेश अध्यक्षा (महिला), वर्ष 1997 में टाइम्स वैल्यू स्कूल, लखनऊ की अवैतनिक अध्यक्षा तथा वर्ष 2000 से यूनाइटेड इण्डिया कोआपरेटिव बैंक लि०, नगीना की अवैतनिक चेयरमैन तथा उ० प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) की सदस्या हैं ।

पर्यटन एवं इनडोर गेम्स आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–रूपपुर, पो०–ताजपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,37,206, कुल मतदान–1,34,806,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती ओमवती देवी–42,684,

2–श्री मनोज कुमार पारस–40,553 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## कपिलदेव यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–191, नत्थूपुर,
जिला–मऊ ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० जगरूप यादव । जन्म तिथि–20 अप्रैल, 1944 । जन्म स्थान–ग्रा०–इन्दारा (मऊ) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम०ए०, बी०एड्० । पत्नी का नाम–श्रीमती छोहाड़ी देवी । सन्तान–एक पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप मुहम्मद अली इण्टर कालेज, करीमाबाद, इन्दारा के प्रधानाचार्य एवं डा० भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय, इन्दारा, जनपद–मऊ के प्रबन्धक और उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा की लोक-लेखा समिति (2002-2003) के आप सदस्य हैं ।

फुटबाल एवं वालीबाल खेलना आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–इन्दारा, जनपद–मऊ ।

कुल मतदाता–2,45,079, कुल मतदान–1,27,501,

प्राप्त मत– 1–श्री कपिलदेव–31,278,

2–श्री उत्पल–28,420 (समाजवादी पार्टी) ।



## कमला प्रसाद रावत, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–124, सिद्धौर (अ०जा०),
जिला–बाराबंकी ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० श्री किशन लाल रावत । जन्म तिथि–6 जुलाई, 1957 । जन्म स्थान–ग्राम–मुजफ्फरपुर (बाराबंकी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी०ए० (जवाहर लाल नेहरू डिग्री कालेज, बाराबंकी) । विवाह तिथि–20 जून, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती धर्मी रावत । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार समाजवादी पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप कांग्रेस के टिकट पर बाराबंकी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के भी सदस्य रहे हैं । आप ब्लाक युवक कांग्रेस, बाराबंकी के अध्यक्ष, जिला युवक कांग्रेस के महामंत्री, जिला हरिजन सेवक संघ, बाराबंकी के उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद् कार्यकारिणी समिति, जिला प्रशासन की भ्रष्टाचार विरोधी समिति, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय एकता समिति तथा खाद्य व नागरिक पूर्ति परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे हैं । रक्तदान तथा श्रमदान कैम्पों का आप आयोजन भी कर चुके हैं । 1978-80 में भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति में तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जमीलुर्रहमान किदवई की स्मृति में एक नगर की स्थापना हेतु आपने कार्य किया है । आप सुश्री मायावती–मंत्रि-मण्डल में दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।


मानव जाति की सेवा करने और महापुरुषों की पुस्तकों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा क्षेत्र-भ्रमण एवं मतदाताओं के साथ व्यस्त रहना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मुजफ्फरपुर, पो०–जहांगीराबाद राज, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,06,606, कुल मतदान–1,24,879,

प्राप्त मत– 1–श्री कमला प्रसाद रावत–41,996,

2–सुश्री ऊषा रावत–35,977 (समाजवादी पार्टी) ।



**कमलेश कुमार पाठक, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–284, डेरापुर,
जिला–कानपुर देहात।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री राम औतार पाठक। जन्म तिथि–10 जुलाई, 1956। जन्म स्थान–ग्राम–भड़ारीपुर (औरैया)। धर्म–हिन्दू। जाति–ब्राह्मण। शिक्षा–एम०ए०, राजनीति शास्त्र (तिलक महाविद्यालय, औरैया)। विवाह तिथि–6 जुलाई, 1988। पत्नी का नाम–श्रीमती मीरा पाठक। सन्तान–एक पुत्र, चार पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

मार्च, 1985 में आप प्रथम बार लोक दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1990 से 1996 तक आप जनता दल से उ० प्र० विधान परिषद् के सदस्य रहे हैं। आपने एक दर्जन से अधिक आन्दोलनों में भाग लिया और लगभग तीन माह जिला–कारागार, इटावा और केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में बन्दी रहे। आप उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1986-87) के सदस्य तथा वर्ष 1991 में वन निगम उ० प्र० के अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) रहे हैं और अब प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य हैं। वर्ष 1980 से 1982 तक आप युवा लोक दल उ० प्र० की कार्य समिति के सदस्य, 1982 से 1989 तक महासचिव रहे। सम्प्रति वर्ष 1994 से जनक दुलारी बालिका इण्टर कालेज, औरैया, 1995 से सन्तोषी बालिका इण्टर कालेज, भड़ारीपुर और श्री राधा बल्लभ इण्टर कालेज फफूंद, औरैया के प्रबन्धक तथा वर्ष 1993 से समाजवादी पार्टी उ० प्र० के महासचिव हैं।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–भड़ारीपुर, जिला–औरैया ।

कुल मतदाता–2,38,828, कुल मतदान–1,36,110,

प्राप्त मत– 1–श्री कमलेश कुमार पाठक–57,737,

2–श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह–42,672 (भारतीय जनता पार्टी) ।

## कमलेश कुमार पासवान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–170, मानीराम,
जिला–गोरखपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० ओम प्रकाश पासवान (भूतपूर्व विधायक) । जन्म तिथि–6 अप्रैल, 1976 । जन्म–स्थान–गोरखपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–2 जुलाई, 2002 । पत्नी का नाम–श्रीमती रितू पासी । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद, भ्रमण एवं समाचार-पत्र पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–बी०आर०डी० मेडिकल कालेज, उत्तर गेट, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–3,04,396, कुल मतदान–1,36,311,

प्राप्त मत– 1–श्री कमलेश कुमार पासवान–62,918,

2–श्री शंभू शरण सिंह–44,862 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## कमाल यूसुफ मलिक, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–154, डुमरियागंज,
जिला–सिद्धार्थनगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मलिक मुहम्मद यूसुफ । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1947 । जन्म स्थान–कादिराबाद । धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–सन् 1965 में । पत्नी का नाम–श्रीमती इशरत जहां मलिक । सन्तान–चार पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा प्रकाशन ।

वर्ष 1977 में जनता पार्टी से प्रथम बार, 1980 और 1985 में लोकदल से तथा फरवरी, 2002 में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपात काल में और विभिन्न आन्दोलनों में वर्ष 1967 से अब तक आप अनेक बार जिला कारागार, बस्ती और लखनऊ में बन्दी रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति (1977-78, 1978-79) सहित अनेक समितियों तथा अन्य स्थायी समितियों के सदस्य, लोकदल विधान मण्डल दल के सचेतक (1986-87) तथा विधान सभा में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के संयुक्त सचिव भी रहे हैं । आप सिद्धार्थ चेतना एवं कौमी एकता संस्थान, डुमरियागंज, मौलाना आजाद महाविद्यालय, वायताल–कादिराबाद, डा० राम मनोहर लोहिया कन्या इण्टर कालेज, सिरसिया तथा चौधरी चरण सिंह कन्या विद्यालय, कादिराबाद के अध्यक्ष तथा मौलाना आजाद इण्टर कालेज, सखावत, कादिराबाद के प्रबन्धक हैं । आप विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति (2002-03) तथा लोक लेखा समिति (2002-03) के भी सदस्य रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

कृषि कार्य, शिक्षा का प्रचार-प्रसार, पशुपालन एवं मत्स्य पालन में आपकी विशेष रुचि है तथा पुरानी फिल्मों के गाने सुनना और मुशायरों में भाग लेना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–कादिराबाद, जिला–सिद्धार्थ नगर ।

कुल मतदाता–2,43,770, कुल मतदान–1,37,401,

प्राप्त मत– 1–श्री कमाल यूसुफ मलिक–44,404,

2–श्री प्रेम प्रकाश उर्फ जिप्पी तिवारी–36,781 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**कल्याण सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–356, अतरौली,

जिला–अलीगढ़ ।

दल–राष्ट्रीय क्रांति पार्टी ।

पिता–स्व० तेजपाल सिंह । जन्म तिथि–5 जनवरी, 1932 । जन्म स्थान–ग्रा०–मढ़ौली (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (लोधी) । शिक्षा–बी०ए०, एल०टी०, (धर्म समाज कालेज, अलीगढ़) । विवाह–वर्ष 1952 में । पत्नी का नाम–श्रीमती रामवती देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सर्वप्रथम 1967 के सामान्य निर्वाचन में, दूसरी बार 1969 में तथा तीसरी बार 1974 के चुनाव में आप भारतीय जनसंघ के टिकट पर विजयी हुए । वर्ष 1977 में जनता पार्टी से, मार्च, 1985, नवम्बर, 1989, मई, जून, 1991, नवम्बर 1993, सितम्बर अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में नवीं बार भी भारतीय जनता पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दसवीं बार राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जे० पी० आन्दोलन में (आपात काल में) आप 20 माह 6 दिन तक अलीगढ़, नैनी तथा वाराणसी जेल में बन्दी रहे । वर्ष 1977 में जनता पार्टी की सरकार में आप स्वास्थ्य मंत्री (4 जुलाई, 1977 से 11 फरवरी, 1979 तक) तथा जून 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक प्रथम बार तथा दिनांक 21 सितम्बर, 1997 से 11 नवम्बर, 1999 तक दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे हैं । उ० प्र० विधान सभा की लोकलेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सरकारी आश्वासन संबंधी समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य और 4 दिसम्बर, 1993 से 12 जून 1995 तक आप उ० प्र० विधान सभा में नेता, विरोधी दल भी रहे हैं । दिनांक 22 मार्च, 1997 से 27 मार्च, 1997 तक आप उत्तर प्रदेश तेरहवीं विधान सभा के

अस्थाई (प्रोटेम) अध्यक्ष रहे । राज्य विधान सभा में आप भाजपा विधान मण्डल दल के नेता तथा भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं । इसके अतिरिक्त भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (1980) और दो बार प्रदेश अध्यक्ष (1984 व 1987) रहे हैं । स्वास्थ्य मंत्रियों के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में आपने इण्डोनेशिया, थाईलैण्ड तथा सिंगापुर की यात्रा की है । सम्प्रति आप राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष हैं ।


कृषि एवं साहित्य में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०--मढ़ौली, निरफी अशर्फाबाद, तह०–अतरौली, जिला-अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,24,547, कुल मतदान–1,33,689,

प्राप्त मत– 1–श्री कल्याण सिंह–61,838,

2–सुश्री उमेश कुमारी–26,690 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## कल्यान सिंह दोहरे, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–292, कन्नौज (अ०जा०),
जिला–कन्नौज ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री श्याम लाल । जन्म तिथि–10 अप्रैल, 1954 । जन्म स्थान–ग्रा०–गौरियापुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक, एल–एल०बी० । विवाह तिथि–28 अप्रैल, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1989 में आप प्रथम बार जनता दल से तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आप अनेक बार गिरफ्तार हुए तथा केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ एवं फर्रुखाबाद में धारा 188 आई०पी०सी० के अन्तर्गत वर्ष 1983 में 15 दिन और 1997 में 2 दिन बन्दी रहे । वर्ष 1990-91 में उत्तर प्रदेश विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के आप सदस्य रहे हैं । वर्ष 1982 एवं 88 में आप जिला क्षेत्र समिति, जलालाबाद तथा 1995 से 2000 तक जिला पंचायत, फर्रुखाबाद व कन्नौज के सदस्य रहे । वर्ष 1985 से डा० भीमराव अम्बेडकर मेमोरियल संस्थान के जिला अध्यक्ष एवं 1999 से आदर्श जनता विद्यालय नेरा (कन्नौज) के अध्यक्ष तथा उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन एवं संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–गौरियापुर, पो०–मलौली, जिला–कन्नौज ।

कुल मतदाता–2,39,040, कुल मतदान–1,33,339,

प्राप्त मत– 1–श्री कल्यान सिंह दोहरे–38,482,

2–श्री बनवारी लाल दोहरे–36,680 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## काजिम अली खां उर्फ नवेद मियाँ, नवाब

निर्वाचन क्षेत्र–20, स्वार टाण्डा,
जिला–रामपुर ।
दल–*भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियाँ । जन्म तिथि–16 अक्टूबर, 1960। जन्म स्थान–रामपुर । धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (आर्किटेक्चर व अरबन डिजाइन) । विवाह तिथि–28 दिसम्बर, 1987। पत्नी का नाम–बेगम फिरदौस जमानी अली खां । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विलासपुर निर्वाचन क्षेत्र से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर ही स्वार टाण्डा निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-98) तथा प्राक्कलन समिति (2000-2001) के सदस्य रहे । आपने शिक्षा एवं सांस्कृतिक प्रयोजन से नार्थ अमेरिका, यूरोप तथा मिडिल ईस्ट देशों की यात्रायें की हैं । आप वर्ष 1992 से रामपुर रजा लाइब्रेरी के सदस्य और दिनांक 4 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

रामपुर की संस्कृति व इतिहास को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में आपकी विशेष रुचि है तथा भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास–नूर महल, रामपुर ।

कुल मतदाता–2,80,898, कुल मतदान–1,90,152,

प्राप्त मत–1–नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियाँ–83,135,

2–श्री शिव बहादुर सक्सेना–56,125 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 27 फरवरी, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।
दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



**कामेश्वर उपाध्याय, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–188, भाटपार रानी,

जिला–देवरिया ।

दल–*भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० राम चन्द्र उपाध्याय । जन्म तिथि–2 मार्च, 1942 । जन्म स्थान–ग्रा०–जसुई (देवरिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–साक्षर । विवाह–सन् 1962 में । पत्नी का नाम– श्रीमती सुशीला देवी । सन्तान–तीन पुत्र, चार पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में निर्दल, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी के विभिन्न आन्दोलनों में आप धारा 144 के अन्तर्गत एक-एक दिन के लिये अनेक बार जिला कारागार, देवरिया में बन्दी रहे । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1985-1989) के सदस्य तथा क्षेत्र समिति भाटपार रानी, देवरिया (1974-1985) के ब्लाक प्रमुख रहे हैं । विधान सभा की याचिका समिति (2002-03) के सदस्य तथा दिनांक 4 फरवरी,2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में कृषि शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–बेलपार् पंडित, पो०–भाटपार रानी, जिला–देवरिया ।
कुल मतदाता–2,71,483, कुल मतदान–1,40,356,
प्राप्त मत–1–श्री कामेश्वर 39,618,
2–श्री हरिवंश सहाय–23,220 (समाजवादी पार्टी) ।

---

*दिनांक 28 फरवरी, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।
दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## कालीचरन राजभर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–213, जहूराबाद,
जिला–गाजीपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री देवराज राजभर । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०– पाण्डेयपुर राधे (गाजीपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अति पिछड़ी जाति । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–10 मई, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती फूलवा देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति विधान सभा की लोकलेखा समिति (2002-2003) एवं अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य हैं । आकाशवाणी और दूरदर्शन में लोकगीत गायक के रूप में आप पंजीकृत हैं तथा राजभर संगठन से सम्बद्ध हैं ।


राजनीति और संगीत में आपकी विशेष रुचि है तथा कुश्ती लड़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–पाण्डेयपुर राधे, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,61,025, कुल मतदान–1,52,201,

प्राप्त मत–1–श्री कालीचरन–56,504,

2–श्री शिवपूजन–50,281 (समाजवादी पार्टी) ।



## काशीराम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–23, शाहाबाद (अ०जा०),

जिला–रामपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–बट्टू लाल । जन्म तिथि–10 जनवरी, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०–धारमपुर (रामपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा-हाईस्कूल । विवाह तिथि--1 जुलाई, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती मुन्नी देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2000 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–धारमपुर, जिला–रामपुर ।

कुल मतदाता–2,61,204, कुल मतदान–1,45,876,

प्राप्त मत–1–श्री काशीराम–59,856,

2–श्री चन्द्रपाल सिंह 47,604 (भारतीय जनता पार्टी) ।

## किरणपाल कश्यप, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–396, थाना भवन,
जिला–मुजफ्फरनगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० ज्ञान सिंह । जन्म तिथि–1 अप्रैल, 1955 । जन्म स्थान–शामली । धर्म–वैदिक । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक एवं आयुर्वेद रत्न । विवाह तिथि–1 मई, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती रेनूलता कश्यप । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आप धारा 144 के अन्तर्गत चौदह बार तिहाड़ (कैम्प) जेल एवं जिला जेल, मुजफ्फरनगर में बन्दी रहे । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की नियम समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

मुख्यावास–धीमानपुरा, श्माजरा रोड, शामली, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–2,21,258, कुल मतदान–1,33,195,

प्राप्त मत– 1–श्री किरण पाल–42,095,

2–श्री जगत सिंह–32,393 (राष्ट्रीय लोकदल) ।



## किरन पाल सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–367, अगौता,
जिला–बुलन्दशहर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० होशियार सिंह । जन्म तिथि–3 जून, 1946। जन्म स्थान–ग्राम–धमैड़ा कीरत (बुलन्दशहर) । धर्म–वैदिक (हिन्दू) । जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा– एम० एस–सी०, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–29 जून, 1986। पत्नी का नाम–श्रीमती विमला सिंह । सन्तान–दो पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई, 1980 के चुनाव में आप लोकदल से, मार्च, 1985 तथा नवम्बर, 1989 तत्पश्चात् 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गए हैं । विभिन्न राजनीतिक आन्दोलनों में जिला कारागार, बुलन्दशहर में कई बार बन्दी रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति तथा संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य और विधान सभा में सचेतक व महामंत्री रहे हैं । अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं ।

दीन-दुखियों की सेवा व देशाटन में आपकी विशेष रुचि है । शुद्ध शाकाहारी भोजन तथा ग्रामीण संगीत आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–धमैड़ा कीरत, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,10,543, कुल मतदान–1,17,676,

प्राप्त मत– 1–श्री किरन पाल सिंह–45,557,

2–श्री वीरेन्द्र सिंह सिरोही– 32,065 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## किशन लाल बघेल, सेठ

निर्वाचन क्षेत्र–340, दयालबाग,
जिला–आगरा ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री परसादी लाल । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1947 । जन्म स्थान–ग्रा०–नगला तल्फी । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– हाईस्कूल । विवाह तिथि–5 मई, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती किरन देवी बघेल । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि) ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप जिला बघेल सभा, आगरा के अध्यक्ष 4 माह, पाल क्षत्रिय राष्ट्रीय सभा, उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष तीन वर्ष तथा भारतीय किसान यूनियन के जिला कोषाध्यक्ष तीन साल रहे हैं । आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक निर्यात प्रोत्साहन विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।


शोषित एवं पीड़ित लोगों की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–नगला तल्फी, पो०–दयालबाग, आगरा–5 ।

कुल मतदाता–2,86,242, कुल मतदान–1,50,828,

प्राप्त मत– 1–सेठ किशन लाल बघेल–43,543,

2–डा० धर्मपाल सिंह–31,345 (समाजवादी पार्टी) ।



## कुतुबुद्दीन अन्सारी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–1. स्योहारा,
जिला–बिजनौर।
दल*–बहुजन समाज पार्टी।

पिता–स्व० हाजी नसरुद्दीन। जन्म तिथि–15 फरवरी, 1959। जन्म स्थान–नूरपुर (बिजनौर)। धर्म–मुस्लिम। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा– हाईस्कूल (खालसा इण्टर कालेज नूरपुर–बिजनौर)। विवाह तिथि–13 नवम्बर, 1979। पत्नी का नाम–श्रीमती जैबुन्निसां। सन्तान–तीन पुत्र। व्यवसाय–कृषि।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं। वर्ष 1989 से 1994 तक आप नगरपालिका परिषद्, नूरपुर, बिजनौर के अध्यक्ष रहे हैं। आपने हज करने के उद्देश्य से सऊदी अरब की यात्रा की है।

जनता की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है और क्रिकेट का खेल प्रिय है।

मुख्यावास–मो०–हजरत नगर, नूरपुर, जिला–बिजनौर।


कुल मतदाता–2,72,785, कुल मतदान–1,63,780,

प्राप्त मत– 1–श्री कुतुबुद्दीन–37,853,

2–डा० वेद प्रकाश सिंह–35,704 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य।



## कुलदीप सिंह सेंगर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–78, उन्नाव,
जिला–उन्नाव ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० कमल सिंह । जन्म तिथि–20 मार्च, 1966 । जन्म स्थान–ग्रा०–माखी (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–10 मार्च, 1992 । पत्नी का नाम–श्रीमती संगीता सिंह । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है और राजनीति प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–माखी, जिला–उन्नाव ।

कुल मतदाता–2,86,295, कुल मतदान–1,29,806,

प्राप्त मत– 1–श्री कुलदीप सिंह सेंगर–32,072,

2–श्री शिवपाल–28,494 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## कृष्ण कुमार सिंह उर्फ सतीश वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–75, मल्लावां,
जिला–हरदोई ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री रघुवीर सिंह । जन्म तिथि–27 मई, 1961 । जन्म स्थान–मेंहदी खेड़ा (हरदोई) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–स्नातक (कानपुर वि० विद्यालय) । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

सामाजिक व्यवस्था पर विचार, मानवता के विषय में चिन्तन एवं इतिहास व साहित्य के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–मेंहदी खेड़ा, मजरा पुरबावां, मल्लावां, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–2,34,030, कुल मतदान–1,45,656,

प्राप्त मत– 1–श्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ सतीश वर्मा–37,220,

2–श्री बृजेश पाठक–37,090 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## कृष्णा नन्द राय, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–214, मुहम्मदाबाद,
जिला–गाजीपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० जगन्नाथ राय । जन्म तिथि–1 दिसम्बर, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–गोड़उर (गाज़ीपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) । विवाह–मई, 1978 में। पत्नी का नाम–श्रीमती अल्का राय । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

धार्मिक व्याख्यानों को सुनने में आपकी विशेष रुचि है तथा एकान्तवास एवं स्वाध्याय प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–गोड़उर, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,60,899, कुल मतदान–1,54,426,

प्राप्त मत– 1–श्री कृष्णा नन्द–61,049,

2–श्री अफजाल अंसारी–53,277 (समाजवादी पार्टी) ।



## कृष्णा पासवान, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–266, किशुनपुर (अ०जा०),
जिला–फतेहपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० दर्शन । जन्म तिथि–2 फरवरी, 1962 । जन्म स्थान–पिलखिनी । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–वर्ष 1980 में । पति का नाम–श्री श्रीपाल । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–गोपालपुर मजरे (कुशुम्भी), पो०–छिहनी, जिला–फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,37,391, कुल मतदान–1,08,572,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती कृष्णा पासवान–27,274,

2–श्री मुरलीधर–26,488 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## केशरीनाथ त्रिपाठी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–260, इलाहाबाद दक्षिणी,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० हरिश्चन्द्र त्रिपाठी । जन्म तिथि–10 नवम्बर, 1934 । जन्म स्थान–इलाहाबाद । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– बी०ए०, एल-एल०बी० (इलाहाबाद विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–26 फरवरी, 1958 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा त्रिपाठी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम 1977 के निर्वाचन में झूंसी विधान सभा क्षेत्र से जनता पार्टी के टिकट पर, तत्पश्चात् नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991, नवम्बर, 1993, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप छठी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर इलाहाबाद दक्षिणी से उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1953 में "कश्मीर आन्दोलन" में तीन दिन तथा श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति आन्दोलन में दिनांक 23 अक्टूबर, 1990 से 10 नवम्बर, 1990 तक केन्द्रीय कारागार, नैनी, इलाहाबाद में बन्दी रहे । विद्यार्थी जीवन में आप "डेमोक्रेटिक स्टूडेण्ट्स यूनियन" के अध्यक्ष रहे । वर्ष 1946 से ही आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से स्वयं सेवक के रूप में सम्बद्ध रहे हैं । श्री राम नरेश यादव मंत्रि-मण्डल में आप दिनांक 4 जुलाई, 1977 से 11 फरवरी, 1979 तक संस्थागत वित्त एवं बिक्रीकर मंत्री रहे । दिनांक 30 जुलाई, 1991 से 15 दिसम्बर, 1993 तक आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश एकादश विधान सभा के अध्यक्ष पद पर आसीन रहे । दूसरी बार दिनांक 27 मार्च, 1997 को उत्तर प्रदेश त्रयोदश विधान सभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये । अपनी

सर्वग्राह्यता, न्यायप्रियता तथा लोकतान्त्रिक मूल्यों में आस्था के कारण, दिनांक 14 मई, 2002 को पुनः तीसरी बार आप उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1990-91 में आप विधान सभा की आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य रहे हैं।

आप जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1993 तक, पुनः मार्च, 1997 से अब तक कामनवेल्थ पार्लियामेण्टरी एसोसियेशन की उत्तर प्रदेश शाखा के प्रेसीडेंट तथा इस एसोसियेशन की एशिया क्षेत्र की कार्य समिति के सदस्य हैं। वर्ष 1992-93 में मा० अध्यक्ष, लोक सभा द्वारा गठित विधायिका–न्यायपालिका सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनाये रखने सम्बन्धी समिति के सदस्य रहे हैं। वर्ष 1991 से वर्ष 2002 तक कामनवेल्थ पार्लियामेण्टरी एसोसियेशन द्वारा आयोजित अनेक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और सेमिनारों में आपने भाग लिया है। कामनवेल्थ पार्लियामेण्टरी एसोसियेशन (उ०प्र० शाखा) के विदेश अध्ययन भ्रमण-कार्यक्रम तथा अन्तर्राष्ट्रीय संसदीय सम्मेलनों में भाग लेने के उद्देश्य से आपने इंग्लैण्ड, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, आस्ट्रिया, स्विटजरलैण्ड, ग्रीस, इटली, रूस, कनाडा, जापान, आस्ट्रेलिया, चीन, न्यूजीलैण्ड, थाइलैण्ड (बैंकॉक), सिंगापुर, मारीशस, माल्टा, नीदरलैण्ड, स्काटलैण्ड, हांगकांग, नसाऊ (बहामाज द्वीप समूह) नामीबिया, नार्वे, मलेशिया, सूरीनाम, नेपाल और बांगलादेश सहित अनेक देशों की यात्रा की है। लन्दन (इंग्लैण्ड) में आयोजित छठे विश्व हिन्दी सम्मेलन तथा सूरीनाम में सम्पन्न सातवें विश्व हिन्दी सम्मेलन में भी आपने भाग लिया है।

आप वर्ष 1965 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसियेशन के पुस्तकालय सचिव तथा वर्ष 1987-88 और वर्ष 1988-89 में अध्यक्ष रहे हैं। वर्ष 1989 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आपको वरिष्ठ अधिवक्ता होने का भी गौरव प्राप्त हुआ है। आपने "दि रिप्रेजेन्टेशन आफ दि पीपुल ऐक्ट, 1951" पर एक व्याख्यात्मक पुस्तक लिखी है जो इलाहाबाद से प्रकाशित हुई है। "मनोनुकृति", "आयु-पंख" और "चिरन्तन" आप द्वारा रचित नवीनतम् काव्य-कृतियां हैं जो

शान्ति प्रकाशन, इलाहाबाद और प्रभात प्रकाशन, दिल्ली से प्रकाशित हुई हैं। 'मनोनुकृति' और 'आयुपंख' का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद भी हो चुका है। न्याय, संसदीय, साहित्य और राजनीति आदि क्षेत्रों में आप द्वारा की गयी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको "चाणक्य", "भारत-गौरव", "विकास पुरुष", "उत्तर प्रदेश रत्न" आदि उपाधियों से तथा "विश्व भारती सम्मान," "आचार्य महावीर प्रसाद सम्मान", "अभिषेक श्री सम्मान", "काव्य-कौस्तुभ सम्मान" तथा "बागीश्वरी सम्मान" से सम्मानित किया गया है। सम्प्रति आप उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान में भी आप अनेक शैक्षिक, साहित्यिक, संसदीय-विधायी, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से स्थानीय, प्रान्तीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्बद्ध हैं।


विधि, शिक्षा, संसदीय, साहित्य, पर्यटन तथा सांस्कृतिक विषयों में आपकी विशेष रुचि है तथा वकालत प्रिय हैं।

मुख्यावास–12, बी०, डा० लोहिया मार्ग, इलाहाबाद।

कुल मतदाता–2,79,379, कुल मतदान–94,687,

प्राप्त मत– 1–श्री केशरीनाथ त्रिपाठी–37,705,

2–श्री श्यामा चरण गुप्त–35,630 (समाजवादी पार्टी)।



## कैलाश, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–216. जमानियां,
जिला–गाजीपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री लुट्टू यादव । जन्म तिथि–10 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–जैतपुरा (गाजीपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक । विवाह तिथि–20 मई, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती किसमती देवी । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सन् 1993 में आप जन-आन्दोलन में सेण्ट्रल जेल नैनी, इलाहाबाद में 5 दिन बन्दी रहे । वर्ष 1988-1995 तक आप ग्राम सभा, जैतपुरा के प्रधान, 1995-1996 में जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत, गाजीपुर के सदस्य तथा सन् 1989 में आप साधन सहकारी समिति, देवकली के अध्यक्ष रहे हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

कृषि और राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल कूद प्रिय हैं ।
मुख्यावास–ग्रा० व पो०–जैतपुरा, जिला–गाजीपुर ।
कुल मतदाता–2,58,128, कुल मतदान–1,48,954,
प्राप्त मत– 1–श्री कैलाश–50,379,
2–श्री अरुन–42,091 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**कैलाश चौरसिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–249, मिर्जापुर,
जिला–मिर्जापुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० बी० एल० चौरसिया । जन्म तिथि–25 सितम्बर, 1958 । जन्म स्थान–मिर्जापुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक । विवाह तिथि– 23 नवम्बर, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती जानकी देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । जन–आन्दोलन में धारा–144 तोड़ने के कारण आप जिला–जेल, मिर्जापुर में चौदह दिन बन्दी रहे । पर्यटन के उद्देश्य से आपने दुबई की यात्रा की है । वर्ष 1997 से आप चौरसिया महासभा–संघ के राष्ट्रीय महासचिव हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा टेलीविजन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–त्रिमोहानी चौक, मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–2,39,631, कुल मतदान–1,23,463,

प्राप्त मत– 1–श्री कैलाश चौरसिया–42,238,

2–डा० सरजीत सिंह डंग–33,942 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**कैलाशनाथ सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–220, सैदपुर,
जिला–वाराणसी ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री छांगुर यादव । जन्म–वर्ष 1958 में । जन्म स्थान–ग्रा०–मुर्दी–गरथमा (वाराणसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक । विवाह–सन् 1980 में। पत्नी का नाम–श्रीमती कुमारी देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रिमंडल में आप विज्ञान, प्रौद्योगिकी, जल संसाधन और भूमि विकास मंत्री रहे हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद (फुटबाल, बालीवाल एवं मैराथन दौड़) प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मुर्दी–गरथमा, पो०–गरथमा, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,91,914, कुल मतदान–1,68,750,

प्राप्त मत– 1–श्री कैलाशनाथ सिंह यादव–63,069,

2–श्री दीनानाथ–44,646 (समाजवादी पार्टी) ।



## कोविद कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–46, निगोही,
जिला–शाहजहाँपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री जयेन्द्र पाल सिंह । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०–ढकियारधा (शाहजहाँपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातकोत्तर आचार्य (साहित्य दर्शन) । विवाह तिथि–14 फरवरी, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुनीता सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1975–76 में आपात काल में डी०आई०आर० के अन्तर्गत लगभग एक वर्ष तक जिला– कारागार, शाहजहाँपुर में बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की नियम समिति, वर्ष 1996–97 में प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा वर्ष 2000–2001 में याचिका समिति के सदस्य रहे । सम्प्रति लोक-लेखा समिति ( 2002–2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रूचि है और घुड़सवारी प्रिय है ।

मुख्यावास– ग्रा० व पो०– ढकियारधा, जिला– शाहजहाँपुर ।

कुल मतदाता– 2,09,906, कुल मतदान–1,37,807,

प्राप्त मत– 1–श्री कोविद कुमार–48,131,

2–श्री चन्द्रसेन–47,235 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## कौकब हमीद खां, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–385, बागपत,
जिला–बागपत ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–स्व० नवाब शौकत हमीद । जन्म तिथि–23 मई, 1953 । जन्म स्थान–बागपत । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम)। शिक्षा–बी०ए० (अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़) । विवाह– वर्ष 1975 में। पत्नी का नाम–श्रीमती अनीस फातिमा । सन्तान–एक पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर, सितम्बर–अक्टूबर 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भारतीय किसान कामगार पार्टी से तथा अब फरवरी 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार आप राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1988-89 में आप श्री नारायण दत्त तिवारी मन्त्रि–मण्डल में ऊर्जा एवं खाद्य राज्य मंत्री रहे हैं । फरवरी, 1995 से विधान सभा भंग होने तक आप उ०प्र० कंग्रेस विधान मण्डल दल के उपनेता तथा तेरहवीं विधान सभा में भारतीय किसान कामगार पार्टी विधान मण्डल दल के नेता रहे । वर्ष 1986-1988 में विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति, 1994-95 में आवास–मंत्रणा एवं किचन समिति, उद्योग और बिक्री कर स्थायी समिति और वर्ष 1997–98 में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के आप सदस्य रहे हैं । आप मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के कोर्ट के सदस्य दो वर्ष, फैज–ए–आम इण्टर कालेज, मेरठ, इण्टर कालेज, आसारा, बागपत के अध्यक्ष क्रमशः 10 वर्ष और 5 वर्ष तथा श्री यमुना इण्टर कालेज, बागपत, की प्रशासनिक समिति के सदस्य 5 वर्ष रहे हैं । वर्ष 1994 से आप बागपत सहकारी चीनी मिल

के उपाध्यक्ष और भूतपूर्व छात्र संघ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के महासचिव हैं। दिनांक 3 मई, 2002 से 27 मई, 2003 तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग के मंत्री रहे। सम्प्रति विधान सभा में राष्ट्रीय लोकदल विधान मण्डल दल के नेता तथा दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री और कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य हैं। राष्ट्रीय सद्भावना प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में आपने यू० के०, कनाडा अजरबाइजान, तुर्कमेंनिस्तान, कजाकिस्तान, एमस्टर-डम, न्यूयार्क, वाशिंगटन, टोरंटो, पेरिस, रियाद, जद्दा तथा उत्तर प्रदेश कामनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसियेशन के सदस्य के रूप में इटली, रूस, हालैंड, यू०एस०ए० और हांगकांग सहित अनेक देशों की यात्रा की है।

कृषि–कार्य एवं समाज–सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा गोल्फ खेलना प्रिय है।

मुख्यावास–खुर्शीद मंजिल, नवाब मो० जमशेद अली मार्ग, बागपत।

कुल मतदाता–2,45,574, कुल मतदान–1,18,634,

प्राप्त मत– 1–श्री कौकब हमीद खां–52,578,

2–श्री साहब सिंह–37,800 (बहुजन समाज पार्टी)।



## कौशल किशोर, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–54. लखीमपुर
जिला–लखीमपुर (खीरी) ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राम औतार वर्मा । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1937 । जन्म स्थान–ग्राम–मूसेपुर खुर्द । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक (ए०एम०बी०एस०) आयुर्वेदाचार्य, बैचलर आफ मेडिसिन एण्ड सर्जरी । विवाह तिथि–12 जून, 1957 । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री देवी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप धारा–107/151 के अन्तर्गत जिला कारागार, लखीमपुर में 15 दिन बन्दी रहे । आप कृषक सहकारी गन्ना विकास समिति, अरनीखाना तथा कृषक सहकारी गन्ना विकास समिति, फरधान के क्रमशः 8 तथा 6 वर्ष अध्यक्ष और वर्ष 1965 से 1980 तक अर्जक संघ के जिला अध्यक्ष तथा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1962 से आप कृषक समाज इण्टर कालेज, फतेहपुर, लखीमपुर के प्रबन्धक तथा वर्ष 1975 से आ० ज० ई० कालेज देवकली, लखीमपुर के संस्थापक/प्रबंधक हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । पर्यटन के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।

शिक्षा, कृषि व चिकित्सा के क्षेत्र में आपकी विशेष रुचि है और राजनीतिक, धार्मिक, चिकित्सकीय व कृषि साहित्य का अध्ययन एवं पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मूसेपुर खुर्द, पो०–खीरी टाउन, जिला–लखीमपुर खीरी ।

कुल मतदाता–2,77,979, कुल मतदान–1,34,362,

प्राप्त मत– 1–श्री कौशल किशोर–47,558,

2–श्री ज्ञान बाजपेयी–40,977 (शक्ति दल) ।



## कौशल किशोर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–83, मलिहाबाद (अ०जा०),
जिला–लखनऊ ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–स्व० कल्लू प्रसाद । जन्म तिथि–25 जनवरी, 1960 । जन्म स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा– स्नातक । विवाह–सन् 1984 में। पत्नी का नाम–श्रीमती जयदेवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया और कई बार जिला कारागार, लखनऊ में बन्दी रहे । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

जन आन्दोलनों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–बेगरिया का खेड़ा, पो०–बरावन कलां (काकोरी), लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,05,957, कुल मतदान–1,32,085,

प्राप्त मत– 1–श्री कौशल किशोर–62,571,

2–श्री गौरी शंकर–37,036 (समाजवादी पार्टी) ।



## गंगा प्रसाद पुष्कर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–339, एतमादपुर (अ०जा०),
जिला–आगरा ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–स्व० पातीराम । जन्म तिथि–2 मार्च, 1933 । जन्म स्थान–सतोली, जाटवान एतमादपुर (आगरा) । धर्म–वैदिक । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–एम०ए०, एल–एल०बी० (मेरठ कालेज) । विवाह तिथि–3 जून, 1959 । पत्नी का नाम–श्रीमती आर० बी० पुष्कर । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत तथा पी०सी०एस० (सेवानिवृत्त) ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आदर्श कारागार, लखनऊ में आप एक दिन बन्दी रहे । मार्च, 1997 से अक्टूबर, 1997 तक बसपा–भाजपा सरकार में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा त्रयोदश विधान सभा में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । आप 17 अक्टूबर, 1995 से भारतीय बौद्ध महासभा, उ० प्र० के संरक्षक तथा पातीराम शिक्षा समिति, आगरा के 1999 से अध्यक्ष हैं । आपने "सन् 1857 की स्वतंत्रता संग्राम की चिनगारी वीरांगना झलकारी बाई" "महात्मा ज्योतिबाराव फूले का मानवतावादी चिन्तन" तथा "छत्रपति शाहू महाराज का मानवतावाद" नामक पुस्तकें लिखी हैं । सम्प्रति विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-03) तथा संसदीय शोध, संदर्भ एवं

अध्ययन समिति, (2002-03) के सदस्य हैं। बौद्ध धर्म के सांस्कृतिक अध्ययन हेतु आपने नेपाल की यात्रा की है।

समाजसेवा और दलित साहित्य के लेखन और प्रकाशन में आपकी विशेष रुचि है तथा बौद्ध धर्म की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार एवं बच्चों की प्राथमिक शिक्षा हेतु कार्य करना प्रिय है।

मुख्यावास–मो०–सतौली जाटवान, एतमादपुर, जिला–आगरा।

कुल मतदाता–2,50,844, कुल मतदान–1,20,246,

प्राप्त मत– 1–श्री गंगा प्रसाद पुष्कर–38,317,

2–श्री चन्द्रभान मौर्य–33,503 (समाजवादी पार्टी)।



## गंगा बख्श सिंह, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–79, हड़हा,
जिला–उन्नाव ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० छत्रपाल सिंह । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1935 । जन्म स्थान–ग्रा०–तौरा (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–बी०एम०एस०, जी०एच० एम०एस० । विवाह–7 मई, 1954 । पत्नी का नाम–श्रीमती महेश कुमारी । सन्तान–तीन पुत्र , तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, सितम्बर,–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1960, 1978 तथा 1980 में विभिन्न आन्दोलनों में आदर्श कारागार, लखनऊ और जिला कारागार, उन्नाव में बन्दी रहे । आप राष्ट्रीय होम्यो कालेज, कानपुर के 1963 से 1989 तक प्राचार्य, केन्द्रीय होम्यो परिषद् दिल्ली के 1991 से 1996 तक सदस्य, होम्योपैथिक फैकल्टी, आगरा विश्वविद्यालय के 1972 से 1975 तक डीन रहे । वर्ष 1965 में ब्लाक समिति, बिछिया के आप ब्लाक प्रमुख रहे हैं तथा सम्प्रति म० गा० इण्टर कालेज, तौरा के 1965 से एवं महामना पं० मदन मोहन मालवीय हा० स्कूल, इटकौंली के 1975 से प्रबन्धक हैं । विधान सभा की नियम समिति (1991-92) तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1997-98) के सदस्य तथा अक्टूबर, 1997 से फरवरी, 2002 तक आप श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह मंत्रिमंडल में चिकित्सा शिक्षा एवं संस्थागत वित्त आदि विभागों के राज्य मंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा एवं चिकित्सा में आपकी विशेष रुचि है तथा बागवानी प्रिय है।
मुख्यावास–ग्रा० व पो०–तौरा, जिला–उन्नाव ।
कुल मतदाता–2,17,600, कुल मतदान–1,24,151,
प्राप्त मत– 1–डा० गंगा बख्श सिंह–38,524,
2–श्री सुन्दर लाल लोधी–34,722 (समाजवादी पार्टी) ।



## गंगा भक्त सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–73, शाहाबाद,
जिला–हरदोई ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता--ठाकुर चरण सिंह । जन्म तिथि–8 नवम्बर, 1922 । जन्म स्थान–ग्रा०–हरियावन (हरदोई) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– एम०ए० (अर्थशास्त्र) (इलाहाबाद विश्वविद्यालय) । सन्तान–एक दत्तक पुत्र । व्यवसाय--कृषि ।

बावन निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1967 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथमबार जनसंघ के टिकट पर, बिलग्राम निर्वाचन क्षेत्र से 1989 के सामान्य निर्वाचन में दूसरीबार, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तीसरीबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथीबार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर शाहाबाद से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1977 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता पार्टी के टिकट पर शाहाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के भी सदस्य रहे हैं । अनेक आन्दोलनों में आप जिला कारागार, बरेली, हरदोई, केन्द्रीय कारागार, नैनी एवं इज्जतनगर में भिन्न-भिन्न कालावधि में बन्दी रहे । वर्ष 1967-68 में संविद सरकार में आप सहकारिता और सार्वजनिक निर्माण तथा वर्ष 1991-92 में श्री कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में कृषि मंत्री रहे हैं । आप लोकसभा की प्राक्कलन समिति तथा याचिका समिति के सदस्य और उ० प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति के सभापति (1989-90), राज्य हथकरघा निगम के अध्यक्ष (1997-2000) एवं राज्य योजना आयोग के वर्ष 2000 से 2002 तक उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री स्तर) भी रहे हैं । आप उत्तर प्रदेश जनसंघ के महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष भी रह चुके हैं । आप सेठ बाबू राम इण्टर कालेज, पाली तथा हरियांवा

में स्थापित नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजकीय श्री गंगा भक्त सिंह कन्या विद्यालय तथा बाल विद्या मन्दिर के अध्यक्ष हैं ।

शिक्षा, ग्रामीण विकास, सहकारिता व कृषि में आपकी विशेष रुचि है तथा समाजसेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–1, नघेटा रोड, हरदोई ।

कुल मतदाता–2,26,235, कुल मतदान–1,36,878,

प्राप्त मत– 1–श्री गंगा भक्त सिंह–41,602,

2–श्री बाबू खान–35,252 (समाजवादी पार्टी) ।

## गया चरण दिनकर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–301, बबेरू,

जिला–बांदा ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री छेदी लाल । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1960 । जन्म स्थान–गौरीखानपुर (बांदा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा– इण्टरमीडिएट। । विवाह तिथि–4 मार्च, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती राम संवारी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

मई–जून, 1991 के निर्वाचन में आप प्रथमबार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरीबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरीबार बहुजन समाज पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1983 से आप एस० पी० एण्ड वी० एस० गौरी खानपुर के मंत्री तथा एस०एस०जी०एम० गौरीखानपुर के प्रबन्धक हैं । आप सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी,2003 तक ग्राम्य विकास मंत्री रहे और अब दिनांक 21 मार्च, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सभापति और वर्ष 2003-2004 के लिए अधिष्ठाता-मण्डल के सदस्य हैं ।

शिक्षण एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–नहर पाटरी, बबेरू, जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–2,31,546, कुल मतदान–1,29,284,

प्राप्त मत– 1–श्री गया चरन दिनकर–43,530,

2–श्री राम औतार पुत्र श्री गौरी शंकर–33,710 (समाजवादी पार्टी) ।



**गीता सिंह, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–140, बलरामपुर,

जिला–बलरामपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री शंकर सिंह । जन्म तिथि– 2 अप्रैल, 1954 । जन्म स्थान–बस्ती । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातक (कन्या डिग्री कालेज, बस्ती) । विवाह तिथि–19 फरवरी, 1973 । पति का नाम–श्री यशपाल सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथमबार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप यश वेलफेयर सोसाइटी तथा टाउन क्लब, बस्ती की तीन-तीन वर्ष तक सचिव रही हैं ।

राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–मऊ समसाबाद, कुआनारेंज, जिला–गोण्डा/बलरामपुर ।

कुल मतदाता–2,40,311, कुल मतदान–1,22,042,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती गीता सिंह–33,311,

2–श्री हनुमन्त सिंह–31,085 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## गुलाब देवी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–14, चंदौसी (अ०जा०),
जिला–मुरादाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री बाबू राम । जन्म तिथि–1 जून, 1955 । जन्म स्थान–चंदौसी । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (धोबी) । शिक्षा– एम० ए० (राजनीति शास्त्र), बी०एड० (एम० एस० कालेज, चन्दौसी) । विवाह तिथि–11 जून, 1988 । पति का नाम–श्री रामपाल सिंह । सन्तान–तीन पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

मई-जून, 1991 में प्रथमबार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरीबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरीबार भी आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप राजनीतिक आन्दोलनों में 9 अक्टूबर, 1977 से 22 अक्टूबर, 1977 तक, 17 मार्च, 1978 को एक दिन, 20 दिसम्बर, 1978 से 24 दिसम्बर, 1978 तक, 7 मई, 1979 एवं 21 फरवरी, 1980 को धारा 144 के उल्लंघन के कारण मुरादाबाद एवं लखनऊ कारागार में बन्दी रहीं । आपने ग्राम्य-विकास हेतु सड़कों के निर्माण के लिये श्रमदान, प्रौढ़ शिक्षा–प्रसार एवं दहेज विरोधी कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान किया है । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1997-98) की सदस्या रही हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से मार्च, 2002 तक आप श्री कल्याण सिंह श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रिमण्डल में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री रहीं तथा अपने दल की सचेतक भी रही हैं । सम्प्रति विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) की सदस्या हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा तीर्थाटन एवं सत्संग प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०–सुभाष मार्ग, चन्दौसी, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,23.684, कुल मतदान–1,18,172,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती गुलाब देवी–40,288,

2–श्री सतीश प्रेमी–39,588 (समाजवादी पार्टी) ।



## घनश्याम शुक्ल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–144, मुजेहना,
जिला–गोण्डा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० चन्द्र शेखर शुक्ल । जन्म तिथि–7 जनवरी, 1965 । जन्म स्थान–ग्रा०–दतौली बाजार (गोण्डा)। धर्म–हिन्दू । शिक्षा–सीनियर कैम्ब्रिज (लखनऊ) । विवाह–मई, 1983 में। पत्नी का नाम–श्रीमती नन्दिता शुक्ला । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में आप पहलीबार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरीबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरीबार भी भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । बहुत छोटी आयु से ही आपने पार्टी के आन्दोलनों में भाग लिया और अनेक बार गोण्डा करागार में बन्दी रहे । सम्बन्धियों से मिलने के लिए आपने नेपाल की यात्रा की है । भगौती प्रसाद शुक्ल आदर्श मा०वि० देहरा बाजार, गोण्डा से आप वर्ष 1979 से सम्बद्ध है । अपने क्षेत्र मुजेहना को विकास के रास्ते पर लाने के लिए कृत संकल्प हैं । आप विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002–2003) के सदस्य रहे हैं । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में राजस्व विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।

सामाजिक सेवा, कृषि एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–सी–15, हाउसिंग कालोनी, जनपद गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,33.377, कुल मतदान–1,36,448,

प्राप्त मत– 1–श्री घनश्याम शुक्ल–60,575,

2–श्री राम पाल सिंह–37,819(समाजवादी पार्टी) ।



## घूरा राम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–205, रसड़ा (अ०जा०),
जिला–बलिया ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री सहदेव राम । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1956 । जन्म स्थान–पहाड़पुर (बलिया) । धर्म–हिन्दू (मनुवादी व्यवस्था)। जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–एम०ए० (समाज शास्त्र) । विवाह–सन् 1973 में। पत्नी का नाम–श्रीमती लाल मुन्नी देवी । सन्तान– दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथमबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरीबार बहुजन समाज पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलन में आप बलिया जेल में बन्दी रहे । सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में जून, 1995 से अक्टूबर, 1995 तक स्वास्थ्य, चिकित्सा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री और विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (1993–1995) के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1980–85 में नागरिक सामाजिक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व संरक्षक, वर्ष 1985–90 तक बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता तथा जिला अध्यक्ष रह चुके हैं एवं बाबा साहेब डा० भीमराव अम्बेडकर संस्थान के लगभग आठ वर्षों से अध्यक्ष हैं ।

समाज सेवा तथा निर्धनोत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा जनता के सुख–दुख में सम्मिलित होना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–पहाड़पुर, पो०–चिलकहर, जिला–बलिया ।
कुल मतदाता–2,32,270, कुल मतदान–1,20,116,
प्राप्त मत– 1–श्री घूरा राम–48,396,
2–श्री घुरा–38,378 (समाजवादी पार्टी) ।



## चन्द्र किशोर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–176, महराजगंज (अ०जा०),
जिला–महराजगंज ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री शेरई । जन्म तिथि–7 जून, 1963 । जन्म स्थान–बस्ती । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह–तिथि–23 अप्रैल, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती अर्चना । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि)।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथमबार सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरीबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरीबार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं । 27 अक्टूबर, 1997 से 8 मार्च, 2002 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मंडल में आप माध्यमिक शिक्षा तथा भाषा राज्य मंत्री रहे । आप हैंडबाल एसोसियेशन, गोरखपुर के जिला अध्यक्ष (1991–92) रहे । जेसीस क्लब के सदस्य 1986 से तथा व्यापार मण्डल एवं पेट्रोलियम एसोसियेशन, गोरखपुर के सदस्य 1982 से हैं । आप विधान सभा की याचिका समिति (1997–98) के सदस्य भी रहे हैं ।

समाज सेवा तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–वार्ड नं०–23,सिविल लाइन, नगर पलिका परिषद्, महराजगंज ।
कुल मतदाता–2,33.803, कुल मतदान–1,44,839,
प्राप्त मत– 1–श्री चन्द्र किशोर––42,994,
2–श्री सुदामा प्रसाद–34,479(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## चन्द्रदेव राम यादव 'करैली', श्री

निर्वाचन क्षेत्र–202, मुबारकपुर,

जिला–आजमगढ़ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० काशी यादव । जन्म तिथि–8 अगस्त, 1952 । जन्म स्थान–ग्रा०–हाजीपुर (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति––पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री, बी०एड० । विवाह–सन् 1958 में। पत्नी का नाम–श्रीमती लीलावती । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथमबार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1980 में आपने आन्दोलन में भाग लिया और जिला–कारागार, आजमगढ़ में बन्दी रहे । वर्ष 1991 से 1994 तक बहुजन समाज पार्टी, गोरखपुर मण्डल के उपाध्यक्ष, 1995 से 1997 तक आजमगढ़ मण्डल के अध्यक्ष तथा 1997 से 2000 तक जिला अध्यक्ष रहे हैं । वर्ष 1977 से अब तक काशी इण्डरमीडिएट कालेज, हाजीपुर–बम्हौर (आजमगढ़) के प्रबन्धक हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–हाजीपुर, पो०–बम्हौर, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,66,352, कुल मतदान–1,60,442,

प्राप्त मत– 1–श्री चन्द्रदेव राम यादव 'करैली'–53,883,

2–श्री यशवन्त सिंह–44,607 (लोक जनशक्ति पार्टी ) ।



## चन्द्रभद्र सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–108, इसौली,
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० इन्द्रभद्र सिंह (भूतपूर्व विधायक) । जन्म तिथि–8 फरवरी, 1976 । जन्म स्थान–मांयग । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री, एम० पी० एड० (अवधेश प्रताप सिंह विश्व वि० रीवा, मध्य प्रदेश) । विवाह तिथि–8 फरवरी, 2000 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनामिका सिंह । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथमबार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1999 से आप जिला सहकारी बैंक, सुल्तानपुर के संचालक, राष्ट्रीय इण्टर कालेज मांयग (सुल्तानपुर) एवं रानी लक्ष्मी बाई बालिका इण्टरमीडिएट कालेज, कूरेभार (सुल्तानपुर) के प्रबन्धक हैं ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा साहित्य का अध्ययन, टेलीविजन देखना और बालीवाल खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–मांयग, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,26,141, कुल मतदान–1,22,726,

प्राप्त मत– 1–श्री चन्द्रभद्र सिंह–53,270,

2–श्री कामिल फारुग–27,709 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## चन्द्रमणि कान्त सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–135, भिनगा,
जिला--श्रावस्ती ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० युवराज अलक्षेन्द्र कान्त सिंह । जन्म तिथि–24 जुलाई, 1941 । जन्म स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा– इण्टरमीडिएट (काल्विन तालुकेदार्स कालेज, लखनऊ) । विवाह तिथि–23 अक्टूबर, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती रानी शुभाश्री देवी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, उद्यान एवं नर्सरी । पशु एवं मत्स्य पालन, एल०, पी० जी० गैस वितरक (इण्डियन आयल कारपोरेशन) ।

वर्ष 1969 में आप कांग्रेस पार्टी से प्रथमबार, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, तत्पश्चात मई-जून 1991 में, नवम्बर, 1993 में, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में छठीबार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1973 में आपने जनसंघ की सदस्यता ग्रहण की और सन् 1974 से 1989 तक चुनावी राजनीति से अलग रहे । कार–सेवा प्रकरण में दिनांक 27 अक्टूबर से 7 नवम्बर, 1990 तक अस्थाई जिला–कारागार (किसान डिग्री कालेज), बहराइच में बन्दी रहे । वर्ष 1946 में अपने पितामह स्व० राजा वीरेन्द्र कान्त सिंह के निधन पर (नाबालिग अवस्था में) आप भिनगा रियासत के राजा घोषित हुए और उसके आधार पर अवध के ताल्लुकेदारों का एसोसिऐशन "ब्रिटिश इण्डिया एसोसियेशन" के आजीवन सदस्य बने तथा वर्ष 1971 से 1976 तक, वर्ष 1993 से 1998 तक एवं वर्ष 1998 से 2003 तक उसकी प्रबन्ध समिति के सदस्य रहे । वर्ष 1960 में आप प्रबन्ध समिति उदय प्रताप शिक्षा समिति, वाराणसी एवं वाइल्ड लाईफ प्रीजर्वेशन सोसाइटी आफ इण्डिया के आजीवन सदस्य बने । वर्ष 1962 से 2001 तक श्री अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज, भिनगा, श्रावस्ती के अध्यक्ष, वर्ष 1962 में उत्तर प्रदेश

केनल क्लब के आजीवन सदस्य तत्पश्चात वर्ष 1976 से 1981 तक अवैतनिक सचिव भी रहे । वर्ष 1963 में आप बोट हाऊस क्लब एवं नैनीताल यांट क्लब के स्थाई सदस्य हुए तथा वर्ष 1966 से 1969 तक अवैतनिक सचिव और 1971 से 1973 तक उक्त क्लब के रियर कोमोडोर रहे हैं । वर्ष 1963 से आप यांटिंग एसोसिऐशन आफ इण्डिया के आजीवन सदस्य, वर्ष 1966 से मोहम्मद बाग क्लब, लखनऊ के स्थाई सदस्य, वर्ष 1967 से नेशनल राइफल एसोसियेशन आफ इण्डिया के आजीवन सदस्य, वर्ष 1974 से लखनऊ गोल्फ क्लब के स्थाई सदस्य और वर्ष 1979 से केनल क्लब आफ इण्डिया के आजीवन सदस्य हैं । इसके अतिरिक्त वर्ष 1974 में आप उत्तर प्रदेश स्टेट राईफल एसोसियेशन के आजीवन सदस्य बने और वर्ष 1993 से 1997 तक उपाध्यक्ष तथा नेशनल राईफल एसोसियेशन आफ इण्डिया के नामित सदस्य और वर्ष 2002 से 2006 तक के लिए उक्त क्लब की गवर्निंग बाडी के सदस्य हैं । वर्ष 1973 से 1976 तक और वर्ष 1999 से 2002 तक आप काल्विन तालुकेदार्स कालेज, लखनऊ की प्रबन्ध समिति के भी सदस्य रहे हैं और वर्ष 1991 से 1993 तथा वर्ष 2001 से 2005 तक स्टेट काउन्सिल बर्ल्ड लाईफ फण्ड यू० पी० चापटर के सदस्य हैं । वर्ष 1991-92 में आप उ० प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सभापति तथा वर्ष 1997-1998 में प्राक्कलन समिति के सदस्य भी रहे । वर्ष 1969 से आप कामन वैल्थ पार्लियामेन्ट्री एसोसियेशन उ० प्र० शाखा के आजीवन सदस्य, वर्ष 1987 से किसान संघ, भिनगा के अध्यक्ष, वर्ष 1988 से हिन्दू कल्याण परिषद, भिनगा के मुख्य संरक्षक तथा उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

वन, वन्य–जन्तु, पर्यावरण, पर्यटन, कृषि एवं पशुपालन में आपकी विशेष रुचि है तथा फोटोग्राफी, शूटिंग, घुड़सवारी, डाग–ट्रेनिंग व शो तथा यांट–रेसिंग प्रतिस्पर्धाएं आपको प्रिय हैं ।

मुख्यावास–बीरेन्द्र बाग पैलेश, भिनगा, जिला–श्रावस्ती ।

कुल मतदाता–2,28,100, कुल मतदान–1,21,047,

प्राप्त मत– 1–श्री चन्द्रमणि कान्त सिंह–36,588,

2–मोहम्मद असलम–34,603 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## चितरंजन स्वरूप, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–392, मुजफ्फर नगर,
जिला–मुजफ्फर नगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० महेश चन्द्र । जन्म तिथि–9 मार्च, 1946 । जन्म स्थान–मुजफ्फर-नगर । धर्म–हिन्दू । जाति–वैश्य । शिक्षा–स्नातक (पत्राचार द्वारा) । विवाह–तिथि–19 मई, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती वीना स्वरूप । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

वर्ष 1974 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार कांग्रेस से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1977 में श्रीमती इन्दिरा गांधी के जेल जाने के समय कांग्रेस के आन्दोलन में आप जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में बन्दी रहे । आप सनातन धर्म इण्टर कालेज के प्रबन्धक 5 वर्ष, महेश धर्मार्थ ट्रस्ट के संरक्षक और एस०डी० एसोसियेशन के सदस्य 20 वर्ष तक रहे हैं । सम्प्रति आप ज्ञानदीप स्कूल के संरक्षक तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।


अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा पर्यटन प्रिय हैं ।

मुख्यावास–197, उत्तरी सिविल लाइन्स, जिला–मुजफ्फर नगर ।

कुल मतदाता–3,26,044, कुल मतदान–1,53,272,

प्राप्त मत–1–श्री चितरंजन स्वरूप–58,932,

2–श्री कपिल देव–49,809 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## छेदी राम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–218, जखनिया (अ०जा०),

जिला–गाजीपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० रामजन्म राम । जन्म–सन् 1932 में (70 वर्ष) । जन्म स्थान–ग्रा०–सौफीपुर जखनियां (गाजीपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह–16 वर्ष की आयु में । पत्नी का नाम–स्व० श्रीमती नथुनी देवी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम वर्ष 1984 के उपचुनाव में लोकदल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न आन्दोलनों में आप चार बार जिला कारागार, गाजीपुर में बन्दी रहे । आप दो बार जिला पंचायत के सदस्य रहे तथा 20 वर्षों से ग्राम प्रधान हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–सौफीपुर, पो०–जखनियां, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,57,751, कुल मतदान–1,42,532,

प्राप्त मत–1–श्री छेदी राम–51,986,

2–श्री विजय कुमार–45,151 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## छोटे लाल यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–127, नवाबगंज,
जिला–बाराबंकी ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० रूपन लाल । जन्म तिथि–2 जनवरी, 1947 । जन्म स्थान–ग्रा०–बेलहा गोपालपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–5 जून, 1962 । पत्नी का नाम–स्व० फूलमती । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार जनता पार्टी से, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1997-98 एवं 2000 में आपने आन्दोलनों में भाग लिया और सी०आर०पी०सी० की धारा 151 के अन्तर्गत तीन बार जिला कारागार, बाराबंकी में बन्दी रहे । आप उ० प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति (1991-1992), सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1991-1992 व 1993-1994) तथा प्राक्कलन समिति (1993-1994) के सदस्य और वर्ष 1985 से 1990 तक आप हिन्द किसान पंचायत, बाराबंकी के जिला अध्यक्ष रहे । देवा विकास खण्ड के अन्तर्गत वर्ष 1994 में राजकीय बालिका विद्यालय तथा गंगा देवी मेमोरियल माण्टेसरी स्कूल की स्थापना में आपका विशेष योगदान रहा है । सम्प्रति वर्ष 1996 से आप डा० राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान, इस्माइलपुर–देवा के अध्यक्ष तथा नियम समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–बेलहा मजरे, गोपालपुर, पो०–इस्माइलपुर, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,46,148, कुल मतदान–1,41,592,

प्राप्त मत–1–श्री छोटे लाल यादव–44,874,

2–श्री संग्राम सिंह–44,847 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## छोटे लाल वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–337, फतेहाबाद,
जिला–आगरा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री जगजीत सिंह । जन्म तिथि–7 जुलाई, 1953 । जन्म स्थान–नगला देवहंस डाकी (आगरा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (निषाद) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि–14 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती माया देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1992 में भारतीय जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन में एक दिन तिहाड़ जेल, नई दिल्ली में बन्दी रहे । आप वर्ष 2000 से श्रीमती भगवती देवी कन्या इण्टर कालेज नगला-देवहंस बाजीदपुर, फतेहाबाद, आगरा के प्रबन्धक हैं । सम्प्रति उत्तर प्रदेश विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य भी हैं ।

शिक्षा में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–19, दया नगर राजपुर चुंगी, आगरा ।

कुल मतदाता–1,97,904, कुल मतदान–1,22,408,

प्राप्त मत–1–श्री छोटे लाल वर्मा–49,283,

2–श्री अशोक कुमार दीक्षित–44,658 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## जगदम्बिका पाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–152, बस्ती,

जिला–बस्तो ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री सूर्य बक्श पाल । जन्म तिथि–21 अक्टूबर, 1950 । शिक्षा–एम०ए० (प्राचीन इतिहास, राजनीति शास्त्र), एल-एल०बी० । विवाह तिथि–13 जुलाई, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती स्नेहलता पाल । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–खेती और वकालत ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1993 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी) से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य तथा 31 जुलाई, 88 से नवम्बर, 1989 तक उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री भी रहे हैं । आपने रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण तथा दहेज विरोधी विवाह, सफाई अभियान तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाढ़ राहत शिविर भी आयोजित किये । एन० सी० सी० में सीनियर अण्डर आफिसर तथा कई कैम्पों में आपने भाग लिया । आप जिला युवा कांग्रेस कमेटी, बस्ती के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन और उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महामंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे हैं और विधान सभा में कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक रहे हैं । आपने थाईलैंड, नेपाल, सिंगापुर, इंग्लैण्ड और जर्मनी की यात्रा की है । वर्ष 1997-98 के लिए विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे और अब लोक लेखा समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से 7 फरवरी, 1998 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में आप परिवहन मंत्री रहे । सम्प्रति आप उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं ।

अध्ययन, खेल (हाकी, फुटबाल) और सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–पाल भवन, रामेश्वर पुरी, गांधी नगर, बस्ती ।

कुल मतदाता–2,55,462, कुल मतदान–1,35,300,

प्राप्त मत–1–श्री जगदम्बिका पाल–42,079,

2–श्री जितेन्द्र कुमार उर्फ नन्दू चौधरी–32,564 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**जगदीशनारायण राय, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–237. बयालसी,

जिला–जौनपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० दुर्गा नारायण सिंह । जन्म तिथि–11 अप्रैल, 1953 । जन्म स्थान–ग्रा०–कबीरूद्दीनपुर (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० (गोरखपुर वि० वि०) । विवाह–वर्ष 1968 में। पत्नी का नाम–स्व० श्रीमती गीता राय । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । उत्तर प्रदेश त्रयोदश विधान सभा की प्राक्कलन समिति एवं सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति के आप सदस्य रहे हैं । वर्ष 1988 से सीतापुर नेत्र चिकित्सालय, जौनपुर के उपाध्यक्ष, वर्ष 1980 से हिन्दी भवन साहित्य संस्थान, जौनपुर और वर्ष 1990 से आल इण्डिया सेंटर फार रूरल एण्ड अरबन डेवलपमेंट, नई दिल्ली के आजीवन सदस्य हैं । दिनांक 5 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती के मुख्य मंत्रित्व में गठित बसपा-भाजपा सरकार में आप लघु उद्योग मंत्री रहे हैं ।

समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के कल्याण कार्यक्रम में आपकी विशेष रूचि है तथा राजनीतिक एवं सामाजिक विषय की पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–कबीरूद्दीनपुर, पो०–धर्मापुर, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,59,188, कुल मतदान–1,33,438,

प्राप्त मत–1–श्री जगदीश नारायण राय–51,224,

2–श्री देवानन्द–38,861 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## जगदीश मिश्र 'बाल्टी बाबा', श्री

निर्वाचन क्षेत्र–183, फाजिलनगर,
जिला–कुशीनगर (पडरौना) ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० नवसे मिश्र । जन्म तिथि–29 नवम्बर, 1948 । जन्म स्थान– ग्रा०–वसडीला खुर्द (कुशीनगर) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–स्नातक (संस्कृत वि० वि० वाराणसी) । विवाह–वर्ष 1973 में। पत्नी का नाम–श्रीमती कालिन्दी मिश्रा । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1982 से 1986 तक उ० प्र० राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम के अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर), 1989 से 1992 तक बेसिक शिक्षा सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) तथा 1999 से 2002 तक उ० प्र० राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम के पुनः अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) रहे हैं । आप वर्ष 1972 से लगातार विश्व मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्यात्म प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–वसडीला खुर्द, पो०–तमकुहीराज, जिला–कुशीनगर ।

कुल मतदाता–2, 57,246, कुल मतदान–1,52,077,

प्राप्त मत–1–श्री जगदीश मिश्र बाल्टी बाबा–44,432,

2–श्री विश्वनाथ–42,558 (समाजवादी पार्टी) ।



## जगदीश सिंह राणा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–403, मुजफ्फराबाद,

जिला–सहारनपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हरकेश सिंह राणा । जन्म तिथि–28 अगस्त, 1954 । जन्म स्थान–मुरादनगर जीवाला । धर्म–हिन्दू । जाति–राजपूत । शिक्षा–स्नातक (जे० वी० जैन कालेज, सहारनपुर) । विवाह तिथि–28 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती सन्तोष सिंह । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में जनता दल से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की लोक लेखा समिति तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-1998 व 2002-2003) के सदस्य रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं । आपने भ्रमण के उद्देश्य से नेपाल की यात्रा की है । आप मुरादनगर जीवाला भभुल सिंह राणा इण्टर कालेज के आजीवन प्रबन्धक हैं ।

राजनीति एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मुरादनगर जीवाला, पो०–मुजफ्फराबाद, जिला–सहारनपुर ।

कुल मतदाता–2,01,661, कुल मतदान–1,32,824,

प्राप्त मत–1–श्री जगदीश सिंह राणा–51,914,

2–राव मो० नईम खान–43,381 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## जगदीश सोनकर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–240, शाहगंज (अ०जा०),
जिला–जौनपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री दयाराम सोनकर । जन्म तिथि–1 सितम्बर, 1966 । जन्म स्थान–ग्रा०–धन्नोपुर (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–23–मई, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती गीता सोनकर । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । देशाटन के उद्‌देश्य से आपने काठमांडू (नेपाल) की यात्रा की है ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–धन्नोपुर, पो०–सदर, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,64,525, कुल मतदान–1,43,014,

प्राप्त मत–1–श्री जगदीश सोनकर–42,180,

2–श्री राम फेर गौतम–36,358 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## जगन प्रसाद गर्ग, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–342, आगरा पूर्व,
जिला–आगरा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० बद्री प्रसाद गर्ग । जन्म तिथि–20 जुलाई, 1952 । जन्म स्थान–सरेन्धी (आगरा) । धर्म–हिन्दू । जाति–वैश्य (अग्रवाल) । शिक्षा–स्नातक (आगरा कालेज, आगरा) । विवाह तिथि–5 मार्च, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती लक्ष्मी गर्ग । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि), डेयरी ।

नवम्बर, 1998 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2001-2002) के आप सदस्य रहे और अब प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1971-72 में आप विद्यार्थी परिषद्, आगरा के मंत्री, 1996-97 में अध्यक्ष, 1995-96 में भारत विकास परिषद् बृज प्रान्त तथा वर्ष 2000 से 2002 तक अग्रवाल महासभा उ० प्र० के महामंत्री रहे हैं ।

निर्धनों की सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन एवं फुटबाल खेलना और अन्य खेल देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–5/1, मदिया कटरा, आगरा ।

कुल मतदाता–2,07,862, कुल मतदान–79,393,

प्राप्त मत–1–श्री जगन प्रसाद गर्ग–30,515,

2–श्री गोविन्द अग्रवाल–17,766 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## जगराम सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–11, गंगेश्वरी (अ०जा०),
जिला–मुरादाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० यादराम सिंह । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1958 । जन्म स्थान–मुबारिकपुर-जोया (मुरादाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (धोबी) । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती शारीता । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । माया त्यागी काण्ड और मंहगाई विरोधी आन्दोलन में आप अनेक बार गिरफ्तार हुए तथा वर्ष 1980 में जिला–कारागार–मुरादाबाद में बन्दी रहे । वर्ष 1989-90 में आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा कृषि प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मुबारिकपुर उर्फ राम नगर जोया, जिला–ज्योतिबाफुले नगर ।

कुल मतदाता–2,13,875, कुल मतदान–1,38,655,

प्राप्त मत–1–श्री जगराम–49,371,

2–श्री वीर सिंह–39,186 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## जटा शंकर सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–133. नानपारा,
जिला–बहराइच ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रघुनायक सिंह । जन्म तिथि–21 जुलाई, 1944 । जन्म स्थान–ग्रा०–भौसिया (बस्ती) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय, (राजपूत) । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–5 जून, 1963 । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री सिंह । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

वर्ष 1980 में प्रथम बार, मई-जून, 1991 में दूसरी बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार भी लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1965 से 1977 के मध्य अनेक बार जिला कारागार, लखनऊ, बहराइच, गोरखपुर तथा केन्द्रीय कारागार, नैनी और फतेहगढ़ में आप डी०आई०आर० एवं मीसा में कुल 19 महीने बन्दी रहे और इस प्रकार लगभग उन्नीस बार जेल यात्रा की । एक बार आपातकाल में आपने जुर्माने की राशि भी अदा की है । वर्ष 1991 में आप अधिष्ठाता–मण्डल के सदस्य तथा विधान सभा की प्राक्कलन समिति, विशेषाधिकार समिति तथा अनेक बार सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति के सदस्य रहे हैं । आप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, बहराइच के जिला संयोजक (1960-63), प्रदेश प्रचार मंत्री उ०प्र० (1966-69), अखिल भारतीय जनसंघ, बहराइच के जिला सहमंत्री (1973 से जनता पार्टी के विलय तक), उत्तर प्रदेश हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष (1986 से 1995) तथा भाजपा की प्रदेश व क्षेत्रीय कार्य समिति के सदस्य (2000 से 2001) रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद् के सदस्य वर्ष 1988 से और भारतीय जनता पार्टी विधान

मण्डल दल के मंत्री वर्ष 2002 से और वर्तमान विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।


सामाजिक और राजनीतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–गौरा पिपरा, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,92,345, कुल मतदान–1,62,691,

प्राप्त मत–1–श्री जटाशंकर सिंह–59,932,

2–श्री वारिश अली–58,177 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## जमालुद्दीन सिद्दीकी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–295, कमालगंज,
जिला–फर्रूखाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री नत्थू हुसैन सिद्दीकी । जन्म तिथि–29 अप्रैल, 1950 । जन्म स्थान–जरारी । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–बी० काम०, एल-एल० बी० (अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–20 जनवरी, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती रिजवाना सिद्दीकी । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि, वकालत तथा उद्योग (कारखाना आदि), बीड़ी व्यापार ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं । सम्प्रति बीड़ी मजदूर कन्या इण्टर कालेज के आप प्रबन्धक हैं । हज करने के उद्देश्य से आपने अरब और इराक की यात्रा की है । वर्ष 1997-98 में विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के आप सदस्य रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–जरारी, जिला–फर्रूखाबाद ।

कुल मतदाता–2,47,994, कुल मतदान–1,55,686,

प्राप्त मत–1–श्री जमालुद्दीन सिद्दीकी 45,579,

2–श्री अरविन्द प्रताप सिंह–43,404 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**जयप्रकाश यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–164, धुरियापार,

जिला–गोरखपुर ।

दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री कल्पनाथ यादव । जन्म तिथि–15 फरवरी, 1959 । जन्म स्थान–ग्रा०–सकरदेइया (गोरखपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–साक्षर । विवाह–सन् 1975 में । पत्नी का नाम–श्रीमती जिलेबी देवी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि–मण्डल में राज्य मंत्री हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने सिंगापुर एवं बैंकाक की यात्रा की है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–सकरदेइया, पो०–चीनी मिल धुरियापार, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,51,198, कुल मतदान–1,32,872,

प्राप्त मत–1–श्री जय प्रकाश यादव–36,426,

2–श्री राजेन्द्र सिंह उर्फ पहलवान सिंह–24,769 (राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## जय प्रताप सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–158, बांसी,
जिला–सिद्धार्थनगर।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–राजा रुद्र प्रताप सिंह। जन्म तिथि–7 सितम्बर, 1953। जन्म स्थान–डुमरांव (बिहार)। धर्म–हिन्दू। जाति–क्षत्रिय। शिक्षा–स्नातक (मेयो कालेज अजमेर एवं बम्बई विश्वविद्यालय)। विवाह तिथि–19 जनवरी, 1983। पत्नी का नाम–श्रीमती बसुन्धरा कुमारी। सन्तान–दो पुत्र। व्यवसाय–कृषि।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तथा दूसरी बार मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में निर्दलीय, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1994-95 में आप अधिष्ठाता–मण्डल के सदस्य तथा 1997-98 में विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे और अब प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं। जनसमस्याओं से जुड़े आन्दोलनों में आपने भाग लिया पर जेल नहीं गये। सम्प्रति राजा रतनसेन सिंह चेरिटेबुल एण्डाउमेंट ट्रस्ट, रतनसेन इण्टर कालेज, रतनसेन डिग्री कालेज, बांसी के दिनांक 24 जून, 1979 से तथा राजा रतनसेन सिंह शिक्षा परिषद्, बांसी के 1989 से प्रबन्धक हैं।

कृषि कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा जनसेवा एवं बागवानी प्रिय हैं।

मुख्यावास–राजमहल बांसी, जिला–सिद्धार्थनगर।

कुल मतदाता–2,25,956, कुल मतदान–1,27,959,

प्राप्त मत–1–श्री जय प्रताप सिंह–43,961,

2–श्री लाल जी–41,508 (समाजवादी पार्टी)।



**जयबीर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–325, घिरोर,
जिला–मैनपुरी ।
दल–*बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–ठाकुर वेदपाल सिंह । जन्म तिथि–2 अक्टूबर, 1958 । जन्म स्थान–ग्रा०-करहरा, (फिरोजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–ठाकुर । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–11 दिसम्बर, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती रीता सिंह (ब्लाक प्रमुख) । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1988 से 1996 तक आप करहरा के ग्राम–प्रधान रहे तथा 7 जुलाई, 1999 से जिला सहकारी बैंक लि०, फिरोजाबाद के अध्यक्ष रहे हैं । आप उ०प्र० विधान सभा की आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा एवं निर्धन पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि हैं तथा शाकाहारी भोजन और प्राकृतिक सौन्दर्य प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–करहरा जिला–फिरोजाबाद ।

कुल मतदाता–2,03,359, कुल मतदान–1,12,642,

प्राप्त मत–1–श्री जयवीर सिंह 38,426,

2–श्रीमती उर्मिला देवी–37,972 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## जयवीर सिंह, ठाकुर

निर्वाचन क्षेत्र–360, बरौली,
जिला–अलीगढ़ ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री प्रताप सिंह । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1964 । जन्म स्थान–अलीगढ़। धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, बी० एड०, एल-एल०बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती राजकुमारी । सन्तान–चार पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ! कई आन्दोलनों में आपने भाग लिया परन्तु जेल नहीं गये । दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में वन मंत्री रहे हैं ।


समाजसेवा, बागवानी एवं खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन तथा महापुरुषों की जीवनी का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–छेरत, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,23,340, कुल मतदान–1,26,295,

प्राप्त मत–1–ठाकुर जयवीर सिंह–52,231,

2–श्री दलवीर सिंह–41,737 (राष्ट्रीय लोकदल) ।



## जितेन्द्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू भैया, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–168, पिपराइच,
जिला–गोरखपुर ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री बद्री प्रसाद जायसवाल । जन्म तिथि–30 जून, 1965 । जन्म स्थान–गोरखपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (गोरखपुर विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–9 फरवरी, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता जायसवाल । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1993 में, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भी निर्दलीय, विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विगत 18 वर्षों से आप निःशुल्क नेत्र–शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से 8 मार्च, 2002 तक आप श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डल में संस्कृति, खेलकूद, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।

जनसेवा एवं निर्धनों की मदद करने में आपकी विशेष रुचि है तथा जनता के सुख-दुख में भाग लेना प्रिय है ।

मुख्यावास–दिलेजाकपुर, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,35,536, कुल मतदान–1,32,936,

प्राप्त मत–1–श्री जितेन्द्र प्रसाद जायसवाल उर्फ पप्पू भैया– 53,729,

2–श्री दीपक कुमार अग्रवाल–31,494 (अखिल भारतीय हिन्दू महासभा) ।



## जियाउद्दीन रिज़वी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–208, सिकन्दरपुर,
जिला–बलिया ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० मु० ऐनुद्दीन । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1959 । जन्म स्थान–ग्रा०–सिवान कलां (बलिया) । धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री । विवाह तिथि–23 मई, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती जाहिदा बेगम । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी द्वारा चलाये गये आन्दोलनों में आप जिला कारागार, बलिया में बन्दी रहे ।

मांसाहारी भोजन एवं संगीत आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सिवान कलां वाया सिकन्दरपुर, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,57,918, कुल मतदान–1,30,990,

प्राप्त मत–1–श्री जियाउद्दीन रिज़वी–36,907,

2–श्री राजधारी–29,544 (समता पार्टी) ।



## ज्ञानेन्द्र सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–177, श्यामदेउरवा,
जिला–महराजगंज ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० चन्द्रिका सिंह । जन्म तिथि–2 दिसम्बर, 1954 । जन्म स्थान–ग्राम–रामपुर चौबे । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट (परतावल) । विवाह तिथि–2 मई 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती इन्दूमती सिंह । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में जिला कारागार, गोरखपुर में आप 8 दिन बन्दी रहे । विधान सभा की लोक लेखा समिति (1991-1992), प्राक्कलन समिति (1996), सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (1991) तथा याचिका समिति (1996) के आप सदस्य रहे हैं । आप 1972 से 1980 तक नवयुवक मंगलदल के अध्यक्ष, वर्ष 1988-89 में साधन सहकारी समिति के डायरेक्टर एवं अध्यक्ष, वर्ष 1988 में ग्राम पंचायत के प्रधान तथा वर्ष 2000 में सरदार बल्लभभाई पटेल संस्था के प्रबन्धक रहे । सम्प्रति दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से लोकलेखा समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । देशाटन के प्रयोजन से आपने नेपाल की यात्रा की है ।

जनसेवा एवं व्यापार में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–परतावल बाजार, जिला–महराजगंज ।

कुल मतदाता–2,35,794, कुल मतदान–1,41,978,

प्राप्त मत–1–श्री ज्ञानेन्द्र सिंह–42,175,

2–श्री मेंहदी हसन–40,456 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## तेजपाल सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–348, छाता,

जिला–मथुरा ।

दल–राष्ट्रीय लोक दल ।

पिता–स्व० लोहरे सिंह । जन्म तिथि–5 सितम्बर, 1949 । जन्म स्थान– विलौडा (मथुरा) । धर्म–हिन्दू । जाति–ठाकुर (सिसौदिया) । शिक्षा–एम० ए० (अर्थशास्त्र व राजनीति शास्त्र, इलाहाबाद व आगरा वि०वि०) । विवाह तिथि–12 दिसम्बर, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा सिंह । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ट्रांसपोर्टेशन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1994-95) के सदस्य और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 28 मई, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में लोक निर्माण राज्य मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से पुनः श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–विलौडा, पो०–नौगावां, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–2,20,052, कुल मतदान–1,30,616,

प्राप्त मत–1–श्री तेजपाल सिंह–41,698,

2–चौ० लक्ष्मी नारायण–35,321 (अखिल भारतीय लोक तान्त्रिक कांग्रेस) ।



## दद्दू प्रसाद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–299, मानिकपुर (अ०जा०),
जिला–चित्रकूट ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री बुद्धू प्रसाद । जन्म तिथि–5 अक्टूबर, 1967 । जन्म स्थान–ग्रा०–गोयरा मुगली, (बांदा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक, सिविल इंजीनियरिंग डिप्लोमा (लखनऊ) । विवाह तिथि–10 जून, 1995 । पत्नी का नाम–श्रीमती हीरा प्रसाद । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवर.ाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 11 जून, 1997 से 5 नवम्बर, 1997 तक आप तराई अनुसूचित जनजाति विकास निगम उ० प्र० लखनऊ के अध्यक्ष रहे । आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के जनवरी, 2000 से मार्च, 2001 तक और सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति के जुलाई, 1997 से अक्टूबर, 1999 तक सदस्य रहे हैं । वर्ष 1982 से 1984 तक आप डी० एस० फोर और 1984 से 1991 तक बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता, वर्ष 1991 से 1994 तक बुन्देलखण्ड में आरक्षण आन्दोलन तथा "भाई-चारा बनाओ" आन्दोलन के मण्डलीय अध्यक्ष भी रहे । सामाजिक परिवर्तन आन्दोलन के तहत आपने साइकिल यात्रायें की है । आप वाल्मीकि विद्यालय रैपुरा, चित्रकूट के संरक्षक तथा डा० भीमराव अम्बेडकर विद्यालय कबरा, जिला–चित्रकूट और आदर्श विद्यालय नरगढ़, चित्रकूट के सहयोगी हैं । सम्प्रति आप विधान सभा में अधिष्ठाता-मण्डल (2003-2004) के सदस्य, उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित

जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सभापति तथा आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं।

बागवानी, सामाजिक एवं राजनैतिक परिवर्तन सम्बन्धी कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा ऐतिहासिक और सामाजिक परिवर्तन विषयक पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–कालूपुर पाही, पो०–कर्बी, जिला–चित्रकूट।

कुल मतदाता–2,19,559, कुल मतदान–1,04,324,

प्राप्त मत–1–श्री दद्दू प्रसाद–49,730,

2–श्री लखन लाल–26,505 (भारतीय जनता पार्टी)।



**दयाराम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–262, चायल (अ०जा०),
जिला–कौशाम्बी ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० गंगा प्रसाद । जन्म तिथि–5 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–कौशाम्बी । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक, कार्मिक प्रबन्धन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री । विवाह–जून, 1972 में । पत्नी का नाम–स्व० ज्ञानी देवी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–इंजीनियरिंग कार्य ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनीति प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–चमन्धा चकचमरूपुर, पो०–भखारी, जिला–कैशाम्बी ।

कुल मतदाता–2,68,433, कुल मतदान–1,12,674,

प्राप्त मत–1–श्री दयाराम–33,799,

2–श्री राधेश्याम भारतीय–20,783 (समाजवादी पार्टी) ।



## दयाशंकर वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–316, कोंच (अ०जा०),
जिला–जालौन ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० लालाराम ठेकेदार । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1951 । जन्म स्थान–कोंच (जालौन) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–सन् 1970 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन वर्मा । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार निर्दलीय तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।


समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–गोखले नगर, कोंच, जिला–जालौन ।

कुल मतदाता–2,05,390, कुल मतदान–1,14,552,

प्राप्त मत–1–श्री दयाशंकर वर्मा–40,882,

2–सुश्री सुशीला चौधरी–29,138 (समाजवादी पार्टी) ।



## दिनेश सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–156, शोहरतगढ़,
जिला–सिद्धार्थनगर ।
दल–* भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० गौकरन सिंह । जन्म तिथि–6 मई, 1951 । जन्म स्थान–ग्राम–करौती (सिद्धार्थनगर) । धर्म–हिन्दू (राजपूत) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–5 जुलाई, 1971 । पत्नी का नाम–श्रीमती लाल मुन्नी सिंह । सन्तान–तीन पुत्र, सात पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप इन्दिरा गांधी जी को जेल भेजने के विरोध आन्दोलन में 25 दिन जिला–कारागार, बस्ती में तथा केशव देव मालवीय के नेतृत्व में सन् 1974 के आन्दोलन में तथा इटवा किसान आन्दोलन में जिला कारागार, आजमगढ़ में एक माह तक बन्दी रहे । वर्ष 1986–1993 तक आप नौगढ़ के ब्लाक–प्रमुख, जोनल रेलवे की गोरखपुर जोन के जेड० आर० यू०सी०सी० सदस्य तथा आप जिला कांग्रेस कमेटी, सिद्धार्थ नगर के अध्यक्ष रहे हैं । आप दिनांक 6 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती के मंत्रिमण्डल में खेलकूद राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

---

* दिनांक 28 फरवरी, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।

दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

समाज सेवा एवं शोषितों के हितों के लिए संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनीति एवं खादी वस्त्र धारण करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–करौती, पो०–घुसुरी बुजुर्ग, जिला–सिद्धार्थनगर ।

कुल मतदाता–2,29,390, कुल मतदान–1,34,358,

प्राप्त मत–1–श्री दिनेश सिंह–35,738,

2–श्री रवीन्द्र प्रताप चौधरी–30,152 (समाजवादी पार्टी) ।



**दीनानाथ कुशवाहा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–187, देवरिया ,

जिला–देवरिया ।

दल*–नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी ।

पिता–श्री नगेसर कुशवाहा । जन्म तिथि–4 अप्रैल, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–लाहिलपार उर्फ रतनपुरा । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी०एस-सी०, बी०एड० । विवाह तिथि–22 मई, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमलावती देवी । सन्तान–एक पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1980 में धारा 151 के अन्तर्गत आप जिला कारागार, देवरिया में सात दिन बन्दी रहे । उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पिछड़ा वर्ग के आप अध्यक्ष हैं । सम्प्रति उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002–2003) के सदस्य भी हैं ।

पुस्तकों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–लाहिलपार उर्फ रतनपुरा, पो०–लाहिलपार, जिला–देवरिया ।


कुल मतदाता–2,80,791, कुल मतदान–1,39,558,

प्राप्त मत–1–श्री दीनानाथ कुशवाहा–35,159,

2–श्री राम नगीना यादव 33,255 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 30 अक्टूबर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



**दीनानाथ भाष्कर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–233, भदोही (अ०जा०),
जिला–संत रविदासनगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मोलू पहलवान । जन्म तिथि–10 मार्च, 1963 । जन्म स्थान–ग्रा०–खेतरपाला (चन्दौली) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० ए० (समाज शास्त्र, प्राचीन इतिहास), एल-एल० बी०, आई० टी० आई० । विवाह तिथि–6 मई,1993 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज भाष्कर । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–समाज सेवा ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी से तथा फरवरी, 2002 में सम्पन्न हुए सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । सामाजिक एवं राजनीतिक आन्दोलनों में आप धारा 144 के अन्तर्गत 1992 में तेरह दिन, 1995 में पांच दिन जिला जेल, गाजीपुर और सेण्ट्रल जेल, शिवपुर (वाराणसी) में बन्दी रहे । दिनांक 5 दिसम्बर, 1993 से 2 जून, 1995 तक श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में आप स्वास्थ्य चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में पुनः राज्य मंत्री हैं । अगस्त, 1986 से दिसम्बर, 1995 तक बहुजन समाज पार्टी, वाराणसी के जिला–अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी उ० प्र० के वर्ष 1996 से 2000 तक महामंत्री रहे हैं । सम्प्रति आप वर्ष 1994 से डॉ० भीमराव जी अम्बेडकर संस्थान, खेतरपाला, रामगढ़, चन्दौली के प्रबन्धक, वर्ष 1999 से समाजवादी पार्टी उ०प्र० के संसदीय बोर्ड के सदस्य, दिनांक 12 जुलाई, 1999 से समाजवादी पार्टी उ०प्र० की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, वर्ष 2001 से अब

तक. शीबा कला केन्द्र, वाराणसी के अध्यक्ष हैं । आप उ०प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002–2003 ) के सदस्य भी रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन और भोजपुरी गीत प्रिय हैं ।

मुख्यावास–शि०19/99 ए, भीम नगर, सेण्ट्रल जेल रोड, कैण्ट, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,91,524, कुल मतदान–1,46,278,

प्राप्त मत–1–श्री दीनानाथ भाष्कर–52,427,

2– श्री उमा शंकर–34,609 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## दुर्गा प्रसाद मिश्र, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–190, बरहज,
जिला–देवरिया ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–स्व० कमला प्रसाद मिश्र । जन्म तिथि–22 जुलाई, 1942 । जन्म स्थान–ग्रा०–बकुची । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–5 जून,1958 । पत्नी का नाम–श्रीमती मंजनू देवी मिश्रा । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई,1980 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार सलेमपुर क्षेत्र से, मई–जून 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार निर्दल विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1975 में जे०पी० आन्दोलन में जिला कारगार, देवरिया में आप बन्दी रहे । वर्ष 1980–85 एवं 1991–92 में आप विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य एवं 1999 से अगस्त, 2002 तक पी०सी०डी०एफ० के अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) रहे हैं । श्रुतिकीर्ति स्मृति संस्थान, बरहज, देवरिया के लगभग एक वर्ष सात माह तक अध्यक्ष रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (वर्ष 2002–03) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । पर्यटन के प्रयोजन से आपने थाईलैंड एवं सिंगापुर की यात्रा की हैं ।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है एवं व्यायाम प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो० बकुची, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,43,919, कुल मतदान–1,24,513,

प्राप्त मत–1–श्री दुर्गा प्रसाद मिश्र–30,845,

2–श्री राम प्रसाद जायसवाल– 27,601 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## दुर्गा प्रसाद यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–195, आजमगढ़,
जिला–आजमगढ़ ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राम ध्यान यादव । जन्म तिथि–12 जनवरी, 1954 । जन्म स्थान–ग्रा०–आहो पट्टी (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, एल–एल०बी० (शिब्ली डिग्री कालेज, आजमगढ़) । विवाह तिथि–13 फरवरी, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुमन यादव। सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप निर्दलीय, तत्पश्चात् 1989 में दूसरी बार, मई–जून, 1991 में तीसरी बार जनता दल से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित जेल भरो आन्दोलन के अन्तर्गत जिला–कारागार, आजमगढ़ में बन्दी रहे । आप विगत वर्षों में उ०प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति तथा नियम समिति आदि के सदस्य रहे हैं तथा अभी भी सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002–2003) के सदस्य हैं । आप सामाजिक न्याय संस्था के महासचिव, विकास खण्ड, पल्हनी के ब्लाक प्रमुख (दो वर्ष) तथा विद्यालय संगठन के संरक्षक रहे । सम्प्रति किसान मजदूर इण्टर कालेज, ओरा के वर्ष 1994 से सदस्य तथा आदर्श ग्रामीण उच्चतर मा० विद्यालय हमीरपुर सईदबारा, आजमगढ़ के 1995 से प्रबन्धक हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।

समाज सेवा, सामाजिक उत्थान, राजनीति एवं खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा दूरदर्शन पर लोकप्रिय कार्यक्रम देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–आहो पट्टी, पो०–पठखौली, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,41,094, कुल मतदान–1,27,584,

प्राप्त मत–1–श्री दुर्गा प्रसाद यादव–55,586,

2–श्री आर०पी० राय–37,420 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## देवकी नन्दन, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–353, सासनी (अ०जा०),

जिला–हाथरस ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० डा० नरोत्तमदास सिन्धी । जन्म तिथि–8 जुलाई, 1959 । जन्म स्थान–अलीगढ़ । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा– बी०ए० । विवाह तिथि–8 फरवरी, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती चैतन्य कुमारी (चनवती माहौर) । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन तथा वर्ष 1979 में पार्टी के आन्दोलन में आपने भाग लिया । वर्ष 1978-79 में श्री महेश्वर इण्टर कालेज के प्रेसीडेन्ट भी रहे । आप बुनकर प्रकोष्ठ, जिला अलीगढ़ के वर्ष 1996 से अध्यक्ष, शान्ति गृह निर्माण ग्रामीण आवास समिति, अलीगढ़ के सचिव, वर्ष 2001 से उत्तर प्रदेश कोरी समाज के प्रमुख महा सचिव तथा वर्ष 1998 से श्री अंजनी कुमार उ०मा० विद्यालय, सासनी गेट, अलीगढ़ के प्रबन्धक तथा उ० प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

राजनीति तथा जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलों में क्रिकेट, हाकी, बैडमिंटन तथा फुटबाल प्रिय है ।

मुख्यावास–कटारी वाली गली (गनेश कूंचा), जयगंज, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,26,735, कुल मतदान–1,12,229,

प्राप्त मत– 1–श्री देवकी नन्दन–36,438,

2–श्री शिव कुमार–28,148 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## देव नारायन उर्फ जी० एम० सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–171, सहजनवा,

जिला–गोरखपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री गोपाल सिंह । जन्म तिथि–6 जुलाई, 1972 । जन्म स्थान–ग्रा०–गाहासाड़ (गोरखपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति– पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक । विवाह तिथि–1 जून, 1993 । पत्नी का नाम–श्रीमती संजू सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–गाहासाड़, सहजनवा, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,41,777, कुल मतदान–1,33,432,

प्राप्त मत– 1–श्री देव नारायन उर्फ जी० एम० सिंह–52,102,

2–श्री यशपाल सिंह रावत–38,232 (समाजवादी पार्टी) ।



## देवेन्द्र नागपाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–10, हसनपुर,
जिला–ज्योतिबाफूलेनगर (अमरोहा) ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–स्व० रामदास नागपाल । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1971 । जन्म स्थान–मुरादाबाद । धर्म–हिन्दू । जाति–पंजाबी । शिक्षा– बी०ए० । पत्नी का नाम–श्रीमती अंशू नागपाल । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना), व्यापार (दुकान आदि) तथा होटल व्यवसाय ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । निष्काम सेवादल, जे० पी० नगर के आप वर्ष 1990 से 2001 तक अध्यक्ष रहे हैं ।


निर्धनों की सहायता करना एवं उनके कल्याण के लिये कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट एवं बैडमिण्टन प्रिय है ।

मुख्यावास–13, माल गोदाम रोड, गजरौला, जिला–ज्योतिबाफूलेनगर ।

कुल मतदाता–2,53,014, कुल मतदान–1,63,016,

प्राप्त मत– 1–श्री देवेन्द्र नागपाल–68,680,

2–श्री विजय पाल–39,107 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## देवेन्द्र प्रताप, श्री

निर्वाचन क्षेत्र--330, सोरो,
जिला--एटा ।
दल--राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी ।

पिता--श्री दयाशंकर । जन्म तिथि--19 सितम्बर, 1967 । जन्म स्थान--हाजीपुर, (एटा) । धर्म--हिन्दू । जाति--पिछड़ी जाति । शिक्षा-- स्नातक । विवाह तिथि--5 मई, 1990 । पत्नी का नाम--श्रीमती बीना । सन्तान--एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय--कृषि ।

मई, 2000 में सम्पन्न हुए उप चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी से ही उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य है ।

समाज सेवा, नये मित्र बनाने एवं सुरुचिपूर्ण संभाषण और साहित्य का अध्ययन करने तथा कृषि--कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास--ग्रा०--हाजीपुर, पो०--नगला भीमसेन, जिला--एटा ।

कुल मतदाता--1,85,822, कुल मतदान--1,05,856,

प्राप्त मत-- 1--श्री देवेन्द्र प्रताप--32,907,

2--श्री रवि शर्मा--20,693 (बहुजन समाज पार्टी) ।

## देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–95, सरेनी,
जिला–रायबरेली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।


फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–खजूरगांव, तह०–लालगंज, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,25,416, कुल मतदान–1,27,510,

प्राप्त मत– 1–श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह–32,837,

2–श्री अशोक कुमार सिंह–26,593 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## द्वारिका प्रसाद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–161, खलीलाबाद (अ०जा०),
जिला–सन्त कबीर नगर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० हुबराज । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1950। जन्म स्थान–ग्रा०–धमैचा (सन्त कबीर नगर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– इलेक्ट्रिकल वायरमैन ट्रेनिंग (गोरखपुर), डाक रूम असिस्टेन्ट एवं कम्पाउन्डर (बस्ती) । विवाह–सन् 1975 में । पत्नी का नाम–श्रीमती दुर्गा देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार कांग्रेस (आई०) से तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1977 में सेंट्रल जेल, लखनऊ में आप बन्दी रहे । आप युवक कांग्रेस (आई०) बस्ती के 1978 से 1983 तक संयुक्त मंत्री और अम्बेडकर मार्केट खलीलाबाद, सन्त कबीर नगर के 1983 से अध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003 ) के सदस्य हैं ।

चिकित्सा तथा जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–धमैचा, पो०–मीरगंज, जि०–सन्त कबीर नगर ।

कुल मतदाता–2,52,538, कुल मतदान–1,25,822,

प्राप्त मत– 1–श्री द्वारिका प्रसाद–39,840,

2–श्री राम लखन–35,547 (समाजवादी पार्टी) ।



## धनंजय सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–239, रारी,
जिला–जौनपुर ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री राजदेव सिंह । जन्म तिथि–16 जुलाई, 1975 । जन्म स्थान–ग्रा०–बनसफा (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य जाति । शिक्षा– बी०ए० । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1996 से 1999 तक आप युवा संसद, उत्तर प्रदेश के संयोजक रहे । आप वर्ष 1998 से रानी जानकी शिक्षण संस्थान शेरवां, जौनपुर के संरक्षक, 2000 से लोक नायक जय प्रकाश नारायण फाउन्डेशन के सदस्य एवं 2001 से जनसंवाद अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक हैं ।

समाज सेवा, खेलकूद, राष्ट्र निर्माण की दिशा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–बनसफा, पो०–सिकरारा, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,60,960, कुल मतदान–1,40,593,

प्राप्त मत– 1–श्री धनंजय सिंह–46,300,

2–श्री श्रीराम यादव–33,311 (समाजवादी पार्टी) ।



**धर्मपाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–375, हापुड़ (अ०जा०),
जिला–गाजियाबाद ।
*दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० राम किशन । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1957 । जन्म स्थान–हापुड़ । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री । पत्नी का नाम–श्रीमती सुषमा सिंह । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ०प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–68, मुजफ्फरपुरा, मीनाक्षी रोड, हापुड़, जिला–गाजियाबाद ।


कुल मतदाता–2,57,200, कुल मतदान–1,17,905,

प्राप्त मत– 1–श्री धर्मपाल–37,582,

2–श्री राम स्वरूप भारती–29,478 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 8 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## धर्मपाल सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–32, आंवला,

जिला–बरेली ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री मिश्री सिंह । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1953 । जन्म स्थान–गुलड़िया गौरीशंकर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (लोधी) । शिक्षा– एम०ए०, एल–एल०बी०, बी०एड० । विवाह–सन् 1970 में । पत्नी का नाम–श्रीमती वन्दना देवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1992 में आप कार-सेवा आन्दोलन में कुल 22 दिन जिला जेल, बरेली में बन्दी रहे । वर्ष 1976 से 1981 तक भा०ज०पा० के मण्डल अध्यक्ष एवं तहसील युवा मोर्चा के महामंत्री, वर्ष 1981 से 1983 तक रा० स्वयं सेवक संघ के तहसील कार्यवाह, वर्ष 1981 से 1995 तक गौरी शंकर उ० मा० विद्यालय, गुलड़िया उपराला के प्रधानाचार्य, वर्ष 1988 से 1995 तक विकास क्षेत्र मझगवां, तहसील–आंवला, जनपद–बरेली के ब्लाक प्रमुख तथा वर्ष 1995 से 1996 तक कृषि उत्पादन मंडी समिति, आंवला, बरेली के सभापति रहे हैं । दिनांक 27 मार्च, 1997 से 20 सितम्बर, 1997 तक सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में लोक-निर्माण एवं पर्यटन राज्य मंत्री, दिनांक 21 सितम्बर, 1997 से मार्च, 2002 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह के मंत्रिमंडल में पंचायती–राज विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा श्रम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के दिनांक 10 अक्टूबर, 2002 तक सदस्य भी रहे । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में पुनः श्रम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

समाज सेवा, राजनीति एवं पठन–पाठन में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद, चलचित्र देखना और शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–गुलड़िया गौरीशंकर, पो०–बड़ा गांव, तह०–आंवला, जिला बरेली ।

कुल मतदाता–2,08,358, कुल मतदान–1,30,766,

प्राप्त मत– 1–श्री धर्मपाल सिंह–43,345,

2–श्री श्याम बिहारी सिंह–43,082 (समाजवादी पार्टी) ।



## धर्मराज निषाद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–113, कटेहरी,
जिला–अम्बेडकर नगर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम निहोर । जन्म तिथि–10 जनवरी, 1962 । जन्म स्थान–दिलावलपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक, एल–एल० बी० (का० सु० साकेत महाविद्यालय, फैजाबाद) । विवाह तिथि–22 फरवरी, 1990 । पत्नी का नाम–श्रीमती गुलाबा देवी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–वकालत ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (1997-98), प्राक्कलन समिति (1998-99 व 1999-2000 ) तथा संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (2000-2001) के आप सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1984 से 1987 तक बहुजन समाज पार्टी ब्लाक भीटी, फैजाबाद के अध्यक्ष, वर्ष 1985 से 1990 तक निषाद उत्थान समिति, फैजाबाद के जिला संरक्षक, 1988 से 1994 तक बहुजन समाज पार्टी, फैजाबाद के जिला महासचिव, 1995 से 1996 तक बहुजन समाज पार्टी, अम्बेडकर नगर के जिला महासचिव, वर्ष 1998 में फैजाबाद बहुजन समाज पार्टी, फैजाबाद मण्डल के महामंत्री रहे हैं । सम्प्रति आप वर्ष 2002 से बहुजन समाज पार्टी उ० प्र० के प्रान्तीय महासचिव तथा उ० प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा बालीबाल, कबड्डी और क्रिकेट का खेल प्रिय है।

मुख्यावास--ग्रा०–दिलावल, पो०–भीटी, जिला-- अम्बेडकर नगर।

कुल मतदाता--2,56,361, कुल मतदान–1,38,458,

प्राप्त मत– 1--श्री धर्मराज निषाद--53,213,

2–श्री जय शंकर पाण्डेय–49,092 (समाजवादी पार्टी)।



## धर्म सिंह सैनी, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–398, सरसावां,
जिला–सहारनपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–डा० लाल सिंह सैनी । जन्म तिथि–4 अप्रैल, 1961 । जन्म स्थान–ग्रा०–सोना (सहारनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (सैनी) । शिक्षा–बी०ए०, एम०एस० । विवाह तिथि–26 जनवरी, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती साधना सैनी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

चिकित्सा में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–सोना, पो०–हरौड़ा, जिला–सहारनपुर ।

कुल मतदाता–2,37,020, कुल मतदान–1,61,264,

प्राप्त मत– 1–डा० धर्म सिंह सैनी–53,262,

2–श्री राघव–43,708 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## धर्मेन्द कुमार कश्यप, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–33, सन्हा,

जिला–बरेली ।

दल*–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री महेन्द्र पाल कश्यप । जन्म तिथि–1 जून, 1968 । जन्म स्थान–ग्रा०–कांधरपुर (बरेली) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कश्यप) । शिक्षा– इण्टरमीडिएट । विवाह– सन् 1986 में। पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज कश्यप । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–कांधरपुर, पो०–उमरसिया, जिला–बरेली ।

कुल मतदाता–2,00,922, कुल मतदान–1,21,568,

प्राप्त मत– 1–श्री धर्मेन्द कुमार–31,502,

2–श्री वीरपाल सिंह यादव–28,733 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

## धूराम लोधी, चौधरी

निर्वाचन क्षेत्र--307, राठ,
जिला--हमीरपुर ।
दल--बहुजन समाज पार्टी ।

पिता--श्री शम्भू दयाल । जन्म तिथि--दिसम्बर, 1948 में । जन्म स्थान--ग्रा०--खेड़ा सिलाजीत । धर्म--हिन्दू । जाति--पिछड़ी जाति (लोधी) । शिक्षा-- हाईस्कूल । सन्तान--तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय--कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 13 दिसम्बर, 1992 को बाबरी मस्जिद आन्दोलन में आप गिरफ्तार हुए तथा एक दिन हमीरपुर कारागार में और 22 दिन उप कारागार, महोबा में बन्दी रहे । सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में आप दिनांक 26 जून, 1995 से 18 अक्टूबर, 1995 तक पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा, जनसमस्याओं का निदान, राजनैतिक और सामाजिक पुस्तकों का अध्ययन करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास--ग्रा०--विहगांव, पो०--जखेंड़ी, जिला--हमीरपुर ।

कुल मतदाता--2,24,356, कुल मतदान--1,17,789,

प्राप्त मत-- 1--श्री धू राम--39,331,

2--श्री फूल सिंह--27,506 (राष्ट्रीय क्रांति पार्टी) ।



## नत्थू सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–80, भगवंतनगर,
जिला–उन्नाव ।
दल*–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० राम गोपाल सिंह । जन्म तिथि–15 सितम्बर, 1954 । जन्म स्थान–सरांय मनिहार (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– हाईस्कूल । विवाह तिथि– 23 जून, 1971 । पत्नी का नाम–श्रीमती विनोद कुमारी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–सरांय मनिहार, पो०–सुमेरपुर, जिला–उन्नाव ।

कुल मतदाता–2,48,192, कुल मतदान–1,28,828,

प्राप्त मत– 1–श्री नत्थू सिंह–54,104,

2–श्री कृपा शंकर सिंह–30,627 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 सेसमाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## नरेन्द्र कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–362, जेवर (अ०जा०),
जिला–गौतमबुद्ध नगर।
दल–बहुजन समाज पार्टी।

पिता–स्व० राम प्रसाद। जन्म तिथि–8 जुलाई, 1973। जन्म स्थान–ग्रा०–मंगरौली (गौतमबुद्ध नगर)। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति (जाटव)। शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री। व्यवसाय–कृषि।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्रा०–मंगरौली, पो०–खास, जि०–गौतमबुद्ध नगर।

कुल मतदाता–2,11,493, कुल मतदान–1,11,486,

प्राप्त मत– 1–श्री नरेन्द्र कुमार–29,106,

2–श्री वंशी सिंह–28,805 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



## नरेन्द्र कुमार सिंह गौर, डॉ०

निर्वाचन क्षेत्र–259, इलाहाबाद उत्तरी,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० अर्जुन सिंह । जन्म तिथि–30 मई, 1943 । जन्म स्थान–ग्रा० एवं पो०–तुर्तीपुर (हरदोई) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातकोत्तर, डी० फिल० (इलाहाबाद वि० वि०) । विवाह तिथि–20 जून, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती अरविन्द सिंह । सन्तान–एक पुत्र तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन (अवकाश प्राप्त प्रोफेसर) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, दूसरी बार नवम्बर, 1993 में, तीसरी बार सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप चौथी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप दिनांक 19 जुलाई, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में उच्च शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, दिनांक 27 मार्च, 1997 से 20 सितम्बर, 1997 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में, 21 सितम्बर, 1997 से पुनः श्री कल्याण सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल तक उच्च शिक्षा एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डल में मार्च, 2002 तक गन्ना विकास एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री रहे हैं । वर्ष 1993-95 तक आप उ० प्र० विधान सभा की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य रहे और दिनांक 21 मार्च, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य एवं सभापति हैं । वर्ष 1991 के पूर्व आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, इलाहाबाद के विभाग कार्यवाह, सरस्वती शिशु एवं विद्या मन्दिर इलाहाबाद के प्रबन्धक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री,

महामंत्री तीन वर्ष तथा उ० प्र० आवासीय विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के मंत्री, महामंत्री और अध्यक्ष विगत कई वर्षों तक रहे हैं । आपने वर्ष 1975-77 में उच्च शोध-कार्य के उद्देश्य से डेनमार्क, इटली, इंग्लैण्ड, मई, 1998 में तकनीकी शिक्षा अध्ययन के प्रयोजन से इंग्लैण्ड तथा अगस्त, 2001 में गन्ना शोध विकास के उद्देश्य से आस्ट्रेलिया आदि देशों की यात्रायें की हैं ।

अध्ययन एवं सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–15/3 (स्टैनली रोड) ताशकन्द मार्ग, सिविल लाइन, इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–3,90,783, कुल मतदान–99,581,

प्राप्त मत– 1–श्री नरेन्द्र कुमार सिंह गौर–30,187,

2–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–25,976 (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) ।

## नरेन्द्र सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–298, मोहम्मदाबाद,

जिला–फर्रुखाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राजेन्द्र सिंह यादव । जन्म स्थान–राजेन्द्र नगर (फर्रुखाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम०ए०, एल-एल०बी० (लखनऊ) । विवाह–सन् 1975 में। पत्नी का नाम–श्रीमती श्रीमती । सन्तान–एक पुत्र दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, मई-जून, 1991 में दूसरी बार कांग्रेस से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही आप विधान सभा के लिए चुने गये हैं । इन्दिरा जी की गिरफ्तारी के विरोध स्वरूप आन्दोलन में 1978 में 9 दिन के लिए केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में बन्दी रहे । आप श्री पी० एस० इण्टर कालेज, राजेन्द्र नगर की प्रबन्ध समिति के सदस्य, जनता इण्टर कालेज, नवाबगंज के उप प्रबन्धक, पी० एस० जूनियर हाई स्कूल के प्रबन्धक, जिला सहकारी संघ लिमिटेड, फर्रुखाबाद के निर्वाचित अध्यक्ष, केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार लि०, फर्रुखाबाद के प्रशासक और विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1997-98) के सदस्य रहे हैं ।

समाज सेवा एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–पखना (भूडनगरिया) फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,44,625, कुल मतदान–1,35,400,

प्राप्त मत– 1–श्री नरेन्द्र सिंह यादव–49,234,

2–श्री सुरेश चन्द्र सिंह–32,303 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## नरेन्द्र सिंह वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–60, महमूदाबाद,
जिला–सीतापुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम अकबाल । जन्म तिथि–10 जून, 1966 । जन्म स्थान–ग्रा०–पोखरा कलां (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–स्नातक, एल०-एल०बी० (कानपुर व लखनऊ वि० वि०) । विवाह तिथि–10 जून, 1982 । पत्नी का नाम–श्रीमती शशि वर्मा । सन्तान– एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि उद्योग (कारखाना आदि) एवं वकालत ।

सर्वप्रथम 1991, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न जन-आन्दोलनों में वर्ष 1987 में 3 दिन एवं 1990 में 18 दिन धारा 151 के अन्तर्गत जिला कारागार, लखीमपुर तथा सीतापुर में बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति तथा वर्ष 1994-95 में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के सदस्य रहे । सम्प्रति आप वर्ष 1990 से शिशु मन्दिर, महमूदाबाद, विद्या मन्दिर, महमूदाबाद, 1991 से शिशु मन्दिर, रामपुर मण्डप, 1993 से शिशु मन्दिर, पैतेपुर, 1994 से शिशु मन्दिर, खेमरी, 1997 से मायाराम रामपति शिक्षण संस्थान, पोखरा कलां तथा 4 अन्य इण्टर कालेजों की प्रबन्ध समिति के सदस्य हैं ।

कृषि में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन, समाचार सुनना और क्रिकेट खेलना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–पोखरा कलां, महमूदाबाद, सीतापुर।

कुल मतदाता–2,38,812, कुल मतदान–1,52,167,

प्राप्त मत– 1–श्री नरेन्द्र सिंह–49,191,

2–श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा–35,057 (समाजवादी पार्टी)।



## नरेन्द्र सिंह सिसौदिया, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–374, मोदी नगर,
जिला–गाजियाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रघुवंश नारायण सिंह । जन्म तिथि–4 जून, 1949 । जन्म स्थान–ग्रा०–डहाना (हापुड़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातकोत्तर, एल-एल०बी०, बी०एड० । विवाह तिथि–30 अप्रैल, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती शशि बाला । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 में पहली बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन एवं राष्ट्रीय चेतना रैली के दौरान आप गोचर इण्टर कालेज (रामपुर मनिहारान) सहारनपुर अस्थायी जेल में बीस दिन और जिला कारागार, बुलन्दशहर में 15 दिन बन्दी रहे । दिनांक 13 जून, 1997 से आप उ० प्र० विधान सभा की नियम समिति (1997-98), दिनांक 27 नवम्बर, 1999 से संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (1999-2000) एवं दिनांक 6 दिसम्बर, 2001 से सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2001-2002) के सदस्य रहे हैं और पुनः दिनांक 5 अगस्त, 2002 से उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1991-92 में आप बजरंग दल के संयोजक, 1992-93 में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पश्चिमी उ० प्र० के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रहे

तथा वर्ष 1995 से जनता कन्या पाठशाला, सिरोधन हज्जूपुर, डहाना के प्रबन्धक, वर्ष 1996 से महाराणा प्रताप सेवा समिति, गाजियाबाद के आजीवन सदस्य तथा वर्ष 1998 से कवि नगर राम लीला कमेटी, गाजियाबाद के आजीवन संरक्षक हैं।

कृषि एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा देश भक्ति के गीत व कहानियां एवं अध्ययन प्रिय है।

मुख्यावास–आर०डी०सी०–73, राज नगर, गाजियाबाद।

कुल मतदाता–2,95,915, कुल मतदान–1,41,040,

प्राप्त मत– 1–श्री नरेन्द्र सिंह सिसौदिया–39,103,

2–श्री धर्मेश सिंह तोमर–33,668 (समाजवादी पार्टी)।



## नरेश चन्द्र अग्रवाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–70, हरदोई,
जिला–हरदोई ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० श्रीश चन्द्र अग्रवाल (भूतपूर्व सदस्य) । जन्म तिथि–1 अक्टूबर, 1951 । जन्म स्थान–हरदोई । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस-सी०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–25 फरवरी, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती मंजुल अग्रवाल । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

सर्वप्रथम 1980 के निर्वाचन में कांग्रेस से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, मई-जून, 1991, नवम्बर, 1993, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में पांचवी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप छठी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1977-80 में कांग्रेस के आन्दोलन में जिला कारागार, लखनऊ एवं हरदोई में धारा 151 व 144 के अन्तर्गत 11 दिन बन्दी रहे । वर्ष 1993-94 में विधान सभा में अधिष्ठाता-मण्डल, लोक-लेखा समिति (1991-1993), सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1982-83 व 1997-98), नियम समिति (1980-1982) और कार्य मंत्रणा समिति (1995-96 व 2001-2002) तथा सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के दिनांक 7 नवम्बर, 2002 तक सदस्य रहे हैं । आप कार्य-मंत्रणा समिति (2002-2003) के सदस्य रहे और अब भी कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से 9 अगस्त, 2001 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ

सिंह के मंत्रि-मण्डल में ऊर्जा मंत्री और दिनांक 20/21 अक्टूबर, 1997 से उत्तर प्रदेश लोकतान्त्रिक कांग्रेस दल के सदन में नेता रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री हैं । वर्ष 1995 से लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज, हरदोई के प्रबन्धक, महात्मा गांधी हायर सेकेण्ड्री स्कूल पलिया, हरदोई और रोडवेज यूनियन, हरदोई के अध्यक्ष हैं । फ्रान्स, यू० के०, जर्मनी, स्विटजरलैण्ड, हालैण्ड, इटली, रूस, हांगकांग अमेरिका, मैड्रिड तथा सिंगापुर आदि देशों की आपने यात्रा की है ।

कृषि एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मोहल्ला–छैटगंज, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–2,25,245, कुल मतदान–1,31,105,

प्राप्त मत– 1–श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल–63,825,

2–श्री शिव प्रसाद–37,242 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## नवाब सिंह नागर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–371, दादरी,
जिला–गौतमबुद्ध नगर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० भरत सिंह । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1960 । जन्म स्थान–ग्रा०–छुछाई (मेरठ) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री । विवाह तिथि–30 जून, 1994 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता नागर । सन्तान तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अयोध्या आन्दोलन में आप 21 दिन धारा 151 के अन्तर्गत जिला–कारागार, सहारनपुर में बन्दी रहे । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (1999-2001) तथा प्राक्कलन समिति (2001-2002) के सदस्य तथा विगत वर्षों में नोएडा एन्टरा प्रिन्योर्स एसोसियेशन के उपाध्यक्ष रहे हैं । वर्तमान विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती के मंत्रि-मण्डल में सिंचाई राज्य मंत्री रहे हैं ।


पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ने में आपकी विशेष रुचि है एवं ऐतिहासिक तथा रमणीय स्थलों का भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास–ए, 62, सेक्टर–33, नोएडा, जिला–गौतमबुद्ध नगर ।

कुल मतदाता–4,23,781, कुल मतदान–1,91,497,

प्राप्त मत– 1–श्री नवाब सिंह नागर–50,329,

2–श्री रघुराज–39,019 (भातीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## नारद राय, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–211, बलिया,
जिला–बलिया ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० योगेन्द्र नाथ राय । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1961 । जन्म स्थान–बलिया । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री (श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया) । विवाह तिथि–31 मई, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती मीना राय । सन्तान दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप अनेक राजनैतिक आन्दोलन में जिला कारागार, बलिया एवं सेण्ट्रल जेल नैनी (इलाहाबाद) में बन्दी रहे । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–एम०आई०जी०–85 चन्द्रशेखर नगर, रामपुर महावल, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,87,172, कुल मतदान–1,24,075,

प्राप्त मत– 1–श्री नारद राय–40,460,

2–श्री राम जी– 27,472 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## * नूर मोहम्मद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–106, गौरीगंज,
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–(श्री) हाजी शहादत खां । जन्म तिथि–20 फरवरी, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–गुवावां (सुल्तानपुर) । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– स्नातक । विवाह तिथि–16 मई, 1971 । पत्नी का नाम–श्रीमती साबिरा बानो । सन्तान एक पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए ।

जन सेवा में आपकी विशेष रुचि रही ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–गुवावां, गौरीगंज, सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,29,269, कुल मतदान–1,31,842,

प्राप्त मत– 1–श्री नूर मोहम्मद–29,944,

2–श्री तेजभान सिंह–29,677 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

*श्री नूर मोहम्मद की मृत्यु दिनांक 9 नवम्बर, 2002 को पूर्वाह्न में हो गयी । अतः उक्त स्थान दिनांक 9 नवम्बर, 2002 के पूर्वाह्न से रिक्त हो गया ।



## पकौड़ी लाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–250, छानवे (अ०जा०),
जिला–मिर्जापुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० जुगुनू कोल । जन्म–सन् 1952 में। जन्म स्थान–पटेहरा कला । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (कोल) । शिक्षा– जूनियर हाई स्कूल । विवाह–सन् 1968 में । पत्नी का नाम–श्रीमती पन्ना देवी कोल । सन्तान–दो पुत्र व पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने मजदूर आन्दोलन में शान्ति प्रिय रूप से भाग लिया । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा समाचार-पत्र पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–पटेहरा कला, पो०–कुवरी पटेहरा, जिला–मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–2,63,551, कुल मतदान–1,43,672,

प्राप्त मत– 1–श्री पकौड़ी लाल–43,869,

2–श्री भगवती प्रसाद–27,461 (समाजवादी पार्टी) ।

## परमेश्वर दयाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–245, राबर्ट्सगंज (अ०जा०),

जिला–सोनभद्र ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री कान्ता । जन्म तिथि–6 दिसम्बर, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०–ऐलाही (सोनभद्र) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा– हाईस्कूल । पत्नी का नाम–श्रीमती गंगाजली । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप बहुजन समाज पार्टी के जिला संगठन मंत्री (1989–1991) और जिला उपाध्यक्ष (1991–1997) तथा मिर्जापुर मंडल के मंडल महामंत्री (2002) रहे हैं । अक्टूबर, 2002 से आप समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी तथा विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

राजनीति, समाज सेवा तथा दलितों का उद्धार करने में आपकी विशेष रुचि है तथा साहित्य का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–ऐलाही, पो०–खैराही, जिला–सोनभद्र ।

कुल मतदाता–3,16,873, कुल मतदान–1,68,439,

प्राप्त मत– 1–श्री परमेश्वर–34,531,

2–श्री रामचन्द्र त्यागी–34,302 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## पारसनाथ यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–235,मड़ियाहूं,
जिला–जौनपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० श्री राम यादव । जन्म तिथि–12 जनवरी, 1949 । जन्म स्थान–गहरपुर कारो (जौनपुर)। धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (अहीर) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–12 जून, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती हीरावती देवी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

बरसठी विधान सभा क्षेत्र से आप सर्वप्रथम 1985 में लोकदल से, 1989 में दूसरी बार जनता दल से, नवम्बर, 1993 में तीसरी बार तत्पश्चात् मड़ियाहूं निर्वाचन क्षेत्र से सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार (मार्च 98 तक) तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवीं बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1998–99 में (तेरह माह तक) आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही जौनपुर संसदीय क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य भी रहे हैं । आप विभिन्न आन्दोलनों में तथा 188/151 आदि धाराओं का उल्लंघन करने पर जिला कारागार, जौनपुर में बन्दी रहे । आप श्री मुलायम सिंह यादव के मंत्रि मण्डल (1990–91) में शिक्षा राज्य मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से मंत्री हैं । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1987–88), प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1988–89) तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1997–98) के आप सदस्य रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002–03) के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1990 से भारतीय कला दर्शन हाई स्कूल, खरगपुर सुरियांवा जिला भदोही के अध्यक्ष तथा

वर्ष 1995 से बालक बालिका इण्टर कालेज, आदमपुर, जिला जौनपुर के प्रबन्धक हैं।


जनसेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–निगोह, जिला–जौनपुर।

कुल मतदाता–2,52,699, कुल मतदान–1,37,288,

प्राप्त मत– 1–श्री पारसनाथ यादव–44,865,

2–श्री बरखू राम वर्मा–37,788 (निर्दलीय)।



**पी० के० राय, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–182, सेवरही,
जिला–कुशीनगर (पड़रौना)।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–स्व० परमानन्द राय। जन्म तिथि–1 दिसम्बर, 1950। जन्म स्थान–ग्रा०–पटखौली। धर्म–हिन्दू। शिक्षा– स्नातकोत्तर एवं ई०एन०टी० सर्जन। विवाह तिथि–13 मई, 1977। पत्नी का नाम–डा० नीला राय शर्मा। सन्तान–दो पुत्रियां। व्यवसाय–चिकित्सा।

फ़रवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 2001 में गोरखपुर जेल में दो दिन तक बन्दी रहे। आप प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संघ उ० प्र० के तीन वर्ष तक प्रदेश महासचिव और दो वर्ष तक प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा संघ, गोरखपुर के एक वर्ष एवं नर्सिंग होम एसोसियेशन, गोरखपुर के दो वर्ष तक अध्यक्ष रहे हैं। सम्प्रति विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं।

ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क चिकित्सा, परामर्श शिविर एवं नेत्र उपचार (शल्य क्रिया इत्यादि) से सम्बन्धित समाज सेवा के कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट एवं व्यायाम प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–पटखौली, पो०–फाजिल नगर, जिला–कुशीनगर।

कुल मतदाता–2,43,066, कुल मतदान–1,43,722,

प्राप्त मत– 1–डा० पी० के० राय–36,107,

2–श्री नन्द किशोर मिश्र–35,642 (भारतीय जनता पार्टी)।



## पीटर फैन्थम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–नाम निर्देशित आंग्ल भारतीय सदस्य ।


जिला–लखनऊ ।

पिता–स्व० स्यूवर्ट फैन्थम । जन्म तिथि–5 अगस्त, 1954 । जन्म स्थान–फतेहगढ़ । धर्म–ईसाई (एंग्लोइण्डियन) । शिक्षा– एम० ए०, टी०टी०सी०, एस०टी० डी०एस० (कानपुर वि०वि०) । विवाह तिथि–2 जनवरी, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती औडरी फैन्थम । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन (प्रधानाचार्य) ।

17 अप्रैल, 1997 को आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश त्रयोदश विधान सभा के आंग्ल भारतीय नाम निर्देशित सदस्य बनाये गये । अब आप दूसरी बार 12 मई, 2002 को उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के आंग्ल भारतीय नाम–निर्देशित सदस्य बने हैं । आप दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । सम्प्रति वर्ष 1983 से सेन्ट टेरेसा डे स्कूल, लखनऊ के प्रधानाचार्य, 1993 से लामार्टीनियर कालेज, लखनऊ के सदस्य, 1994 से आंग्ल भारतीय एसोसियेशन, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष, 1995 से काउन्सिल फार आई० सी० एस० ई० इक्जामिनेशन बोर्ड नई दिल्ली और इण्टर स्टेट बोर्ड फार एंग्लोइण्डियन एजूकेशन, नई दिल्ली के सदस्य, 1997 से सेन्टेरसा कालेज आशियाना, लखनऊ के संस्थापक/अध्यक्ष तथा 1998 से जीसस एण्ड मैरी स्कूल, बलरामपुर के अध्यक्ष हैं ।

शिक्षा के प्रसार में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल और म्यूजिक प्रिय है ।

मुख्यावास–109/4 माडल हाउस, लखनऊ ।



## पीतम राम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–42, बरखेड़ा (अ०जा०),
जिला–पीलीभीत ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री झांजन लाल । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1951 । जन्म स्थान–ग्रा०–ऐमी (पीलीभीत) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (धोबी) । शिक्षा– इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–26 जनवरी, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती शहोदरा देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार समाजवादी जनता पार्टी (राष्ट्रीय) से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 5 वर्ष जिला पंचायत क्षेत्र समिति के सदस्य, वर्ष 1998 से फरवरी, 2002 तक रूहेलखण्ड–तराई गन्ना बीज विकास निगम लि०, बरेली, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश त्रयोदश विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2001-2002) के सदस्य रहे ।

समाज सेवा, जनसम्पर्क एवं उन्नतिशील खेती करने में आपकी विशेष रुचि है तथा समाचार पढ़ना एवं दूरदर्शन के कार्यक्रम देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–ऐमी, पो०–गहलुइया, जिला–पीलीभीत ।

कुल मतदाता–1,96,602, कुल मतदान–1,16,324,

प्राप्त मत– 1–श्री पीतम राम–37,076,

2–श्री किशन लाल–22,851 (राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी) ।



## पूरन सिंह बुन्देला, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–310, महरौनी,
जिला–ललितपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री ईश्वरी सिंह बुन्देला । जन्म तिथि–19 फरवरी, 1951 । जन्म स्थान–ग्राम–डोंगरा कला (ललितपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–राजपूत बुन्देला (ठाकुर) । शिक्षा– हाईस्कूल । विवाह तिथि–10 मई, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती राजलक्ष्मी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (ग्रेनाइट एक्सपोर्ट) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर तथा अब फरवरी 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने वर्ष 1993 से अब तक अनेक बार पर्यटन एवं व्यापार के उद्देश्य से थाईलैण्ड, सिंगापुर, चीन, हांगकांग तथा कोरिया की यात्रा की है । अक्टूबर, 1997 से फरवरी, 1998 तक आप श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में उद्यान राज्य मंत्री रहे हैं । सम्प्रति आप विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।


समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–डोंगरा कला, जिला–ललितपुर ।

कुल मतदाता–2,60,308, कुल मतदान–1,74,777,

प्राप्त मत– 1–श्री पूरन सिंह बुन्देला–55,325,

2–श्री विक्रम सिंह–42,583 (समाजवादी पार्टी) ।



## पूर्णमासी देहाती, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–178, नौरंगिया (अ०जा०),
जिला–कुशीनगर (पड़रौना) ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मूरत प्रसाद गोंड । जन्म तिथि–24 जनवरी, 1951 । जन्म स्थान–नौरंगिया (कुशीनगर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (गोंड) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–सन् 1967 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कमलावती देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1984, 1987 तथा 1992 में जिला–कारागार, देवरिया में एक सप्ताह तक बन्दी रहे और छितौनी–बगहा रेल पुल के निर्माण आन्दोलन, राम कोला काण्ड, पडरौना–काण्ड तथा गन्ना–आन्दोलन वर्ष 2000 में अनेक बार जेल गये । वर्ष 1990-91 में उत्तर प्रदेश विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य रहे । सम्प्रति उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003) के सदस्य, श्री शंकर जी लघु माध्यमिक विद्यालय, नौरंगिया–कुशीनगर के पदेन सदस्य और अनेक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं ।


अध्ययन एवं भ्रमण में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–नौरंगिया, जिला–कुशीनगर (पड़रौना) ।

कुल मतदाता–2,39, 386, कुल मतदान–1,33,410,

प्राप्त मत– 1–श्री पूर्णमासी देहाती–39,845,

2–श्री श्रीनारायन उर्फ भुटल–37,045 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**प्रताप चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र--351, सादाबाद,

जिला--हाथरस ।

दल--राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता--श्री परसादी लाल । जन्म तिथि--1 मार्च, 1964 । जन्म स्थान--ग्रा०--बिलारा (हाथरस) । धर्म--हिन्दू । जाति--पिछड़ी जाति । शिक्षा--स्नातकोत्तर, डिप्लोमा इनडेरी इंजीनियरिंग । विवाह तिथि--22 जून, 1985 । पत्नी का नाम--श्रीमती आरती सिंह । सन्तान--एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय--कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । किसान दुग्ध उत्पादक कल्याण समिति के वर्ष 1999 से आप मंत्री और दिनांक 01 मई, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । पर्यटक के रूप में आपने नैपाल की यात्रा की है ।

समाज--सेवा एवं किसानोत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास--ग्रा०--बिलारा, तहसील--सादाबाद, जिला--हाथरस ।

कुल मतदाता--2,15,388, कुल मतदान--1,18,105,

प्राप्त मत-- 1--श्री प्रताप चौधरी--41,972,

2--डा० अनिल चौधरी--41,896 (समाजवादी पार्टी) ।



## प्रदीप माथुर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–347, मथुरा,
जिला–मथुरा ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० राजेन्द्र बिहारी माथुर । जन्म तिथि–25 नवम्बर, 1955 । जन्म स्थान–दिल्ली । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य (कायस्थ) । शिक्षा– बी० एस–सी० (आनर्स), एल–एल०बी०, चार्टर्स एकाउन्टेन्सी । विवाह तिथि–4 नवम्बर, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रीती माथुर । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार कांग्रेस (आई) से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने वर्ष 1989 एवं 1998 में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जेल भरो आन्दोलन एवं मथुरा में गांधी आश्रम को ध्वस्तीकरण से बचाने तथा साध्वी ऋतम्भरा को गलत ढंग से 41 करोड़ भूमि के पट्टे दिये जाने के विरोध आन्दोलन में भाग लिया और मथुरा व बिजनौर जिला–कारागार में बन्दी रहे । 1981 में एक दुर्घटनाग्रस्त ब्राह्मण व्यक्ति के परिवार की सहायता करने पर उत्तर प्रदेश शासन ने 1000/- रु० की धनराशि तथा प्रशस्ति-पत्र द्वारा, दिल्ली की संस्था "मानव सेवा महत्व" ने 1983-84 में स्वर्णपदक से आपको सम्मानित किया । सामाजिक कार्यों के लिए मथुरा जेसीज ने भी जनपद के सर्वोत्तम युवा का पदक आपको प्रदान किया है । आप मथुरा ग्रेटर जेसीज के कई वर्षों तक सदस्य रहे हैं । आपने बहुत से नेत्र शिविरों का भी आयोजन कार्य किया है । आपने विधवाओं के लिए पेंशन, निर्धनों के लिए ऋण तथा प्रौढ़ शिक्षा के लिए भी कार्य किया है । श्रीमती इन्दिरा गांधी की मृत्यु के बाद हुए झगड़ों को निपटाने

के लिए बनी ''मुफ्त कानूनी सहायता समिति'' के अध्यक्ष रहे। वर्ष 1985 से आप अमरनाथ विद्या आश्रम, मथुरा के वाइस चेयरमैन तथा चौधरी नवाब सिंह चेतना समिति और श्री कृष्ण विद्यालय, कसावल, मथुरा के संरक्षक हैं। पर्यटन के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत, बौद्धिक स्तर के व्यक्तियों से मिलना एवं अच्छी किताबों का अध्ययन व अच्छा मेजबान प्रिय है।

मुख्यावास–ए–11 कृष्णा नगर, जिला–मथुरा।

कुल मतदाता–2,71,734, कुल मतदान–96,963,

प्राप्त मत– 1–श्री प्रदीप माथुर–40,297,

2–श्री रविकान्त गर्ग–33,760 (भारतीय जनता पार्टी)।



## प्रभुदयाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–378, हस्तिनापुर (अ०जा०),
जिला–मेरठ ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० ओमप्रकाश । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1963 । जन्म स्थान–ग्राम-मवाना (मेरठ)। धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (बाल्मीकी) । पत्नी का नाम–श्रीमती कमलेश देवी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । आप अखिल भारतीय सफाई मजदूर, कांग्रेस के दो वर्षों तक जिला महामंत्री रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो०–हीरा लाल, मवाना, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–2,22,006, कुल मतदान–1,13,701,

प्राप्त मत– 1–श्री प्रभु दयाल–30178,

2–सुश्री गीता प्रकाश–27,151 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**प्रभु नारायण, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–221, धानापुर,
जिला–चन्दौली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–कैलावर, पो०–मछुआरी, जिला–चन्दौली ।

कुल मतदाता–2,52,625, कुल मतदान–1,34,472,

प्राप्त मत– 1–श्री प्रभु नारायण–47,410,

2–श्री सुशील–47,384 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## प्रमोद कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–100, रामपुर खास,
जिला–प्रतापगढ़ ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० सरयू प्रसाद तिवारी । जन्म तिथि–16 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–कुण्डा (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०एस–सी०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–9 जून, 1973 । पत्नी का नाम–डा० अलका तिवारी । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्वप्रथम वर्ष 1980 के मध्यावधि चुनाव में तत्पश्चात् सन् 1985, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991, नवम्बर, 1993, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में लगातार सातवीं बार आप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । शासन के विरुद्ध प्रदर्शन करने के दौरान निषेधाज्ञा तोड़ने पर आप एक दिन प्रतापगढ़ कारागार में बन्दी रहे । वर्ष 1985-86 में अधिष्ठाता-मण्डल के सदस्य, 1989–91 में मुख्य सचेतक तथा श्री श्रीपति मिश्र, श्री वीर बहादुर सिंह तथा श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रि-मण्डल में फरवरी, 1984 से अगस्त, 1984 तक और जनवरी, 1986 से नवम्बर, 1989 तक आप राज्य मंत्री रहे हैं । वर्ष 1985-86 में आप विधान सभा की लोकलेखा समिति, 1989–91 और 1993-94 में कार्य मंत्रणा समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति, याचिका समिति के भी सदस्य, योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे हैं । आप छः वर्ष तक सहकारी संघ, संग्रामगढ़ के अध्यक्ष रहे । आप इण्टर कालेज, संग्रामगढ़ (1978 से), गांधी इण्टर कालेज, सांगीपुर (1985 से), सरयू प्रसाद इण्टर कालेज, कुण्डा (1992 से), राम गुलाम उ० मा० विद्यालय के (1985 से) प्रबन्धक तथा कमला नेहरू बालिका विद्यालय, लालगंज के 1988

से अध्यक्ष हैं । आपने चीन, रूस, जापान, कनाडा, आस्ट्रिया, इटली, फ्रांस, नीदरलैंड, अमेरिका, हांगकांग तथा सिंगापुर आदि अनेक देशों की यात्रा की है । विगत कई वर्षों से कांग्रेस विधान मण्डल दल के नेता चुने जाते रहे हैं । सम्प्रति भी आप उत्तर प्रदेश विधान सभा में कांग्रेस विधान मण्डल दल के नेता हैं ।

समाज सेवा एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा बैडमिण्टन और क्रिकेट प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–संग्रामगढ़, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,44,976, कुल मतदान–1,34,052,

प्राप्त मत– 1–श्री प्रमोद कुमार–82,415,

2–सुश्री पुष्पा देवी–21379 (अपना दल) ।



**प्रमोद गौड़, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–361, खैर,
जिला–अलीगढ़ ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री गजराज सिंह गौड़ । जन्म तिथि–10 जून, 1960 । जन्म स्थान–खैर (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–11 दिसम्बर, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती रेखा गौड़ । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप वर्ष 1990 से 2002 तक राष्ट्रीय इण्टर कालेज, खैर के उप प्रबन्धक, 1995 से 2000 तक क्षेत्र पंचायत, खैर के ब्लाक प्रमुख, 1995 से 2002 तक गंगा खण्ड इण्टर कालेज, खेड़ा के अध्यक्ष तथा 2000 से 2002 तक क्षेत्र पंचायत, खैर के ज्येष्ठ उप ब्लाक प्रमुख रहे हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

सामाजिक एवं दलित वर्ग के उत्थान कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन, टी०वी० और क्रिकेट का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–मोहल्ला–शिकरवार, खैर, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,23,753, कुल मतदान–1,24,806,

प्राप्त मत– 1–श्री प्रमोद गौड़–45,490,

2–श्री सत्यपाल सिंह–45,128 (राष्ट्रीय लोकदल) ।



## प्रागीलाल अहिरवार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–314, मऊरानीपुर (अ०जा०),
जिला–झांसी ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

**पिता–श्री बसन्ते अहिरवार** । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1954 । जन्म स्थान–ग्रा०–रौरा, तह०–मऊरानीपुर (झांसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–20 जून, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती पान कुंवर । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

**सर्वप्रथम** नवम्बर, 1989 में, दूसरी बार मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जिला–जेल, उरई (जालौन) में आप 13 अक्टूबर, से 8 नवम्बर, 1990 तक अन्य आन्दोलनों में कुल मिलाकर एक माह 15 दिन धारा 107/116/151 के अन्तर्गत बन्दी रहे । नवम्बर, 1989 से अप्रैल, 1991 तक आप विधान सभा की नियम समिति के सदस्य तथा वर्ष 1982 और 1988 में दो बार ग्राम प्रधान रह चुके हैं । सम्प्रति आप दिनांक 1 मई, 2003 से विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा एवं धार्मिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा राम-भजन प्रिय है ।

मुख्यावास–एस०डी०एम० कोर्ट कालोनी, मां शारदा मन्दिर के पास, मऊरानीपुर, जिला– झांसी ।

कुल मतदाता–2,64,006, कुल मतदान–1,48,215,

प्राप्त मत– 1–श्री प्रागीलाल अहिरवार–36,267,

2–श्री बिहारी लाल आर्य–33,942 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**प्रेम पाल सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–31, दातागंज,
जिला–बदायूं ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (1997-98) के आप सदस्य रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–कलौरा, पो०–पुरैनी, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–1,91,243, कुल मतदान–1,15,774,

प्राप्त मत–1–श्री प्रेम पाल सिंह यादव–27,331,

2–श्री अविनाश कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया–25,710 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## प्रेमलता कटियार, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–276, कल्याणपुर,
जिला–कानपुर नगर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामेश्वर दयाल कटियार । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1946 । जन्म स्थान–महरूपुर सहजू (फर्रूखाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक (आगरा वि० वि०) । विवाह तिथि–23 मई, 1960 । पति का नाम–स्व० अमरनाथ सिंह कटियार । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, दूसरी बार नवम्बर, 1993 में, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार आप लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । जिला कारागार, कानपुर, फतेहगढ़ तथा उन्नाव और सेण्टल जेल, फतेहगढ़ में आप वर्ष 1974 के लेबी आन्दोलन में नौ दिन, डी० आई० आर० में सात माह तेरह दिन, "भारत बन्द" के दौरान सोलह दिन, किसान आन्दोलन में पांच दिन और श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में रासुका के अन्तर्गत एक माह पन्द्रह दिन (कुल नौ महीने 28 दिन) बन्दी रही । 27 जून, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में आप नगर विकास मंत्री और पुनः 27 अक्टूबर, 1997 से 11 नवम्बर, 1999 तक महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री रही हैं । दिनांक 12 नवम्बर, 1999 से 27 अक्टूबर, 2000 तक तथा 28-10-2000 से 8 मार्च, 2002 तक श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रिमण्डल में समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रही हैं । विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1993-94) एवं लोक लेखा समिति (1997-98) की आप सदस्या भी रही हैं । चौ० राम सहाय महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति की सदस्या वर्ष 1980 से, स्व० यशोदा देवी हा० से० स्कूल की अध्यक्षा वर्ष 1982 से

तथा चौ० अमरनाथ सिंह शिक्षा निकेतन की वर्ष 1984 से संस्थापिका/प्रबन्धिका हैं। आप वर्ष 1971 से अनेक नागरिक समितियों में विभिन्न पदों पर रहते हुए समस्याओं के समाधान के लिए अनवरत संघर्षरत हैं। वर्ष 1995 से भविष्य निधि कार्यालय कर्मचारी संघ की संरक्षिका तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मंडल में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की मंत्री रही हैं।


जन समस्याओं के समाधान में आपकी विशेष रुचि है तथा आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग की सहायता करना प्रिय है।

मुख्यावास–12/500, ग्वाल टोली, कानपुर महानगर।

कुल मतदाता–3,77,122, कुल मतदान–1,27,770,

प्राप्त मत–1–श्रीमती प्रेमलता कटियार–50,521,

2–श्री आलोक मिश्रा–42,359, (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**प्रेम सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–350, गोकुल,
जिला–मथुरा ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–श्री भगवान सिंह । जन्म तिथि–20 मई, 1972 । जन्म स्थान–ग्रा०–सल्लौनीकलां (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–जाट । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि– 3 मार्च, 1992 । पत्नी का नाम–श्रीमती मीना देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति उत्तर प्रदेश विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–गली डालचन्द्र, रेतिया बाजार राया, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–2,15,477, कुल मतदान–1,23,462,

प्राप्त मत–1–श्री प्रेम सिंह–53,142,

2–श्री राजकुमार रावत–40,899 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**फतेह बहादुर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–172, पनियरा,
जिला–महराजगंज।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–स्व० वीर बहादुर सिंह (भू०पू० मुख्य मंत्री) । जन्म तिथि–5 अप्रैल, 1962 । जन्म स्थान–पनियरा (गोरखपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, आल इण्डिया आर्ट एसोसियेशन में प्रथम स्थान । विवाह तिथि–19 नवम्बर, 1993। पत्नी का नाम–श्रीमती साधना सिंह। सन्तान–दो पुत्र। व्यवसाय–कृषि।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं। आप वर्ष 1980 से श्री उमा प्रसाद इण्टर कालेज के अध्यक्ष, वर्ष 1989 से उ०प्र० भोजपुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष, 1992 से अखिल भारतीय वीर बहादुर सिंह जनसेवा संस्थान और वर्ष 1993 से पूर्वांचल परिषद् के सचिव, वर्ष 1994 से राष्ट्रीय एकता परिषद् के सदस्य, वर्ष 1995 से वीर बहादुर सिंह महाविद्यालय के अध्यक्ष तथा वर्ष 1996 से पं० जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज, बासगांव, गोरखपुर के सहायक प्रबन्धक हैं। उ०प्र० कामनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसियेशन के सदस्य के रूप में आपने यू०के०, यू०एस०ए०, हालैण्ड और कनाडा की, सांस्कृतिक गतिविधियों के अन्तर्गत आपने पेरिस (फ्रांस) तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु रोम (इटली) इग्लैंड, सिंगापुर तथा जर्मनी आदि देशों की यात्रा की हैं। दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से 8 मार्च, 2002 तक आप श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रिमण्डल में औद्योगिक विकास एवं सहकारिता राज्य मंत्री,उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के

सदस्य 10 अक्टूबर, 2002 तक तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री रहे हैं।

जनसेवा एवं मध्य कालीन इतिहास में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलों में गोल्फ, तैराकी, घुड़सवारी और निशानेबाजी प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–चौमुखा–कम्पियरगंज, जिला–गोरखपुर।

कुल मतदाता–2,42,175, कुल मतदान–1,43,446,

प्राप्त मत– 1–श्री फतेह बहादुर–41,676,

2–श्री बद्री प्रसाद जायसवाल–39,505 (निर्दलीय)।



## फसीहा मुराद लारी उर्फ गजाला, श्रीमती
## (चौधरी फसीहा बशीर उर्फ ग़जाला)

निर्वाचन क्षेत्र–189, सलेमपुर,
जिला–देवरिया ।
* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता– मुहम्मद तैयूयब अरैसी । जन्म तिथि–13 फरवरी, 1971। जन्म–स्थान–गोरखपुर । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम पिछड़ी जाति) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–4 जनवरी, 1987। पति का नाम–स्व० मुराद अहमद लारी (भू० पू० विधायक) । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) की सदस्या हैं । आपने नेपाल की यात्रा की है ।

समाज के निम्न वर्ग की उन्नति, ग्रामोत्थान तथा देश में समतामूलक समाज स्थापित करने में आपकी विशेष रुचि है एवं जनसेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–एम० बी० हाउस, मुहल्ला–साउथलार रोड, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,63,707, कुल मतदान–1,27,820,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती फसीहा मुराद लारी उर्फ गजाला–41,524,

2–श्री शान्ति यादव–37,490 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी की सदस्या ।



**फागू चौहान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–192, घोसी,
जिला–मऊ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० खरपत्तू चौहान । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1948 । जन्म स्थान –ग्राम –शेखूपुरा (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक (शिवली कालेज, आजमगढ़) । विवाह तिथि–5 अप्रैल, 1961 । पत्नी का नाम–श्रीमती मुराही देवी । सन्तान–तीन पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि) ।

**सर्वप्रथम** मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप लोकदल से, मई-जून, 1991 में दूसरी बार जनता दल से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य रहे । आप दिनांक 27-10-97 से 8 मार्च, 2002 तक श्री कल्याण सिंह के मंत्रि-मण्डल में संस्कृति एवं पूर्त धर्मस्व, श्री राम प्रकाश, श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डल में पशुधन एवं मत्स्य विभाग के मंत्री और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में परिवार कल्याण विभाग के मंत्री रहे हैं ।


समाजोत्थान एवं राजनैतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा सामाजिक उपन्यास और पत्र-पत्रिकायें पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–शेखूपुरा, थाना–कोतवाली, पो०–बद्‌दोपुर, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,38,219, कुल मतदान–1,38,305,

प्राप्त मत– 1–श्री फागू–45,873,

2–श्री सुधाकर सिंह–38,187, (समाजवादी पार्टी) ।



**बंशीधर राज, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–51, मोहम्मदी (अ०जा०),
जिला–लखीमपुर–खीरी ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० लक्ष्मण प्रसाद । जन्म तिथि–22 जून, 1934 । जन्म स्थान–ग्राम–अल्लीपुर (लखीमपुर खीरी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–स्नातक (मध्यमा विशारद) । विवाह तिथि–12 मई, 1948 । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रकान्ता देवी । सन्तान–चार पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1980, मार्च, 1985 एवं मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप तीसरी बार लगातार कांग्रेस (आई०) से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति, विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सभापति दो वर्ष (1987-88) और 30 अप्रैल, 2003 से सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । वर्ष 1978 में कृषकों के गन्ना आन्दोलन में जिला कारागार, लखीमपुर खीरी में आप तीन दिन बन्दी रहे । आप जिला सहकारी बैंक लि० लखीमपुर खीरी के संचालक/उपाध्यक्ष (1978-1981) एवं अध्यक्ष (1984-1994), जिला पंचायत खीरी के अध्यक्ष (1995-2000), उ०प्र० राज्य भण्डारागार के अध्यक्ष, गन्ना सहकारी समिति, हरगांव (सीतापुर) के संचालक (लगभग 7 वर्ष), बिड़ला इण्टर कालेज, हरगांव (सीतापुर)

की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष (1971-1974), विकास खण्ड, बेहजम जनपद खीरी के ब्लाक-प्रमुख (1973-1978) तथा उ०प्र० कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रहे हैं। सम्प्रति श्री लक्ष्मण प्रसाद राज माध्यमिक विद्यालय, अल्लीपुर (खीरी) के प्रबन्धक तथा अखिल भारतीय पासी समाज के वर्ष 1990 से अध्यक्ष हैं।

समाज सेवा (विशेषकर दलितों एवं कृषकों के उत्थान सम्बन्धी कार्य) में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–1–ग्रा० व पो०–अल्लीपुर, जिला–लखीमपुर खीरी।

2–बाजपेयी कालोनी, लखीमपुर खीरी।

कुल मतदाता–2,68,285, कुल मतदान–1,60,715,

प्राप्त मत– 1–श्री बंशीधर राज–57,525,

2–श्रीमती कृष्णा देवी–55,610 (भारतीय जनता पार्टी)।



## बलराम यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–197, अतरौलिया,
जिला–आजमगढ़ ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता– स्व० लोदी प्रसाद यादव । जन्म तिथि–1 जून, 1942। जन्म स्थान–ग्रा० सेनपुर (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह–सन् 1960 में। पत्नी का नाम–श्रीमती लल्ली देवी । सन्तान–चार पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम आप 1985 के आम चुनाव में लोकदल के टिकट पर, नवम्बर, 1989 में जनता दल से, मई-जून, 1991 में जनता पार्टी, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित सत्याग्रह आन्दोलन में आप धारा 107/17 के अन्तर्गत जिला कारागार, आजमगढ़ में बन्दी रहे । वर्ष 1984–86 में विधान सभा की प्राक्कलन समिति, वर्ष 1986-87 में सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति, 1988-89 में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं । दिनांक 20 दिसम्बर, 1990 से 24 जून, 1991 तक श्री मुलायम सिंह यादव की सरकार में आप क्षेत्रीय विकास एवं पंचायती राज विभाग तथा दिनांक 5 दिसम्बर, 1993 से 2 जून, 1995 तक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल मे पुनः मंत्री हैं । दिनांक 1 जनवरी, 1998 से मार्च, 2002 तक आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर

आजमगढ़-मऊ स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य भी रहे हैं। सम्प्रति आप लोदी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष हैं।

कृषि एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा व्यायाम एवं अध्ययन प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सेनपुर, जिला आजमगढ़।

कुल मतदाता–2,42,613, कुल मतदान–1,40,428,

प्राप्त मत– 1–श्री बलराम यादव–51,665,

2–श्री–विजय प्रकाश सिंह–29,609 (बहुजन समाज पार्टी)।

## बादशाह सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–306, मौदहा,
जिला–हमीरपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रामेश्वर सिंह । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1961 । जन्म स्थान–खरेला, हमीरपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलन में आप बांदा-कारागार में बन्दी रहे हैं । आप जिला उपभोक्ता संघ के उपाध्यक्ष तीन वर्ष, चेयरमैन, नगर क्षेत्र समिति 1988 से लगातार एवं जिला भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष डेढ़ वर्ष तक रहे हैं ।

शिकार में आपकी विशेष रुचि है एवं संगीत सुनना व पत्रिका पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० एवं पो०–खरैला, जिला–महोबा (उ०प्र०) ।

कुल मतदाता–2,12,892, कुल मतदान–1,18,140,

प्राप्त मत– 1–श्री बादशाह सिंह–43,001,

2–श्री राजनारायण उर्फ राजू महराज–37,324 (समाजवादी पार्टी) ।



## बाबूराम एम० काम०, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–317, उरई,
जिला–जालौन ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम सेवक गुप्ता । जन्म तिथि–6 अक्टूबर, 1934 । जन्म स्थान–उरई । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य (गुप्ता) । शिक्षा–एम० काम० (प्रयाग वि० वि०) । विवाह तिथि–3 मार्च, 1952 । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रवती गुप्ता । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, दूसरी बार सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपात काल में डी० आई० आर० व मीसा में 3 जुलाई, 1975 से 28 दिसम्बर, 1976 तक, श्री रामजन्म भूमि आन्दोलन में 25 अक्टूबर, 1990 से 8 नवम्बर, 1990 तक, भूमि-भवन कर व किसान-आन्दोलन आदि में आप अनेक बार जिला कारागार, उरई, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ एवं अस्थाई जेल, ललितपुर में लगभग 19 माह बन्दी रहे । 19 जुलाई, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक आप श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में खाद्य एवं रसद आदि विभागों में राज्य मंत्री तथा 27 अक्टूबर, 1997 से फरवरी, 2002 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डलों में क्रमशः लघु उद्योग और संस्थागत वित्त मंत्री रहे हैं । आप सन् 1964 से 1976 तक उरई नगर पालिका के सदस्य तथा नवम्बर, 1988 से जनवरी, 1994 तक अध्यक्ष रहे । विगत 10 वर्षों से आप डी० ए० वी० इण्टर कालेज, उरई की प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष, चौ० गजेन्द्र सिंह

इण्टर कालेज सिम्हारा कासिमपुर जिला–जालौन के प्रबन्धक, विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, उरई के सदस्य, बुन्देलखण्ड व्यायामशाला, उरई के अध्यक्ष तथा धर्मादा समिति, उरई के मंत्री हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की विशेषाधिकार समिति (1997-98) के सदस्य भी रहे हैं । दिनांक 5 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में खाद्य एवं रसद विभाग के मंत्री रहे हैं ।

शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–164, गोपालगंज, उरई, जिला–जालौन ।

कुल मतदाता–2,99,151, कुल मतदान–1,55,745,

प्राप्त मत– 1–श्री बाबूराम एम० काम०–49,042,

2–श्री–विनोद चतुर्वेदी–47,130 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## बाबूलाल, चौधरी

निर्वाचन क्षेत्र–345, फतेहपुरी सीकरी,
जिला–आगरा ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–स्व० रघुनाथ सिंह । जन्म तिथि–2 जुलाई, 1948 । जन्म स्थान–ग्रा०–पनवारी । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी-जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । पत्नी का नाम–श्रीमती महाबीरी देवी । सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार निर्दलीय तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने राजनैतिक आन्दोलन में भाग लिया और कुल मिलाकर एक वर्ष जिला कारागार, आगरा में बन्दी रहे । आप उ०प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) और प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 28 मई, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

परिश्रम करने में आपकी विशेष रुचि है तथा स्वादिष्ट भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–पनवारी, जिला–आगरा ।

कुल मतदाता–2,16,443, कुल मतदान–1,27,069,

प्राप्त मत– 1–चौ० बाबूलाल–50,073,

2–श्री–राज कुमार चाहर–30,970 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## बाबूलाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–148, डिक्सिर (अ०जा०),

जिला–गोण्डा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० बुधराम । जन्म–सन् 1939 में । जन्म स्थान–ग्रा०–नगवा (नवाबगंज) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (कोरी) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–सन् 1959 में । पत्नी का नाम–श्रीमती तारा देवी । सन्तान–पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1967 के सामान्य निर्वाचन में क्षेत्र महादेवा से स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर, मई, 1980 में दूसरी बार, 1985 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार कांग्रेस (आई०) से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1978 में राजनीतिक आन्दोलन में आप 14 दिन जिला कारागार, गोण्डा में बन्दी रहे । आप ग्राम पंचायत, नगवा के प्रधान (वर्ष 1971–80) तथा जिला कांग्रेस कमेटी, गोण्डा के अध्यक्ष (वर्ष 1995–97) रहे हैं ।

राजनीति एवं कृषि कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा समाचार-पत्र/पत्रिकाएं पढ़ना एवं बागवानी प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–नगवा (पूरे पंडित), नवाबगंज, जिला–गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,21,094, कुल मतदान–1,12,065,

प्राप्त मत– 1–श्री बाबू लाल–44,398,

2–श्री–रमापति शास्त्री–37,758 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## बाबूलाल कुशवाहा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–303, बांदा,

जिला–बांदा ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री वासुदेव । जन्म तिथि–2 जून, 1941 । जन्म स्थान–चकतकुली । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुशवाहा) । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० । विवाह–सन् 1958 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कौशिल्या देवी । सन्तान–सात पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार नरैनी विधान सभा क्षेत्र से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही बांदा से उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 27 मार्च, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक आप बसपा–भाजपा सरकार में हथकरघा, रेशम उद्योग एवं क्षेत्रीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2000-2001) के सदस्य रहे हैं ।


विधिक ज्ञानार्जन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मुहल्ला–केवटरा–बांदा ।

कुल मतदाता–2,69,226, कुल मतदान–1,17,649,

प्राप्त मत– 1–श्री बाबू लाल कुशवाहा–36,748,

2–श्री–जमुना प्रसाद बोस–34,711 (समाजवादी पार्टी) ।



**बिजय सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–296, फर्रुखाबाद,

जिला–फर्रुखाबाद ।

दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री प्रेम सिंह । जन्म तिथि–15 मार्च, 1958 । जन्म स्थान–फर्रुखाबाद । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–12 मार्च, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती दमयन्ती सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा आत्मचिन्तन प्रिय है ।

मुख्यावास–91, नाला मछरट्टा, फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,70,985, कुल मतदान–1,27,016,

प्राप्त मत– 1–श्री बिजय सिंह–54,518,

2–श्रीमती प्रभा द्विवेदी–45,100 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## बीजू पटनायक, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–219, सादात (अ०जा०),
जिला–गाजीपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हीरालाल । जन्म तिथि–7 मार्च, 1962 । जन्म स्थान–ग्रा० देवचंद्रपुर (गाजीपुर) । धर्म हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (खटिक सोनकर) । शिक्षा–इन्टर-मीडिएट । विवाह तिथि–20 मई, 1991 । पत्नी का नाम–स्व० रेखा देवी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप राजनीतिक आन्दोलनों में जिला कारागार, गाजीपुर और जौनपुर में बारह दिन बन्दी रहे । हाकर लेबर यूनियन, जौनपुर के आप अध्यक्ष तथा चौदहवीं विधान सभा में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलों में कुश्ती प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–देवचंद्रपुर, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,67,064, कुल मतदान–1,40,106,

प्राप्त मत– 1–श्री बीजू पटनायक–62,937,

2–श्री–रामधनी–55,128 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## बीना भारद्वाज, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–22, बिलासपुर,
जिला–रामपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गणेश शंकर चतुर्वेदी । जन्म तिथि–11 जनवरी, 1962 । जन्म स्थान–गोरखपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री । विवाह तिथि–13 मार्च, 1988 । पति का नाम–स्व० अनिल भारद्वाज (पूर्व विधायक) । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । समाजवादी पार्टी के जेल भरो आन्दोलन में आप जिला कारागार, रामपुर में बन्दी रहीं । सम्प्रति विधान सभा की नियम समिति (2002-2003) की सदस्या और पं० राम प्रसाद वैद्य स्मारक शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, नई बस्ती, मिलक, रामपुर, पं० राम प्रसाद वैद्य स्मारक जू० हा० स्कूल, मिलक, पं० राम प्रसाद वैध स्मारक शिक्षा सदन, मिलक एवं श्री वैदिक संस्कृत विद्यालय, मिलक, रामपुर की वर्ष 1992 से प्रबन्धिका हैं ।


जनसेवा (मुख्यतः सामाजिक उत्थान) में आपकी विशेष रुचि है एवं शास्त्रीय संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–नई बस्ती, मिलक, जिला–रामपुर ।

कुल मतदाता–2,65,950, कुल मतदान–1,70,536,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती बीना भारद्वाज–56,179,

2–श्री संजय कपूर–35,769 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## बृजेन्द्र कुमार व्यास "डमडम महराज"

निर्वाचन क्षेत्र–315, गरौठा,

जिला–झांसी ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम किशोर व्यास । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1966 । जन्म स्थान–गुरसराय (झांसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (इलाहाबाद वि० वि०) । विवाह तिथि–18 फरवरी, 1995 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज व्यास । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । आप वरडिक्ट (सामाजिक संस्था) के 3 वर्ष तक अध्यक्ष रहे हैं ।

समाज सेवा, अध्ययन, व्यायाम, संगीत और गरीब बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करने में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–5, गुरसराय, जिला–झांसी ।

कुल मतदाता–2,51,072, कुल मतदान–1,56,810,

प्राप्त मत– 1–श्री बृजेन्द्र कुमार व्यास "डमडम महाराज"–59,724,

2–श्री चन्द्रपाल सिंह यादव–46,299 (समाजवादी पार्टी) ।



## बृजेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट, कुंवर

निर्वाचन क्षेत्र–319, माधौगढ़,

जिला–जालौन ।

* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री रघुराज सिंह । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1966 । जन्म स्थान–अटागांव (जालौन) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–20 सितम्बर, 1990 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुनीता देवी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–वकालत ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप बुन्देलखण्ड इण्टर कालेज, माधौगढ़ के दो वर्ष प्रबन्धक तथा माधौगढ़ पंचायत क्षेत्र, जालौन के दो वर्ष प्रमुख रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से 8 अक्टूबर, 2003 तक श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री रहे हैं ।

मनोरंजन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–अटागांव, पो०–माधौगढ़, जिला–जालौन ।

कुल मतदाता–2,35,052, कुल मतदान–1,34,507,

प्राप्त मत– 1–श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह–39,452,

2–श्री सन्तराम सिंह–36,907 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

**बैजनाथ दुबे, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–146, कटरा बाजार,
जिला–गोण्डा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री भवानी प्रसाद दुबे । जन्म तिथि–3 मई, 1956 । जन्म स्थान–ग्राम–परसामहेशी (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (अवध विश्वविद्यालय) । विवाह–सन् 1976 में। पत्नी का नाम–श्रीमती माया देवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी के जेल भरो आन्दोलनों में आप अनेक बार पुलिस लाइन्स, गोण्डा एवं लखनऊ में बन्दी रहे । आप विकास खण्ड हलधरमऊ, गोण्डा के 1996 से 2001 तक ब्लाक प्रमुख रहे हैं ।

जनसेवा व कृषि कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनीति एवं भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–परसामहेशी, जिला–गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,33,269, कुल मतदान–1,27,309,

प्राप्त मत– 1–श्री बैजनाथ दुबे–48,667,

2–श्री बावन सिंह–46,205 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## बैजनाथ पासवान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–203, मोहम्मदाबाद गोहना (अ०जा०),

जिला–मऊ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मुखलाल । जन्म तिथि–3 अप्रैल, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०–फतेहपुर (मऊ) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–साक्षर । विवाह-तिथि–22 जून, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती फूलमती देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने वर्ष 1999 में पार्टी द्वारा चलाये गये आन्दोलन में भाग लिया और जिला–कारागार, आजमगढ़ में 5 घण्टे बन्दी रहे ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–फतेहपुर, जिला–मऊ ।

कुल मतदाता–2,57,497, कुल मतदान–1,41,013,

प्राप्त मत– 1–श्री बैजनाथ–52,447,

2–श्री बनवारी–51,518 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र--184, कसया,

जिला--देवरिया।

दल--समाजवादी पार्टी।

पिता--स्व० परमेश्वर त्रिपाठी। जन्म तिथि--15 मई, 1949। जन्म स्थान--पिपराझाम। धर्म--हिन्दू। शिक्षा--स्नातक, एल--एल०बी० (गोरखपुर वि० वि०)। विवाह--मई, 1966 में। पत्नी का नाम--स्व० लीलावती त्रिपाठी। सन्तान--दो पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय--कृषि एवं वकालत।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। पार्टी आन्दोलनों में आप कई बार धारा 144 सी० आर० पी० सी० के अन्तर्गत जिला कारागार, देवरिया में बन्दी रहे। आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति तथा प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे हैं। वर्ष 1983-88 और 1988-89 में ब्लाक, कसया के प्रमुख तथा 1988 से 1993 तक जिला सहकारी बैंक, देवरिया के संचालक रहे हैं। सम्प्रति आप वर्ष 1974 से जनता माध्यमिक विद्यालय, पिपराझाम और वर्ष 2001 से विवेकानन्द इण्टर कालेज मुसहरी, देवरिया के प्रबन्धक, वर्ष 1985 से फील्ड मार्शल मानक शाह इण्टर कालेज नौतनहथियागढ़, देवरिया के अध्यक्ष हैं और उ०प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं।

मुख्यावास--ग्रा० व पो०--पिपराझाम, जिला--कुशीनगर।

कुल मतदाता--2,62,594, कुल मतदान--1,62,098,

प्राप्त मत-- 1--श्री ब्रहमा शंकर त्रिपाठी--80,752,

2--श्री सूर्य प्रताप शाही--55,867 (भारतीय जनता पार्टी)।



**भगवत सरन गंगवार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–37, नवाबगंज,
जिला–बरेली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री चुन्नी लाल गंगवार । जन्म तिथि–1 मार्च, 1956 । जन्म स्थान–ग्रा०–अहमदाबाद (बरेली) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–इण्टरमीडिएट (बरेली) । विवाह तिथि–6 जून, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुनीला गंगवार । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1991 के उपचुनाव में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश ग्यारहवीं विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । छात्र आन्दोलन के दौरान आप वर्ष 1973 में बरेली में 30 घण्टे और श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन में वर्ष 1990 में 16 दिन तथा राजनैतिक आन्दोलन में कई बार जिला–कारागार, शाहजहांपुर और बरेली में बन्दी रहे । आप आरम्भ से ही राम प्रसाद विस्मिल हाईस्कूल, ददिया बाबूराम के सदस्य, आदर्श महाविद्यालय, नवाबगंज के संस्थापक सदस्य, कुर्मि क्षत्रिय शिक्षा प्रसार समिति तथा कुर्मि क्षत्रिय इण्टर कालेज वरसिया, बरेली के अध्यक्ष हैं । आपने भ्रमण के उद्देश्य से नेपाल की यात्रा की है ।


आध्यात्म, न्याय, निर्धनों की सेवा, उद्योग एवं शिक्षा के विकास में आपकी विशेष रुचि है तथा शाक-भाजी और मित्रों का साथ प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–अहमदाबाद, जिला–बरेली।

कुल मतदाता–2,02,189, कुल मतदान–1,36,372,

प्राप्त मत– 1–श्री भगवत सरन गंगवार–63,913,

2–श्री एम० पी० आर्य–35,008 (भारतीय जनता पार्टी)।



## भगेलू राम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–112, कादीपुर (अ०जा०),
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री झिम्मन । जन्म तिथि–13 मार्च, 1954 । जन्म स्थान–ग्रा०–कराई (सुल्तानपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० । विवाह तिथि–7 मार्च, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला देवी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप अधिष्ठाता–मण्डल (1995-96) तथा उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1994-1995) के सदस्य/सभापति रहे हैं और वर्तमान में भी अधिष्ठाता–मण्डल (2002-2003), संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003), विशेषाधिकार समिति (2002-2003) तथा प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । आप वर्ष 1993 से डा० अम्बेडकर सेवा संस्थान कमरावां, कादीपुर–सुल्तानपुर के अध्यक्ष हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट देखना, फुटबाल, बालीबाल एवं हाकी प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मालापुर–जगदीशपुर, पो०–कादीपुर, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,63,763, कुल मतदान–1,47,735,

प्राप्त मत– 1–श्री भगेलूराम–39,536,

2–श्री काशीनाथ–33,079 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## भरत सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–210, द्वाबा,
जिला–बलिया ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामचीज सिंह । जन्म तिथि–15 सितम्बर, 1948 । जन्म स्थान–नौकाटोला (बलिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–6 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती शिला सिंह । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 में आप प्रथम बार जनता पार्टी से तथा सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1976-77 में जे० पी० आन्दोलन में डी० आई० आर० व मीसा के अन्तर्गत आप जिला कारागार, चौकाघाट, वाराणसी तथा केन्द्रीय कारागार, शिवपुर, वाराणसी में बन्दी रहे । आप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी छात्रसंघ के महामंत्री और अध्यक्ष रहे हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति (2002-2003) के सदस्य और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती के मंत्रिमंडल में खाद्य एवं रसद विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।


शिक्षा एवं चिकित्सा सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–नौकाटोला, पो०–कर्णछपरा, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,76,571, कुल मतदान–1,12,900,

प्राप्त मत– 1–श्री भरत–38,411,

2–श्री विक्रमा–33,555 (समाजवादी पार्टी) ।



**भारतेन्द्र सिंह, कुंवर**

निर्वाचन क्षेत्र–6, बिजनौर,
जिला–बिजनौर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–राजा देवेन्द्र सिंह । जन्म तिथि–14 जनवरी, 1964 । जन्म स्थान–देहरादून । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (जाट) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (सेंट स्टीफन्स कालेज, दिल्ली) । विवाह तिथि–11 दिसम्बर, 1996 । पत्नी का नाम–श्रीमती सलोनी सिंह । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप एफ्रो एशियन गेम्स कमेटी के सदस्य, जिला ओलम्पिक संघ व उत्तर प्रदेश वोमेन्स फुटबाल संघ के अध्यक्ष, विकलांग आश्रम, मुस्सेपुर–बिजनौर के मंत्री, राजा चरन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साहनपुर, बिजनौर के प्रबन्धक और भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हैं । सम्प्रति आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मंडल में सिंचाई राज्य मंत्री रहे हैं ।

विकलंग कल्याण, कृषि, शिक्षा एवं खेल में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–रियासत साहनपुर, जनपद–बिजनौर, उ० प्र० ।

कुल मतदाता–2,56,160, कुल मतदान–1,48,426,

प्राप्त मत– 1–कुंवर भारतेन्द्र सिंह–52,195,

2–श्री तसलीम–35,856 (समाजवादी पार्टी) ।



## भूपेन्द्र सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–30, विनावर,
जिला–बदायूं ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री दरियाब सिंह । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1951 । जन्म स्थान–उत्तर प्रदेश । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम०ए० (सोशल वर्क) । विवाह-तिथि–28 फरवरी, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती राशि राठौर । सन्तान–चार पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (ईंट भट्ठा) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 2002-2003 के लिए गठित विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सदस्य रहे और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से सुश्री मायावती मंत्रि-मंडल में अनौपचारिक शिक्षा तथा 19 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक राजनैतिक पेंशन विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–नगर पंचायत गुलड़िया, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–2,15,926, कुल मतदान–1,33,661,

प्राप्त मत– 1–श्री भूपेन्द्र सिंह–33,484,

2–श्री सुरेश पाल सिंह चौहान–29,582 (समाजवादी पार्टी) ।

***मंजूर अहमद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–40, बहेड़ी,

जिला–बरेली ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–हाजी अब्दुल रशीद । जन्म तिथि–28 नवम्बर, 1938 । जन्म स्थान–बहेड़ी (बरेली) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–5 मार्च, 1961 । पत्नी का नाम–श्रीमती मुमताज जहां । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि और उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार निर्दलीय, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । अनेक सामाजिक आन्दोलनों में आपने भाग लिया । आप दारुलउलूम मदरसा शेरिया, बहेड़ी के 10 वर्ष, शेरयो मेम्बर, नगरपालिका बहेड़ी के 1964 से 1971 तक तथा उत्तर प्रदेश जल परचेजिंग कमेटी के सदस्य 1981 से 83 तक रहे । वर्ष 1989-91 में आप उ० प्र० विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य भी रहे ।

जनसेवा तथा अल्पसंख्यकों व दलितों के उत्थान में आपकी विशेष रुचि थी ।

मुख्यावास–सुनहरी मस्जिद, टाण्डा, उत्तरी बहेड़ी, जिला–बरेली ।


कुल मतदाता–235,843, कुल मतदान–1,61,804,

प्राप्त मत– 1–* श्री मंजूर अहमद–39,611,

2–श्री अताउल रहमान–36,728 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---

* श्री मंजूर अहमद की मृत्यु दिनांक 6 मार्च, 2002 को अपराह्न में हो गयी । अतः उक्त स्थान दिनांक 6 मार्च, 2002 के अपराह्न से रिक्त हो गया ।



## मतेश चन्द्र सोनकर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–264, सिराथू (अ०जा०),

जिला–कौशाम्बी ।

* दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम खेलावन सोनकर । जन्म तिथि–28 सितम्बर, 1966 । जन्म स्थान–बिहामिदपुर (इलाहाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (खटिक) । शिक्षा–स्नातक (कानपुर वि० वि०) । विवाह तिथि–2 मई, 1995 । पत्नी का नाम–श्रीमती रेनू सोनकर । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (मेडिकल स्टोर) ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के लिये चुने गये हैं । वर्ष 1997-98 में विधान सभा की नियम समिति तथा प्राक्कलन समिति के आप सदस्य रहे हैं । आप दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा एवं कृषि कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–बिहामिदपुर, पो०–कड़ा, जिला कौशाम्बी ।

कुल मतदाता–2, 29,140, कुल मतदान–1,20,728,

प्राप्त मत– 1–श्री मतेश चन्द्र सोनकर–33,464,

2–श्री शैलेन्द्र कुमार 29,655 (समाजवादी पार्टी) ।

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## मदन गोपाल वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–269, जहानाबाद,
जिला–फतेहपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री भगवानदीन । जन्म तिथि–2 जनवरी, 1958 । जन्म स्थान–ग्रा०–बकियांपुर मजरे विधनपुर (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–21 जून, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुम वर्मा । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार जनता दल से तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में समाजवादी पार्टी से दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन आन्दोलनों में आप जिला–कारागार, फतेहपुर में बन्दी रहे । उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के नवम्बर, 1993 से मई, 1995 तक सदस्य तथा वर्ष 1991 से 1993 तक पटेल समाज के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं ।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–बकियांपुर, पो०–कौह, जिला–फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,08,281, कुल मतदान–1,19,820,

प्राप्त मत–1–श्री मदन गोपाल वर्मा–27,930,

2–सै० कासिम हसन–27,462 (लोक जनशक्ति पार्टी) ।

**मदन चौहान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–376, गढ़मुक्तेश्वर,
जिला–गाजियाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री कर्म सिंह । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1956 । जन्म स्थान–ग्रा०–मदार पुरा, (मेरठ) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (मेरठ कालेज) । विवाह–जून, 1984 में। पत्नी का नाम–श्रीमती माला चौहान । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया है । आप विकलांग ज्ञान मंदिर के तीन वर्ष एवं उपभोक्ता जागरूक मंच के एक वर्ष अध्यक्ष तथा सामाजिक सेवा संस्था लोक मंच के दो वर्ष उपाध्यक्ष रहे हैं ।


समाज में आर्थिक एवं शारीरिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–बी–125, सेक्टर–26, नोयडा, जिला–गौतमबुद्ध नगर ।

कुल मतदाता–2, 35,503, कुल मतदान–1,34,899,

प्राप्त मत–1–श्री मदन चौहान–43,808,

2–श्री राम नरेश रावत–36,364 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## मदन भैया, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–384, खेकड़ा,
जिला–बागपत ।
दल–निर्दलीय ।

पिता– स्व० भूले राम । जन्म तिथि–11 सितम्बर, 1959 । जन्म स्थान–ग्रा०–जावली (गाजियाबाद) । धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति (गूर्जर)। शिक्षा–स्नातक। विवाह–सन् 1992 में । पत्नी का नाम–श्रीमती गीता देवी । सन्तान–3 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1991 के उपचुनाव में प्रथम बार जनता पार्टी से, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार निर्दलीय विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । हस्तिनापुरम् योजना में भूमि मुआवजा बढ़ाने हेतु किसान–आन्दोलन का आपने नेतृत्व किया तथा समाजवादी पार्टी के राजभवन घेरो आन्दोलन में धारा–144 का उल्लंघन करने पर एक दिन जिला–कारागार, लखनऊ में बन्दी रहे । सम्प्रति आप श्री भूलेराम स्मारक कन्या इण्टर कालेज, धारीपुर, गाजियाबाद के अध्यक्ष हैं ।

समाज सेवा एवं प्राचीन धार्मिक पर्यटन स्थलों के भ्रमण में आपकी विशेष रुचि है तथा बालीबाल, योगासन और राग–रागिनी सुनना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–जावली, जिला–गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–4,30,731, कुल मतदान–1,81,402,

प्राप्त मत–1–श्री मदन भैया–53,963,

2–श्री समसाद–41,407 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## मदन सिंह गौतम उर्फ संतोष कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–286, अजीतमल (अ०जा०),
जिला–औरैया ।
दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री सुखवासी लाल । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1961 । जन्म स्थान–उत्तर प्रदेश । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह–सन् 1987 में । पत्नी का नाम–श्रीमती संतोष कुमारी । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–जगदीशपुर–रतनीपुर, पो०–भीखेपुर, जिला–औरैया ।

कुल मतदाता–2,11,008, कुल मतदान–1,13,571,

प्राप्त मत–1–श्री मदन सिंह उर्फ संतोष कुमार–35,644,

2–श्री छक्की लाल–32,545 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–92, तिलोई,
जिला–रायबरेली ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–तिलोई, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,35,782, कुल मतदान–1,35,709,

प्राप्त मत–1–श्री मयंकेश्वर शरण सिंह–33,579,

2–श्री मुस्लिम–32,593 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## मलिक मसूद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–193, सगड़ी,

जिला–आजमगढ़ ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री इश्तियाक अहमद । जन्म तिथि–6 जुलाई, 1949 । जन्म स्थान–सगड़ी (आजमगढ़) । धर्म–इस्लाम । जाति–पिछड़ी जाति (शेख सुन्नी) । शिक्षा–स्नातक, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–1 नवम्बर, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती शीरीन मसूद । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति उत्तर प्रदेश विधान सभा की विशेषाधिकार समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

निर्धन एवं बीमार व्यक्तियों की सेवा तथा सहायता करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सगड़ी, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,53,083, कुल मतदान–1,40,399,

प्राप्त मत–1–श्री मलिक मसूद–48,895,

2–श्री राम प्यारे सिंह–48,255 (समाजवादी पार्टी) ।



**मशहूद खां, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–139. तुलसीपुर,

जिला–बलरामपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० बदरूज्जमा खां । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1969 । जन्म स्थान– ग्राम–त्रिलोकपुर (बलरामपुर) । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । शिक्षा–स्नातक, (महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय, बलरामपुर) । व्यवसाय–कृषि एवं निर्माण कार्य ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 2002 में राजभवन घेराव करते हुए जेल भरो आन्दोलन में दो दिन जिला–कारागार, गोण्डा में बन्दी रहे । आप राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन वर्ष, रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति तथा दूर संचार उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य एक-एक वर्ष तक रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा प्राकृतिक सौंदर्य, वन-विहार तथा वन्य जीव-जन्तु प्रिय हैं ।

मुख्यावास–रानी लक्ष्मी बाई मार्ग, पुरानी बाजार, तुलसीपुर, जिला–बलरामपुर ।

कुल मतदाता–2,31,068, कुल मतदान–1,37,301,

प्राप्त मत–1–श्री मशहूद खां–47,817,

2–श्री कमलेश कुमार सिंह–45,421 (निर्दलीय) ।



**मस्तराम एडवोकेट, चौ०**

निर्वाचन क्षेत्र–82, हसनगंज (अ०जा०),

जिला–उन्नाव।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री भूरे लाल। जन्म तिथि–1 अगस्त, 1949। जन्म स्थान–ग्रा०–हसेवां (उन्नाव)। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति (धोबी)। शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी०। विवाह–सन् 1977 में। पत्नी का नाम–श्रीमती सूर्यकली। व्यवसाय–कृषि एवं वकालत।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। पार्टी द्वारा चलाये गये आन्दोलनों में जिला कारागार, उन्नाव एवं रायबरेली में लगभग एक माह बन्दी रहे। श्री कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में आप नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं। विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सभापति (वर्ष 1999-2002 तक) तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के दो बार सदस्य रहे हैं। अनेक शिक्षण संस्थाओं के आप संरक्षक हैं।

समाज सेवा, राजनैतिक कार्य, कृषि एवं वकालत में आपकी विशेष रुचि है तथा पठन-पाठन प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–हसेवा, पो०–हसनगंज, जिला–उन्नाव।

कुल मतदाता–2,19,601, कुल मतदान–1,24,250,

प्राप्त मत– 1–श्री मस्तराम–37,421,

2–श्री राकेश–34,817 (बहुजन समाज पार्टी)।



**महबूब अली, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र--9, अमरोहा,
जिला--ज्योतिबाफूले नगर (अमरोहा) ।
* दल--राष्ट्रीय परिवर्तन दल ।

पिता--श्री बशीर अहमद । जन्म तिथि--4 अप्रैल, 1953 । जन्म स्थान--ग्रा०-- शकूरपुर शमसपुर । धर्म--इस्लाम । जाति--पिछड़ी जाति (मुस्लिम)। शिक्षा--इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि--10 जून, 1972 । पत्नी का नाम--श्रीमती सकीना बेगम । सन्तान--दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय--कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में कांठ निर्वाचन क्षेत्र से प्रथम बार जनता पार्टी के टिकट पर तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय परिवर्तन दल से उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया और जिला-कारागार, मुरादाबाद में 4 दिन बन्दी रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1994-95) के सदस्य और वर्ष 1986 से 1988 तक दुग्ध उत्पादक स० संघ, मुरादाबाद के निर्वाचित संचालक (अध्यक्ष) रहे हैं । आप दिनांक 11 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मंडल में मुस्लिम वक्फ राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

---

* दिनांक 5 मार्च 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।
दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा कृषि प्रिय है।

मुख्यावास–मो०–290-दानिशमदान, अमरोहा शहर।

कुल मतदाता–2,43,501, कुल मतदान–1,43,169,

प्राप्त मत– 1–श्री महबूब अली–59,314,

2–डा० हरी सिंह ढिल्लन–50,042 (राष्ट्रीय लोक दल)।



## महेन्द्र अरिदमन सिंह, राजा

निर्वाचन क्षेत्र–336, बाह,

जिला–आगरा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राजा महेन्द्र रिपुदमन सिंह (भूतपूर्व राज्य मंत्री, उ० प्र०) । जन्म तिथि–23 जनवरी, 1957 । जन्म स्थान–आगरा । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (आगरा वि०वि०) । विवाह तिथि–9 मई, 1987 । पत्नी का नाम–रानी पक्षालिका सिंह । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, दूसरी बार, मई-जून, 1991 में, तीसरी बार नवम्बर, 1993 में लगातार जनता दल से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप पांचवीं बार भारतीय जनता पार्टी से उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप जिला सहकारी बैंक, आगरा के अध्यक्ष तथा उ० प्र० विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के सदस्य रहे । श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह के मंत्रिमंडल में राष्ट्रीय एकीकरण, इलेक्ट्रानिक्स तथा परिवहन विभाग के मंत्री रहे हैं । आप सुश्री मायावती मंत्रिमंडल में दिनांक 5 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री रहे हैं ।

सामाजिक कार्य, देशाटन, क्रिकेट, निशानेबाजी और कार रैली में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन और आध्यात्म-चिन्तन प्रिय है ।

मुख्यावास–भदावर कोठी, कंधारी–आगरा ।

कुल मतदाता–2,38,529, कुल मतदान–1,26,179,

प्राप्त मत– 1–राजा महेन्द्र अरिदमन सिंह–54,073,

2–श्री संतोष चौधरी–28,066 (समाजवादी पार्टी) ।



## महेन्द्र कुमार सिंह उर्फ झीन बाबू, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–58, बेहटा,
जिला–सीतापुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० महराज कुमार सिंह । जन्म स्थान–ग्रा०–सुफौली (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातक । विवाह–अक्टूबर, 1989 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सुनीता सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न आन्दोलनों में अनेक बार जिला कारागार, सीतापुर में बन्दी रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के आप सदस्य हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।


जनसेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन करना और दूरदर्शन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सुफौली, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,31,255, कुल मतदान–1,41,655,

प्राप्त मत– 1–श्री महेन्द्र कुमार सिंह–51,105,

2–श्री जफर अहमद फारूकी–36,815 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## महेन्द्र सिंह जाटव, चौ०

निर्वाचन क्षेत्र–358, कोल (अ०जा०),
जिला–अलीगढ़ ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री शिवचरन सिंह । जन्म तिथि–31 दिसम्बर, 1956 । जन्म स्थान–ग्राम–रहसूपुर (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह–मई, 1984 में । पत्नी का नाम–श्रीमती राजरानी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 4 फरवरी, 2003 एवं 4 फरवरी, 2003 से 21 अप्रैल, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में क्रमशः विकलांग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री रहे हैं ।


खेलों में निशानेबाजी एवं शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–रहसूपुर, जिला–अलीगढ़, उ० प्र० ।

कुल मतदाता–2,83,608, कुल मतदान–1,25,231,

प्राप्त मत–1–श्री महेन्द्र सिंह–44,334,

2–श्री राजेन्द्र कुमार–36,617 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**महेन्द्र सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–368, बुलन्दशहर,
जिला–बुलन्दशहर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० टेकचन्द्र यादव । जन्म तिथि–23 जून, 1942 । जन्म स्थान–ग्रा०–दादूपुर नीला (बुलन्दशहर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम०एस–सी० (अन्तर्राष्ट्रीय विपणन, यू० के–95), एम०ए० (राज० शास्त्र, कानपुर वि०वि०), एल–एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–3 जुलाई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती नीरा यादव (आई०ए०एस०) । सन्तान–3 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2000-2001), विशेषाधिकार समिति (2001-2002) तथा अधिष्ठाता–मण्डल (2001) के सदस्य रहे हैं । भारतीय सेना में आप लेफ्टीनेन्ट से कैप्टन (1965-70), भारतीय पुलिस सेवा में स०पु० अधीक्षक एवं अपर पुलिस महानिदेशक (1971-95) एवं वर्ष 1981 से 1993 के मध्य भारतीय खाद्य निगम, सीमेन्ट निगम, खनिज एवं ब्रिटिश इण्डिया कारपोरेशन, कानपुर सहित प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के अनेक निगमों एवं प्रतिष्ठानों में प्रतिनियुक्ति पर मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चेयरमैन रहे हैं । वर्ष 1965 से राष्ट्रीय इण्टर कालेज, इस्माईलपुर, वर्ष 1985 से दयानन्द चौबीसा डिग्री कालेज, मोहाना, जिला बुलन्दशहर, वर्ष 2000 से कलेक्ट्रेट व सिविल बार एसोसियेशन बुलन्दशहर एवं वर्ष 2001 से सुप्रीम कोर्ट बार एसोसियेशन के सदस्य हैं । आप दिनांक 11 अक्टूबर,

2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में माध्यमिक शिक्षा मंत्री रहे । आप विधान सभा की विशेषाधिकार समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । आपने शासकीय, संसदीय, व्यक्तिगत एवं पर्यटन के उद्देश्य से यू०के०, यू०एस०ए०, कनाडा, नीदरलैण्ड, स्विटजरलैण्ड, जर्मनी, फ्रांस, बेलजियम, सिंगापुर एवं मलेशिया आदि देशों की यात्रा की हैं ।

जनसेवा एवं पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन, सिनेमा देखना एवं खेलकूद (तैराकी, दौड़, घुड़सवारी) प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–दादूपुर नीला, पो०–गाजीपुर, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,71,906, कुल मतदान–1,28,898.

प्राप्त मत–1–श्री महेन्द्र सिंह यादव–36,634,

2–श्री शाहिद अली–31,882 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## महेन्द्र सिंह राजपूत, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–288, इटावा,
जिला–इटावा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गंगा राम राजपूत । जन्म तिथि–5 मई, 1965 । जन्म स्थान–ग्रा०–खांद, (इटावा), धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । पत्नी का नाम–श्रीमती मंजू देवी राजपूत । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1997 से 2001 तक आप जिला–पंचायत, इटावा के अध्यक्ष रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–खांद पुरावली, पो०–पुरावली, जिला–इटावा ।

कुल मतदाता–2,60,569, कुल मतदान–1,21,118,

प्राप्त मत–1–श्री महेन्द्र सिंह राजपूत–36,713,

2–श्री जगवीर सिंह भदौरिया–32,683 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## महेश त्रिवेदी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–280, राजपुर,

जिला–कानपुर देहात ।

दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री राम गणेश त्रिवेदी । जन्म तिथि–30 दिसम्बर, 1967 । जन्म स्थान–पुखरायां (कानपुर देहात) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए०, एल–एल०बी० । विवाह तिथि–20 मई, 1990 । पत्नी का नाम–श्रीमती आशा त्रिवेदी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–त्रिवेदी मार्केट, मेन रोड पुखरायां, जिला–कानपुर देहात ।

कुल मतदाता–2,32,890, कुल मतदान–1,27,197,

प्राप्त मत–1–श्री महेश चन्द्र–26,626,

2–श्री भूपेन्द्र सिंह–25,654 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**महेश नारायण सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–255, हण्डिया,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–जुनेदपुर, पो०–हनुमानगंज, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,68,154, कुल मतदान–1,59,125,

प्राप्त मत–1–श्री महेश नारायण सिंह–73,074,

2–श्री राकेशधर त्रिपाठी–45,759 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**माता प्रसाद पाण्डेय, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–155, इटवा,
जिला–सिद्धार्थनगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गोमती प्रसाद पाण्डेय । जन्म तिथि–31 दिसम्बर, 1942 । जन्म स्थान–ग्रा०–पिरैला (सिद्धार्थनगर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–14 मई, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती सूर्यमती पाण्डेय । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई, 1980 के निर्वाचन में जनता (एस०) चरण सिंह, 1985 में दूसरी बार लोकदल से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न राजनीतिक आन्दोलनों एवं डी०आई०आर० के अन्तर्गत आप तिहाड़ जेल, दिल्ली एवं बस्ती कारागार में बन्दी रहे । आप उ० प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति, याचिका समिति, प्रतिनिहित विधायन समिति, संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति, नियम समिति तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति, लोक लेखा समिति (2002-2003) और अधिष्ठाता-मण्डल (2003-2004) के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1977 से माता प्रसाद जायसवाल इण्टर कालेज तथा श्रीमती यशोदा देवी कन्या हाई स्कूल, इटवा के प्रबन्धक हैं । गोविन्द बल्लभपन्त कृषि विश्वविद्यालय, पन्तनगर की प्रबन्ध समिति तथा पत्रकार पेंशन विधि विधेयक विषयक प्रवर समिति के भी सदस्य रहे हैं । आप 20 दिसम्बर, 1990 से 24 जून, 1991तक श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से पुनः मंत्री और कार्य-मन्त्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य हैं । आपने नेपाल की यात्रा भी की है ।

अध्ययन भ्रमण में आपकी विशेष रुचि है तथा स्थानीय समस्याओं के निराकरण हेतु लोगों के बीच बैठकर विचार-विमर्श करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०--पिरैला, पो०–भदोखर बाजार, जिला–सिद्धार्थनगर ।

कुल मतदाता–2,32,352, कुल मतदान–1,34,466,

प्राप्त मत–1–श्री माता प्रसाद पाण्डेय–47,548,

2–मो० मुकीम–37,447 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**मानपाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–331, कासगंज,

जिला–एटा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० कुन्दन सिंह । जन्म तिथि–6 अगस्त, 1938 । जन्म स्थान–ग्रा०–महावर (एटा) । धर्म–सनातन हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० (आगरा वि०वि०) एडवोकेट । विवाह तिथि–10 मई, 1954 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुराज कुमारी । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्वप्रथम 1974 में, दूसरी बार मई, 1978 के उप निर्वाचन में (सोरो), तीसरी बार मई, 1980 में तत्पश्चात् मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार लगातार कांग्रेस पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 2 अक्टूबर, 1977 को कासगंज बारादरी कांग्रेस झण्डा आन्दोलन में तथा 1998 के बाद समाजवादी पार्टी के हर आन्दोलन में आप गिरफ्तार हुए तथा धारा–188 के अन्तर्गत जिला कारागार, एटा में कुल 21 दिन राजनीतिक बन्दी रहे । उत्तर प्रदेश विधान सभा की लोक लेखा समिति (1982 से 1984), प्राक्कलन समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1984-85), कार्य मंत्रणा समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1979-80), प्रतिनिहित विधायन समिति तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1978-1979) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से आप श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । आप कांग्रेस विधान मण्डल दल के उप मुख्य सचेतक एवं वर्ष 1984 से 89 तक खाद्य व रसद विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे तथा कांग्रेस पार्टी के ही शासन काल में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के डाइरेक्टर भी रहे हैं । आप आगरा कालेज, आगरा के ट्रस्टी

(1972-73), नेहरू इण्टर कालेज मेडू की कार्यकारिणी के सदस्य, कासगंज ब्लाक एटा के ब्लाक प्रमुख तथा कई शिक्षण-संस्थाओं से सम्बद्ध रहे हैं । सम्प्रति आप वर्ष 1980 से श्री मानपाल सिंह इण्टर कालेज, महावर के अध्यक्ष (फाउन्डर प्रेसीडेण्ट) तथा वर्ष 1985 से तिलक माध्यमिक विद्यालय, चकेरी (एटा) के प्रबन्धक हैं ।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा टी०वी० पर भजन आदि सुनना और समाचार-पत्र पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–दुर्गा कालोनी विलराय गेट, कासगंज, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–2,19,655, कुल मतदान–1,16,234,

प्राप्त मत–1–श्री मानपाल सिंह–31,958,

2–श्री महेन्द्र सिंह–25,412 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**माया प्रसाद, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–55, श्रीनगर,
जिला–लखीमपुर खीरी ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० दुर्जन लाल । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1961 । जन्म स्थान–ग्राम– नीर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–9 मई, 1979 । पति का नाम–श्री रामेश्वर प्रसाद । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, समाज सेवा एवं राजनीति ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-98) व (1998-99), अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1999-2001) और प्राक्कलन समिति (2002-2003) की सदस्या और प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) की सभापति रही हैं । सम्प्रति आप विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) की सदस्या हैं । आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रिमंडल में महिला कल्याण राज्य मंत्री रही हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा बैडमिण्टन खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–म०नं०–164, मो०–काशीनगर, जिला–लखीमपुर खीरी ।

कुल मतदाता–2,31,676, कुल मतदान–1,44,336,

प्राप्त मत–1–श्रीमती मायावती (माया प्रसाद)–41,735,

2–कुंवर धीरेन्द्र बहादुर सिंह–37,273 (समाजवादी पार्टी) ।



## * मायावती, सुश्री

निर्वाचन क्षेत्र–401, हरौड़ा (अ० जा०),
जिला–सहारनपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री प्रभुदास । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1956 । जन्म स्थान–दिल्ली । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी० ए०, बी० एड०, एल-एल० बी० । व्यवसाय–अध्यापन एवं वकालत ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा फ़रवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में अब दूसरी बार भी आप बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर उ० प्र० विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप बहुजन समाज पार्टी के ही टिकट पर वर्ष 1989 के सामान्य निर्वाचन में बिजनौर संसदीय क्षेत्र से तथा 1998 व 1999 के मध्यावधि निर्वाचनों में अकबरपुर (सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा की तथा 1994 में उत्तर प्रदेश से राज्य सभा की सदस्या चुनी गयीं । आप बामसेफ तथा डी० एस०–4 की सचिव तथा बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री रहीं हैं । आप दिनांक 3 जून, 1995 से 17 अक्टूबर, 1995 तक प्रथम बार, दिनांक 21 मार्च, 1997 से दिनांक 20 सितम्बर, 1997 तक दूसरी बार तथा दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक तीसरी बार उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री रही हैं । आप बहुजन समाज पार्टी की उपाध्यक्ष रहीं और अब अध्यक्ष हैं । पर्यटन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आपने थाईलैण्ड, कोरिया, जापान, इंग्लैण्ड तथा अमेरिका आदि देशों की यात्रा की हैं । "बहुजन समाज और उसकी राजनीति" शीर्षक से आपकी एक पुस्तक भी प्रकाशित हुई है ।

---

* सुश्री मायावती ने दिनांक 28 अगस्त, 2003 के अपराह्न में त्याग-पत्र दे दिया । अतः उक्त स्थान दिनांक 28 अगस्त, 2003 के अपराह्न से रिक्त हो गया ।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा पठन-पाठन, लेखन एवं बागवानी प्रिय है ।

मुख्यावास–13, माल एवेन्यू, लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,44,128, कुल मतदान–1,48,238,

प्राप्त मत–1–सुश्री मायावती–70,800,

2–सुश्री विमला राकेश–41,899 (समाजवादी पार्टी) ।



## मिथिलेश कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–45, पुवायां (अ०जा०),
जिला–शाहजहांपुर ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री परागू लाल । जन्म तिथि–5 नवम्बर, 1964 । जन्म स्थान–पुवायां । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (धानुक) । शिक्षा–बी०एस-सी० (गणित) । विवाह तिथि–8 मई, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला रानी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सुधार एवं कृषि कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–अमौना बुजुर्ग, पो०–विल्संडी बुजुर्ग, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–2,63,065, कुल मतदान–1,52,499.

प्राप्त मत–1–श्री मिथिलेश कुमार–31,816,

2–श्री हीरालाल–29,972 (समाजवादी पार्टी) ।



## मुंशीलाल गौतम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–369, शिकारपुर (अ०जा०),
जिला–बुलन्दशहर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सुम्मेर सिंह । जन्म तिथि–1 अगस्त, 1967। जन्म स्थान– ग्रा०–रसूलगढ़ । धर्म–हिन्दू (बौद्ध) । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–16 जून, 1983। पत्नी का नाम–श्रीमती राम प्यारी गौतम । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1995 से 2001 तक आप जिला पंचायत बुलन्दशहर के सदस्य, 1996 से 6 जनवरी, 1998 तक भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के सचिव रहे हैं । सम्प्रति उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) और डा० अम्बेडकर समाज सुधार समिति, बुलन्दशहर के सदस्य हैं ।

समाज सेवा एवं निर्धनों को सही मार्ग-दर्शन कराने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–रसूलगढ़, पो०–फजलपुर, तुलसी मार्केट, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,03,535, कुल मतदान–96,890,

प्राप्त मत– 1–श्री मुंशीलाल गौतम–29,175,

2–श्री गंगाराम–28,250 (समाजवादी पार्टी) ।



## मुकुट बिहारी वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–130. कैसरगंज,

जिला–बहराइच ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता –श्री राम सुख वर्मा । जन्म तिथि–16 मार्च, 1946। जन्म स्थान–ग्रा०–मदरिया (बहराइच), धर्म हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी)। शिक्षा–स्नातक, एल–एल०बी०, शास्त्री । विवाह तिथि–6 जून, 1962। पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री वर्मा । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । रिसिया होली काण्ड/आपातकाल में धारा 188 के अन्तर्गत आप उन्नीस दिन जिला कारागार, बहराइच में बन्दी रहे । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आप जिला कार्यवाह 7 वर्ष, छात्र संगठन किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय और कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहराइच के अध्यक्ष, सत्र न्यायालय, जनपद बहराइच के अति० शासकीय अधिवक्ता एक-एक वर्ष तथा सरस्वती विद्या मंदिर व सरस्वती शिशु मंदिर के क्रमशः प्रबन्धक/अध्यक्ष 7 वर्षों तक रहे हैं । आप सन् 1990 से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष, सन् 1994 से प्रदेश सदस्यता प्रमुख तथा 1996 से विभाग संयोजक और दिनांक 1 मई, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003 ) के सदस्य हैं । आपने नेपाल की व्यक्तिगत यात्रा की है ।


बागवानी, भाषण, बीमार व्यक्तियों की सेवा करना एवं पुस्तकों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मदरिया, परगना व तहसील–नानपारा, जिला–**बहराइच**।

कुल मतदाता–2,24,519, कुल मतदान–1,18,295.

प्राप्त मत–1–श्री मुकुट बिहारी वर्मा–39,355,

2–श्री गुलाम मोहम्मद–35,641 (बहुजन समाज पार्टी)।



## मुश्ताक सोलंकी, हाजी

निर्वाचन क्षेत्र–271, आर्यनगर,
जिला–कानपुर नगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० हाजी मोहम्मद रमजान । जन्म–सन् 1961 में। जन्म स्थान–कानपुर। धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–सन् 1977 में । पत्नी का नाम–श्रीमती खुर्शीदा बानो (हज्जिन) । सन्तान–छः पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना) आदि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप समाजवादी पार्टी, कानपुर के नगर अध्यक्ष 2 वर्ष रहे हैं । आपने हज एवं भ्रमण के उद्देश्य से क्रमशः सऊदी अरब और नैपाल की यात्रा की हैं । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1997-98) के सदस्य रहे और अब याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा निर्धनों की सहायता करना प्रिय है ।

मुख्यावास–98/162, पेंचबाग, कानपुर ।

कुल मतदाता–1,98,787, कुल मतदान–85,879,

प्राप्त मत–1–हाजी मुश्ताक सोलंकी–46,448.

2–श्री अनन्त मिश्रा अन्तू–19,132 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## मूल चन्द्र, श्री
## (ठाकुर मूलचन्द चौहान)

निर्वाचन क्षेत्र–2, धामपुर,

जिला–बिजनौर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री नौबत सिंह । जन्म तिथि–20 दिसम्बर, 1951 । जन्म स्थान–ग्रा०–नौरंगाबाद (बिजनौर) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय (राजपूत) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (अर्थशास्त्र) । विवाह तिथि–26 अप्रैल, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमलेश देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की लोक लेखा समिति (2000-2001) के आप सदस्य रहे हैं । आप ग्राम पंचायत, अल्हैपुर के 1982 से 1995 तक प्रधान, सहकारी गन्ना समिति, धामपुर, बिजनौर के 1995 से 1998 तक संचालक भी रहे । सम्प्रति वर्ष 1985 से जिला सहकारी बैंक, बिजनौर के प्रतिनिधि, वर्ष 1995 से आर० एस० एम० इण्टर कालेज, धामपुर प्रबन्ध तंत्र में कोषाध्यक्ष, वर्ष 1994 से संयुक्त सचिव हैं । आप चौदहवीं विधान सभा में प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य भी रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा मुंशी प्रेमचन्द्र की कहानियां प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–अल्हैपुर (नौरंगाबाद), पो०–धामपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,60,372, कुल मतदान–1,54,501,

प्राप्त मत–1–श्री मूल चन्द्र–56,597,

2–श्री अशोक कुमार राना–46,044 (राष्ट्रीय लोक दल) ।



## मोख्तार अंसारी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–204, मऊ,

जिला–मऊ ।

दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री काजी सुभानुल्लाह अंसारी । जन्म तिथि–30 जून, 1963 । जन्म स्थान–यूसुफपुर (गाजीपुर) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम (सुन्नी) । शिक्षा–बी० ए० । विवाह तिथि–15 अक्टूबर, 1989 । पत्नी का नाम–श्रीमती रेशमा अन्सारी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार निर्दलीय उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दलितों के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में चलाये गये आन्दोलन में आपने भाग लिया और बन्दी रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1997-98) और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (2001-2002) के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1994 से हिन्दू–मुस्लिम एकता कमेटी, गाजीपुर के संयोजक तथा 1995 से डा० मोख्तार अहमद अन्सारी इण्टर कालेज और सोसाइटी, गाजीपुर के सदस्य हैं ।

दलित, निर्धन, कमजोर लोगों की रक्षा करने एवं उनको हक दिलाने हेतु सहायता करने और स्पोर्ट्स में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–दर्जी मुहल्ला, कस्बा–यूसुफपुर, पो०–मुहम्मदाबाद, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,64,953, कुल मतदान–1,53,452,

प्राप्त मत–1–श्री मोख्तार अंसारी–70,687,

2–सुश्री सीता–37,645 (समता पार्टी) ।



## मोहन देव शंखवार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–338, टूण्डला (अ०जा०),
जिला–फिरोजाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री तोता राम शंखवार। जन्म तिथि–20 दिसम्बर, 1953 । जन्म स्थान–ग्रा०–जाटऊ (फिरोजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (कोरी) । शिक्षा–स्नातक । विवाह–सन् 1985 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सरला शंखवार । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । पार्टी आन्दोलन में भाग लेने के कारण आप सेण्ट्रल जेल, आगरा में बन्दी रहे । विगत 18 वर्षों से आप चूड़ी मजदूर सभा (ट्रेड यूनियन) के मंत्री हैं ।

टी० वी० देखना आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–म०नं०–669, आर्य नगर गली नं०–10, फिरोजाबाद ।

कुल मतदाता–2,66,827, कुल मतदान–1,28,109,

प्राप्त मत–1–श्री मोहन देव शंखवार–44,703,

2–श्री राम बहादुर चक–39,952 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## मोहम्मद आकिल उर्फ मुन्ना मियां, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–16, मुरादाबाद पश्चिम,
जिला–मुरादाबाद ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मुनव्वर हुसैन । जन्म–जनवरी, 1939 में । जन्म स्थान–ग्राम-करनपुर । धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह–सन् 1952 में । पत्नी का नाम–श्रीमती लतीफन निसां । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

वर्ष 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार निर्दलीय (कांग्रेस जे० में शामिल) तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (वर्ष 1985-86) के सदस्य तथा कांग्रेस (जे०) के वर्ष 1985 से 1989 तक सदन में सचेतक भी रहे । ग्राम सभा के प्रधान (1972) तथा ब्लाक जोगर के ब्लाक प्रमुख (1972-78) भी रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्राक्कलन समिति वर्ष (2002-03) के सदस्य हैं ।

जनसेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा कृषि कार्य प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–करनपुर, पो०–चौधरपुर, जि०–जे०पी० नगर ।

कुल मतदाता–2,65,621, कुल मतदान–1,34,775,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद आकिल उर्फ मुन्ना मियां–38,425,

2–श्री समरपाल सिंह–30,089 (समाजवादी पार्टी) ।



## मोहम्मद आजम खां, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–21, रामपुर,
जिला–रामपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० मो० मुमताज खां । जन्म तिथि–14 अगस्त, 1948 । जन्म स्थान–रामपुर । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–बी०ए० (आनर्स), एम०ए० (आनर्स), एल–एल०एम० । विवाह तिथि–17 मई, 1981 । पत्नी का नाम–डा० (श्रीमती) तज़ीन फातमा । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

वर्ष 1980 के निर्वाचन में प्रथम बार तथा 1985 में दूसरी बार भी लोकदल के टिकट से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से तीसरी बार, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार जनता पार्टी से, नवम्बर, 1993 में पांचवी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में छठी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । नवम्बर, 1996 में समाजवादी पार्टी से ही आप राज्य सभा के सदस्य निर्वाचित हुए तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होने के कारण दिनांक 9 मार्च, 2002 को राज्य सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र दे दिया । अनेक छात्र-आन्दोलनों और मीसा सहित अनेक राजनैतिक धाराओं के अन्तर्गत आप अलीगढ़, रामपुर, फैजाबाद, उन्नाव तथा वाराणसी जेल में कुल मिलाकर लगभग तीन वर्ष बन्दी रहे । विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1984-85), संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (1982-1983), प्राक्कलन समिति तथा याचिका समिति के आप सदस्य रहे हैं । श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में वर्ष 1989 में आप श्रम, सेवायोजन एवं मुस्लिम वक्फ, वर्ष 1993 में दूसरी बार सहकारिता एवं मुस्लिम वक्फ विभाग के मंत्री रहे तथा अब दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से तीसरी बार मंत्री

हैं और कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य हैं । आप माइनारिटीज फोरम आफ इण्डिया व मौलाना मो० अली जौहर कल्याणकारी समिति के अध्यक्ष तथा अन्य अनेक सामाजिक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं । विधान सभा में दिनांक 13 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 तक आप नेता, विरोधी दल के पद पर आसीन रहे हैं । इसके अतिरिक्त आप डा० राम मनोहर लोहिया ट्रस्ट के ट्रस्टी, समाजवादी पार्टी के केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं । आपने सऊदी अरब, ईराक तथा यूरोप के अनेक देशों की यात्रा की है ।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–घेरमीरबाज खां, जेल रोड, जिला–रामपुर ।

कुल मतदाता–2,76,021, कुल मतदान–1,26,842,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद आजम खां–73,920,

2–श्री अफरोज अली खां–35,929 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

## मोहम्मद इरशाद खां, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–८९, सरोजनी नगर,
जिला–लखनऊ ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।

मुख्यावास–मो०–मुगलान, काकोरी टाउन एरिया, लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,79,873, कुल मतदान–1,48,003,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद इरशाद खां–48,276,

2–श्री श्याम किशोर यादव–45,684 (समाजवादी पार्टी) ।



## मोहम्मद बशीर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–341, आगरा कैण्टूनमेंट,
जिला–आगरा ।
* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

मुख्यावास–22/191, टोलीखार मन्टोला, जिला–आगरा ।

कुल मतदाता–2,67,818, कुल मतदान–90,550,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद बशीर–32,182,

2–श्री केशो मेहरा–30,662 (भारतीय जनता पार्टी) ।

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## मोहम्मद मुज़तबा सिद्दीकी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–257, सोरांव,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० मोहम्मद इलियास । जन्म तिथि–6 मई, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–लिलहट (इलाहाबाद)। धर्म–मुस्लिम। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–15 मार्च, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती शबाना परवीन । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । ग्राम सभा लिलहट, फूलपुर, इलाहाबाद के वर्ष 1988 से 1994 तक आप ग्राम प्रधान तथा बहुजन समाज पार्टी, इलाहाबाद के जिला संगठन मंत्री रहे हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने सिंगापुर तथा नेपाल की यात्रा की है ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा दूरदर्शन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–लिलहट फूलपुर, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,44,178, कुल मतदान–1,38,023,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद मुज़तबा सिद्दीकी–37,619,

2–सुश्री जानकी देवी–36,854 (समाजवादी पार्टी) ।



## मोहम्मद रिजवान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–15. कुन्दरकी,
जिला–मुरादाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री भुल्लन । जन्म तिथि–4 जुलाई, 1953 । जन्म स्थान–ग्रा०–डोमघर । धर्म–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–5 मई, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती नईमा बेगम । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की वर्ष 2002-03 के लिए गठित सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सदस्य हैं । सहकारिता समिति के 3 वर्ष तथा गन्ना समिति के 5 वर्ष डायरेक्टर और जिला पंचायत के 5 वर्ष सदस्य रहे हैं । हज के उद्देश्य से आपने सऊदी अरब की यात्रा की है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा विद्यार्थी जीवन से ही राजनीति प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–डोमघर, पो०–फरहेंदी, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,39,981, कुल मतदान–1,52,388.

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद रिजवान–53,348.

2–श्री ऋषिपाल सिंह–35,466 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**मोहम्मद शफीर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–265, खागा,

जिला–फतेहपुर ।

* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–अफोई, थाना–सुल्तानपुर घोष, जिला–फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,43,483, कुल मतदान–1,42,710,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद शफीर–33,332,

2–श्री मुन्ना लाल मौर्य–30,258 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## यशपाल चौधरी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–57, धौरहरा,

जिला–लखीमपुर खीरी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बेचे लाल चौधरी । जन्म तिथि–31 मई, 1958 । जन्म स्थान–ग्रा०–वेलवा मोती । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–29 मई, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता सिंह । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये गये आन्दोलनों में आप कई बार धारा–144 का उल्लंघन करने पर जिला–कारागार, लखीमपुर खीरी में बन्दी रहे । उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (1993-1995) के आप सदस्य रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की विशेषाधिकार समिति (2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । गन्ने की खेती के अध्ययन हेतु आपने आस्ट्रेलिया और सिंगापुर की यात्रा की है । आप 5 वर्ष तक क्षेत्र समिति, धौरहरा के ब्लाक प्रमुख तथा जिला परिषद्, खीरी के सदस्य रहे हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–बेलवा मोती, जिला–लखीमपुर खीरी ।

कुल मतदाता–2,51,190, कुल मतदान–1,61,789,

प्राप्त मत–1–श्री यशपाल चौधरी–54,537,

2–श्री बाला प्रसाद अवस्थी–46,274 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## यशवन्त सिंह, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–390, जानसठ (अ०जा०),

जिला–मुजफ्फरनगर ।

दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–श्री राम चन्द्र। जन्म तिथि–1 मार्च, 1962। जन्म स्थान–ग्रा०–चुडियाला, (मुजफ्फरनगर)। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति (जाटव)। शिक्षा–एम० बी० बी० एस०, एम०डी०, यू०एस०एम०एल०ई० (यू०एस०ए०)। विवाह तिथि–9 अक्टूबर, 1991। पत्नी का नाम–श्रीमती राज कुमारी सिंह। सन्तान–दो पुत्र। व्यवसाय–चिकित्सा।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सम्प्रति उ० प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं। आपने चिकित्सा सेवा परीक्षा के उद्देश्य से सऊदी अरब एवं मिस्र देश की यात्रा की है।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा चेस गेम प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–चुडियाला, पो०–जानसठ, जिला–मुजफ्फरनगर।

कुल मतदाता–2,04,426, कुल मतदान–1,10,141,

प्राप्त मत–1–श्री यशवन्त–36,416,

2–श्री कबूल सिंह–27,098 (समाजवादी पार्टी)।



## याकूब, हाजी

निर्वाचन क्षेत्र–382, खरखौंदा,
जिला–मेरठ ।
* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–हाजी फहीमुद्दीन । जन्म तिथि–20 सितम्बर, 1963 । जन्म स्थान–मेरठ शहर । धर्म–इस्लाम । जाति–पिछड़ी जाति मुस्लिम (कुरेश कस्साब) । शिक्षा–हाई स्कूल, अदीब कामिल, जामिया उर्दू (अलीगढ़) । विवाह तिथि–6 जून, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती संजीदा । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1991 से 1997 तक आप जमायते–उलमा–ए हिन्द, मेरठ के उपाध्यक्ष तथा 1996 से 2001 तक मेरठ नगर निगम के उपनगर प्रमुख रहे हैं । वर्ष 1996 से जमायते–उल–कुरैश उत्तर प्रदेश के महासचिव हैं । आपने हज के उद्देश्य से सऊदी अरब की यात्रा की है । आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा दिनांक 4 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सार्वजनिक उद्यम राज्य मंत्री रहे हैं । सम्प्रति दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–1103/1, सराय बहलीम, मेरठ शहर ।

कुल मतदाता–2,33,445, कुल मतदान–1,30,701,

प्राप्त मत–1–हाजी याकूब–48,166,

2–श्री लाखीराम नागर–26,852 (निर्दलीय) ।



## योगेन्द्र कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–24, बिसौली,
जिला–बदायूं ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री वृज बल्लभ । जन्म तिथि–29 दिसम्बर, 1948 । जन्म स्थान-बिसौली । धर्म–हिन्दू । जाति–वैश्य (अग्रवाल) । शिक्षा–स्नातक (जीव विज्ञान) । विवाह तिथि–24 नवम्बर, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि) ईंट भट्टा ।

वर्ष 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप पहली बार निर्दलीय, नवम्बर, 1989 में दूसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप विधान सभा की याचिका समिति (1985-1989), प्रतिनिहित विधायन समिति (1989-1991) तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1997-98) के सदस्य रहे । वर्ष 1970 से 1975 तक श्री मुन्ना लाल इण्टर कालेज, वजीरगंज (बदायूं) की प्रबन्ध कार्यकारिणी के सदस्य तथा वर्ष 1980 से 1985 तक चौ० बदन सिंह स्मारक विद्यालय के अध्यक्ष भी रहे हैं ।

देश-विदेश का समाचार सुनना, पुस्तकें-अखबार पढ़ना एवं बातचीत करने में आपकी विशेष रुचि है तथा भ्रमण व जनसेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–केदार निवास, बिसौली, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–2,17,868, कुल मतदान–1,30,519,

प्राप्त मत–1–श्री योगेन्द्र कुमार–37,980,

2–श्री विकास यादव–35,729 (राष्ट्रीय परिवर्तन दल) ।



**योगेश प्रताप सिंह उर्फ योगेश भइया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–147, करनैलगंज,

जिला–गोण्डा ।

* दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० उमेश्वर प्रताप सिंह । जन्म तिथि–13 दिसम्बर, 1958 । जन्म स्थान–भंभुवा । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, विशारद, एल–एल०बी०, डी०पी०ए० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह–तिथि–20 मई, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती विजय लक्ष्मी सिंह । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1979 से 1985 तक आप विकास खण्ड (पंचायत राज) करनैलगंज के ग्राम सभा, भंभुवा के निर्विरोध ग्राम प्रधान, वर्ष 1980 से 1990 तक जिला–पंचायत, गोण्डा के निर्विरोध सदस्य, 1988 से 2000 तक कृषक समाज उ० मा० विद्यालय, छतौनी, के प्रबन्धक, 1989 से 2000 तक सहकारी गन्ना समिति, करनैलगंज के अध्यक्ष तथा 1996 से 2001 तक जिला रेडक्रास सोसाइटी, गोण्डा के कोषाध्यक्ष रहे । सम्प्रति आप वर्ष 1984 से किसान इण्टर कालेज, भंभुवा के प्रबन्धक एवं 1996 से इफ्को, नई दिल्ली के सदस्य हैं। दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में धर्मार्थ कार्य राज्य मंत्री रहे हैं और अब पुनः दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री हैं ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।


समाज सेवा, अध्ययन, खेलकूद एवं पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है और परिवार का साथ एवं संगीत सुनना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–भंभुवा, पो०–भंभुवा कोट, जिला–गोण्डा।

कुल मतदाता–2,40,077, कुल मतदान–1,27,718,

प्राप्त मत–1–श्री योगेश प्रताप सिंह उर्फ योगेश भइया–46,445,

2–श्री अजय प्रताप सिंह उंर्फ लल्ला भइया–42,278 (भारतीय जनता पार्टी)।



## रघुराजप्रताप सिंह "राजा भइया", कुंवर

निर्वाचन क्षेत्र–98, कुण्डा,

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–निर्दलीय ।

पिता–राजा उदय सिंह । जन्म तिथि–31 अक्टूबर, 1967 । जन्म-स्थान कलकत्ता । धर्म– हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा– स्नातक, (लखनऊ विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–17 फरवरी, 1995 । पत्नी का नाम–श्रीमती भानवी कुमारी । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन (दिनांक 28 मई, 2002 को पुनर्मतदान) में तीसरी बार भी निर्दलीय विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1994 से भदरी शिक्षण संस्थान के बजरंग महाविद्यालय, बजरंग इण्टर कालेज, बजरंग स्कूल, के० पी० हिन्दू इण्टर कालेज, टी०पी० इण्टर कालेज, रानी गिरिजा देवी इण्टर कालेज तथा भद्रेश्वर इण्टर कालेज के आप प्रबन्धक हैं । आप श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में कार्यक्रम कार्यान्वयन, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मण्डल में खेलकूद, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल विभाग के मंत्री रहे हैं । आपने पर्यटन के उद्देश्य से नेपाल तथा थाईलैण्ड की यात्रा की है ।

देशाटन में आपकी विशेष रुचि है तथा घुड़सवारी, वालीबाल एवं निशानेबाजी प्रिय है ।

मुख्यावास–बेंती कोठी, पो०–बेंती, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,39,725, कुल मतदान–1,07,688,

प्राप्त मत–1–कुंवर रघुराजप्रताप सिंह "राजा भइया"–88,446,

2–मो० शमी–6,768 (समाजवादी पार्टी) ।



## रणवीर राणा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–383. सिवालखास (अ०जा०),
जिला–मेरठ ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–स्व० रतीराम । जन्म तिथि–5 अक्टूबर, 1954। जन्म स्थान–ग्राम–खिमावती (गाजियाबाद)। धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी० एस-सी०, एल-एल० बी०। विवाह तिथि–11 मई, 1986। पत्नी का नाम–श्रीमती सुरेश कुमारी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं । आप राजनीतिक आन्दोलनों में जिला कारागार, मेरठ में बन्दी रहे । आप अनेक शैक्षिक, सामाजिक तथा राजनैतिक संस्थाओं/समितियों से सम्बद्ध रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से सदस्य हैं ।

ऐतिहासिक पुस्तकों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत सुनना प्रिय है ।

मुख्यावास–119 पूर्वाशेख लाल, मेरठ ।

कुल मतदाता–2,57,949, कुल मतदान–1,14,469,

प्राप्त मत–1–श्री रणवीर राणा–41,324,

2–श्री सुन्दर लाल वर्मा–40,473 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## रतनजीत प्रताप नारायण सिंह, कुंवर

निर्वाचन क्षेत्र–181, पडरौना,
जिला–कुशीनगर (पडरौना) ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० सी०पी०एन० सिंह । जन्म तिथि–25 अप्रैल । जन्म स्थान–नई दिल्ली । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०ए० (आनर्स) इतिहास । विवाह तिथि–9 दिसम्बर, 2002 । पत्नी का नाम–श्रीमती सोनिया सिंह । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनैतिक आन्दोलन में आपने भाग लिया और अगस्त, 2000 में जिला कारागार, देवरिया एवं गोरखपुर में 10 दिन बन्दी रहे । सम्प्रति विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1992 से आप उदित नारायण क्षत्रिय हाई स्कूल सोसाइटी, उदित नारायण इण्टर कालेज एवं उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना के सचिव/प्रबन्धक तथा वर्ष 2002 से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हैं । वर्ष 1997 से 1999 तक आप उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं । आपने अमेरिका, थाईलैण्ड, दुबई, श्रीलंका, इंग्लैण्ड, इण्डोनेशिया तथा नेपाल आदि देशों की यात्रा की है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–द पैलेस, पडरौना, उ० प्र० ।

कुल मतदाता–2,62,359, कुल मतदान–1,54,325,

प्राप्त मत–1–कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह–50,388,

2–श्री बालेश्वर यादव–35,006 (समाजवादी पार्टी) ।



## रतनलाल अहिरवार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–313, बबीना (अ०जा०),

जिला–झांसी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हरीराम । जन्म तिथि–2 नवम्बर, 1949 । जन्म स्थान–ग्रा०–दोंन (झांसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–एम०ए०, बी०एड० (बुन्देलखण्ड वि०वि०) । विवाह तिथि–21 जून, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती त्रिवेणी देवी (जिला पंचायत सदस्य, झांसी) । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चौथी बार आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में 15 दिन उरई (जिला जालौन) कारागार में बन्दी रहे । द्वादश विधान सभा में आप प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1973-83 तक आप डा० बी० आर० अम्बेडकर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं वर्ष 1986 से 88 तक डा० बी०आर० अम्बेडकर साइंस इण्टर कालेज प्रेमनगर, झांसी के कोषाध्यक्ष रहे और अब वर्ष 1988 से अध्यक्ष हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा व्यापार करना प्रिय है ।

मुख्यावास–365, ग्रा०–नैनागढ़ नगरा, झांसी ।

कुल मतदाता–2,73,013, कुल मतदान–1,55,810,

प्राप्त मत–1–श्री रतन लाल अहिरवार–37,491,

2–श्री तिलक चन्द्र अहिरवार–36,160 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## रमापति उर्फ रमाकान्त, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–180, हाटा (अ०जा०),
जिला–कुशीनगर (पडरौना) ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री दीपई । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1947 । जन्म स्थान–रामपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम०ए०, बी०एड्०, बाम्बे आर्ट-बी ग्रेड । विवाह–जून, 1962 में। पत्नी का नाम–श्रीमती कैलाशी देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 में, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप राम जन्म भूमि आन्दोलन में जिला जेल, देवरिया में एक माह तक बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य तथा स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज, रामपुर गौनरिया, देवरिया की प्रबन्ध समिति के लगभग एक वर्ष तक व्यवस्थापक रहे हैं ।

अध्यापन तथा पशुपालन में आपकी विशेष रुचि है तथा बागवानी प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–रामपुर, पो०–नरायनपुर, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,56,729, कुल मतदान–1,37,369,

प्राप्त मत–1–श्री रमापति उर्फ रमाकान्त–45,447,

2–श्री श्रीनाथ–27,145 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## रमेश कान्त लवानिया, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–344, खैरागढ़,
जिला–आगरा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० लक्ष्मीकान्त वकील । जन्म तिथि–8 जनवरी, 1933 । जन्म स्थान–ग्राम नगला सवला । धर्म–हिन्दू । जाति –ब्राह्मण । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–27 जून, 1955 । पत्नी का नाम–श्रीमती कृष्णा लवानिया । सन्तान–चार पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत (1988 तक) ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट से ही आप उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप राजनीतिक आन्दोलनों में कई बार जेल गये । आपातकाल में मीसा के अन्तर्गत वर्ष 1975 में जिला एवं केन्द्रीय कारागार, आगरा, फतेहगढ़ तथा नैनी में लगभग एक वर्ष, 7 माह तक बन्दी रहे । फरवरी, 1989 से फरवरी, 1994 तक आगरा के नगर प्रमुख तथा दो वर्षों तक आगरा कालेज, आगरा की प्रबन्ध समिति के सदस्य रहे हैं । सम्प्रति आप सन् 2001 से आगरा कालेज की बोर्ड आफ ट्रस्टीज के शासन द्वारा नामित सदस्य, महर्षि परशुराम इण्टर कालेज, आगरा के वर्ष 1963 से प्रबन्धक तथा गत आठ वर्षों से रामलीला कमेटी, आगरा के अध्यक्ष हैं । वर्ष 2002-03 के लिये गठित उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के भी आप सदस्य हैं ।


राजनीति, समाजसेवा, शैक्षिक, धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में आपकी विशेष रुचि है तथा क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का निराकरण करना एवं मित्रों से वार्तालाप प्रिय है ।

मुख्यावास–33/40, आदर्श नगर, आगरा ।

कुल मतदाता–2,15,886, कुल मतदान–1,22,287,

प्राप्त मत–1–श्री रमेशकान्त लवानिया–34,630,

2–श्री अमर सिंह परमार–27,523 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## रमेश कुमार शर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–312, झांसी,

जिला–झांसी ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० राम नारायण वैद्य । जन्म तिथि–15 अक्टूबर, 1949 । जन्म स्थान–जयपुर (राजस्थान) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० ए० (इतिहास) । विवाह–तिथि–15 फरवरी, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनुराधा शर्मा । सन्तान–तीन पुत्र। व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1989 से 1994 तक आप नगर पालिका परिषद्, झांसी के अध्यक्ष रहे हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने वर्ष 1979 में अमेरिका और जर्मनी की यात्रा की है । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 5 फरवरी, 2003 तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में संस्कृति विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और दिनांक 6 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक संस्कृति विभाग के मंत्री रहे हैं ।

वृक्षारोपण में आपकी विशेष रुचि है तथा शतरंज का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–71, सिविल लाइन्स, झांसी ।

कुल मतदाता–3,11,229, कुल मतदान–1,37,233,

प्राप्त मत–1–श्री रमेश कुमार शर्मा–60,942.

2–श्री रवीन्द्र शुक्ला–42,435 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## रमेश चन्द्र बिन्द, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–248, मझवां,
जिला–मिर्जापुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता– राम चन्दर बिन्द । जन्म तिथि–7 मार्च, 1975 । जन्म स्थान–ग्राम–इटवां (मिर्जापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, बी० ए० एम०एस० (डाक्टर) । विवाह तिथि–20 मई, 1992 । पत्नी का नाम–श्रीमती समुद्रा देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–चिकित्सा ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति उ० प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के आप सदस्य हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–बिकना-इटवां, पो०–अमोई, जिला–मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–2,44,077, कुल मतदान–1,48,642,

प्राप्त मत–1–डा० रमेश चन्द्र बिन्द–46,146,

2–श्री लोकपति त्रिपाठी–29,852 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## रविन्द्र पुण्डीर, प्रो०

निर्वाचन क्षेत्र–379, सरधना,
जिला–मेरठ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री शिवचरण सिंह । जन्म तिथि-2 मार्च, 1958 । जन्म स्थान–ग्रा०–पिपलों (सहारनपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०एस-सी०, पी-एच०डी० (रसायन शास्त्र) । विवाह तिथि–16 जुलाई, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला सिंह । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 में प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भी आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1997-98), प्रतिनिहित विधायन समिति (1999-2000) तथा प्राक्कलन समिति (2001-02) के आप सदस्य रहे हैं । आप 1993 में श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में जिला कारागार, मेरठ में 12 घण्टे बन्दी रहे तथा समय-समय पर अनेक राजनैतिक आन्दोलनों में भाग लेते रहे और जेल जाते रहे । सम्प्रति विधान सभा की लोकलेखा समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।


सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–86–विजयनगर, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–2,53,371, कुल मतदान–1,40,603,

प्राप्त मत–1–प्रो० रविन्द्र पुण्डीर–51,282,

2–श्री हरपाल सैनी–41,737 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## राकेश कुमार वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–126, मसौली,

जिला–बाराबंकी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।


फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सिरौली गौसपुर, बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,08,636, कुल मतदान–1,43,509,

प्राप्त मत–1–श्री राकेश कुमार वर्मा–63,418,

2–श्री फरीद महफूज किदवई–59,021 (निर्दलीय) ।



## राकेश पाण्डेय, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–115, जलालपुर,
जिला–अम्बेडकर नगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री जगमोहन पाण्डेय । जन्म तिथि–14 जुलाई, 1952 । जन्म स्थान-अकबरपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । पत्नी का नाम–श्रीमती मंजू पाण्डेय । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपने समाजवादी आन्दोलन में भाग लिया और वर्ष 2001 में जिला कारागार, सुल्तानपुर में 18 दिन बन्दी रहे । वर्ष 1971 से आप डा० जी०के० जेतली इण्टरमीडिएट कालेज तथा लायन्स क्लब, अकबरपुर के आजीवन सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तकों का अध्ययन और नई जानकारी प्राप्त करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मोहसिनपुर, अकबरपुर, जिला–अम्बेडकर नगर ।

कुल मतदाता–2,61,782, कुल मतदान–1,53,947,

प्राप्त मत–1–श्री राकेश पाण्डेय–52,575,

2–श्री कमर हयात–47,524 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## राकेश सचान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–278, घाटमपुर,
जिला–कानपुर नगर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री उदय नारायण सचान । जन्म तिथि–20 दिसम्बर, 1963 । जन्म स्थान–ग्रा०–मुरलीपुर (कानपुर नगर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–14 जून, 1997 । पत्नी का नाम–श्रीमती सीमा सचान । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1984 से 1990 तक विद्यार्थी आन्दोलनों में आप कई बार जेल गये तथा 340 दिन जिला कारागार, कानपुर में बन्दी रहे । वर्ष 1996 से आप जनप्रिय औद्योगिक इण्टर कालेज, अस्धना तथा वर्ष 1997 से किसान बालिका इण्टर कालेज, भीतर गांव, कानपुर नगर के प्रबन्धक हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–मुरलीपुर, पो०–रार, जिला–कानपुर नगर ।

कुल मतदाता–2,32,513, कुल मतदान–1,30,671,

प्राप्त मत–1–श्री राकेश सचान–44,108,

2–श्री राजाराम पाल–36,852 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## राज किशोर सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–149, हर्रैया,
जिला–बस्ती ।
*दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री अनन्त सिंह । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1969 । जन्म स्थान–चंगेरवा महसो, बस्ती । धर्म–हिन्दू । जाति–राजपूत । शिक्षा–स्नातक । विवाह–वर्ष 1991 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सुमन सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया है । वर्ष 1990-91 में आप ए०पी०एन० डिग्री कालेज, बस्ती के अध्यक्ष, जिला पंचायत, बस्ती के वर्ष 2000 से 18-5-2002 तक सदस्य तथा उ०प्र० विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में उद्यान विभाग के मंत्री रहे । सम्प्रति विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–गंगिया–कोहल, पो०–महसो, जिला–बस्ती ।


कुल मतदाता–2,47,160, कुल मतदान–1,36,837,

प्राप्त मत–1–श्री राज किशोर सिंह–34,454,

2–श्री त्रयम्बक नाथ–33,028 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## * राजनाथ सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–125, हैदरगढ़,
जिला–बाराबंकी ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामवदन सिंह। जन्म तिथि–10 जुलाई, 1951। जन्म स्थान–ग्रा०–भभौरा, चकिया (चन्दौली) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (गोरखपुर विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–5 जून, 1971 । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री सिंह । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सर्वप्रथम जून, 1977 के सामान्य निर्वाचन में जनता पार्टी के टिकट पर मिर्जापुर से, अप्रैल, 2001 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 18 नवम्बर, 2002 को राज्य सभा सदस्य निर्वाचित होने के उपरान्त आपने दिनांक 19 नवम्बर, 2002 को विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र दे दिया । देश में लागू आपातकाल में आप वर्ष 1975 में गिरफ्तार हुए और मिर्जापुर व नैनी जेल में बन्दी रहे । वर्ष 1988 से 1994 तक आप भारतीय जनता पार्टी से उ० प्र० विधान परिषद् के सदस्य और वर्ष 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक उत्तर प्रदेश सरकार में बेसिक, माध्यमिक एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के मंत्री रहे । अप्रैल, 1994 में प्रथम बार तथा अप्रैल, 2000 में दूसरी बार आप भा०ज०पा० से राज्य सभा के सदस्य रहे

---

* श्री राजनाथ सिंह ने राज्य सभा का सदस्य निर्वाचित होने के उपरान्त दिनांक 19 नवम्बर, 2002 के अपराह्न में त्याग-पत्र दे दिया । अतः उक्त स्थान दिनांक 19 नवम्बर, 2002 के अपराह्न से रिक्त हो गया ।

हैं । दिनांक 22 नवम्बर, 1999 से 27 अक्टूबर, 2000 तक आप भारत सरकार में जल एवं भूतल परिवहन मंत्री भी रहे हैं । आप वर्ष 1969 से 1971 तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, गोरखपुर मण्डल के संगठन सचिव, 1972 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, मिर्जापुर के कार्यवाह, वर्ष 1974 में भारतीय जनसंघ, मिर्जापुर शाखा के सचिव व जे०पी० क्रान्ति के जिला संयोजक तथा वर्ष 1975 में जनसंघ के जिला अध्यक्ष रहे हैं । वर्ष 1997 से 1999 तक आप भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भी रहे हैं । शासकीय एवं राजनयिक प्रयोजनों से आपने इंग्लैण्ड, फ्रांस, मलेशिया, नीदरलैण्ड, सिंगापुर, बेल्जियम तथा रूस आदि देशों की यात्रा की है । आप दिनांक 28 अक्टूबर, 2000 से 8 मार्च, 2002 तक उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे हैं । सम्प्रति आप राज्य सभा सदस्य एवं भारत सरकार में कृषि मंत्री हैं ।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–भभौरा, चकिया, जिला–चन्दौली ।

कुल मतदाता–2,14,302, कुल मतदान–1,34,858,

प्राप्त मत–1–श्री राजनाथ सिंह–70,993,

2–श्री अरविन्द सिंह–45,357 (समाजवादी पार्टी) ।



## राजपाल त्यागी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–373, मुरादनगर,
जिला–गाजियाबाद ।
दल–*भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० परशुराम त्यागी । जन्म तिथि–10 जनवरी, 1947 । जन्म स्थान–ग्रा०–मुकारी। (बागपत) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल–एल०बी०, एडवोकेट (मेरठ कालेज) । विवाह–सन् 1969 में । पत्नी का नाम–श्रीमती लोकेश त्यागी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, दूसरी बार मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से, तीसरी बार सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप चौथी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । स्व० श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में आई०पी०सी० की धारा 188 के अन्तर्गत आप जिला कारागार, मेरठ में अट्ठारह दिन बन्दी रहे । आप बार एसोसियेशन, गाजियाबाद के वर्ष 1975-76 में सचिव तथा वर्ष 1976-77 में अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी, गाजियाबाद के महामंत्री, 1980 से 1989 तक जिला कांग्रेस कमेटी (आई) गाजियाबाद के अध्यक्ष, वर्ष 1992 से 1994 तक उ० प्र० कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री और 1995 से 1996 तक उ० प्र० कांग्रेस कमेटी (ति०) के महामंत्री रहे । सन् 2000 में पुनः उ० प्र० कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने ।

---

* दिनांक 27 फरवरी, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।

दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

भारत–रूस सांस्कृतिक कार्यक्रम के सचिव, जिला खेतिहर मजदूर कांग्रेस फ्री लीगल एड कमेटी, गाजियाबाद के आप संयोजक तथा वर्ष 1997-98 में त्रयोदश विधान सभा की याचिका समिति के सदस्य रहे हैं । सन् 2001 से आप अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस संसदीय बोर्ड के सदस्य तथा उ०प्र० कांग्रेस विधान मण्डल दल के महामंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहे हैं । आप तेजपाल सिंह त्यागी, कुशलपाल त्यागी डिग्री कालेज, मुरादनगर, गाजियाबाद के संस्थापक हैं तथा उक्त डिग्री कालेज की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष भी हैं । सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में आप दिनांक 6 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक ग्राम्य विकास- राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं । सम्प्रति दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–सी–29, एम०आई०जी०, लोहियानगर, गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–2,34,745, कुल मतदान–1,15,465,

प्राप्त मत–1–श्री राजपाल त्यागी–42,135,

2–श्री विवेक त्यागी–38,987 (राष्ट्रीय लोकदल) ।



## राजपाल सिंह बालियान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–389, खतौली,
जिला–मुजफ्फरनगर ।
दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–श्री राम सिंह । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–गढ़ी नौआबाद । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी०ए० । विवाह तिथि–20 मई, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती बाला देवी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार भारतीय किसान कामगार पार्टी से तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । किसान आन्दोलन के दौरान वर्ष 1984 एवं 1989 में सात दिन सेण्ट्रल जेल, आगरा तथा चौदह दिन सेण्ट्रल बच्चा जेल, बरेली में बन्दी रहे हैं । वर्ष 1996-97 में आप उ० प्र० विधान सभा की नियम समिति के सदस्य रहे और अब सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

किसान समस्याओं के प्रति चिन्तन एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा वालीबाल, कबड्डी खेलना, संगीत, समाचार सुनना और शाकाहारी भोजन प्रिय है । मुख्यावास–ग्रा० व पो०–गढ़ी नौआबाद, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–2,26,529, कुल मतदान–1,36,309,

प्राप्त मत–1–श्री राजपाल सिंह बालियान–70,705,

2–श्री प्रमोद त्यागी–42,534 (समाजवादी पार्टी) ।



## राजपाल सिंह सैनी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–391, मोरना,
जिला–मुजफ्फरनगर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री नकली सिंह । जन्म तिथि –1 जनवरी, 1953 । जन्म स्थान–ग्रा०–लुहसाना (मुजफ्फरनगर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (सैनी) । शिक्षा–बी०एस-सी० । विवाह तिथि–1 मार्च, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती ऊषा सैनी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1992 में आपने राजनैतिक आन्दोलन में भाग लिया और 14 दिन केन्द्रीय जेल, आगरा में बन्दी रहे । आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल राज्य मंत्री रहे हैं ।

शोषित समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–145, देवपुरम्, मुजफ्फर नगर ।

कुल मतदाता–1,84,922, कुल मतदान–1,15,272,

प्राप्त मत–1–श्री राजपाल सिंह सैनी–40,579,

2–श्री संजय सिंह–33,806 (समाजवादी पार्टी) ।



## राजरानी रावत, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–128. फतेहपुर (अ०जा०),
जिला–बाराबंकी ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामेश्वर प्रसाद रावत । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1970 । जन्म स्थान–ग्रा०–अधापुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट (मध्यमा) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग विश्वविद्यालय । विवाह तिथि–24 मई, 1989 । पति का नाम–श्री राजकरन रावत । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप वर्ष 1995 से जिला पंचायत, बाराबंकी की सदस्या हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा समाचार-पत्र, पत्रिकाएं पढ़ना और टेलीविजन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–सैंदर, पो०–खिझंना, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,17,173, कुल मतदान–1,30,613,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती राजरानी–47,881,

2–श्री हरदेव सिंह–34,865 ( समाजवादी पार्टी) ।



## राजलक्ष्मी वर्मा, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–129, रामनगर,

जिला–बाराबंकी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० सहदेव सिंह । जन्म तिथि–31 मार्च, 1951 । जन्म स्थान–आदित्य नगर (वाराणसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० । विवाह तिथि–5 फरवरी, 1971 । पति का नाम–स्व० डा० प्रकाश चन्द्र वर्मा । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उ० प्र० विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । वर्तमान में आप भारतीय जनता पार्टी, विधान मण्डल दल की सचेतक हैं ।

सामाजिक कार्य, खेलकूद, अध्ययन एवं गृहकार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो०–मौलवीगंज, फतेहपुर, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,12,667, कुल मतदान–1,27,951,

प्राप्त मत– 1–श्रीमती राजलक्ष्मी वर्मा–34,009,

2–श्री वीरेन्द्र शुक्ला–22,922 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## राजाराम, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–101, गड़वारा,
जिला–प्रतापगढ़ ।
दल–*लोक जनशक्ति पार्टी ।

पिता–स्व० हरिवंश पाण्डेय । जन्म तिथि–15 मई, 1956 । जन्म स्थान–गधियांवा (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य (ब्राह्मण) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, डिप्लोमा इन सिविल इन्जीनियरिंग । विवाह–जून, 1975 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुम पाण्डेय । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय– कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया परन्तु जेल नहीं गये । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1997-98) तथा कार्य-मंत्रणा समिति (2001-2002) के सदस्य रहे हैं । आप उत्तर प्रदेश आवास संघ, लखनऊ के वर्ष 1984 से 1996 तक डायरेक्टर, वर्ष 1986 से राष्ट्रीय इण्टर कालेज, सुजानगंज (जौनपुर) की प्रबन्ध समिति के चेयरमैन (6 वर्ष) रहे और सात वर्षों से यशोदा नन्दन हरिवंश इण्टरमीडिएट कालेज, गधियांवा (प्रतापगढ़) की प्रबन्ध समिति के सदस्य हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से मार्च, 2002 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश तथा श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मंडल में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के मंत्री रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य तथा सदन में अपने दल के नेता भी रहे हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा साहित्य और देशाटन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–गधियांवा, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,29,142, कुल मतदान–1,17,510,

प्राप्त मत– 1–श्री राजाराम–25,876,

2–श्री अजीत प्रताप सिंह उर्फ मदन सिंह–23,273 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---

* अक्टूबर, 2002 से समता पार्टी के सदस्य ।
दिनांक 17 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

## राजीव कुमार सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–123, दरियाबाद,

जिला–बाराबंकी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

सर्वप्रथम मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, नवम्बर, 1989 में दूसरी बार कांग्रेस से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–हड्हा, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,12,572, कुल मतदान–1,30,675,

प्राप्त मत– 1–श्री राजीव कुमार सिंह—–43,496,

2–श्री राधेश्याम–36,167 (समाजवादी पार्टी) ।



## राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–104, पट्टी,

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री भारत सिंह जी । जन्म तिथि–20 अक्टूबर, 1954 । जन्म स्थान–ग्रा०–सर्वजीतपुर पट्टी (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– बी०एस-सी०, एल–एल०बी०, (इलाहाबाद, वि० वि०) साहित्य रत्न । विवाह तिथि–28 मई, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती उर्मिला सिंह । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथमबार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप दिनांक 19-5-90 से 18-5-96 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर प्रतापगढ़ स्थानीय निकाय क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य तथा वर्ष 1990 से सितम्बर, 1996 तक विधान परिषद् में ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक रहे हैं । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1997-98), नियम समिति (2000-2001) तथा याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य रहे । आप प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के प्रबन्ध बोर्ड में नाम-निर्दिष्ट सदस्य, मगरौरा के ब्लाक प्रमुख (1983 से 1990) और 1983 से ही डी०सी०बी० व डी०सी०डी० एफ०, प्रतापगढ़ के निदेशक, यू०पी० कोआपरेटिव बैंक, पी०सी०एफ० फैक्स पैड, यू०पी०एस०एस०, पी०सी०यू० उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि हैं । आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में कृषि राज्य मंत्री रहे हैं ।


समाज के निर्बल वर्ग की सेवा एवं सहयोग करने में आपकी विशेष रुचि है तथा अच्छी पुस्तकों का पठन-पाठन प्रिय है ।

मुख्यावास--ग्रा०--सर्वजीतपुर, पो०--पण्डरी मुस्तर्का पट्टी, जिला--प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता--2,67,836. कुल मतदान--1,53,657.

प्राप्त मत-- 1--श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह---65,265,

2--श्री मृत्युजंय--44,501 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**राजेन्द्र प्रसाद यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–84, महोना,

जिला–लखनऊ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री छोटे लाल यादव । जन्म तिथि–18 जनवरी, 1958 । जन्म स्थान–फूसू का पुरवा, लौलाई । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (अहीर) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–12 मई, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती मंगलेश कुमारी यादव । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से ही उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया और धारा–144 के अन्तर्गत तीन दिन जिला कारागार, लखनऊ में बन्दी रहे । वर्ष 1988 से 1993 तक आप चिनहट ब्लाक के ब्लाक प्रमुख रहे हैं । सम्प्रति उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा दूरदर्शन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–फूसू का पुरवा मजरा, पो०–लौलाई, जिला–लखनऊ ।

कुल मतदाता–4,66,871, कुल मतदान–1,94,682,

प्राप्त मत– 1–श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव–73,398,

2–श्री गोमती यादव–58,068 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## राजेन्द्र सिंह चौहान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–328. पटियाली,
जिला–एटा ।
दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री तिलक सिंह चौहान । जन्म तिथि–10 मार्च, 1952 । जन्म स्थान–नगला अमीर (एटा)। धर्म–हिन्दू। जाति–ठाकुर । शिक्षा–एम०ए० (भूगोल) । विवाह तिथि–20 मई, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमलेश चौहान। सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि)।

वर्ष 1982 के उपचुनाव में प्रथम बार कांग्रेस से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में जिला कारागार, एटा में लगभग एक माह बन्दी रहे । आप अष्टम विधान सभा में विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति और एकादश विधान सभा में विद्युत, न्याय एवं विधि संबंधी स्थायी समितियों के सदस्य और नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैथरा (एटा) के वर्ष 1985 से 90 तक अध्यक्ष रहे हैं । आप तिलक सिंह स्मृति शिक्षण संस्था, नगला अमीर–पटियाली के 1991 से सचिव तथा हरनारायण इण्टर कालेज गंजडुण्डवारा (एटा) के 1984 से अध्यक्ष हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।


बागवानी तथा शिक्षा के प्रसार–प्रचार में आपकी विशेष रुचि है तथा देशभक्ति की कहानियां और संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–गंजडुण्डवारा रोड, पटियाली, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–2,08,670, कुल मतदान–1,13,478,

प्राप्त मत– 1–श्री राजेन्द्र सिंह चौहान––30,937,

2–मो० महफूज अली खां उर्फ प्यारे मियां–28,808 (समाजवादी पार्टी) ।



**राजेन्द्र सिंह राणा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–400, देवबन्द,

जिला–सहारनपुर ।

दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मान सिंह । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1961 । जन्म स्थान–ग्रा०–भायला, (देवबन्द) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री, एल–एल०बी०, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जर्नलिज्म (इलाहाबाद वि०वि०) । विवाह तिथि–15 फरवरी, 1989 । पत्नी का नाम–श्रीमती मीना सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के सदस्य रहे । सम्प्रति विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

संसदीय अध्ययन, खेल एवं संगीत में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–भायला, जिला–सहारनपुर ।

कुल मतदाता–2,39,093, कुल मतदान–1,33,690.

प्राप्त मत– 1–श्री राजेन्द्र सिंह राणा–47,154.

2–श्री राम पाल सिंह पुण्डीर–39,095 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



**राजेश अग्रवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–36. बरेली सिटी,
जिला–बरेली।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–स्व० रामेश्वर शरण अग्रवाल। जन्म तिथि–18 सितम्बर, 1943। जन्म स्थान–बरेली। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री। विवाह तिथि–22 जनवरी, 1967। पत्नी का नाम–श्रीमती पुष्पा अग्रवाल। सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि)।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1993 में, दूसरी बार सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1990 से 1993 तक अनेक पार्टी आन्दोलनों में विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत जिला व केन्द्रीय कारागार, बरेली में बन्दी रहे। उत्तर प्रदेश विधान सभा की लोक लेखा समिति, विशेषाधिकार समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति तथा नियम समिति के आप सदस्य रहे हैं। आप उत्तर प्रदेश राइस मिलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री आठ वर्ष तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के मंत्री पांच वर्ष रहे हैं। अग्रवाल महासभा के संरक्षक, उत्तर प्रदेश वैश्य महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा अनेक विद्यालय/महाविद्यालयों के विगत कई वर्षों से संस्थापक अध्यक्ष, व्यवस्थापक एवं सदस्य हैं। आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में कर एवं निबन्धन विभाग के मंत्री रहे हैं।


साहित्य, संगीत और सेवा कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा शिक्षा एवं पर्यटन प्रिय है।

मुख्यावास–276, काली बाड़ी, बरेली।

कुल मतदाता–2,75,824, कुल मतदान–93,285,

प्राप्त मत– 1–श्री राजेश अग्रवाल—36,950,

2–श्री रवि प्रकाश अग्रवाल–23,976 (समाजवादी पार्टी)।



## राजेश कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–53, पैला (अ०जा०),
जिला–लखीमपुर–खीरी ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मंगली प्रसाद । जन्म तिथि–30 जनवरी, 1964 । जन्म स्थान–ग्रा०–करनपुर (खीरी)। धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । पत्नी का नाम–श्रीमती रामरती। सन्तान–तीन पुत्र, । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1986–87 में आप केन ग्रोवर्स पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, गोला के उपाध्यक्ष, साधन सहकारी समिति के तीन बार उपाध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत–करनपुर खीरी के प्रधान रहे हैं । सम्प्रति उ० प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–करनपुर, पो०–रजागंज, जिला–खीरी ।

कुल मतदाता–2,31,428. कुल मतदान–1,31,449.

प्राप्त मत– 1–श्री राजेश कुमार–36,005.

2–श्री मोती लाल–30,721 (समाजवादी पार्टी) ।



**राधा मोहनदास अग्रवाल, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–169, गोरखपुर,
जिला–गोरखपुर ।
दल–अखिल भारत हिन्दू महासभा ।

पिता–श्री ढाऊदास अग्रवाल । जन्म तिथि–2 अक्टूबर, 1954 । जन्म स्थान–गोरखपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य । शिक्षा–एम०बी०बी०एस०, एम०डी० (बालरोग विशेषज्ञ) । विवाह तिथि–21 जनवरी, 1989। पत्नी का नाम–श्रीमती रागिनी अग्रवाल । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–चिकित्सा ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 26 वर्ष तक स्वयं सेवक, जूनियर डाक्टर एसोशियेशन के वर्ष 1980 में अध्यक्ष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वर्ष 1983–84 में महामंत्री, कश्मीर बचाओ मंच के वर्ष 1987–88 में, स्वदेशी जागरण मंच के वर्ष 1988–89 में महानगर संयोजक तथा वर्ष 1995–2002 में प्रज्ञा-प्रवाह के विभाग संयोजक रहे हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

चिकित्सा, शिक्षा, संसदीय, विधि, उद्योग, अर्थशास्त्र में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–सी/178/120, आकाश गंगा, दाऊदपुर, गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,98,906, कुल मतदान–98,833,

प्राप्त मत– 1–डा० राधा मोहनदास अग्रवाल–38,830,

2–श्री प्रमोद कुमार टेकरीवाल–20,382 (समाजवादी पार्टी) ।

**राधेश्याम जायसवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–63, सीतापुर,
जिला–सीतापुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की याचिका समिति (1997–98) के सदस्य रहे तथा अब प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

मुख्यावास–264, विजय लक्ष्मी नगर, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,34,176, कुल मतदान–1,24,439,

प्राप्त मत– 1–श्री राधेश्याम–54,808,

2–श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–34,878 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## राधेश्याम सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–179, रामकोला,
जिला–कुशीनगर (पडरौना)।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० लल्लन सिंह । जन्म तिथि–1 अगस्त, 1963। जन्म स्थान–देवरिया बाबू (पडरौना)। धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०एस–सी० (कृषि) (नेशनल डिग्री कालेज बड़हलगंज, गोरखपुर) । विवाह तिथि–29 अप्रैल, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती रीता सिंह । सन्तान–दो पुत्र, । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार निर्दलीय तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए है । गन्ना किसान आन्दोलन रामकोला व पडरौना गोली काण्ड में आप गिरफ्तार हुए तथा 9 सितम्बर, 1992 से 8 अक्टूबर, 1992 तक और समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये गये सभी आन्दोलनों में 1992 से 2000 तक दर्जनों बार जिला–कारागार, देवरिया में बन्दी रहे । वर्ष 1989 से 1993 तक आप किसान यूनियन, रामकोला के अध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति उ०प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–देवरिया बाबू, पो०–लक्ष्मीगंज, जिला–कुशीनगर ।

कुल मतदाता–2,52,800, कुल मतदान–1,48,258,

प्राप्त मत– 1–श्री राधेश्याम सिंह–62,099,

2–श्री अजीमुल हक–39,744 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**राम अचल राजभर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–114. अकबरपुर,
जिला–अम्बेडकर नगर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम अवध । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–कयामुद्दीन (अम्बेडकर नगर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (राजभर) । शिक्षा–स्नातकोत्तर । पत्नी का नाम–श्रीमती भानमती देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 में प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलन में आप अगस्त, 1980 में जिला–कारागार, फैजाबाद में बन्दी रहे । आप जनवरी, 1994 से कयामुद्दीन सेकपुरा के प्रधान और राष्ट्रीय राजभर परिषद् के संयोजक भी रहे । जून 1995 से अक्टूबर, 1995 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में परिवहन विभाग के राज्य मंत्री, 27 मार्च, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक बसपा–भाजपा सरकार में कृषि शिक्षा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में पुनः दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा दिनांक 4 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा, न्याय के लिए संघर्ष तथा शिक्षा के प्रसार में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल एवं दूरदर्शन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–कयामुद्दीनपुर, पो०–भाऊपुर, जिला–अम्बेडकर नगर ।

कुल मतदाता–2,49,443, कुल मतदान–1,56,670,

प्राप्त मत– 1–श्री राम अचल राजभर–54,617,

2–श्री पवन कुमार पाण्डेय–47,077 (लोक जनशक्ति पार्टी) ।



## राम इकबाल सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–207. चिलकहर,

जिला–बलिया ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री परशुराम सिंह । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1958 । जन्म स्थान–ग्राम–मुंडेरा (बलिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०-बी०(काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–12 दिसम्बर, 1985 । पत्नी का नाम–डा० श्रीमती प्रतिभा सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र आन्दोलनों में वर्ष 1977 से 1993 तक अनेक बार आप चौका घाट, वाराणसी के कारागार में बन्दी रहे तथा विश्वविद्यालय में वर्ष 1982 से 1988 तक प्रत्येक वर्ष आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में भाग लेते रहे । सम्प्रति उ०प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

गरीब मरीजों का इलाज कराने एवं उनकी सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है तथा कभी-कभी सिनेमा देखना और रेडियो सुनना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–मुंडेरा, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,35,349, कुल मतदान–1,32,603,

प्राप्त मत– 1–श्री राम इकबाल –41,434,

2–श्री संग्राम सिंह यादव–29,758 (समाजवादी पार्टी) ।



**राम करन आर्य, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–151, नगर पूर्व (अ०जा०),
जिला–बस्ती ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गुरदीन । जन्म तिथि–28 जनवरी, 1956 । जन्म स्थान–कलन्दर नगर, बस्ती । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, एल–एल०बी०, डा० अम्बेडकर फेलोशिप प्राप्त (ए०पी०एन०डिग्री कालेज, बस्ती) । विवाह तिथि–20 मई, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती मालती आर्या । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं समाज सेवा ।

नवम्बर, 1989 में सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता दल से, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विभिन्न आन्दोलनों में अनेक बार विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत जिला कारागार, बस्ती, गोण्डा, गोरखपुर, लखनऊ, बाराबंकी एवं दिल्ली में कुल 5 साल तथा आपात काल में 19 महीने बन्दी रहे । आप श्री मुलायम सिंह यादव के मंत्रि-मण्डल में दिसम्बर, 1990 से जून, 1991 तक उपमंत्री रह चुके हैं और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से राज्य मंत्री हैं । आप वर्ष 1989–91 में उ०प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य, वर्ष 1993 में सभापति तथा वर्ष 1993–96 में अधिष्ठाता मंडल के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1977 से 1984 तक अनुसूचित जाति/जनजाति छात्र युवा संगठन के संयोजक/अध्यक्ष, वर्ष 1980 से 1988 तक समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, 1984 से 1991 तक युवा लोकदल के प्रदेश महासचिव, वर्ष 1984 से 2001 तक दलित

छात्र युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, किसान संग्राम समिति की प्रदेशीय समिति के सदस्य भी रहे । वर्ष 2001 से आप दलित संग्राम सेना के अध्यक्ष हैं तथा विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002–2003) के सदस्य रहे हैं । ज्ञानार्जन के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है । आपने "शक्ति पुंज कर्ण" नामक पुस्तक लिखी है जो रघुनाथ पटेल प्रकाशक, अशोक मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित हुई है ।


समाज सेवा, अध्ययन, लेखन एवं देशाटन में आपकी विशेष रुचि है तथा मित्रों से हास–परिहास करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–कलन्दरनगर, पो०–धौरहरा, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,27,789, कुल मतदान–1,28,728,

प्राप्त मत– 1–श्री राम करन आर्य—39,730,

2–श्री दूध राम–33,629 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## राम किशुन, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–224, मुगलसराय,
जिला–चन्दौली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० गंजी प्रसाद (भू०पू० विधायक) । जन्म तिथि–3 अगस्त, 1956 । जन्म स्थान– ग्राम०–बौरी । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, बी० एड० (लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, मुगलसराय, चन्दौली) । विवाह–जून, 1972 में। पत्नी का नाम–श्रीमती प्रेमलता यादव । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया है । सम्प्रति आप विधान सभा की विधान पुस्तकालय समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–बौरी, पो०–नियामताबाद, जिला–चन्दौली ।

कुल मतदाता–2,83,585, कुल मतदान–1,45,912,

प्राप्त मत– 1–श्री राम किशुन–49,697,

2–श्री छब्बू पटेल–37,653 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**राम कृपाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–251, मेजा (अ०जा०),

जिला–इलाहाबाद ।

दल–भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । उ०प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1997–98) के आप सदस्य रहे हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–बड़ोखर, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,68,835, कुल मतदान–1,51,012,

प्राप्त मत– 1–श्री राम कृपाल––46,287,

2–श्री तुलसीदास राना–34,996 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## राम कृष्ण, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–66, मछरेहटा (अ०जा०),

जिला–सीतापुर ।

दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री रघुनन्दन प्रसाद । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1952 । जन्म स्थान–ग्राम–मधवापुर (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–22 मई, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती मिथिलेश कुमारी । सन्तान–दो पुत्र, । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1985 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के आप सदस्य रहे हैं । स्व० श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में तथा वर्ष 1990 में जनता दल सरकार के विरुद्ध आयोजित आन्दोलन में कुल चौदह दिन जिला कारागार, सीतापुर में बन्दी रहे । आप उ०प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002–2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–मधवापुर, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–1,94,875, कुल मतदान–1,10,957,

प्राप्त मत– 1–श्री राम कृष्ण––48,384,

2–श्री राम पाल राजवंशी–24,824 (लोक जनशक्ति पार्टी ) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



**राम गोविन्द चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–209, बांसडीह,
जिला–बलिया ।
दल–* समाजवादी जनता पार्टी (राष्ट्रीय) ।

पिता–श्री द्वारिका चौधरी । जन्म तिथि–9 जुलाई, 1953 । जन्म स्थान–गोसाईपुर (बलिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल–एल०बी०, (लखनऊ वि०वि०) । पत्नी का नाम–श्रीमती कलावती देवी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम सन् 1977 में, तत्पश्चात 1980, 1985 में जनता पार्टी से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल के टिकट पर चौथी बार, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीं बार जनता पार्टी से तथा अब आप फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में छठी बार समाजवादी जनता पार्टी राष्ट्रीय के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की प्राक्कलन समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य रहे हैं । छात्र, लेवी तथा विकास कर समाप्त करने संबंधी आन्दोलनों में 1972-73, 1974, 1977, 1978 तथा 1981 में जेल गये और डी० आई०आर० में 19 महीने बलिया तथा बाराबंकी जिला कारागार में बन्दी रहे । श्री मुलायम सिंह मंत्रि-मण्डल में आप उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री रहे तथा सम्प्रति दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से पुनः मंत्री हैं । आचार्य नरेन्द्र देव शिक्षण संस्थान संवरा, बलिया के आप 1979 से सदस्य हैं । आप विश्व युवक सम्मेलन में भाग लेने के लिए क्यूबा जाते समय मास्को, ताशकंद तथा मोरक्को आदि देशों की यात्रा कर चुके हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक

* दिनांक 1 अक्टूबर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य तथा सदन में अपने दल के नेता रहे हैं ।

राजनीति और समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–गोसाईपुर, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,72,815, कुल मतदान–1,36,940,

प्राप्त मत–1–श्री राम गोविन्द चौधरी—43,098,

2–श्री बच्चा पाठक–37,279 (अखिल भारतीय लोकतान्त्रिक कांग्रेस ) ।



## * रामजीत राजभर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–228, चिरई गांव,
जिला–वाराणसी ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० मौलवी प्रसाद। जन्म तिथि–15 फरवरी, 1949। जन्म स्थान–हुदहुदीपुर (चन्दौली) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (विमुक्त जाति)। शिक्षा–स्नातक, सेवा निवृत्त मैकेनिकल इंजीनियर (मुम्बई) । विवाह तिथि–5 जून, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती फूला देवी । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) एवं चिकित्सा ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर धानापुर निर्वाचन क्षेत्र से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर चिरईगांव निर्वाचन क्षेत्र से उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । अनेक आन्दोलनों में आपने भाग लिया था और वर्ष 1990 में दस दिन एवं 1991 में आठ दिन जिला कारागार, गाजीपुर तथा सेन्ट्रल जेल, वाराणसी में बन्दी रहे । आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य रहे । भारतीय जल सेना में पी०ओ०एम०ई० के पद पर रहते हुए आपने आस्ट्रेलिया, मारिशस, श्रीलंका, सिंगापुर, जापान, रूस, अफ्रीका सहित लगभग 22 देशों की यात्रा की । वर्ष 1990 से 1995 तक राष्ट्रीय राजभर परिषद् के सचिव,

---

* श्री रामजीत राजभर की मृत्यु दिनांक 14 फरवरी, 2003 को अपराह्न में हो गयी । अतः उक्त स्थान दिनांक 14 फरवरी, 2003 के अपराह्न से रिक्त हो गया ।

अ०भा० राजभर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उ०प्र० विधान सभा की आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य भी रहे ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि थी तथा संगीत और खेलकूद प्रिय था ।

मुख्यावास–ग्रा०–नागेपुर, पो०–सकलडीहा बाजार, जिला–चन्दौली ।

कुल मतदाता–3,26,083, कुल मतदान–1,66,742,

प्राप्त मत–1–श्री रामजीत राजभर—39,678,

2–श्री वीरेन्द्र सिंह–30,972 (अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस) ।



**रामजी शुक्ला, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–285, औरैया,

जिला–औरैया।

दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० बृज नारायण शुक्ल । जन्म तिथि–27 अगस्त, 1960 । जन्म स्थान–औरैया । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (तिलक महाविद्यालय, औरैया) । विवाह तिथि–10 जनवरी, 2000 । पत्नी का नाम–श्रीमती नन्दिता शुक्ला । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । आप वर्ष 2000 में भारत विकास परिषद् के सदस्य रहे तथा अब नगर पालिका परिषद्, औरैया के अध्यक्ष एवं राधा बल्लभ इण्टर कालेज फफूंद, औरैया के आजीवन सदस्य है ।

समाज विरोधी अराजक तत्वों से संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है तथा नीतिगत व सैद्धान्तिक चर्चा करना एवं संगीत व गाना सुनना प्रिय है ।

मुख्यावास–म० नं०–83 रुहाई मोहाल, औरैया ।

कुल मतदाता–2,48,385, कुल मतदान–1,36.528,

प्राप्त मत–1–श्री रामजी शुक्ला–39,435,

2–श्री प्रदीप सिंह चौहान–38,402 (समाजवादी पार्टी ) ।

---

* दिनांक 8 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



**राम नरेश यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–198, फूलपुर,
जिला–आजमगढ़ ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० गया प्रसाद यादव । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1928 । जन्म स्थान–ग्रा०–आंधीपुर (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा– एम० ए०, एल–एल० बी० (काशी हिन्दू वि०वि०) । विवाह–सन् 1949 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ती देवी उर्फ अनारी देवी । सन्तान–चार पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, राजनीति एवं समाज सेवा ।

मार्च, 1977 के लोकसभा चुनाव में आपने आजमगढ़ जिले से जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में विजय प्राप्त करके प्रथम बार संसदीय जीवन में प्रवेश किया और दिसम्बर, 1977 तक लोक सभा के सदस्य रहे । सन् 1977 के विधान सभा निर्वाचन के बाद सम्पन्न हुए उप-निर्वाचन में आप जनता पार्टी के टिकट पर प्रथम बार निधौली कला (एटा) निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । तत्पश्चात मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार शिकोहाबाद निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय, फूलपुर (आजमगढ़) निर्वाचन क्षेत्र से सितम्बर, अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के लिए विजयी हुए हैं । आप अप्रैल, 1988 से अप्रैल, 1989 तक लोकदल तथा जून, 1989 से अप्रैल, 1994 तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राज्य सभा के भी सदस्य रहे हैं । 23 जून, 1977 को प्रदेश में गठित जनता पार्टी सरकार के प्रथम मुख्य मंत्री के रूप में आपने शपथ ग्रहण की और दिनांक 15 फरवरी, 1979 को जनता विधान मण्डल दल के शक्ति परीक्षण में असफलता के उपरान्त मुख्य मंत्री पद से त्याग-पत्र दे दिया ।

श्री बनारसी दास मंत्रि-मण्डल में आप उप मुख्य मंत्री के पद पर नियुक्त हुए।

आपने प्रदेश में दस गुना लगान, जमीन बांटो-भूमि हड़पो, गन्ना गोदाम घेरो, दाम बांधों तथा अंग्रेजी हटाओ जैसे अनेक आन्दोलनों में भाग लिया और लगभग 10 बार आजमगढ़ जेल, नैनी जेल, इलाहाबाद, सेण्ट्रल जेल, वाराणसी में बन्दी रहे। आपात काल के मध्य आप लगभग 19 माह बन्दी रहे। मण्डल कमीशन की रिपोर्ट लागू कराने सम्बन्धी आन्दोलन एवं पटना विधान सभा घेरो आन्दोलन (1986) में भी आपने क्रमशः दिल्ली तथा पटना में गिरफ्तारी दी। आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-98) के सदस्य, विधान सभा की बजटीय विभागीय स्थायी समिति के निर्माण हेतु गठित संयुक्त समिति (2000) के उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, संसद की रेलवे, संचार, गृह, शिक्षा, कृषि की संसदीय सलाहकार समिति में क्रमशः 1977,1988,1989,1990,1992, संसद की आई०सी०ए०आर० गवर्निंग बाडी व जनरल बाडी केन्द्रीय लोक लेखा समिति के सदस्य, बैंकिंग घोटाले की संयुक्त समिति के स्थायी सदस्य, केन्द्रीय कृषि विभाग की संसद में स्थायी समिति के सदस्य तथा उप समिति के संयोजक, संसद की प्रथम गठित मानव संसाधन विभाग की संयुक्त संसदीय समिति के प्रथम अध्यक्ष (1993) तथा राज्यसभा में रा० जनता पार्टी के उप नेता भी रहे हैं। आप गांधी गुरूकुल हा० से० स्कूल, भवननाथ, आजमगढ़ की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष (20 वर्ष), राजकीय बालिका इ०का०, अम्बारी (1982), राजकीय महिला महाविद्यालय, अम्बारी आई०टी०आई० (फूलपुर) पलिया, 132 के०बी० विद्युत उप केन्द्र (टेउगा) फूलपुर जिला आजमगढ़ के संस्थापक, आल इडिया पेट्रोल कर्मचारी यूनियन, देहरादून के (4 वर्ष), खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग कर्मचारी यूनियन, बम्बई के (8 वर्ष), आल इण्डिया कोल मजदूर कांग्रेस, आसनसोल के (6 वर्ष) अध्यक्ष तथा काशी हिन्दू वि० विद्यालय के कोर्ट के सदस्य रहे हैं तथा जनता इण्टर कालेज, अम्बारी, आजमगढ़ की प्रबन्ध समिति के लगभग 20 वर्षों से प्रबन्धक हैं। आपकी दो पुस्तकें "समता की ओर" तथा "आंख देखी नहीं–कागज लेखी" शीर्षक से

प्रकाशित हुई हैं । सम्प्रति आप दिनांक 31 अगस्त, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य हैं ।

सामाजिक न्याय के कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन एवं जनसम्पर्क प्रिय है ।

**मुख्यावास**–ग्रा०–आंधीपुर, पो०–अम्बारी, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,26,566, कुल मतदान–1,32,168,

प्राप्त मत–1–श्री राम नरेश यादव–44,560,

2–श्री राम किशुन–40,732 (बहुजन समाज पार्टी ) ।



## राम नाथ, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–99, बिहार (अ०जा०),

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–निर्दलीय ।

पिता–स्व० छक्का प्रसाद । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1944 । जन्म स्थान–शीतलपुर रैयापुर (भदरी)प्रतापगढ़ । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–हाईस्कूल। विवाह तिथि–8 जून, 1962। पत्नी का नाम–श्रीमती सुशीला देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर,–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी निर्दलीय विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1987 से 1995 की अवधि में ग्राम प्रधान तथा 15 वर्ष तक सेना में हवलदार रहे हैं ।

जनसेवा एवं कृषि कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा कसरत करना और कबड्डी खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–शीतलपुर, मौजा–रैयूयापुर, पो०–भदरी, थाना–कुण्डा, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,35,558, कुल मतदान–1,22,281,

प्राप्त मत–1–श्री रामनाथ–88,378,

2–श्री केशव–19,011 (समाजवादी पार्टी) ।

**रामपाल यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–59,बिसवां,

जिला–सीतापुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री विश्वेश्वर दयाल यादव । जन्म तिथि–2 फरवरी, 1964 । जन्म स्थान–ग्रा०–भानपुर (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–18 मई, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ति देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने राजनीतिक आन्दोलन में भाग लिया और धारा–151 के अन्तर्गत अस्थाई जेल, सीतापुर में तीन दिन बन्दी रहे । आप वर्ष 1993 से 1999 तक तम्बौर विकास संस्थान कस्बा, तम्बौर तथा वर्ष 1993 से 2002 तक ग्रामीण ग्रामोद्योग विकास संस्थान, बिसवां, सीतापुर के अध्यक्ष रहे हैं ।

टेलीविजन देखने में आपकी विशेष रुचि है तथा नौकायान प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–भानपुर, पो०–बिसवाँ खुर्द, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,25,967, कुल मतदान–1,36,727,

प्राप्त मत–1–श्री रामपाल यादव––40,809,

2–श्री अजीत कुमार मेहरोत्रा–35,172 (भारतीय जनता पार्टी ) ।



## राम प्रकाश त्रिपाठी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–294, छिबरामऊ,

जिला–कन्नौज ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम कुमार त्रिपाठी । जन्म तिथि–28 दिसम्बर, 1938 । जन्म स्थान–ग्रा०–उधरनपुर (फर्रुखाबाद) । धर्म–हिन्दू वैदिक । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह–जून, 1958 में । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्या देवी त्रिपाठी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सन् 1967 के सामान्य निर्वाचन तथा 1974 में जनसंघ से और नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार आप भा०ज०पा० के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आपने दर्जनों बार जेल यात्रा की । डी०आई०आर० एवं मीसा के अन्तर्गत आप केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में 16 माह तक बन्दी रहे । 1977 से 1979 तक आप जनता पार्टी से लोक सभा के सदस्य भी रहे हैं । आप भा०ज०पा० विधान मण्डल दल के मुख्य सचेतक रहे तथा दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती के मंत्रि-मण्डल में सहकारिता विभाग के मंत्री रहे हैं ।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो०–त्रिपाठी नगर, छिबरामऊ, जिला –कन्नौज ।

कुल मतदाता–2,55,255, कुल मतदान–1,55,749,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रकाश त्रिपाठी–50,564,

2–श्री छोटे सिंह यादव–40,565 (समाजवादी पार्टी ) ।



**राम प्रताप सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–142, सादुल्ला नगर,
जिला–गोण्डा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० दशरथ सिंह । जन्म तिथि–8 अक्टूबर 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–निपनियां (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० । विवाह तिथि–17 मई,1978। पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रमुखी सिंह । सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं ट्रांसपोर्ट ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 में, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार, सितम्बर, अक्टूबर 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप चौथी बार भी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में "राम कारसेवा" में आप धारा–151 के अन्तर्गत 26 दिन जिला कारागार, गोण्डा और बाराबंकी में बन्दी रहे । विधान सभा की नियम समिति (1991–1992) तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1997–1998) के आप सदस्य रहे । आप दीन दयाल माध्यमिक विद्यालय, निपनियां के प्रबन्धक 1991 से, मानव सेवा दल लघु माध्यमिक विद्यालय, ठठेइया मढ़ेहिया तथा दीन दयाल सरस्वती विद्या मन्दिर, गौरा–चौकी के वर्ष 1995 से और स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज के 2001 से प्रबन्धक हैं । आप केन यूनियन, बभनान के वर्ष 1988 से 1990 तक डायरेक्टर रहे हैं तथा केन यूनियन, गौरा–चौकी, गोण्डा के वर्ष 1998 से प्रबन्धक तथा चेयरमैन भी हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

कृषि एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–निपनियां, पो०–फरेन्दा खुर्द, जिला–गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,37,756, कुल मतदान–1,39,366,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रताप सिंह–47,257,

2–डा० मोहम्मद उमर–39,074 (समाजवादी पार्टी ) ।



## राम प्रसाद चौधरी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–150, कप्तानगंज,
जिला–बस्ती ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–मानिक राम चौधरी । जन्म तिथि–15 नवम्बर, 1954 । जन्म स्थान–ग्राम–जिगना (बस्ती) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, सिविल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा । पत्नी का नाम–श्रीमती कपूरा देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार समाजवादी पार्टी से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1989–91 में आप जनता दल से लोक सभा के सदस्य भी रहे हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में जिला कारागार, बस्ती में बन्दी रहे । दिनांक 27 मार्च, 1997 से 20 सितम्बर, 1997 तक प्रदेश सरकार में क्षेत्रीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और ततूपश्चात् वस्त्रोद्योग मंत्री तथा विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य रहे । परमहंस सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कथौलिया तथा स्व० चौधरी मानिक राम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जिगना, जिला बस्ती के आप क्रमशः अध्यक्ष एवं प्रबन्धक हैं । विधान सभा की वर्ष 2002–03 के लिए गठित विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य हैं तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मंडल में पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

पठन–पाठन एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा बैडमिण्टन और वालीबाल का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–जिगना, पो०–एकडेंगी, जिला–सन्त कबीर नगर ।

कुल मतदाता–2,44,045, कुल मतदान–1,50,270,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रसाद चौधरी–40,415,

2–श्री महेश सिंह–36,386 (समाजवादी पार्टी ) ।



## राम बाबू हरित, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–343, आगरा पश्चिम,
(अ०जा०),
जिला–आगरा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सीताराम । जन्म तिथि–2 जुलाई, 1957 । जन्म स्थान–आगरा । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–स्नातक, एम०बी०बी०एस० । विवाह तिथि–23 नवम्बर 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमलेश । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–चिकित्सा ।

नवम्बर, 1993 में प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ०प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1997–98) के सदस्य एवं अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के वर्ष 1998 से 16 अक्टूबर, 2000 तक सदस्य/सभापति रहे और अब नियम समिति (2002–2003) के सदस्य हैं । आप अधिष्ठाता-मंडल (1999–2000) के सदस्य तथा 13 अक्टूबर, 2000 से 7 फरवरी, 2002 तक श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि–मंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं । आप शाहगंज डाक्टर्स एसोसियेशन के उपाध्यक्ष एवं जनसम्पर्क अधिकारी (1990–92), नगर महापालिका, आगरा के सभासद (1989–93), विकास समिति के सदस्य (1989–91), शिक्षा समिति के चेयरमैन (1991–93) और नगर निगम, आगरा के उप नगर प्रमुख (1992–93) रहे हैं । आप इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन, रोटरी क्लब, आगरा के सदस्य तथा इलाहाबाद डाक्टर्स एसोसियेशन के उपाध्यक्ष भी रहे । आपने बफैलो, न्यूयार्क, कनाडा, इंग्लैण्ड, जनेवा

तथा जूरिक आदि देशों की व्यक्तिगत यात्रा की हैं । सम्प्रति विधान सभा में अधिष्ठाता मण्डल (2003-2004) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शतरंज खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–29 मिनी एम०आई०जी० फ्रेण्डस् न्यू कालोनी, शाहगंज, आगरा ।

कुल मतदाता–2,58,997, कुल मतदान–80,733,

प्राप्त मत–1–डा० राम बाबू हरित–32,816,

2–श्री धर्म प्रकाश भारतीय–24,867 (बहुजन समाज पार्टी ) ।



## राम भुआल निषाद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–166, कौड़ीराम,
जिला–गोरखपुर ।
दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री जगदीश निषाद । जन्म तिथि–25 फरवरी, 1962 । जन्म स्थान–उत्तर प्रदेश । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । पत्नी का नाम–श्रीमती मीरा देवी । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मत्रि-मंडल में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और अम्बेडकर ग्राम्य विकास राज्य मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–दवनाडीह, 310–पाण्डे कोडर, बड़हलगंज, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,90,174, कुल मतदान–1,36,013,

प्राप्त मत–1–श्री राम भुआल–40,518,

2–श्री अम्बिका–39,949 (समाजवादी पार्टी ) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य

## राम लाल अकेला, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–91, बछरावां (अ०जा०),

जिला–रायबरेली ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002–2003) के सदस्य हैं ।

मुख्यावास–म०नं०–533, दूरभाष नगर, जिला– रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,17,950, कुल मतदान–1,27,471,

प्राप्त मत–1–श्री राम लाल अकेला–53,982,

2–श्री श्याम सुन्दर भारती–24,372 (बहुजन समाज पार्टी ) ।



## राम विशुन 'आजाद', श्री

निर्वाचन क्षेत्र–143. मनकापुर (अ०जा०),
जिला–गोण्डा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० चैतू । जन्म तिथि–8 अगस्त, 1956 । जन्म स्थान–मूसेगंज (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (बरवार) । शिक्षा–स्नातक एल–एल०बी० (फैजाबाद) । विवाह तिथि–16 जून, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती लीलावती देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मार्च, 1985 में, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार, नवम्बर, 1993 में तीसरी बार लगातार कांग्रेस पार्टी से, सितम्बर,–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवीं बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये गये सत्याग्रह आन्दोलन में दिनांक 22 दिसम्बर, 1978 से 4 जनवरी, 1979 तक तथा 4 फरवरी, 1980 से 7 फरवरी, 1980 तक बनारसी दास सरकार को भंग करवाने हेतु सत्याग्रह आन्दोलन में धारा–144 का उल्लंघन करने पर आप जिला–कारागार, गोण्डा में बन्दी रहे । दिनांक 22 दिसम्बर, 1993 से 1995 तक आप कांग्रेस पार्टी के सचेतक रहे । उत्तर प्रदेश विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (1988–89), सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (1993–95), विशेषाधिकार समिति (1997–98) तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1999–2000) के आप सदस्य रहे हैं । आप जिला युवक कांग्रेस कमेटी, गोण्डा के संगठन मंत्री वर्ष 1983 से 86 तक, क्षेत्र समिति, मनकापुर के सदस्य वर्ष 1983 से 85 तक, भा०

अनुसूचित जाति परिषद्, गोण्डा के जिला–प्रचार मंत्री वर्ष 1984 से 86 तक, जिला युवक कांग्रेस कमेटी, गोण्डा के जिला– अध्यक्ष, 1992 से 1994 तक, जिला कांग्रेस कमेटी (ई०) गोण्डा के जिला–उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य वर्ष 1991 से 1995 तक तथा उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस कमेटी, लखनऊ के प्रदेश उपाध्यक्ष वर्ष 1995 में रहे हैं। श्री राजीव गांधी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी पदयात्री के रूप में आपने नौबतपुर (उ०प्र०और बिहार की सीमा)से (दिनांक 16 फरवरी, 1983 से 13 अप्रैल, 1983 तक) दिल्ली तक की पदयात्रा की। सम्प्रति आप स्वामी विवेकानन्द विद्यालय, मनकापुर के वर्ष 1999 से तथा वर्ष 2000 से जनकल्याण चेतना समिति, मनकापुर गोण्डा के अध्यक्ष हैं।


समाज सेवा, दलितों और पिछड़ों के उत्थान एवं निःस्वार्थ सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा वन–विहार, देशाटन, आध्यात्म एवं साहित्यिक पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–मूसेगंज, पो०–मनकापुर, जिला–गोण्डा।

कुल मतदाता–2,32,029, कुल मतदान–1,24,932,

प्राप्त मत–1–श्री राम विशुन आजाद–52,515,

2–श्रीमती सुमित्रा देवी–30,109 (भारतीय जनता पार्टी)।



**रामवीर उपाध्याय, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–352, हाथरस,

जिला–हाथरस ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम चरन उपाध्याय । जन्म तिथि–1 अगस्त, 1957 । जन्म स्थान–बामौली (हाथरस) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, एल-एल०बी० (मेरठ वि०वि०) । विवाह तिथि–14 फरवरी, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती सीमा उपाध्याय । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप दूसरी बार पुनः बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप दिनांक 27 मार्च, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक बसपा-भाजपा सरकार में परिवहन मंत्री और दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में ऊर्जा मंत्री रहे हैं । सम्प्रति आप विधान सभा की नियम समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है एवं अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–मायाकुन्ज, लेबर कालोनी, मुन्शी गजाधर मार्ग, हाथरस ।

कुल मतदाता–2,45,607, कुल मतदान–1,26,366,

प्राप्त मत– 1–श्री रामवीर उपाध्याय–67,925,

2–श्री देव स्वरूप–42,233 (राष्ट्रीय लोकदल) ।



## रामवीर सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–324, जसराना,
जिला–फिरोजाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हरदयाल सिंह यादव । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1956 । जन्म स्थान–ग्राम–पैढ़त (फिरोजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–एम०ए० (राजनीति शास्त्र), बी० एड० । विवाह तिथि–13 फरवरी, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती मीरा यादव । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) एवं अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । तेरहवीं विधान सभा में आप प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे हैं । आप शिव आदर्श इण्टर कालेज, पैढ़त के आजीवन सदस्य हैं । साधारण कृषक परिवार में जन्म लेकर आप बचपन से ही गरीब साथियों तथा भूखे-पीड़ित लोगों के प्रति दया और श्रद्धा की भावना रखते हैं । सम्प्रति आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

राजनीति, क्षेत्रीय विकास एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा परिवार के लोगों के साथ वार्तालाप प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–पैढ़त, जिला–फिरोजाबाद ।

कुल मतदाता–2,12,287, कुल मतदान–1,25,265,

प्राप्त मत– 1–श्री रामवीर सिंह–48,925,

2–श्री नरेश प्रसाद–29,063 (राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी) ।



**राम शंकर पाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–76,बांगरमऊ,

जिला–उन्नाव ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० सुखलाल पाल । जन्म तिथि–6 जून, 1945 । जन्म स्थान–देवा कलाँ (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू । जाति-पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–15 जून, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रभादेवी पाल । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथमबार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरीबार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । लोक दल द्वारा आयोजित तथा जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु किये गये आन्दोलनों में आप कुल नौ बार जेल गये और 37 दिन जिला करागार, उन्नाव में बन्दी रहे । आपकी प्रारम्भिक शिक्षा सर्वोदय संस्थान स्कूल में सम्पन्न हुई तथा सर्वोदय नेता स्व० जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा से आपने भूदान-यज्ञ में दस वर्ष तक कार्य किया । दिनांक 27 मार्च, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक आप बसपा-भाजपा सरकार में सहकारिता तथा उद्यान विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं । आप नगर पालिका गंगाघाट, उन्नाव के पांच वर्ष अध्यक्ष रहे । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में लघु सिंचाई मंत्री रहे हैं ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है और बागवानी प्रिय है ।

मुख्यावास–मन्नी बिहारीपुरम्, शुक्लागंज, उन्नाव ।

कुल मतदाता–2,31,967, कुल मतदान–1,37,168,

प्राप्त मत–1–श्री राम शंकर–43,934,

2–श्री अशोक कुमार सिंह–38,236 (समाजवादी पार्टी) ।



**राम सेवक, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–107, जगदीशपुर (अ०जा०),

जिला–सुल्तानपुर ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० भगवानदीन । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1922 । जन्म स्थान–मुसाफिरखाना । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–साक्षर । पत्नी का नाम–श्रीमती शंकर देवी । सन्तान–चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम वर्ष 1967 के सामान्य निर्वाचन में तथा दूसरीबार 1969 में जनसंघ के टिकट पर, 1974 में तीसरीबार, 1980 में चौथीबार, 1985 में पांचवीं बार, 1989 में छठी बार, 1991 में सातवी बार और अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आठवीं बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन-आन्दोलन में आप लगभग एक माह जिला कारागार, सुल्तानपुर में बन्दी रहे । विधान सभा की लोकलेखा समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति, सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति तथा प्रतिनिहित विधायन समिति के आप सदस्य रहे हैं तथा अब चौदहवीं विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा कृषि-कार्य एवं चुटकुले सुनाकर मनोविनोद करना प्रिय है ।

मुख्यावास–वार्ड नं०–2, टाउन एरिया, मुसाफिरखाना, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,14,129, कुल मतदान–1,10,884,

प्राप्त मत–1–श्री राम सेवक–36,640,

2–श्री नन्द लाल–28,221 (समाजवादी पार्टी) ।



**राम स्वरूप सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–281, सरवन खेड़ा,
जिला–कानपुर देहात ।
दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य और दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–जगनपुर, जिला–कानपुर देहात ।

कुल मतदाता–2,31,414, कुल मतदान–1,26,323,

प्राप्त मत–1–श्री राम स्वरूप सिंह–40,461,

2–श्री जगराम सिंह–39,844 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य

## राम स्वरूप सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–5, नजीबाबाद (अ०जा०),
जिला–बिजनौर ।
दल–भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ।

पिता–श्री झम्मन लाल । जन्म तिथि–7 जुलाई, 1929 । जन्म स्थान–साहनपुर (बिजनौर) । धर्म–मानव । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–बी०टी०सी० । विवाह तिथि–20 अप्रैल, 1943 । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रावती । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में भी तीसरी बार भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप सत्याग्रह, गन्ना आन्दोलन और भारत बन्द में क्रमशः 5 दिन, 14 दिन व 3 दिन जिला कारागार, बिजनौर में बन्दी रहे । आप प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री 5 वर्ष और अध्यक्ष 10 वर्ष, जिला रविवंश समाज, बिजनौर के अध्यक्ष 10 वर्ष, आर्य समाज, साहनपुर के मंत्री 5 वर्ष तथा जिला किसान सभा के जिला अध्यक्ष 5 वर्ष रहे हैं ।

जनसेवा एवं सम्पर्क में आपकी विशेष रुचि है तथा सिगरेट पीना प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०–रवापुरी, टाउन एरिया–साहनपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,31,691, कुल मतदान–1,19,098,

प्राप्त मत–1–श्री राम स्वरूप सिंह–40,426,

2–श्री शीश राम–35,584 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**रामहेत, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–64, हरगांव (अ०जा०),
जिला–सीतापुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० मुल्लू । जन्म तिथि–20 जुलाई, 1955 । जन्म स्थान–सीतापुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम०ए० (अर्थशास्त्र), एल-एल०बी० (शिया डिग्री कालेज, लखनऊ) । विवाह–जुलाई, 1982 में । पत्नी का नाम–श्रीमती ऊषा । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने आन्दोलन में भाग लिया और एक दिन पुलिस हिरासत में रहे । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में अम्बेडकर ग्राम विकास राज्य मंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो०–दुर्गापुरवा, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,07,075, कुल मतदान–1,17,145,

प्राप्त मत–1–श्री रामहेत–35,924,

2–श्री दौलत राम–35,873 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## रामेश्वर सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–327, अलीगंज,

जिला–एटा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० लालराम यादव । जन्म–मार्च, सन् 1953 में । जन्म स्थान–ग्रा०–अमृतपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–मई, 1969 में । पत्नी का नाम–श्रीमती राममूर्ति देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) एवं व्यापार (दुकान आदि) और ठेकेदारी ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आन्दोलनों के दौरान आप जिला–कारागार, एटा में बन्दी रहे । 1983 से 1988 तक आप विकास खण्ड, जैपरा एवं वर्ष 1988 से 1995 तथा 1995 से अक्टूबर, 1996 तक क्षेत्र पंचायत, जैपरा के अध्यक्ष (प्रमुख) रहे हैं । उत्तर प्रदेश विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1997-98) के भी आप सदस्य रहे हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–अमृतपुर रघुपुर, पो०–जसरथपुर, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–2,26,959, कुल मतदान–1,44,484.

प्राप्त मत–1–श्री रामेश्वर सिंह यादव–44,045.

2–श्री सत्यपाल सिंह–37,107 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**रिजवान अहमद खां, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–8, कौंठ,
जिला–ज्योतिबा फूलेनगर (अमरोहा) ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–चौ० बशीर अहमद खां । जन्म तिथि–13 अगस्त, 1940 । जन्म स्थान–ग्रा०–गढ़ी (गढ़ी सलेमपुर) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–3 जून, 1959 । पत्नी का नाम–श्रीमती आलेहा बेगम । सन्तात–चार पुत्र, तीन पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1972 से 1977 तक आप न्याय पंचायत, भौढ़ी हजरतपुर स० समिति के अध्यक्ष, 1990 से 1995 तक ग्राम सभा, गढ़ी के प्रधान, 1990 से 1996 तक जिला–परिषद् के सदस्य तथा 1991 से 1995 तक स० गन्ना स० क्षेत्र, कौंठ के उपाध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । हज करने के उद्देश्य से आपने सऊदी अरब की यात्रा की है ।

समाज सेवा एवं टेकनिकल (इंजीनियरिंग) में आपकी विशेष रुचि है तथा घुड़सवारी प्रिय है ।

मुख्यावास–गढ़ी (गढ़ी सलेमपुर) कौंठ, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,08,561, कुल मतदान–1,37,208,

प्राप्त मत–1–श्री रिजवान अहमद खाँ–48,011,

2–श्री राजेश कुमार सिंह–38,433 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**रियाज अहमद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–41, पीलीभीत,

जिला–पीलीभीत ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री अहमद हुसैन । जन्म तिथि–3 नवम्बर, 1958 । जन्म स्थान–ग्रा०–गौहर (पीलीभीत) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम (पिछड़ी जाति) । शिक्षा–एम०काम०, एम०ए० (समाजशास्त्र), पी०जी० डिप्लोमा इन टूरिज्म, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–16 जून, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती आमना बेगम । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि, व्यापार (दुकान आदि) तथा अध्यापन ।

सर्वप्रथम वर्ष 1983 के उपचुनाव में आप राष्ट्रीय संजय मंच के टिकट पर, दूसरी बार नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय एवं फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ०प्र० विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य रहे और अब नियम समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1989 में आप जिला कारागार, पीलीभीत में धारा 151 के अन्तर्गत एक सप्ताह बन्दी रहे हैं । हज करने के उद्देश्य से आपने सऊदी अरब की यात्रा की है ।

जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–गौहर, पो०–न्योरिया हुसैनपुर, जिला–पीलीभीत ।

कुल मतदाता–2,12,355, कुल मतदान–1,22,981,

प्राप्त मत–1–श्री रियाज अहमद–35,700,

2–श्री बी० के० गुप्ता–25,729 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## रेवती रमण सिंह उर्फ मणि जी, कुँवर

निर्वाचन क्षेत्र–252, करछना,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० कुँवर माधवेन्द्र प्रसाद नारायण सिंह । जन्म तिथि–5 अक्टूबर, 1943 । जन्म स्थान–वाराणसी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी०, (इलाहाबाद वि०वि०) । विवाह तिथि–18 जून, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती बीना सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

1974 के निर्वाचन में आप प्रथम बार कांग्रेस (संगठन) से, 1977 के निर्वाचन में जनता पार्टी से, 1982 के उप चुनाव में लोकतान्त्रिक समाजवादी पार्टी के टिकट पर, मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में जनता पार्टी से, नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991 में छठी बार जनता दल से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में सातवीं बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आठवीं बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप केन्द्रीय कारागार नैनी, इलाहाबाद में राजनीतिक बन्दी रहे । वर्ष 1977 से 80 तक श्री राम नरेश यादव मंत्रि-मण्डल में आप लघु उद्योग राज्य मंत्री, श्री बनारसीदास मंत्रि-मण्डल में विद्युत मंत्री तथा दिसम्बर, 1989 से नवम्बर, 1990 तक श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में सिंचाई, लघु उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री रहे हैं । सम्प्रति पुनः दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से मंत्री है । आप विधान सभा की लोक लेखा समिति (1974-75), प्राक्कलन समिति तथा कार्य-मंत्रणा समिति (1989-90) व (2001-2002) एवं (2002-2003) के सदस्य रहे और दिनांक 31 अगस्त, 2003 से पुनः कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य भी हैं । आप दिनांक 6 दिसम्बर, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक विधान सभा में नेता, विरोधी दल के

पद पर भी रहे हैं । कामनवेल्थ कांफ्रेंस में भाग लेने के उद्देश्य से तथा संसदीय अध्ययन समिति के सदस्य के रूप में आपने आस्ट्रिया, सिंगापुर, इटली, मलेशिया, हांगकांग, थाईलैण्ड, रूस तथा जापान आदि देशों की यात्रा की है ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–771, बरांव कोठी, गऊघाट, मुठ्ठीगंज, इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,62,920, कुल मतदान–1,49,252,

प्राप्त मत–1–कुँवर रेवती रमण सिंह उर्फ मणि जी–57,998,

2–श्री बाल कुमार उर्फ राजकुमार–43,744 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–381, मेरठ,
जिला–मेरठ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–पण्डित श्याम सुन्दर बाजपेयी । जन्म तिथि–20 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–मेरठ । धर्म–सनातन । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–बी०एस–सी० (मेरठ वि०वि०), बी०ए० एम०एस० (कानपुर विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–17 अप्रैल, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती मधु बाजपेयी । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियाँ । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि, आंयुर्वेदिक औषधि निर्माण) तथा चिकित्सा ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप आदर्श जेल, आनन्द नगर–लखनऊ और मेरठ जेल में धारा 151 तथा 188 के अन्तर्गत लगभग 20 बार (कुल अवधि डेढ़ माह) बन्दी रहे । आप उ०प्र० विधान सभा की नियम–समिति (1990-91), प्रतिनिहित विधायन समिति (1997-98), सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1999-2000), प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2000-2001), संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (2001-2002) के सदस्य, विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2000-2001) के कार्यवाहक सभापति, 14वीं विधान सभा में दिनांक 10 अक्टूबर, 2002 तक अधिष्ठाता मण्डल (2002-2003) के सदस्य एवं वर्ष 2002-2003 के लिए गठित प्राक्कलन समिति के दिनांक 10 अक्टूबर, 2002 तक सभापति रहे हैं । वर्ष 1970-71 में रोट्रेक्ट क्लब के डायरेक्टर, 1971 से 1975 तक उ०प्र० आयुर्वेद एवं यूनानी कालेज छात्र संघ के प्रदेश महामंत्री, 1972 से 1976 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री व उपाध्यक्ष, वर्ष 1977 में बाढ़ पीड़ित सहायता

समिति जिला–मेरठ के मंत्री, 1987 से 1989 तक भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश कार्यकारिणी के 8 वर्ष तक सदस्य रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक व यूनानी कालेजों का प्रान्तीयकरण एवं कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्धीकरण आपके नेतृत्व में हुआ तथा आपने उक्त क्षेत्र में 1972 की वेतन आयोग की सिफारिशों को अक्टूबर 1974 में लागू कराया। आपने सी०पी०ए० प्रतिनिधि मण्डल सदस्य के रूप में आस्ट्रिया, स्विटजरलैण्ड, इंग्लैण्ड, फ्रान्स, जर्मनी, चीन, जापान तथा कनाडा आदि देशों की यात्रा की है। सम्प्रति आप भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक (2002-2003) हैं तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं और दिनांक 31 अगस्त, 2003 से उ० प्र० विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) एवं दिनांक 1 सितम्बर, 2003 से अधिष्ठाता–मण्डल (2003-2004) के सदस्य हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है।

मुख्यावास–384, स्वामी पाड़ा, जिला–मेरठ।

कुल मतदाता–3,12,795, कुल मतदान–1,15,988,

प्राप्त मत–1–डा० लक्ष्मीकान्त बाजपेयी–48,739,

2–श्री दिलशाद अहमद–25,326 (समाजवादी पार्टी)।



**लल्लू सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–118, अयोध्या,
जिला–फैजाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० भगवान सिंह । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1954 । जन्म स्थान–फैजाबाद । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए०, (प्राचीन इतिहास व राजनीति शास्त्र), एल–एल०बी० । विवाह तिथि–25 जून, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरिता सिंह । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) एवं वकालत ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 में, दूसरी बार नवम्बर, 1993 में, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार आप लगातार भा०ज०पा० से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1976 के जन-आन्दोलन में आप आन्तरिक सुरक्षा कानून के अन्तर्गत फैजाबाद और नैनी सेण्ट्रल जेल (इलाहाबाद) में नौ माह बन्दी रहे । आप दस वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शाखा कार्यवाह, छः वर्ष अ०भा० विद्यार्थी परिषद् के संगठन मंत्री, चार वर्ष बजरंग दल के जिला संयोजक तथा दो वर्ष भारतीय जनता पार्टी, फैजाबाद के जिलाध्यक्ष रहे । उ० प्र० विधान सभा की नियम समिति (1997-98) के सदस्य तथा 27 अक्टूबर, 1997 से 8 मार्च, 2002 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डल में आप पर्यटन एवं ऊर्जा राज्य मंत्री रहे हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा और खेल में आपकी विशेष रुचि है तथा भारतीय भोजन और अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–126, सआदतगंज, फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,81,142, कुल मतदान–1,32,461,

प्राप्त मत–1–श्री लल्लू सिंह–51,289,

2–श्री अभय सिंह–33,429 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## लालजी टण्डन, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–86, लखनऊ पश्चिम,
जिला–लखनऊ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० शिव नारायण टण्डन । जन्म तिथि–12 अप्रैल, 1935 । जन्म स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (लखनऊ वि०वि०) । विवाह–फरवरी, 1959 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कृष्णा रानी टण्डन । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–समाज सेवा ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 1978 से 1984 तक तथा 1990 से अक्टूबर, 1996 तक भारतीय जनता पार्टी से विधान परिषद् के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1975 में डी०आई०आर० के अन्तर्गत आदर्श कारागार, लखनऊ में पूरे आपातकाल तक बन्दी रहे । आप उ० प्र० विधान परिषद् के अधिष्ठाता-मण्डल के सदस्य तथा विधान परिषद् की अनेक समितियों के सदस्य और सभापति भी रह चुके हैं । विगत कई वर्षों से कालीचरण डिग्री कालेज, लखनऊ की प्रबन्ध समिति के सदस्य तथा 1960 से श्री मुन्नू लाल स्मारक ट्रस्ट, अन्य सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षिक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं । जून, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक आप श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में ऊर्जा विभाग के मंत्री, उ० प्र० विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति (1997-98, 2001-2002 और 2003-2004) के सदस्य, तथा दिनांक 21 मार्च, 1997 से 20 सितम्बर, 1997 तक सुश्री मायावती के मंत्रि-मण्डल में और दिनांक 21 सितम्बर, 1997 से 8 मार्च, 2002 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डल में आप आवास एवं नगर विकास मंत्री रहे हैं । इसके अतिरिक्त दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त,

2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती के मंत्रि-मण्डल में आवास एवं नगर विकास मंत्री रहे। सम्प्रति आप भाजपा विधान मण्डल दल के नेता, दिनांक 7 सितम्बर, 2003 के पूर्वाह्न से नेता विरोधी दल एवं दिनांक 31 अगस्त, 2003 से कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य भी हैं।

लेखन, पठन-पाठन एवं सांस्कृतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा नगर सुन्दरीकरण कार्य प्रिय है।

मुख्यावास–64, सोंधी टोला, चौक, लखनऊ।

कुल मतदाता–4,23,404, कुल मतदान–1,25,165,

प्राप्त मत–1–श्री लालजी टण्डन–57,628,

2–श्री वीरेन्द्र भाटिया–43,089 (समाजवादी पार्टी)।



## लालजी वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–117, टाण्डा,
जिला–अम्बेडकर नगर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम आधार वर्मा । जन्म तिथि–5 जनवरी, 1955 । जन्म स्थान–मोहिउद्दीनपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री। विवाह–सन् 1977 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शोभावती वर्मा । सन्तान–एक पुत्र,दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार जनता दल से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप तीसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1978 एवं 1980 में आप केन्द्रीय कारागार, नैनी–इलाहाबाद तथा जिला कारागार, फैजाबाद में लगभग एक माह बन्दी रहे । बसपा–भाजपा सरकार में 21 सितम्बर, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं तथा दिनांक 3 मई, 2002 से 12 अक्टूबर, 2002 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में सार्वजनिक उद्यम विभाग के मंत्री रहे और दिनांक 13 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक चिकित्सा शिक्षा (एलोपैथिक) मंत्री रहे हैं । 7 जुलाई, 1986 से 15 जनवरी, 1991 तक आप लोकदल से उ०प्र० विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से उ०प्र० विधान परिषद् के सदस्य रहे । विधान परिषद् की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के अगस्त, 1990 से 15 जनवरी, 1991 तक कार्यवाहक सभापति, लोक लेखा समिति और याचिका समिति के सदस्य तथा 1991-92 में विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति और प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1997-98) के सदस्य तथा इसी समिति के 1998-99 में कार्यकारी सभापति, अधिष्ठाता–मणडल (1997-98) के सदस्य तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-98) तथा आश्वासन समिति

(1999-2000 एवं 2000-2001) के सभापति रहे हैं। वर्ष 1990-91 में जनता दल के सचेतक और वर्ष 2002-2003 में विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति के सदस्य भी रहे। सम्प्रति आप विधान सभा की वर्ष 2002-2003 के लिए गठित नियम समिति और वर्ष 2003-2004 के लिए गठित कार्य-मंत्रणा समिति के सदस्य, आदर्श कन्या महाविद्यालय, जियापुर बरूआ जलानी, अम्बेडकरनगर के संस्थापक एवं प्रबन्धक हैं।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा सिनेमा देखना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०– मोहिउद्दीनपुर, पो०–डिहवा, दौलतपुर, जिला–अम्बेडकर नगर।

कुल मतदाता–2,56,811, कुल मतदान–1,49,661,

प्राप्त मत–1–श्री लालजी वर्मा–67,376,

2–श्री अजीमुल-हक-पहलवान–56,887 (समाजवादी पार्टी)।



## लालबहादुर यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–242, गड़वारा,
जिला–जौनपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० शिव गोविन्द यादव । जन्म तिथि–17 जनवरी, 1960 । जन्म स्थान–ग्रा०–बरहता (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–1 मई, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती मालती यादव । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलनों में आप जिला कारागार, जौनपुर में लगभग एक माह बन्दी रहे । शिव गोविन्द शिक्षा मन्दिर समिति, बरहता, जौनपुर के वर्ष 1994 से आप संरक्षक तथा प्रबन्धक हैं । सम्प्रति विधान सभा की पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–बरहता, जिला– जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,32,293, कुल मतदान–1,28,596,

प्राप्त मत–1–श्री लाल बहादुर–51,351,

2–श्रीमती सीमा द्विवेदी–35,096 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## लुईस खुर्शीद, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र--297, कायमगंज,

जिला–फर्रुखाबाद ।

दल--भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता--श्री पी० जे० फर्नांडीज । जन्म तिथि–6 जून, 1954 । जन्म स्थान–नई दिल्ली । धर्म–ईसाई (अल्पसंख्यक) । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–7 अप्रैल, 1984 । पति का नाम–श्री सलमान खुर्शीद (पूर्व मंत्री, भारत सरकार) । सन्तान--तीन पुत्र । व्यवसाय–पत्रकारिता ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । सम्प्रति आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003 ) तथा विशेषाधिकार समिति (2002-2003) की सदस्या है । वर्ष 1989 से आप डा० जाकिर हुसैन मेमोरियल हेल्थ केयर्र एण्ड रूरल डेवलपमेन्ट सेण्टर की परियोजना निदेशक, वर्ष 1991 से सर्वाइवल इण्डिया ट्रस्ट की संस्थापक ट्रस्टी एवं वर्ष 2002 से कर्तव्य चिल्ड्रेन वेलफेयर ट्रस्ट की ट्रस्टी हैं । अन्तर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में भाग लेने हेतु आपने सरकारी प्रतिनिधि के रूप में चीन की यात्रा की है ।

पत्रकारिता, लेखन एवं समाज के पीड़ित वर्ग की सहायता करने में आपकी विशेष रुचि है तथा बागवानी एवं जीव-जन्तुओं का संरक्षण प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–पितौरा, तह०–कायमगंज, जिला–फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,47,792, कुल मतदान–1,50,978,

प्राप्त मत–1–श्रीमती लुईस खुर्शीद–34,908,

2–श्री सुशील शाक्य–30,644 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**वक़ार अहमद शाह, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–136, बहराइच ।

जिला–बहराइच ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० ख्वाजा कमरुद्दीन । जन्म तिथि–6 जुलाई, 1943 । जन्म स्थान–बहराइच । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम शेख । शिक्षा–मेडिकल ग्रेजुएट (कानपुर वि०वि०) । विवाह तिथि–5 जनवरी, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती रूबाब सईदा । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1989 में जनता दल के जेल भरो आन्दोलन में एक दिन जिला-कारागार, बहराइच में तथा राजभवन घेरो आन्दोलन के दौरान धारा-144 का उल्लंघन करने पर जिला–कारागार, लखनऊ में बन्दी रहे । आप विधान सभा की लोक लेखा समिति (1993-94), प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1997-98), अधिष्ठाता-मणडल (2002-2003) एवं (2003-2004) और लोक लेखा समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1993 में विधान मण्डल दल के सचिव, 1996 से 2003 तक विधान मण्डल समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक, वर्ष 1975 से 1982 तक दरगाह शरीफ अस्पताल के अवैतनिक मेडिकल आफीसर तथा आजाद इण्टर कालेज की प्रबन्ध समिति के सदस्य रहे । वर्ष 1976 से आई०एम० ए० ब्रांच जिला-बहराइच के आप सदस्य, रेड क्रास, बहराइच के संरक्षक, महराजसिंह इण्टर कालेज की प्रबन्ध समिति

तथा जिला आई रिलीफ सोसाइटी, बहराइच के सदस्य हैं । सम्प्रति आप दिनांक 14 नवबर, 2003 से उ०प्र० विधान सभा के उपाध्यक्ष पद पर आसीन हैं ।

जनसेवा, जंगल-भ्रमण एवं मरीजों की चिकित्सा में आपकी विशेष रुचि है और अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०--काजीपुरा, जिला--बहराइच ।

कुल मतदाता–2,63,301, कुल मतदान–1,40,943,

प्राप्त मत–1–डा० वकार अहमद शाह–55,232,

2–श्री सुभाष त्रिपाठी--41,137 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**वसीम अहमद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–194, गोपालपुर,
जिला–आजमगढ़ ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० हा० मो० इरफान अहमद । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1958 । जन्म स्थान–विन्दवल (आजमगढ़) । धर्म–इस्लाम । जाति–शेख । शिक्षा–एम०ए०, (उर्दू) एम०पी०एड० । विवाह तिथि–23 मई, 1998 । पत्नी का नाम–श्रीमती शमाँ वसीम । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 में प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राम कोला में किसानों पर हुए गोली काण्ड के विरुद्ध आन्दोलन में आप केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में 10 दिन बन्दी रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे हैं । आप जिला वालीबाल संघ के दो वर्ष उपाध्यक्ष तथा वालीबाल एवं फुटबाल टीमों के कप्तान रहे हैं । कटक (उड़ीसा), इम्फाल (मणिपुर) तथा पंजाब में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में आपने अनेक स्वर्ण पदक जीते हैं । आप राज्य स्तर पर बास्केट बाल, खो-खो, फुटबाल, हर्डिल रेस की यू०पी० टीम के सदस्य और कप्तान रहे हैं । सम्प्रति आप निस्वाँ कालेज, पहाड़पुर, आजमगढ़ तथा इस्लामिया जू०हा० स्कूल, नसीरपुर की कार्यकारिणी और उ०प्र० विधान सभा की विशेषाधिकार समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–विन्दवल, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,40,274, कुल मतदान–1,18,898,

प्राप्त मत–1–श्री वसीम अहमद–38,109,

2–श्री रियाज खान–32,356 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**विजमा यादव, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–254, झूँसी,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप विधान सभा की नियम समिति (1997-98) की सदस्या रहीं और अब सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) की सदस्या हैं ।

मुख्यावास–म०नं०–172/178, अशोक नगर, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,35,049, कुल मतदान–1,35,022,

प्राप्त मत–1–श्रीमती विजमा यादव–47,798,

2–श्री ज्ञान सिंह पटेल–29,134 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**विजय कुमार मिश्रा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–232, ज्ञानपुर,
जिला–सन्त रविदास नगर (भदोही) ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–कौलापुर, पो०–गोपीगंज, जिला–सन्त रविदास नगर, भदोही ।

कुल मतदाता–2,78,973, कुल मतदान–1,51,359,

प्राप्त मत–1–श्री विजय कुमार मिश्रा–49,204,

2–श्री गोरखनाथ पाण्डेय–41,552 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बिजय बहादुर पाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–293, उमर्दा,

जिला–कन्नौज ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राम कृष्ण पाल । जन्म तिथि–31 जनवरी, 1941 । जन्म स्थान–ग्रा०–शिवरा (औरैया) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (पाल) । शिक्षा–एम०ए० (अंग्रेजी) । विवाह तिथि–21 जून, 1964 । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्या देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आप अनेक बार गिरफ्तार हुए तथा वर्ष 1957 में सोशलिस्ट पार्टी के आन्दोलन में धारा 188 आई०पी०सी० के अन्तर्गत एक माह जिला कारागार, मैनपुरी, वर्ष 1983 में 15 दिन सेण्ट्रल जेल, फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद में बन्दी रहे । आप कृषि उत्पादन मण्डी समिति अछल्दा (इटावा) के 2 वर्ष एवं जिला पंचायत फर्रुखाबाद–कन्नौज के 5 वर्ष सदस्य, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद–फर्रुखाबाद के एक वर्ष और जिला पाल सभा फर्रुखाबाद के 10 वर्ष मंत्री तथा ब्लाक हसेरन, कन्नौज के 5 वर्ष ब्लाक प्रमुख रहे हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पत्र-पत्रिकाओं का पठन एवं अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–जगतापुर (मौजा उधमपुर), पो०–इन्द्रगढ़, जिला–कन्नौज ।

कुल मतदाता–2,34,036, कुल मतदान–1,36,467,

प्राप्त मत–1–श्री विजय बहादुर पाल–40,169,

2–श्री विजय सिंह विद्रोही–33,424 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## विजय सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–244, दुद्धी (अ०जा०),
जिला–सोनभद्र ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० इन्द्रमणि सिंह । जन्म तिथि–20 अक्टूबर, 1955 । जन्म स्थान–कटौली। धर्म–गोंडी । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी०एस-सी० (जीव विज्ञान) । विवाह तिथि–25 जून, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती कृष्णा सिंह । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1980 एवं दूसरी बार 1985 में कांग्रेस (आई) के टिकट पर, तीसरी बार 1989 में निर्दल, मई-जून, 1991 में चौथी बार और नवम्बर, 1993 में पांचवी बार जनता दल से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में छठीं बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में सातवीं बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न आन्दोलनों में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत जिला कारागार, मिर्जापुर एवं सम्पूर्णानन्द शिविर जेल, गुर्मा, (चुर्क) में लगभग 6 माह बन्दी रहे । विभिन्न वर्षों में उ०प्र० विधान सभा की लगभग सभी समितियों के सदस्य रहे । वर्ष 1978-79 में बनवासी सेवा आश्रम के सुपरवाइजर रहे हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० आदिवासी गिरिवासी समिति, दुद्धी और आदिवासी सहयोग समिति बखाटोला, गांधीनगर के अध्यक्ष तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

कृषि एवं मत्स्य पालन में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत सुनना, पर्यटन एवं शिकार खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–मल्देवा, पो०–दुद्धी, जिला–सोनभद्र ।
कुल मतदाता–3,22,882, कुल मतदान–1,65,985,
प्राप्त मत–1–श्री विजय सिंह–60,094,
2–श्री राजेन्द्र प्रसाद–39,058 (भारतीय जनता पार्टी) ।

## विजेन्द्र सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–359, इगलास,
जिला–अलीगढ़ ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री गजाधर सिंह । जन्म तिथि–25 दिसम्बर, 1956 । जन्म स्थान–ग्रा०–ढोंडा (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू (वैदिक)। जाति–जाट । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (आगरा वि०वि०) डी०पी०एड० । विवाह तिथि–4 मार्च, 1985। पत्नी का नाम–श्रीमती राकेश चौधरी । सन्तान–2 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा जनता से मिलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–नगला सबल उर्फ गोण्डा, पो०–मांती, अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,18,850, कुल मतदान–1,30,486,

प्राप्त मत–1–श्री विजेन्द्र सिंह–49,639,

2–श्री नरेन्द्र कुमार दीक्षित–39,730 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## विद्या चौधरी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–200, मेहनगर (अ०जा०),
जिला–आजमगढ़ ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० झूरीराम । जन्म तिथि–12 जुलाई, 1959 । जन्म स्थान–ग्रा०–धुन्धपुर (गाजीपुर)। धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, बी०एड० (काशी विद्यापीठ एवं काशी हिन्दू वि०वि०) । विवाह तिथि–9 जून, 1975 । पति का नाम–श्री तिलक चौधरी । सन्तान–तीन पुत्र ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । वर्ष 1991-92 में आप बहुजन समाज पार्टी की जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष, वर्ष 1996-97 में महामंत्री तथा वर्ष 1997 में जिला सहकारी बैंक की डायरेक्टर रहीं हैं । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) की सदस्या हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर का साहित्य पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–खुम्हादेवरी, पो०–रामपुर कठरवां, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,71,021, कुल मतदान–1,38,854,

प्राप्त मत–1–श्रीमती विद्या चौधरी–37,785,

2–श्री कल्पनाथ–37,453 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## विद्या सागर गुप्ता, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–85. लखनऊ पूर्व,
जिला–लखनऊ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री हरभजराम जी । जन्म तिथि–30 नवम्बर, 1932 । जन्म स्थान–लाहौर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातक, एल-एल०बी० (लखनऊ) । विवाह तिथि–22 नवम्बर, 1954 । पत्नी का नाम–श्रीमती स्नेह लता । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 2000-2001 में आप उ०प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे । आप श्री हरभजराम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल के 41 वर्ष, 'दर्पण' रंगमंच संस्था के 28 वर्ष, इण्डियन कैंसर सोसाइटी के 5 वर्ष, आल इण्डियन स्टील रिवोलर्स एसोसियेशन, नई दिल्ली के 6 वर्ष, अवध चैम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री लखनऊ के 12 वर्ष अध्यक्ष, "तरुण भारत" दैनिक समाचार-पत्र के 3 वर्ष चेयरमैन तथा लखनऊ इण्डस्ट्रियल को–आपरेटिव स्टेट के 15 वर्ष सभापति रहे हैं । आपने पर्यटन एवं व्यापार के उद्देश्य से यूरोप, अमेरिका, मिडल ईस्ट, सिंगापुर तथा थाईलैण्ड आदि देशों की यात्रा की हैं । आपने "फेमिली हेल्थ डायरी" नामक एक पुस्तक लिखी है जो रोहिताश्व प्रिन्टर्स, लखनऊ द्वारा प्रकाशित हुई है । सम्प्रति आप उ०प्र० विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति (2002-2003) तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

उद्योग, स्वास्थ्य एवं समाजसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन, पर्यटन एवं फोटोग्राफी प्रिय है ।

मुख्यावास–नार्दन इण्डिया करहेटा, मिल रोड, ऐशबाग, लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,25,879, कुल मतदान–70,345,

प्राप्त मत–1–श्री विद्या सागर गुप्ता–23,429,

2–श्री रविदास मेहरोत्रा–23,090 (समाजवादी पार्टी) ।



## विनय शाक्य, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–291, विधूना,
जिला–औरैया ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री बाबू राम शाक्य । जन्म तिथि–30 जून, 1969 । जन्म-स्थान–ग्रा०–घसारा (औरैया) । धर्म–बौद्ध । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (के० के० महाविद्यालय, इटावा) । विवाह तिथि–27 मई, 1991 । पत्नी का नाम–श्रीमती निशा सिंह । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में वाह्य सहायतित परियोजना एवं बैकिंग राज्य मंत्री और उ० प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं ।

निर्धनों, दलितों, पिछड़ों तथा अल्पसंख्यकों की समस्याओं के निदान में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–घसारा, जिला–औरैया ।

कुल मतदाता–2,25,026, कुल मतदान–1,39,548,

प्राप्त मत–1–श्री विनय शाक्य–38,094,

2–श्री धनी राम वर्मा–30,235 (समाजवादी पार्टी) ।

## विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–145, गोण्डा,

जिला–गोण्डा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।


सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

मुख्यावास–965, आवास विकास कालोनी, गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,40,812, कुल मतदान–1,17,209,

प्राप्त मत–1–श्री विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह–47,299,

2–श्री तुलसीदास राय चन्दानी–34,788 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## विनोद कुमार यादव 'कक्का', श्री

निर्वाचन क्षेत्र–290, भरथना,

जिला–इटावा ।

दल–*भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री गीतम सिंह यादव । जन्म तिथि–15 मई, 1962 । जन्म स्थान–ग्रा०–इटैली (औरैया) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–3 मई, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती बेबी यादव "उमा" । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की नियम समिति (2002–2003) के सदस्य हैं । आप दिनांक 6 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं धर्म निरपेक्षता आदि के कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा विविध प्रकार के साहित्य का अध्ययन सांस्कृतिक कार्य, और खेलों में फुटबाल, क्रिकेट एवं बालीवाल प्रिय है ।

मुख्यावास– ग्रा०–इटैली, विधूना, जिला–औरैया ।

कुल मतदाता–2,25,641, कुल मतदान–1,37,896,

प्राप्त मत–1–श्री विनोद कुमार यादव "कक्का"–53,118,

2–श्री प्रदीप कुमार यादव–33,358 (समाजवादी पार्टी) ।

---

*दिनांक 27 फरवरी, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।

दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## विनोद कुमार सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र--243, मछली शहर,

जिला--जौनपुर ।

दल * बहुजन समाज पार्टी ।

पिता--श्री ध्यान पाल सिंह । जन्म तिथि–10 जून, 1946। जन्म स्थान–गौरहयाडीह (जौनपुर)। धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा--बी०ए०,एल-एल०बी० । विवाह–सन् 1974 में । पत्नी का नाम–श्रीमती नीलम सिंह । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1994-95 से लगातार सार्वजनिक इण्टर कालेज, मु० बादशाहपुर, जौनपुर के प्रबन्धक एवं सार्वजनिक डिग्री कालेज, मु० बादशाहपुर, जौनपुर के संस्थापक/प्रबन्धक हैं ।

शिक्षा के प्रचार व प्रसार में आपकी विशेष रुचि है एवं संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०--गौरहयाडीह, पो०–मुंगरा बादशाहपुर, जिला--जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,51,733, कुल मतदान–1,37,189,

प्राप्त मत–1–श्री विनोद कुमार सिंह–47,834,

2–श्री ज्वाला प्रसाद यादव–46,645 (समाजवादी पार्टी) ।

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## विनोद तिवारी, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–44. पूरनपुर,
जिला–पीलीभीत ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री गंगा विष्णु तिवारी । जन्म तिथि–20 जुलाई, 1949 । जन्म स्थान–ग्रा०–कुरैया । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०ए० एम०एस० (आयुर्वेदिक कालेज, पीलीभीत), एल-एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–5 जुलाई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती कान्ती तिवारी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

1980 में आप प्रथम बार, मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार कांग्रेस (आई) से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 17 मार्च, 1978 को गन्ना किसानों की समस्याओं, तत्पश्चात् 1979 तथा 1980 में आन्दोलन के दौरान धारा–144 के उल्लंघन में जिला कारागार, लखनऊ में बन्दी रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति (1982-84), संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (1984-1985), प्राक्कलन समिति, याचिका समिति, विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे और दिनांक 5 अगस्त, 2002 से नियम समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1978 में आप सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर तथा वर्ष 1996 में पी०सी०एफ० के संचालक रहे हैं । वर्ष 1999 से उत्तर प्रदेश को-आपरेटिव यूनियन, लखनऊ के अध्यक्ष, नेशनल को-आपरेटिव यूनियन इण्डिया, नई दिल्ली के संचालक, वर्ष 2002 से भगवन्तापुर किसान सेवा सहकारी समिति एवं सहकारी क्रय-विक्रय समिति पूरनपुर, पीलीभीत के प्रशासक हैं । एशिया पेसिफिक सहकारिता मंत्रियों के सम्मेलन

तथा दिनांक 13 सितम्बर 2002 को सम्पन्न हुए रीजनल सेमिनार आन को-आपरेटिव हेल्थ एण्ड मेडिकल केयर में भाग लेने हेतु चीन (बीजिंग), थाईलैण्ड (बैंकाक) एवं जापान (टोकियो) की आपने यात्रा की है । आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा, क्षेत्र विकास एवं सहकारिता में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन और भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास– 720, मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी, पूरनपुर, पीलीभीत ।

कुल मतदाता–2,46,633, कुल मतदान–1,62,624,

प्राप्त मत–1–डा० विनोद तिवारी–43,058,

2–श्री गोपाल कृष्ण–34,502 (समाजवादी पार्टी) ।



## विमल कृष्ण अग्रवाल उर्फ पप्पी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–28, बदायूँ ,

जिला–बदायूँ ।

दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री सरवन कुमार अग्रवाल । जन्म तिथि–14 मई, 1959 । जन्म स्थान–उझनी (बदायूँ) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० ए० । विवाह तिथि–28 मई, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती पूनम अग्रवाल । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में आप रोटरी क्लब के अध्यक्ष रहे । आप अखिल भारतीय वैश्य युवा परिषद् के उपाध्यक्ष तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । आप उ०प्र० विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं ।

शाकाहारी भोजन एवं क्रिकेट प्रिय हैं ।

मुख्यावास– मोहल्ला–किला खेरा, उझनी, जिला–बदायूँ ।

कुल मतदाता–2,59,913, कुल मतदान–1,30,385,

प्राप्त मत–1–श्री विमल कृष्ण अग्रवाल उर्फ पप्पी–36,148,

2–श्री जुगेन्द्र सिंह अनेजा–32,834 (समाजवादी पार्टी) ।

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

**विवेक बंसल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–357. अलीगढ़,
जिला–अलीगढ़ ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–अयोध्याकुटी, मैरिस रोड, अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–3,13,163, कुल मतदान–1,14,175.

प्राप्त मत–1–श्री विवेक बंसल–47,801.

2–श्री दीपक मित्तल–23,357 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## विशम्भर प्रसाद निषाद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–302, तिन्दवारी,
जिला–बांदा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० श्री कृष्ण निषाद । जन्म तिथि–18 जुलाई, 1962 । जन्म स्थान–ग्रा०–झंझरी पुरवा (बांदा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (निषाद) । शिक्षा–एम०ए० (अर्थशास्त्र), एल-एल०बी० (बुन्देलखण्ड वि०वि०, झांसी) । विवाह तिथि–20 अप्रैल, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला देवी निषाद । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियाँ । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

मई-जून, 1991 में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उ०प्र० चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1996 से 1997 तक आप बहुजन समाज पार्टी से फतेहपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोक सभा के भी सदस्य रहे । आपने कई बार जेल भरो आन्दोलन में भाग लिया और धारा 151 के अन्तर्गत जिला–कारागार, बांदा में बन्दी रहे । आप विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं । दिसम्बर, 1993 से जून, 1995 तक आप श्री मुलायम सिंह यादव के मंत्रिमंडल में राजस्व विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा 3 जून, 1995 से 17 अक्टूबर, 1995 तक सुश्री मायावती के मंत्रि-मंडल में पशुधन एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री हैं । आप वर्ष 1989 से 1991 तक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय ब्लड बैंक बांदा के महामंत्री, वर्ष 1991-92 में बहुजन समाज पार्टी विधान मंडल दल के

सचिव तथा बिक्रीकर स्थाई समिति और सहकारिता स्थाई समिति के सदस्य रहे । आपने सांसद रहते हुए संसदीय अध्ययन दल के साथ अमेरिका की यात्रा की है ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा वालीबाल खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–झंझरी पुरवा, जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–2,21,335, कुल मतदान–1,19,273,

प्राप्त मत–1–श्री विशम्भर प्रसाद निषाद–42,096,

2–श्री विवेक कुमार सिंह–39,180 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## विश्राम सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–74, बिलग्राम,
जिला–हरदोई ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० नरपति सिंह यादव । जन्म तिथि–16 जनवरी, 1939 । जन्म स्थान–ग्राम–इकनौरा । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (अहीर) । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी० (के०के०सी० कालेज, लखनऊ) । विवाह तिथि–12 जून, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती रमा देवी यादव । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार एवं फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में हरदोई, लखनऊ, उन्नाव एवं दिल्ली के कारागारों में अनेक धाराओं के अन्तर्गत लगभग एक वर्ष तक आप बन्दी रहे । वर्ष 1994 से 1995 की अवधि में लगभग डेढ़ वर्ष तक विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे और अब अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । आप डा० राम मनोहर लोहिया शिक्षा समिति, डा० भीमराव अम्बेडकर शिक्षा समिति, नरपति कमला जन कल्याण समिति और विकास महिला सेवा समिति के 10 वर्षों से अध्यक्ष एवं डा० आर०एम०एल० इण्टर कालेज के 7 वर्षों से प्रबन्धक हैं तथा कई अन्य सामाजिक एवं शैक्षिक संस्थाओं से भी सम्बद्ध हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनीति पर चर्चा करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–इकनौरा, पो०–वरनई चतरखा, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–2,40,308, कुल मतदान–1,47,671,

प्राप्त मत–1–श्री विश्राम सिंह यादव–42,151,

2–श्री गंगा सिंह चौहान–27,003 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## वीरेन्द्र प्रताप सिंह ''मुन्ना'', श्री

निर्वाचन क्षेत्र–47, तिलहर,
जिला–शाहजहांपुर ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री सुरेन्द्र पाल सिंह । जन्म-तिथि–15 अक्टूबर, 1960 । जन्म स्थान–ग्रा०–डभौरा, (शाहजहांपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–सामान्य (ठाकुर) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–16 मई, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती साधना सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम जून, 1992 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार आप लगातार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1978 में श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में आप धारा 107/16 और 188 के अन्तर्गत जिला कारागार, शाहजहांपुर में 8 दिन बन्दी रहे । आप किसान मजदूर वाहिनी के वर्ष 1976-77 में और वर्ष 1977-78 में संजय स्मारक समिति, शाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष, वर्ष 1978-79 में छात्र संगठन, शाहजहांपुर के जिला महामंत्री, वर्ष 1983-85 में जिला–युवक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वर्ष 1985-86 में जिला–महामंत्री तथा जैतीपुर विकास खण्ड के ब्लाक–प्रमुख रहे हैं । आप वर्ष 1990 से जनहित विद्यालय, पहाड़पुर के प्रबन्धक, वर्ष 1994 से स्वामी सेवानन्द सरस्वती इण्टर कालेज, पहरा सलेमपुर के अध्यक्ष, वर्ष 1998 से ठाकुर सिंह इण्टर कालेज, तिलहर तथा जनहित मा० स्कूल तिलहर, शाहजहांपुर के प्रबन्धक हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति

(2002-2003) एवं कार्य-मंत्रणा समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–डभौरा सिमरा, पो०–सरसवां, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–2,19,129, कुल मतदान–1,26,516,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह "मुन्ना"–45,491,

2–श्री राजेश यादव–44,133 (समाजवादी पार्टी) ।



## वीरेन्द्र सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–388, कांधला,
जिला–मुजफ्फरनगर ।
दल–राष्ट्रीय लोक दल ।

पिता–चौ० धूम सिंह । जन्म तिथि–2 जुलाई, 1952 । जन्म स्थान–ग्रा०–जसाला (मुजफ्फरनगर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (राज० शास्त्र) । विवाह तिथि–12 दिसम्बर, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती राज कुमारी । सन्तान–तीन पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मई, 1980 के निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता (एस०) चरण सिंह के टिकट पर, मार्च, 1985 के आम चुनाव में लोकदल से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार, मई-जून, 1991 में चौथी बार जनता दल से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीं बार भारतीय किसान कामगार पार्टी से तथा अब छठी बार फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । बागपत काण्ड में सत्याग्रह करने के कारण 23 दिन तक आप जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में बन्दी रहे । आप विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति, प्राक्कलन समिति, लोक लेखा समिति, नियम समिति प्रश्न एवं संदर्भ समिति, विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति, संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति, आवास मंत्रणा एवं किचन संबंधी संयुक्त समिति तथा प्रतिनिहित विधायन समिति सहित अनेक समितियों और अधिष्ठाता मण्डल ( 2002-2003) के सदस्य तथा आश्वासन समिति व प्राक्कलन समिति के सभापति रहे हैं । दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से आप श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं । यूथ डेलीगेशन में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए आपने अमेरिका और इंग्लैण्ड की दो बार वर्ष 1986 व 1995 में यात्रा की ।

विश्वविद्यालय तथा प्रदेश स्तर की वालीबाल-टीम के भी आप सदस्य रहे हैं। ग्रामीण शिक्षा समिति, जसाला के अधीन चौ० अजबसिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वर्ष 1992 से प्रबन्धक तथा गऊशाला समिति, जसाला के वर्ष 1999 से अध्यक्ष हैं।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा वालीबाल खेलना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–जसाला, जिला– मुजफ्फरनगर।

कुल मतदाता–2,21,288, कुल मतदान–1,28,113,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेन्द्र सिंह–74,474,

2–श्री रतन पाल पंवार–40,594 (समाजवादी पार्टी)।



## वीरेन्द्र सिंह गंगवार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–38, भोजीपुरा,
जिला–बरेली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हिम्मत सिंह । जन्म तिथि–20 दिसम्बर, 1956 । जन्म स्थान–ग्रा० व पो०–अहमदाबाद (बरेली) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा इण्टरमीडिएट । विवाह–सन् 1974 में । पत्नी का नाम–श्रीमती रमेश कुमारी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप दिनांक 30 जून, 1998 से 28 जून, 2001 तक जिला सहकारी बैंक लि० बरेली के अध्यक्ष रहे तथा पुनः दिनांक 14 जुलाई, 2001 से उक्त बैंक के अध्यक्ष हैं ।

सादा भोजन एवं टी० वी० चैनल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–अहमदाबाद, जिला– बरेली ।

कुल मतदाता–2,25,018, कुल मतदान–1,43,058,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेन्द्र सिंह–42,761,

2–श्री अब्दुल कादीर–36,386 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## वीरेन्द्र सिंह बुन्देला ''भगत राजा'', श्री

निर्वाचन क्षेत्र–311, ललितपुर,

जिला–ललितपुर ।

* दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० ऊदल सिंह बुन्देला । जन्म तिथि–11 दिसम्बर, 1950 । जन्म स्थान–डोंगरा कला (ललितपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–27 जनवरी, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती रत्ना राजा । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1989 से 1994 तक आप जिला परिषद् के अध्यक्ष रहे तथा दानवीर ऊदल सिंह बुन्देला, हाईस्कूल, पूराकला, ललितपुर के वर्ष 2001 से प्रबन्धक हैं । दिनांक 4 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में आयुर्वेद चिकित्सा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

सामाजिक चिन्तन में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–174, सिविल लाईन, ललितपुर ।

कुल मतदाता–2,83,104, कुल मतदान–184,341,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेन्द्र सिंह बुन्देला ''भगत राजा''–52,099,

2–श्री तिलक यादव–40,052 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 27 फरवरी, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।

दिनांक 06 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



**बीरेश्वर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–355, गंगीरी,

जिला–अलीगढ़ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० बाबू सिंह यादव। जन्म तिथि–1फरवरी,1965। जन्म स्थान–दीनापुर (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–21 मार्च, 1992। पत्नी का नाम–श्रीमती रेखा यादव । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी के जेल भरो आन्दोलन में आप एक दिन जिला–कारागार, अलीगढ़ में बन्दी रहे । आप उत्तर प्रदेश तेरहवीं विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (1993-94) के सदस्य रहे ।


जनसेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा भोजन और टी० वी० देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–पठानन, छुर्रा, अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,25,395, कुल मतदान–1,29,478,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेश्वर–39,967,

2–श्री मुजाहिद खान–29,543 (राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी) ।



## वेदराम भाटी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–370, सिकन्द्राबाद,
जिला–बुलन्दशहर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री रामफल सिंह । जन्मतिथि–4 सितम्बर, 1951 । जन्म स्थान–ग्रा० गिरधरपुर (बुलन्दशहर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–(बी०एस-सी, एल०एल०बी० (सिकन्द्राबाद-गाजियाबाद) । विवाह तिथि–17 फरवरी, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती राजवतीं । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । मिहिर भोज इण्टर कालेज, दादरी (गौतम बुद्ध नगर) के कुल 6 वर्ष तक आप कोषाध्यक्ष रहे । आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रिमण्डल में कारागार मंत्री रहे हैं ।

समाजसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा संयुक्त चर्चा करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–गिरधरपुर, पो०–गुरुकुल, सिकन्द्राबाद, जिला–गौतमबुद्ध नगर ।

कुल मतदाता–2,41,758, कुल मतदान–1,37,288,

प्राप्त मत–1–श्री वेदराम भाटी–43,723,

2–नरेन्द्र सिंह भाटी–36,097 (समाजवादी पार्टी) ।



**शंख लाल मांझी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–162, हैंसर बाजार (अ०जा०),
जिला–संत कबीर नगर ।
दल–*जनता दल (यूनाइटेड) ।

पिता–स्व० राम सुन्दर मांझी । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–मुखलिसपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (मझवार) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, शास्त्री । पत्नी का नाम–श्रीमती अंजनी मांझी । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने वर्ष 2002 में पडरौना चीनी मिल गोली काण्ड के विरुद्ध आन्दोलन में भाग लिया और धारा–144 के अन्तर्गत जिला–कारागार, गोरखपुर में दो दिन बन्दी रहे । 1987-88 में आप जिला मत्स्य विकास एवं विपणन फेडरेशन, जनपद–बस्ती के चेयरमैन, वर्ष 1995 में जिला–पंचायत के सदस्य तथा वर्ष 2002-03 में सदन में जनता दल (यू) विधान मण्डल दल के नेता रहे हैं । वर्ष 1978 से आप लगातार नवयुवक मंगलदल के अध्यक्ष, वर्ष 2001 से राष्ट्रीय निषाद कल्याण सभा उ० प्र० के प्रान्तीय उपाध्यक्ष हैं । आपने देशाटन के उद्देश्य से नेपाल की यात्रा की है । आप दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–मुखलिसपुर, जिला–सन्त कबीर नगर ।

कुल मतदाता–2,50,292, कुल मतदान–1,32,971,

प्राप्त मत–1–श्री शंखलाल मांझी–41,830,

2–श्री दशरथ प्रसाद–37,640 (समाजवादी पार्टी) ।

---

*दिनांक 15 फरवरी, 2003 से मांझी मझवार शोषित समाज दल के सदस्य ।
दिनांक 02 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## शचीन्द्र नाथ त्रिपाठी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–234, बरसठी,
जिला–जौनपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री पारसनाथ त्रिपाठी । जन्म तिथि–15 अप्रैल, 1947 । जन्म स्थान–हरदुआरी (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा– स्नातकोत्तर डिग्री (विज्ञान), एल-एल०बी० । विवाह–सन् 1964 में। पत्नी का नाम–श्रीमती दुर्गा त्रिपाठी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । छात्र जीवन में आपने अनेक बार समाजवादी युवजन सभा से सम्बद्ध आन्दोलनों में भाग लिया और जिला–कारागार, जौनपुर में बन्दी रहे । वर्ष 1983 से 1987 तक आप क्षेत्र पंचायत बरसठी, जौनपुर के क्षेत्र प्रमुख तथा छात्रसंघ, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर के अध्यक्ष रहे हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–हरदुआरी, पो०–बहेड़ी, जिला– जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,49,868, कुल मतदान–1,34,098,

प्राप्त मत–1–श्री शचीन्द्र नाथ त्रिपाठी–41,192,

2–डा० परमेन्द्र कुमार सिंह–30,736 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## शब्बीर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–134, चर्दा (अ०जा०),
जिला–बहराइच ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री दूबर लाल । जन्म तिथि–19 अगस्त, 1960 । जन्म स्थान–बहराइच । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (बाल्मीकि) । शिक्षा–स्नातक (किसान डिग्री कालेज, बहराइच) । विवाह–सन् 1982 में । पत्नी का नाम–श्रीमती गुड़िया देवी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

आप नवम्बर, 1993 में प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार लगातार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपने पार्टी के अनेक आन्दोलनों में भाग लिया है । आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1994-95) तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1997-98), के सदस्य रहे हैं । आप स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के 1987 से तथा उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के वर्ष 1991 से अध्यक्ष और जिला शाखा बहराइच के वर्ष 1997 से संरक्षक हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । आपने पर्यटन के उद्देश्य से नेपाल की यात्रा की है ।


जनता की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है तथा शुद्ध पौष्टिक भोजन, फुटबाल खेलना तथा जनता के बीच गांव-गांव भ्रमण करना प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०–कासिमपुरा, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,32,269, कुल मतदान–1,21,414,

प्राप्त मत–1–श्री शब्बीर–46,927,

2–श्रीमती सावित्री वाई फूले–31,437 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## शमीमुल हक, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–18, मुरादाबाद देहात,
जिला–मुरादाबाद ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० अताउल हक । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1955 । जन्म-स्थान–पीपलसाना (मुरादाबाद) । धर्म–इस्लाम । शिक्षा– इण्टरमीडिएट (बिजनौर इण्टर कालेज, बिजनौर) । विवाह –सन् 1987 में। पत्नी का नाम–श्रीमती सरताज बेगम । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति जनवरी, 2000 से नेशनल जूनियर हाई स्कूल, पीपलसाना, मुरादाबाद के आप प्रबन्धक हैं ।

कृषि-कार्य एवं उर्दू-साहित्य के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–पीपलसाना, जिला– मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,49,925, कुल मतदान–1,49,743,

प्राप्त मत–1–श्री शमीमुल हक–52,367,

2–श्री सौलत अली–37,450, (समाजवादी पार्टी) ।



## शरदबीर सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–48, जलालाबाद,
जिला–शाहजहांपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० कुंवर उदयवीर सिंह । जन्म तिथि–6 जुलाई, 1971 । जन्म-स्थान–अल्हागंज (शाहजहांपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–ठाकुर । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–19 मई, 1996 । पत्नी का नाम–श्रीमती सौम्या चौहान । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अक्टूबर, 1997 में आप समाजवादी पार्टी के जेल भरो आन्दोलन में धारा–144 का उल्लंघन करने पर 2 दिन जिला–कारागार, शाहजहांपुर में बन्दी रहे ।


समाज सेवा एवं खेल (क्रिकेट) आदि में आपकी विशेष रुचि है तथा दूरदर्शन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०–पछौंआँ, कस्बा व पो०–अल्हागंज, जिला– शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–2,27,010, कुल मतदान–140,022,

प्राप्त मत–1–श्री शरदवीर सिंह–43,572,

2–श्री कृष्णपाल सिंह–27,511 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**शहजिल इस्लाम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–35, बरेली कैण्ट,

जिला–बरेली ।

दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री इस्लाम साबिर (पूर्व विधायक) । जन्म तिथि–14 जून, 1976 । जन्म-स्थान–बरेली । धर्म–इस्लाम । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । व्यवसाय–अध्यापन ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप जमात–ए–रजा मुस्तफा के 5 वर्ष से प्रदेश अध्यक्ष हैं । आपने व्यक्तिगत रूप से नैपाल (काठमांडू) एवं पाकिस्तान (करांची) की यात्रा की है ।


स्पोर्ट्स (क्रिकेट) में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–1 ब, शहदाना चौराहा, जिला– बरेली ।

कुल मतदाता–2,78,872, कुल मतदान–1,29,657,

प्राप्त मत–1–श्री शहजिल इस्लाम–35,493,

2–श्री प्रवीन सिंह ऐरन–26,703 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ) ।



## शाकिर अली, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–185, गौरी बाजार,
जिला–देवरिया ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० मंजूर अली । जन्म तिथि–15 दिसम्बर, 1953 । जन्म-स्थान–ग्राम–करजहां (देवरिया) । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–स्नातक (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) मत्स्य पालन में प्रशिक्षण । विवाह तिथि–18 नवम्बर, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती शमीमा खातून । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा मत्स्य पालन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी से तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । समाजवादी पार्टी के जेल भरो आन्दोलन में आपने भाग लिया और जिला जेल, देवरिया एवं गोरखपुर में एक-एक दिन बन्दी रहे । श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मंडल में आप दिनांक 21 जून, 1994 से 31 मई, 1995 तक बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से पुनः मंत्री हैं । आपने अपने विधान सभा क्षेत्र में अग्नि पीड़ितों एवं बाढ़ पीड़ितों की आर्थिक रूप से सहायता की है । आप उ० प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा बाटी-चोखा खाना और साथियों से बातचीत करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–पो०–करजहां, (बैतालपुर), जिला–देवरिया ।
कुल मतदाता–2,53,018, कुल मतदान–1,51,332,
प्राप्त मत–1–श्री शाकिर अली–50,870,
2–श्री जन्मेजय सिंह–44,744 (बहुजन समाज पार्टी) ।




## शारदा देवी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–167, मुण्डेरा बाजार (अ०जा०),
जिला–गोरखपुर ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० बृजलाल पासी । जन्म तिथि–1 मार्च, 1952 । जन्म स्थान–नौवा अब्बल । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–साक्षर । विवाह तिथि–24 अप्रैल, 1971 । पति का नाम–श्री रामलखन पासवान एडवोकेट । सन्तान–1 पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1977 में आप जनता पार्टी के टिकट पर, मार्च, 1985 के आम चुनाव में दूसरी बार लोकदल से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार, 1991 में चौथी बार जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के टिकट पर पांचवीं बार विधान सभा के लिए निर्वाचित हुई हैं । विभिन्न आन्दोलनों और सत्याग्रहों के दौरान 1981 में 24 घण्टे के लिए, 1982 में एक दिन के लिए और 1983 में एक सप्ताह के लिए तथा 1998 में दो माह तक गोरखपुर जेल में बन्दी रहीं । विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति की अनेक बार और आवास मंत्रणा एवं किचन समिति (1989–91) की सदस्या रही हैं । सन् 1983-84 की बाढ़ में गांवों को बाढ़ से बचाने हेतु आपने कार्य किया । सरैया गांव तथा पहाड़पुर गोली काण्ड के पुलिस जुल्मों का आपने जमकर विरोध किया है । आर्थिक स्थिति की जानकारी हेतु आपने नेपाल की यात्रा की है ।




गरीब मजदूर, विकलांग, किसान, बाढ़ पीड़ितों और विधवाओं की सहायता तथा सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–कौनासोन बरसा, पो०–बरही, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,43,055, कुल मतदान–1,19,727,

प्राप्त मत–1–श्रीमती शारदा देवी–31,962,

2–श्री माधो पासवान–28,623 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## शारदा नन्द अंचल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–206, सीयर,
जिला–बलिया ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० देवराज यादव । जन्म तिथि–19 जुलाई, 1947 । जन्म-स्थान–पशुहारी, बलिया । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–स्नातक (हिन्दी वि० वि० प्रयाग), विशारद । पत्नी का नाम–श्रीमती शीतला । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा पत्रकारिता ।

सर्वप्रथम मार्च, 1985 तथा नवम्बर, 1989 के आम चुनाव में जनता दल से, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपातकाल, छात्र, युवा और जन-आन्दोलनों के दौरान अनेक बार जिला कारागार, बलिया (उ० प्र०) और झंझनी जेल (राजस्थान) में बन्दी रहे । यूनाइटेड क्लब और शिवाजी क्लब, बिलथरा रोड (बलिया) के संरक्षक, लोहिया अध्ययन संस्थान, बिलथरा रोड और साहित्यकार लोक मंच, बलिया के अध्यक्ष, क्रान्तिकारी स्मारक समिति, बलिया और भोजपुरी साहित्यिक समाज, बिलथरा रोड के महामंत्री, भ्रष्टाचार उन्मूलन परिषद्, उ० प्र० (लखनऊ) के मंत्री, गांधी विद्यापीठ पशुहारी (बलिया) और शिव शंकर विद्यापीठ, तेलमा के संस्थापक सदस्य और पिछड़ा वर्ग संघ, उ० प्र० के सदस्य हैं । आप श्री मुलायम सिंह यादव की पूर्व सरकार में राज्य मंत्री तथा दिसम्बर, 1993 से 1 जून, 1995 तक, श्री मुलायम सिंह यादव के ही मंत्रि-मण्डल में शिक्षा राज्य मंत्री रहे और अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से पुनः राज्य मंत्री हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं ।

कृषि, समाज सेवा, पत्रकारिता और साहित्य सेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–पशुहारी, जिला–बलिया।

कुल मतदाता–2,46,944, कुल मतदान–1,26,636,

प्राप्त मत–1–श्री शारदा नन्द अंचल–45,251,

2–श्री साकलदीप–34,739 (भारतीय जनता पार्टी)।

**शारदा प्रसाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–222, चन्दौली (अ०जा०),
जिला–चन्दौली ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री जैश्री प्रसाद ।जन्म तिथि–12 नवम्बर, 1958 । जन्म स्थान–वाराणसी । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–15 मई, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री देवी । सन्तान–तीन पुत्र,एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002–2003) तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002–2003) के सदस्य रहे हैं । दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में आप सार्वजनिक उद्यम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा सामाजिक कार्य प्रिय है ।

मुख्यावास–बी–38/13, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,78,279, कुल मतदान–1,45,930,

प्राप्त मत–1–श्री शारदा प्रसाद–45,706,

2–श्री उजागिर गोंड–40,232 (समाजवादी पार्टी) ।



## शाहिद मंजूर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–377, किठौर,

जिला–मेरठ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० मंजूर अहमद । जन्म तिथि–1 दिसम्बर, 1955 । जन्म स्थान–किठौर (मेरठ)। धर्म–इस्लाम (मुस्लिम) । शिक्षा–एम०ए० (इतिहास), एल–एल०बी० । विवाह तिथि–20 अप्रैल, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती गुलनाज़ शाहिद । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप चौधरी महेन्द्र सिंह डिग्री कालेज और डा० राम मनोहर लोहिया इण्टर कालेज, गढ़मुक्तेश्वर के सदस्य, डा० राम मनोहर लोहिया जू० हा० स्कूल एवं तालीमी मरफज सराय, शाहपीर (मेरठ) के प्रबन्धक तथा जदीद तालीमी समिति के सचिव हैं । विधान सभा की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (2002–2003) के सदस्य तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

निर्धनों की सेवा, नशा उन्मूलन तथा समाज के पिछड़े वर्ग को शिक्षित करने में आपकी विशेष रुचि है एवं पत्र–पत्रिकायें पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–किठौर, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–2,20,711, कुल मतदान–1,21,039,

प्राप्त मत–1–श्री शाहिद मंजूर–44,682,

2–श्री केदार नाथ–30,513 (बहुजन समाज पार्टी) ।

## शिव कुमार बेरिया, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–283, बिल्हौर (अ०जा०),

जिला–कानपुर देहात ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राधे लाल । जन्म तिथि–5 जनवरी,1950। जन्म स्थान–महेदिया (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति। शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल०एल०बी० । विवाह तिथि–15 अप्रैल, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती रमा देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत (एडवोकेट) ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार समाजवादी पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990–91 में विधान सभा की आश्वासन समिति के सदस्य रहे और वर्तमान में आप विशेषाधिकार समिति (2002–2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1967 से लेकर 1977 तक विभिन्न छात्र–आन्दोलनों एवं आपातकाल में मीसा, डी० आई० आर० सहित अनेक धाराओं में लगभग दो वर्ष तक कानपुर, फतेहगढ़ व वाराणसी केन्द्रीय जेल में आप बन्दी रहे । युवा मजदूर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आपने जापान और सिंगापुर की यात्रा की है ।

शिक्षा, क्रिकेट एवं भ्रमण में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास--15/50, सिविल लाइन्स, कानपुर नगर ।

कुल मतदाता–2,25,756, कुल मतदान–1,22,781,

प्राप्त मत–1–श्री शिव कुमार बेरिया–45,337,

2–श्री भगवती प्रसाद–38,911 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## शिवचरण प्रजापति, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–305, हमीरपुर,
जिला–हमीरपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री भागीरथ प्रजापति । जन्म तिथि–2 जुलाई, 1954 । जन्म स्थान–ग्रा०–पौथिया (हमीरपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, बी०टी०सी० । विवाह तिथि–20 जून, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती राम प्यारी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई–जून,1991 में, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की नियम समिति (1991–92) के आप सदस्य रहे हैं । आप 1988 से ग्राम सभा, पौथिया के प्रधान, 1990 से उत्तर प्रदेश प्रजापति महासभा तथा 1994 में अम्बेडकर प्राथमिक विद्यालय, पौथिया जनपद–हमीरपुर के अध्यक्ष रहे हैं । जिला बहुजन समाज पार्टी, हमीरपुर के आप उपाध्यक्ष भी रहे । दिनांक 27 मार्च, 1997 से 19 अक्टूबर, 1997 तक बसपा–भाजपा सरकार में पिछड़ा वर्ग एवं विकलांग कल्याण एवं कृषि शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक प्रौढ़ शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।

सामाजिक परिवर्तन में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०– पौथिया बुजुर्ग, जिला–हमीरपुर ।

कुल मतदाता–2,23,125, कुल मतदान–1,13,643,

प्राप्त मत–1–श्री शिव चरन–41,636,

2–साध्वी निरंजन ज्योति–32,674 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## शिव तपस्या पासवान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–223, चकिया (अ०जा०),
जिला–चन्दौली ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रामधारी पासवान । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1969 । जन्म-स्थान–ग्रा०–बबुरी । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–20 मई, 1989 । पत्नी का नाम–श्रीमती लक्ष्मी देवी । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं पत्रकारिता ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ०प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (2002–2003) के सदस्य, वर्ष 1980 से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक तथा वर्ष 1996 से ग्रामोदय सामाजिक संस्था के संरक्षक हैं ।

समाज सेवा, खेलकूद एवं युवा विकास कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा लोक संगीत और कुश्ती दंगल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–बबुरी, जिला–चन्दौली ।

कुल मतदाता–2,42,307, कुल मतदान–1,49,629,

प्राप्त मत–1–श्री शिव तपस्या (पासवान)–46,346,

2–श्री सत्य प्रकाश–43,596 (समाजवादी पार्टी) ।



## शिव पाल सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–289,जसवन्त नगर,
जिला–इटावा।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–स्व० सुघर सिंह यादव । जन्म तिथि–6 अप्रैल, 1955 । जन्म-स्थान–ग्रा०–सैफई (इटावा)। धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, डी०पी०एड०(कानपुर एवं लखनऊ विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–23 मई, 1981। पत्नी का नाम–श्रीमती सरला यादव।सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री।व्यवसाय–कृषि।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही उ०प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (1997–98) एवं लोक लेखा समिति तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002–2003) के सदस्य रहे और अब दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मंत्री हैं । वर्ष 1988 से 1991 तक जिला सहकारी बैंक, 1994 से 1998 तक उ०प्र० सहकारी ग्राम विकास बैंक तथा 1995 से 1996 तक जिला पंचायत, इटावा के आप अध्यक्ष रहे । सम्प्रति आप वर्ष 1990 से चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज, वर्ष 1993 से जिला सहकारी बैंक, वर्ष 1994 से डा० राम मनोहर लोहिया इण्टर कालेज, धनुवा व गीजा और वर्ष 1995 से एस०एस० मेमोरियल पब्लिक स्कूल सैफई, इटावा के अध्यक्ष तथा कुंवर मनभावति जनसेवा इण्टर कालेज व कुंवर मनभावति कन्या इण्टर कालेज बसरेहर, इटावा के प्रबन्धक हैं । अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन–कार्यक्रम तथा सहकारिता के उद्देश्य से आपने जापान, हांगकांग, एवं थाईलैण्ड आदि देशों की यात्रा की है ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–सैफई, जि०–इटावा ।

कुल मतदाता–2,17,635, कुल मतदान–1,31,158,

प्राप्त मत–1–श्री शिव पाल सिंह यादव–80,544,

2–श्री रमेश चन्द्र शाक्य–27,555 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## शिव प्रताप यादव, डॉ०

निर्वाचन क्षेत्र–138, गैंसड़ी,
जिला–बलरामपुर।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री राम लाल यादव । जन्म तिथि–3 जुलाई, 1951 । जन्म-स्थान–मो०–पहलवारा (बलरामपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, पी-एच०डी० (रसायन विज्ञान)। विवाह तिथि–16 मई, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती मिथिलेश यादव। सन्तान–दो पुत्र,एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1989 में आप धारा–188 के अन्तर्गत जिला–कारागार, गोण्डा में तीन दिन बन्दी रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की आवास मंत्रणा एवं किचन समिति (1994–95) के सदस्य रहे और संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (2002–2003) के सदस्य हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव के मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा पत्र–पत्रिका पढ़ना एवं टी०वी० देखना प्रिय है ।

मुख्यावास– मो०–पहलवारा, पो०–बलरामपुर, जिला– बलरामपुर ।

कुल मतदाता–2,26,983, कुल मतदान–1,37,675,

प्राप्त मत–1–श्री शिव प्रताप उर्फ डॉ० शिव प्रताप यादव–48,740,

2–श्री बिन्दु लाल–37,045 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## शिवाकान्त ओझा, प्रो०

निर्वाचन क्षेत्र–103, बीरापुर,

जिला–प्रतापगढ़।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री रमा शंकर ओझा । जन्म तिथि–31 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–ढिसनी–ढाकापुर, पट्टी (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए० (राजनीति शास्त्र), एम०फिल । विवाह–जून, 1972 में । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

मई–जून, 1991 में आप प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप राष्ट्रीय सुरक्षा कानून एवं श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में एक माह जिला–कारागार, फतेहपुर में बन्दी रहे । आप वर्ष 1980 से 1984 तक भा०ज०पा० के महामंत्री, 1984 से 1991 तक उपाध्यक्ष, विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1991-92) तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1997-98) के सदस्य रहे हैं । दिनांक 27-10-97 से 8 मार्च, 2002 तक आप श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डल में चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के मंत्री रहे हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–रमईपुर दिशिनी, पो०–पृथ्वीगंज, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,69,986, कुल मतदान–1,44,514,

प्राप्त मत–1–प्रो० शिवाकान्त ओझा–58,249,

2–श्री लक्ष्मी नारायन पाण्डेय (गुरू जी)–32,965 (समाजवादी पार्टी) ।



## शिवेन्द्र सिंह उर्फ शिव बाबू, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–175, सिसवा,

जिला–महराजगंज ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम प्रसाद सिंह । जन्म तिथि–5 जुलाई, 1957 । जन्म स्थान–सिसवा बाजार (महराजगंज) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–7 फरवरी, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती तूलिका सिंह । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

दिसम्बर, 1983 में हुए उप चुनाव में आप प्रथम बार, मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस पार्टी से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से अक्टूबर, 1999 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में आप ग्राम्य विकास राज्य मंत्री, अक्टूबर, 1999 से अक्टूबर, 2000 तक श्री राम प्रकाश गुप्त मंत्रि-मण्डल में औद्योगिक विकास एवं आवास विभाग के राज्य मंत्री तथा अक्टूबर, 2000 से मार्च, 2002 तक श्री राजनाथ सिंह मंत्रि-मण्डल में आवास विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं । वर्ष 1990 में कांग्रेस पार्टी द्वारा महंगाई के विरुद्ध आयोजित आन्दोलन में आप एक दिन जिलाधिकारी, महराजगंज के न्यायालय में बन्दी रहे । उ० प्र० विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1984-1987), संसदीय शोध, संदर्भ अध्ययन समिति (1987-1989), लोक लेखा समिति (1997-1998), कार्य-मंत्रणा समिति (1998-1999), अधिष्ठाता मण्डल (1997-1998) तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003), के आप सदस्य रहे हैं । आप जुलाई–अगस्त, 1999 में उ० प्र० विधान सभा की सी०पी०ए० प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप

में हालैण्ड, इंग्लैण्ड, फ्रांस, अमेरिका तथा कनाडा और पर्यटक के रूप में अनेक बार नेपाल की यात्रा कर चुके हैं। आप वर्ष 1987-89 में प्राविधिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश, 1988-89 में राज्य वन्य जन्तु सलाहकार परिषद्, 1987-89 में राज्य चिकित्सा स्वास्थ्य सलाहकार परिषद्, 1988-89 में राज्य सिंचाई आयोग, 1989 में उ० प्र० वन निगम, प्रशासनिक परिषद्, 1987-89 में अखिल भारतीय गन्ना विकास परिषद्, 1984-89 एवं 1991-92 में कामनवेल्थ पार्लियामेन्टरी एसोसियेशन की कार्यकारिणी (उ० प्र० शाखा), 1984-89 एवं 1991-92 के मध्य विभिन्न अवधि में उ० प्र० विधान सभा की तथा शासन की विभिन्न स्थाई समितियों–पी०डब्लू०डी०, न्याय, विकास, नियोजन, उद्योग, परिवहन, राजस्व तथा गन्ना विकास समिति के सदस्य रहे हैं। इसके अतिरिक्त 1989 में उत्तर प्रदेश एग्रोगवर्निंग बाडी के निदेशक और वर्ष 1989-1996 में जिला कांग्रेस कमेटी, महराजगंज, 1983 से 1986 तक चीनी मिल मजदूर संघ, सिसवा बाजार तथा 1983 से 1985 तक टाउन एरिया कर्मचारी महासंघ, सिसवा बाजार के अध्यक्ष और दिनांक 22 अप्रैल, 1997 से अगस्त, 1997 तक बहुजन समाज पार्टी के तथा मई, 2001 से दिसम्बर, 2001 तक लोक जनशक्ति पार्टी के महामंत्री रहे हैं। वर्ष 1983 से आप पूर्व माध्यमिक विद्यालय, टेकुआपार (पडरौना) के अध्यक्ष तथा महात्मा गांधी इण्टर कालेज, सिसवा बाजार के प्रबन्धक हैं। दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में आवास विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं।

पर्यटन, खेलकूद, जनसेवा, आखेट, फोटोग्राफी, सिनेमा एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा नये स्थानों की यात्रा एवं जानकारी प्राप्त करना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–सिसवा खुर्द, सिसवा बाजार, जिला–महराजगंज।

कुल मतदाता–2,30,509, कुल मतदान–1,47,532,

प्राप्त मत–1–श्री शिवेन्द्र सिंह उर्फ शिव बाबू–57,350,

2–श्री अरविन्द नाथ द्विवेदी उर्फ महन्त–49,722 (समाजवादी पार्टी)।



## शिशुपाल सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–332, एटा,

जिला–एटा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राम सिंह यादव । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1957 । जन्म स्थान–नगला–गुलाल । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी०एस–सी० । विवाह–29 फरवरी, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रभा यादव । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार, फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1982-83 में सरकार के विरुद्ध चलाये गये जेल भरो आन्दोलन के तहत आप पन्द्रह दिन जिला कारागार, एटा में बन्दी रहे । वर्ष 1993 से लगातार आप लायन्स क्लब, सिटी एटा के सदस्य हैं । क्लब के माध्यम से आपने ग्रामीणों की आंखों का आपरेशन, ग्रामीण स्कूलों के निर्धन छात्रों में वस्त्र, पुस्तकों का वितरण और बागवानी आदि का कार्य भी सम्पन्न कराया है । उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1999-2000) तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2000-2001) के सदस्य भी रहे हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । भ्रमण के उद्देश्य से आपने लन्दन की यात्रा की है ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–यादव नगर, आगरा रोड, एटा ।

कुल मतदाता–2,22,260, कुल मतदान–1,14,636,

प्राप्त मत–1–श्री शिशुपाल सिंह यादव–35,229,

2–श्री भारत सिंह वर्मा–24,157 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**शैलेन्द्र यादव "ललई", श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–241, खुटहन,

जिला–जौनपुर ।

दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उ० प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–पखनपुर, पो०–सुरिस (शाहगंज), जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,44,373, कुल मतदान–1,38,768,

प्राप्त मत–1–श्री शैलेन्द्र यादव "ललई"–39,266,

2–श्री लाल चन्द्र यादव "लाले"–29,035 (समाजवादी पार्टी) ।

---

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## श्यामदेव राय चौधरी (दादा), श्री

निर्वाचन क्षेत्र–226, वाराणसी दक्षिणी,
जिला–वाराणसी ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० शिव प्रसाद राय चौधरी । जन्म तिथि–22 जून, 1939 । जन्म स्थान–पूर्वी बंगाल । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–स्नातक (पश्चिम बंगाल) । विवाह–सन् 1967 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मिनती राय चौधरी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–फोटोग्राफी ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई–जून, 1991 में दूसरी बार, नवम्बर, 1993 में तीसरी बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार आप लगातार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । लगभग दो दर्जन से अधिक बार अनेक जन आन्दोलनों में केन्द्रीय कारागार और जिला–कारागार, वाराणसी में विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत आप बन्दी रहे । आप विधान सभा की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा विमुक्त जाति संबंधी संयुक्त समिति (1989) के सदस्य, प्राक्कलन समिति के दो बार सभापति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (1997-98 और 2002-2003) के सदस्य एवं सभापति तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के कार्यकारी सभापति रहे हैं । आप वर्ष 1968 से 1973 तक नगर महापालिका, वाराणसी के सभासद, 1991 में भा०ज०पा० विधान मण्डल दल के सचेतक, पुलिस स्थाई समिति के सदस्य, रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति उत्तर रेलवे, लखनऊ–मण्डल एवं पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल के सदस्य तथा विधान सभा के अधिष्ठाता–मण्डल के सदस्य रहे । वर्तमान में भी आप कई राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक

तथा सांस्कृतिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति (2002-2003) के सदस्य तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती के मंत्रि-मण्डल में कार्यक्रम कार्यान्वयन, राष्ट्रीय एकीकरण एवं भाषा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं । सम्प्रति आप दिनांक 31 अगस्त, 2003 से कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) के सदस्य हैं ।

सामाजिक कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है तथा शास्त्रीय संगीत सुनना एवं बैडमिण्टन का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–डी–37/100, बड़ादेव, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,72,074, कुल मतदान–82,567,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम देव राय चौधरी (दादा)–43,458,

2–श्री राकेश जैन–22,653 (समाजवादी पार्टी) ।



**श्याम नारायन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–173, फरेन्दा,

जिला–महराजगंज ।

दल–* भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० त्रिवेणी मणि त्रिपाठी । जन्म–सन् 1934 में । जन्म स्थान–गोरखपुर । धर्म–भारतीय । शिक्षा–स्नातक (आगरा वि०वि०) । विवाह–सन् 1960 में । पत्नी का नाम–स्व० विमला । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं राजनीति ।

सर्वप्रथम 1977 में, दूसरी बार 1980 में लगातार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार और मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार आप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । खाद्य–आन्दोलन एवं कम्युनिस्ट आन्दोलन तथा नक्सली–आन्दोलन और आपातकाल में वर्ष 1957-61, 1967 से 1974 तक पुनः 1975-77 तक कुल मिलाकर 10 वर्षों से अधिक समय तक जिला–कारागार, गोरखपुर व फैजाबाद में बन्दी रहे । नक्सली–आन्दोलन में आपको फांसी की सजा भी सुनायी गयी थी । वर्ष 1977 से 1980 तक आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, 1980 से 1984 तक विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1990-91) एवं सार्वजनिक उपक्रम

---

* दिनांक 28 फरवरी, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।

*दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

एवं निगम संयुक्त समिति (1991-92) तथा दिनांक 5 अगस्त, 2002 से 3 फरवरी, 2003 तक प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य तथा वर्ष 2002 में विधान सभा में भारतीय कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक रहे हैं । वर्ष 1960 से क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति उदितपुर के अध्यक्ष हैं । आपने पर्यटन के उद्देश्य से नेपाल की यात्रा की है । आप सुश्री मायावती के मंत्रि-मण्डल में दिनांक 4 फरवरी, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक विकलांग कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं और पुनः दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं ।

अध्ययन, लेखन और राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–हरपुर, पो०–लेजार महदेवा (फरेन्दा) जिला–महराजगंज ।

कुल मतदाता–2,34,955, कुल मतदान–1,31,972,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम नारायन–31,395,

2–श्री वीरेन्द्र चौधरी–25,522 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**श्याम लाल रावत, श्री**

**निर्वाचन** क्षेत्र–61, सिधौली (अ०जा०),
जिला–सीतापुर।
दल– समाजवादी पार्टी।

पिता–स्व० जसकरन लाल । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1940 । जन्म स्थान–ग्रा०–सतनापुर (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी०, एडवोकेट (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि– 22 जून, 1961 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ती देवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

सर्वप्रथम 1969 में, दूसरी बार 1974 में कांग्रेस के टिकट पर, नवम्बर, 1989 में जनता दल से, मई-जून, 1991 में जनता पार्टी से, नवम्बर, 1993 में पाँचवी बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में छठी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में सातवीं बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1991 में राजनैतिक आन्दोलनों में आप जिला कारागार, सीतापुर और लखनऊ में धारा–144/151 के अन्तर्गत बन्दी रहे । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (1969-74), सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (1989-91), याचिका समिति (1991-92), नियम समिति (1993-95) तथा कार्य मंत्रणा समिति (1995 व 1997-98) और प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । सम्प्रति आप वर्ष 1994 से ग्रामोदय इण्टर कालेज बांसखेड़ा, सिधौली, सीतापुर के संस्थापक/प्रबन्धक भी हैं ।

स्वाध्याय में आपकी विशेष रुचि है तथा प्रातःकालीन भ्रमण प्रिय है ।
मुख्यावास–मो०–प्रेमनगर, कस्बा व पोस्ट–सिधौली, जिला–सीतापुर ।
कुल मतदाता–2,30,314, कुल मतदान–1,36,536,
प्राप्त मत–1–श्री श्याम लाल रावत–46,771,
2–श्री रमेश राही–46,335 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## श्याम सिंह अहेरिया, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–346, गोवर्धन (अ०जा०),
जिला–मथुरा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री बदले सिंह । जन्म तिथि–5 जनवरी, 1948 । जन्म स्थान–ग्रा०–सराय आजमाबाद (मथुरा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–जूनियर हाई स्कूल । विवाह तिथि–10 अप्रैल, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रेमा । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1971 में आपने राजनीतिक आन्दोलन में भाग लिया और जिला–कारागार, मथुरा में एक माह बन्दी रहे । आप रामलीला सभा, मथुरा (रजि०) के मंत्री 15 वर्ष, मोक्षधाम के आजीवन सदस्य, ग्रा०–सराय आजमाबाद के प्रधान 6 वर्ष, जिला परिषद्, मथुरा तथा जिला पंचायत, मथुरा के क्रमशः 6 वर्ष और 5 वर्ष निर्वाचित सदस्य रहे हैं । दिनांक 01 मई, 2003 से आप उ० प्र० विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–सराय आजमाबाद, पो०–कृष्णानगर, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–2,38,681, कुल मतदान–1,17,096,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम–34,873,

2–श्री भारत सिंह–28,426 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## श्याम सुन्दर शर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–349, मांट,
जिला–मथुरा ।
दल–अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस ।

पिता–श्री लोकमणि शर्मा । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1952 । जन्म स्थान–पंचहरा (मथुरा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–15 जनवरी, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा शर्मा । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के निर्वाचन में, मई–जून, 1991 में दूसरी बार, नवम्बर, 1993 में तीसरी बार कांग्रेस से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप चौथी बार अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी) से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से 8 मार्च, 2002 तक, श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रिमण्डल में आप खेलकूद और युवा कल्याण, होमगाड्र्स, राजनैतिक पेंशन, नागरिक सुरक्षा मंत्री रहे हैं । राजनैतिक आन्दोलनों में मथुरा, एटा तथा लखनऊ जिला–कारागार में आप कुल बारह दिन धारा–144 के उल्लंघन में बन्दी रहे । जिला सहकारी बैंक लिमिटेड तथा जिला सहकारी संघ लिमिटेड, मथुरा के प्रशासक आप क्रमशः वर्ष 1984 से 1988 तक एवं 1988 से सभापति भी रहे हैं । आप सदन में कांग्रेस पाटी के उप मुख्य सचेतक तथा विधान सभा की लोक लेखा समिति (1997-98) के सदस्य और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में उच्च शिक्षा मंत्री रहे।

सहकारिता, ग्राम्य विकास के कार्यों एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–व पो०–पचेहरा, तह०–मांट, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–2,18,248, कुल मतदान–1,32,766,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम सुन्दर शर्मा–67,718,

2–चौधरी प्रताप सिंह–56,334 (बहुजन समाज पार्टी) ।

## श्याम सूरत उपाध्याय, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–256. प्रतापपुर,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री राम निरंजन उपाध्याय । जन्म तिथि–20 जुलाई, 1936 । जन्म स्थान–ग्रा०–अनुवा (इलाहाबाद) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए०, एल–एल०बी० (इलाहाबाद) । विवाह–सन् 1953 में । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रावती देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

1969, 1980 में तथा मार्च, 1985 के आम चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप चौथी बार भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सन् 1977-1979 में स्वर्गीया इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में दो बार 20 दिन तक सेण्ट्रल जेल, नैनी–इलाहाबाद में बन्दी रहे । सितम्बर, 1969 में राज्य मंत्रि-मण्डल में उप मंत्री, जून, 1971 से जून, 1974 तक और फरवरी, 1984 से 1985 तक आपने राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया । दिनांक 13 मार्च, 1985 से प्रदेश मंत्रि-मण्डल में ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज मंत्री रहे हैं । विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1980-84) के सदस्य रहे तथा सम्प्रति उ० प्र० विधान सभा के अधिष्ठाता–मण्डल (2002-2003) के सदस्य एवं सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (2002-2003) के सभापति हैं । 1972 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा नागरिक इण्टर एवं डिग्री कालेज, जंघई की कार्यकारिणी के सदस्य और जिला कांग्रेस कमेटी–इलाहाबाद के अध्यक्ष रहे हैं ।

राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–व पो०–अनुवा, जिला–इलाहाबाद ।
कुल मतदाता–2,46,018, कुल मतदान–1,44,805,
प्राप्त मत–1–श्री श्याम सूरत उपाध्याय–33,207,
2–श्री जोखू लाल यादव–31,317 (समाजवादी पार्टी) ।



## संजय गर्ग, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–402, सहारनपुर,
जिला–सहारनपुर ।
दल–* जनता पार्टी ।

पिता–श्री मनमोहन नाथ गर्ग । जन्म तिथि–29 दिसम्बर, 1957 । जन्म स्थान–सहारनपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल–एल०बी० (मेरठ वि०वि०) । विवाह तिथि–8 फरवरी, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती पूनम गर्ग । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार समाजवादी पार्टी से तथा फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार जनता पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप सी०सी०एस० विश्वविद्यालय, मेरठ की सामान्य सभा के सदस्य, उ० प्र० विधान सभा की व्यापार कर व पर्यटन स्थायी समिति के सदस्य, विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, नियम समिति, लोक लेखा समिति (2002-2003), प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1983 में आप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा दोहरी शिक्षा प्रणाली के विरुद्ध काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से दून स्कूल, देहरादून तक साइकिल मार्च के उपरान्त विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार हुए और जिला–कारागार, देहरादून में पन्द्रह दिन बन्दी रहे । दिशा (सामाजिक संगठन) चिलकाना–सुल्तानपुर, जिला–सहारनपुर के पांच वर्ष अध्यक्ष रहे हैं । फरवरी, 1999 में पाकिस्तान पीस कोलिएशन के निमंत्रण पर आपने पाकिस्तान (करांची–लाहौर) की यात्रा की है । सम्प्रति आप साम्प्रदायिक सद्भावना एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था "संस्कार निधि" के

* दिनांक 9 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।

संस्थापक–संयोजक कामनवेल्थ पार्लियामेण्टरी एसोसियेशन की उ० प्र० शाखा और इण्टरनेशनल रेड क्रास सोसायटी के आजीवन सदस्य, महराज सिंह कालेज, सहारनपुर की प्रबन्ध समिति, हजरत अमीर खुसरो कल्चरल सोसायटी और अदाकार ग्रुप (रंगसंस्था) के संरक्षक तथा विकल्प सामाजिक संगठन के अध्यक्ष हैं तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । उ०प्र० विधान सभा सी०पी०ए० अध्ययन भ्रमण दल के सदस्य के रूप में आपने आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, मलेशिया, सिंगापुर और हांगकांग की यात्रा की है ।

साम्प्रदायिक सद्भावना हेतु सेमिनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में आपकी विशेष रुचि है तथा पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–4/1075, चकरौता रोड, सहारनपुर ।

कुल मतदाता–3,48,740, कुल मतदान–1,32,766,

प्राप्त मत–1–श्री संजय गर्ग–64,706,

2–श्री लाज कृष्ण–36,702 (राष्ट्रीय लोकदल) ।



## संजीव दरियावादी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–272, सीसामऊ (अ०जा०),
जिला–कानपुर नगर।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।

पिता–स्व० लालता प्रसाद दरियावादी। जन्म तिथि–1 दिसम्बर, 1970। जन्म स्थान–कानपुर। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति। शिक्षा–इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि–14 मार्च, 1996। पत्नी का नाम–श्रीमती निशा दरियावादी। सन्तान–दो पुत्र। व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि)।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आपने फरवरी, 1991 में तत्कालीन मुख्य मंत्री श्री मुलायम सिंह यादव की जन विरोधी नीतियों के विरुद्ध आन्दोलन में भाग लिया और धारा–151 के अन्तर्गत जिला–कारागार, कानपुर में तीन दिन बन्दी रहे। वर्ष 1982 से 1984 तक आप राष्ट्रीय छात्र संगठन, वर्ष 1987 से 1992 तक सोसाइटी फार सेक्युलरिज्म, 1991 से 1996 तक शहर युवक कांग्रेस और 1996 से 2001 तक शहर कांग्रेस कमेटी, कानपुर के महामंत्री रहे हैं। सम्प्रति वर्ष 1982 से वृक्षारोपण एक्शन वेलफेयर एसोसियेशन के संरक्षक, 1984 से रक्तदान, श्रमदान, व नेहरू युवा परिषद् के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के सदस्य हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शुद्ध शाकाहारी भोजन प्रिय है।

मुख्यावास–77/153, बी० कुली बाजार लाटूश रोड, कानपुर नगर।

कुल मतदाता–2,11,788, कुल मतदान–77,770,

प्राप्त मत–1–श्री संजीव दरियावादी–29,482,

2–श्री कपूर चन्द्र सोनकर–23,933 (भारतीय जनता पार्टी)।



## संदीप अग्रवाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–17. मुरादाबाद,
जिला–मुरादाबाद।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री रघुनन्दन शरण अग्रवाल। जन्म तिथि–25 नवम्बर, 1955। जन्म स्थान–गुजराती मोहल्ला (मुरादाबाद)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल–एल०बी०। विवाह तिथि–30 जून, 1981। पत्नी का नाम–श्रीमती रेनू अग्रवाल। सन्तान–एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) एवं व्यापार (दुकान आदि)।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। बिजली आन्दोलन एवं पुतला फूंकने में आप जिला कारागार, मुरादाबाद में कुल 15 दिन बन्दी रहे। आप 1990 से व्यापार मण्डल के सदस्य एवं श्री रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष, 1991 से अमन कमेटी के उपाध्यक्ष और राजकला कन्या पाठशाला, मुरादाबाद के कोषाध्यक्ष हैं। आपने भ्रमण के उद्देश्य से नेपाल की यात्रा की है। विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (1997-98) के सदस्य रहे और अब आवास संबंधी संयुक्त समिति (2002-2003) के सदस्य हैं।

सामाजिक कार्य एवं निर्बल वर्ग की सेवा करने में आपकी विशेष रूचि है तथा कार ड्राईविंग एवं मलिन बस्तियों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार प्रिय है।

मुख्यावास–किशन लाल हाउस, बाजीगरान स्ट्रीट, मुरादाबाद।

कुल मतदाता–2,16,821, कुल मतदान–1,01,612,

प्राप्त मत–1–श्री संदीप अग्रवाल–42,888,

2–हाफिज मोहम्मद सिद्दीकी–27,907 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



## संध्या कठेरिया, कु०

निर्वाचन क्षेत्र–321, किशनी (अ०जा०),
जिला–मैनपुरी ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राधेश्याम कठेरिया । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1975 । जन्म स्थान–मैनपुरी । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (समाज शास्त्र एवं अर्थ शास्त्र) (आर०सी० महिला डिग्री कालेज, मैनपुरी) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । जेल भरो आन्दोलन में आप जिला–कारागार, मैनपुरी में बन्दी रहीं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2002-2003) की सदस्या हैं ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा टी०वी० देखना, वन्य जीव जन्तु एवं प्राकृतिक सौन्दर्य प्रिय है ।

मुख्यावास–3/58, आवास विकास कालोनी, मैनपुरी ।

कुल मतदाता–2,18,503, कुल मतदान–1,22,868,

प्राप्त मत–1–कु० संध्या कठेरिया–53,073,

2–श्री रामेश्वर दयाल बाल्मीकि–38,514 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## सतीश महाना, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–274, कानपुर कैण्टोमेंट,
जिला–कानपुर नगर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम अवतार महाना । जन्म तिथि–14 अक्टूबर, 1960 । जन्म स्थान–कानपुर नगर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०एस–सी० (कानपुर) । विवाह तिथि–7 दिसम्बर, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता महाना । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 में, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार लगातार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन-आन्दोलनों में अक्टूबर, 1990, दिसम्बर, 1992 तथा फरवरी, 1994 में धारा–151 के अन्तर्गत आप जिला कारागार, फतेहगढ़ में बन्दी रहे । विधान सभा की याचिका समिति (1991-92), विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1993-95), संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (1997-98) तथा 10 अक्टूबर, 2002 तक प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के आप सदस्य रहे हैं । अटल युवा संस्था के अध्यक्ष 10 वर्ष, हरजेन्दर नगर दशहरा कमेटी के संयोजक 10 वर्ष, भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष दो वर्ष तथा खत्री युवा संगठन के संरक्षक 5 वर्ष तक रहे हैं । दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से 8 मार्च, 2002 तक श्री कल्याण सिंह, श्री राम प्रकाश एवं श्री राजनाथ सिंह के मंत्रि-मण्डल में आप आवास एवं नगर विकास राज्य मंत्री तथा दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में भी नगर विकास राज्य मंत्री रहे हैं । कामनवैल्थ पार्लियामेण्टरी एसोसियेशन के अध्ययन–भ्रमण में आपने अमेरिका,

कनाडा, यू० के०, फ्रांस, हालैण्ड, इटली, रूस, चीन, जापान, सिंगापुर, हांगकांग, न्यूजीलैण्ड तथा आस्ट्रेलिया आदि देशों की यात्रा की है ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–3, हरजेन्दर नगर, कानपुर ।

कुल मतदाता–2,71,611, कुल मतदान–99,911,

प्राप्त मत–1–श्री सतीश महाना–45,839,

2–श्री गिरीश कुमार त्रिवेदी–35,774 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## सत्यनारायण, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–67, बेनीगंज (अ०जा०),
जिला–हरदोई ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री छोटे लाल । जन्म तिथि–5 सितम्बर, 1970 । जन्म स्थान–ग्रा०–महम्मदापुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–5 जून, 1988 । पत्नी का नाम–श्रीमती रामसहेली । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1998 से 2001 तक आप ग्रामीण सुरक्षा समिति, महम्मदापुर के अध्यक्ष रहे । व्यापार के उद्देश्य से आपने दुबई की यात्रा की है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा०–महम्मदापुर, पो०–अतरौली, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–1,91,630, कुल मतदान–1,06,854,

प्राप्त मत–1–सन्तू उर्फ सत्यनारायण–37,530,

2–श्री राम पाल वर्मा–33,630 (समाजवादी पार्टी) ।



## सत्यप्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले), श्री

निर्वाचन क्षेत्र–380, मेरठ कैण्ट,

जिला–मेरठ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० नत्थू सिंह । जन्म तिथि–7 जुलाई, 1939 । जन्म स्थान–मेरठ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–27 फरवरी, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुशीला देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । भारतीय जनसंघ एवं भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न आन्दोलनों में आपने भाग लिया और जिला कारागार, मेरठ में बन्दी रहे । आप ढ़ाई वर्ष संयुक्त व्यापार संघ, मेरठ के अध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति आप उ० प्र० विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–102, महावीर जी नगर, मेरठ ।

कुल मतदाता–3,03,536, कुल मतदान–1,19,201,

प्राप्त मत–1–श्री सत्य प्रकाश अग्रवाल (कैलाश डेरी वाले)–55,952,

2–श्री रमेश धींगरा–40,517 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**सदल प्रसाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–163, बांसगांव (अ०जा०),
जिला–गोरखपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री पलाव राम । जन्म तिथि–1 दिसम्बर, 1956 । जन्म स्थान–गोरखपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–एम०ए० (राजनीति शास्त्र) । विवाह–सन् 1963 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री देवी । सन्तान–चार पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा एकान्त में चिन्तन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–खानीपुर, पो०–तेन्दूआ, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,57,724, कुल मतदान–1,26,958,

प्राप्त मत–1–श्री सदल प्रसाद–59,525,

2–श्री सन्त प्रसाद–37,786 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**समरपाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–386, बरनावा,

जिला–बागपत ।

दल–राष्ट्रीय लोकदल ।

पिता–स्व० अमर सिंह । जन्म तिथि–2 जुलाई, 1955 । जन्म स्थान–ग्रा०–झिटकारी (मेरठ) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम०एस–सी० (वनस्पति विज्ञान), एल–एल०बी । विवाह तिथि 18 अक्टूबर, 1999 । पत्नी का नाम–श्रीमती शिखा सिंह । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार भारतीय किसान कामगार पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिनांक 6 मई, 1990 से 1996 तक आप विधान परिषद् के भी सदस्य रहे हैं । आपात काल के दौरान आप गिरफ्तार हुए और जेल भी गये । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति (1997-1998), याचिका समिति, संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति तथा कार्य मंत्रणा समिति (1997-98) के सदस्य रहे और अब कार्य मंत्रणा समिति (2002-2003), सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति (2002-2003) तथा विशेषाधिकार समिति (2002-2003) के सदस्य हैं । वर्ष 1987-88 में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र-संघ व वर्ष 1990–94 में युवा जनता दल के अध्यक्ष, वर्ष 1995-96 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी और वर्ष 1996-97 में भारतीय किसान कामगार पार्टी के महामंत्री रहे हैं । वर्ष 1998 से आप राष्ट्रीय लोकदल के महामंत्री हैं ।

सामाजिक कार्य एवं राजनैतिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा परिवार के साथ रहना, संगीत सुनना एवं टेलीविजन देखना प्रिय है।

मुख्यावास– ग्रा० व पो०–झिटकारी, जिला–मेरठ।

कुल मतदाता–2,20,899, कुल मतदान–1,20,865,

प्राप्त मत– 1–श्री समरपाल सिंह–57,490,

2–श्री सत्येन्द्र–30,894 (बहुजन समाज पार्टी)।



## सलिल विश्नोई, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–273. जनरलगंज,

जिला–कानपुर नगर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० गोविन्द विश्नोई । जन्म तिथि–9 जुलाई, 1955 । जन्म स्थान–औरैया । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी०एस–सी०, एल–एल०बी० (बी०एस०एस०डी० कालेज, कानपुर) । विवाह तिथि–17 जनवरी । पत्नी का नाम–श्रीमती रोचना विश्नोई । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । भारतीय जनता पार्टी एवं व्यापार मंडल से सम्बन्धित कई आन्दोलनों में आपने भाग लिया तथा एक-एक दिन जिला कारागार, कानपुर एवं लखनऊ में बन्दी रहे । विगत 10 वर्षों से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल तथा उत्तर प्रदेश विश्नोई पर्यावरण समिति के क्रमशः प्रान्तीय प्रचार मंत्री व महामंत्री, हिन्दू जागरण मंच, कानपुर के आठ वर्षों से महानगर महामंत्री, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय कार्य परिषद् तथा व्यापार कर सलाहकार समिति के विगत तीन वर्षों से सदस्य एवं अन्तर्राष्ट्रीय जेसीज, औरैया के एक वर्ष से संस्थापक अध्यक्ष हैं । दिनांक 30 अप्रैल, 2003 से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (2002-2003) के आप सदस्य हैं ।


समाज सेवा एवं व्यापार-उद्योग के उन्नयन में आपकी विशेष रुचि है तथा मित्रता, अध्ययन व पर्यावरण संरक्षण प्रिय है ।

**मुख्यावास**– 247, माडल टाउन, पाण्डुनगर, कानपुर–208005 ।

कुल मतदाता–2,04,196, कुल मतदान–79,831,

प्राप्त मत– 1–श्री सलिल विश्नोई–28,854,

2–श्री अब्दुल मन्नान–27,823 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## सर्वेश कुमार उर्फ राकेश कुमार, कुं०

निर्वाचन क्षेत्र–19, ठाकुर द्वारा,

जिला–मुरादाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम पाल सिंह । जन्म तिथि–22 दिसम्बर, 1953 । जन्म स्थान–ग्रा०–रतुपुरा (मुरादाबाद) । धर्म–हिन्दू (भारतीय) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–26 मई, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती साधना सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991, नवम्बर, 1993 में दूसरी बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप चौथी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1991-92 तथा 1993-95 में आप विधान सभा की याचिका समिति तथा वर्ष 1997-98 में लोक लेखा समिति के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1980–82 में युवक मंगल दल, मुरादाबाद के अध्यक्ष और वर्ष 1987–91 में रतुपुरा गांव सभा के निर्विरोध प्रधान रहे हैं । सम्प्रति विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति (2002-2003) के सदस्य हैं ।


सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा मानव जाति की खुशहाली, प्रगति, उन्नति एवं समृद्धि हेतु प्रयासरत रहना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–रतुपुरा, तह०–ठाकुरद्वारा, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,42,511, कुल मतदान–1,90,892,

प्राप्त मत– 1–कुं० सर्वेश कुमार उर्फ राकेश कुमार–87,318,

2–मो० उल्ला खां–84,063 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



## सिद्ध गोपाल साहू, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–309, महोबा,
जिला–महोबा।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री छंगा प्रसाद साहू । जन्म तिथि–13 मार्च, 1965 । जन्म स्थान–कबरई (महोबा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (इलाहाबाद वि० वि०) । विवाह तिथि–24 नवम्बर, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती विनीता साहू । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने समाजवादी पार्टी के आन्दोलन में भाग लिया और न्यायिक हिरासत में निरुद्ध रहे । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति (2002-2003) के सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । सितम्बर, 1995 से दिसम्बर, 2000 तक नगर पंचायत, कबरई जनपद–महोबा के चेयरमैन रहे हैं । व्यापारिक उद्देश्य से आपने थाईलैण्ड, सिंगापुर तथा मलेशिया की यात्रा की है ।


समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है और जनसेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–मरहटी गौहारी, विवेक नगर कबरई, जिला–महोबा ।

कुल मतदाता–2,20,547, कुल मतदान–1,22,829,

प्राप्त मत– 1–श्री सिद्ध गोपाल–32,637,

2–श्री चन्द्र नारायण सिंह–30,280 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## सियाराम सागर, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–34, फरीदपुर (अ०जा०),

जिला–बरेली।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री आर० बी० प्रसाद सागर। जन्म तिथि–7 जुलाई, 1945। जन्म स्थान–ग्रा०–मझारा (बरेली)। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति (जाटव)। शिक्षा–स्नातक, एल०एम०एस०एच० (जुबली मेडिकल कालेज, कलकत्ता)। विवाह तिथि-12 फरवरी, 1979। पत्नी का नाम–श्रीमती किरन सागर। सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–चिकित्सा।

सर्वप्रथम 1977 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता पार्टी से, दूसरी बार 1989 में निर्दलीय, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप पार्टी आन्दोलनों में धारा 107/116 के अन्तर्गत केन्द्रीय कारागार और जिला कारागार, बरेली में कुल 13 दिन बन्दी रहे। आप उ० प्र० विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति (1977-78) तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1989-90) के सदस्य रहे हैं। आप वर्ष 1971 से डा० बी० आर० अम्बेडकर समाज कल्याण संघ के अध्यक्ष, 1972 से डा० बी० आर० अम्बेडकर पाठशाला, कंजा चकरपुर व कीरतपुर धीरी तथा वर्ष 1996 से डा० अम्बेडकर कन्या इण्टर कालेज, फतेहगंज पूर्वी व भुता के प्रबन्धक हैं।

चिकित्सा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–मोहल्ला–निर्धान वीसलपुर रोड, फरीदपुर, जिला–बरेली।

कुल मतदाता–1,95,501, कुल मतदान–1,11,090,

प्राप्त मत– 1–डा० सियाराम सागर–39,106,

2–श्री विजय पाल सिंह–38,868 (भारतीय जनता पार्टी)।



## सीताराम निषाद, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–119, बीकापुर,

जिला–फैजाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० भिखारी निषाद । जन्म तिथि–12 मई, 1940 । जन्म स्थान–केशरूआ बुजुर्ग (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (केवट) । शिक्षा–स्नातक, एल–एल०बी० । विवाह तिथि–19 मई, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती मधुबाला निषाद । सन्तान–दो पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

सर्वप्रथम सन् 1974 में भारतीय क्रान्ति दल से, 1980 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार, 1985 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार कांग्रेस (आई०) से, सितम्बर–अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप राज्य मंत्रि-मण्डल में सन् 1980 से 1982 तक कृषि व मत्स्य विभाग के उपमंत्री और सन् 1984 से 1985 तथा 1986 से 1989 तक सार्वजनिक निर्माण, सिंचाई, राजस्व, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं आबकारी विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (वर्ष 1976 से 77 तथा 1982 से 84), अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1974–1976) प्रतिनिहित विधायन समिति (1985-86), नियम समिति, लोक लेखा समिति (2002-2003) तथा कार्य-मंत्रणा समिति के सदस्य रहे । वर्ष 2002-2003 व 2003-2004 में अधिष्ठाता- मण्डल के भी सदस्य रहे तथा अब दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं । आप उत्तर प्रदेश निषाद कल्याण सभा के प्रान्तीय अध्यक्ष (1976-1992), राष्ट्रीय मछुआरा संघ के राष्ट्रीय

उपाध्यक्ष (1985 से 1992 तक) तथा प्रान्तीय अध्यक्ष (1984 से 1992 तक), उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के (1975-1977 तक) सदस्य रहे हैं । सम्प्रति राष्ट्रीय निषाद कल्याण सभा के 1992 से राष्ट्रीय अध्यक्ष, ग्राम वि० इण्टर कालेज कोदैला, फैजाबाद के विगत 15 वर्षों से अध्यक्ष/प्रबन्धक तथा राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय पिछड़ा वर्ग संगठन के विगत 30 वर्षों से अध्यक्ष हैं ।

राजनीति, समाज सेवा, शिक्षा तथा विकास कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–केशरूआ बुजुर्ग, फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,42,395, कुल मतदान–1,35,809,

प्राप्त मत–1–श्री सीतराम निषाद–43,989,

2–श्री जितेन्द्र कुमार बबलू सिंह–37,066 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## सुखदेव राजभर, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–201, लालगंज,

जिला–आजमगढ़ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० छांगुर राजभर । जन्म तिथि–5 सितम्बर, 1951 । जन्म स्थान–ग्रा०–बड़गहन लालगंज । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी०एस–सी० (ए० जी०), एल–एल०बी । (टी०डी० कालेज, जौनपुर) । विवाह तिथि–15 जुलाई, 1960। पत्नी का नाम–श्रीमती सुमित्रा देवी । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 में, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से जनवरी, 1997 से फरवरी, 2002 तक उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के भी सदस्य रहे हैं । विभिन्न आन्दोलनों में आप धारा–144 आई०पी०सी० तथा धारा 188 सी० आर० पी० सी० के अन्तर्गत जिला कारागार, आजमगढ़ में लगभग एक माह बन्दी रहे । आप वर्ष 1993-94, 1994 और 1997 में क्रमशः श्री मुलायम सिंह यादव, सुश्री मायावती, श्री कल्याण सिंह के मंत्रि-मण्डल में सहकारिता व मुस्लिम वक्फ विभाग में राज्य मंत्री, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री व मंत्री तथा ग्राम्य विकास अम्बेडकर ग्राम व लघु सिंचाई विभाग के मंत्री और विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (91-92) और कार्य-मंत्रणा समिति (2002-2003) के सदस्य रहे । अखिल भारतीय राजभर महासंघ के 1982 से 1989 तक कोषाध्यक्ष तथा अब 1989 से अध्यक्ष हैं । आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक संसदीय कार्य, वस्त्रोद्योग तथा रेशम उद्योग मंत्री भी रहे और सम्प्रति विधान सभा

की कार्य-मंत्रणा समिति (2003-2004) तथा नियम समिति (2002-2003) के सदस्य हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पठन-पाठन प्रिय है।

मुख्यावास–ग्रा०–बड़गहन, पो०–बरदह, तहसील–लालगंज, जिला–आजमगढ़।

कुल मतदाता–2,75,029, कुल मतदान–1,54,841,

प्राप्त मत–1–श्री सुखदेव राजभर–53,700,

2–श्री नरेन्द्र सिंह–51,952 (भारतीय जनता पार्टी)।



## सुखदेवी वर्मा, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र–287, लखना (अ०जा०),

जिला–इटावा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गौरी शंकर । जन्म तिथि–17 जनवरी, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०–रूपपुरा, (आगरा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–29 अप्रैल, 1967 । पति का नाम–स्व० गया प्रसाद वर्मा (भूतपूर्व मंत्री) । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में तीसरी बार भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । पार्टी आन्दोलन में आप वर्ष 1995 में 12 घण्टे एवं वर्ष 1997 में 24 दिन जिला जेल, आगरा तथा इटावा में बन्दी रहीं । उत्तर प्रदेश विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1993-1995), प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1996-2001) तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1997-98) की आप सदस्या रही हैं । स्व० गया प्रसाद वर्मा स्मारक कृषक इण्टर कालेज बिजपुरी खेड़ा इटावा की वर्ष 1993 से आप प्रबन्धक हैं । सम्प्रति आप संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (2002-2003) की सदस्या हैं ।


समाज सेवा एवं शिक्षा के प्रचार-प्रसार में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–17 सी, फ्रेन्ड्स कालोनी, पत्ता वाला बाग, सिविल लाइन–इटावा ।

कुल मतदाता–2,18,375, कुल मतदान–1,14,624,

प्राप्त मत–1–श्रीमती सुखदेवी वर्मा–39,837,

2–श्री मुंशी लाल–37,695 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## सुन्दर लाल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–77. सफीपुर (अ०जा०),

जिला–उन्नाव ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० गयादीन । जन्म तिथि–7 अगस्त, 1941 । जन्म स्थान–सफीपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी०ए०, एल–एल०बी० (प्रयाग वि० विद्यालय) । विवाह तिथि–16 जून, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरला देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्वप्रथम 1974 के सामान्य निर्वाचन में भारतीय क्रान्ति दल से, दूसरी बार 1977 के चुनाव में जनता पार्टी से, तीसरी बार 1985 में लोकदल से, चौथी बार नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में एवं पांचवी बार मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता दल से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में छठी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1975-76 में उत्तर प्रदेश विधान सभा की लोक लेखा समिति और कार्य-मंत्रणा समिति, वर्ष 1977-78 में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति, वर्ष 1985 में सरकारी आश्वासन संबंधी समिति तथा वर्ष 1990-91 में विशेषाधिकार समिति के सदस्य रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–31 दरोगा बाग, सिविल लाइन, जिला–उन्नाव ।

कुल मतदाता–2,25,494, कुल मतदान–1,24,128,

प्राप्त मत–1–श्री सुन्दर लाल–40,005,

2–श्री राम बरन–30,182 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## सुन्दर सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–366, स्याना,

जिला–बुलन्द शहर ।

दल–राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी ।

पिता–स्व० जय सिंह । जन्म तिथि–10 सितम्बर, 1952 । जन्म स्थान–बुलन्दशहर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री । विवाह तिथि–8 दिसम्बर, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला सिंह । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

कृषि एवं पठन-पाठन में आपकी विशेष रुचि है तथा अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करना एवं शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–767, देवीपुरा प्रथम, बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,05,559, कुल मतदान–1,20,080,

प्राप्त मत–1–श्री सुन्दर सिंह–31,150.

2–श्री अनिल–28,519 (बहुजन समाज पार्टी) ।



## सुरेन्द्र पाल वर्मा, डा०

निर्वाचन क्षेत्र–304, नरैनी,
जिला–बांदा ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री विद्यानन्द सिंह । जन्म तिथि–15 मार्च, 1952 । जन्म स्थान–नन्दवारा (बांदा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, बी०ए०एम०एस० (राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, अतर्रा) । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुमा देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

सर्वप्रथम 1977 में, मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार, नवम्बर, 1989 के आम चुनाव में तीसरी बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार समाजवादी पार्टी से तथा अब फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में पांचवी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । 1981 में धारा–144, 107 एवं 116 के अन्तर्गत 22 दिन केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में बन्दी रहे । विधान सभा की आवास मंत्रणा एवं किचन समिति के आप सदस्य रहे हैं । छात्र संघ राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज अतर्रा, बांदा तथा उत्तर प्रदेश छात्र महासंघ राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी मेडिकल कालेज के अध्यक्ष, आदर्श इंगलिश मीडियम स्कूल, अतर्रा-बांदा के 1980 से प्रबन्धक रहे हैं । दिसम्बर, 1993 में श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में आप परिवहन राज्य मंत्री तथा 16 मई, 2002 से 10 अक्टूबर, 2002 तक अधिष्ठाता-मण्डल के सदस्य भी रहे । आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में दिनांक

11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सैनिक कल्याण विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं ।

चिकित्सा, खेलकूद, कृषि, राजनीति तथा समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है, संगीत तथा वालीबाल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्रा०–नन्दवारा, पो०–नौहाई, जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–2,47,870, कुल मतदान–1,34,670,

प्राप्त मत–1–डा० सुरेन्द्र पाल वर्मा–40,802,

2–श्री नवल किशोर–34,052 (समाजवादी पार्टी) ।



## सुरेन्द्र प्रकाश गोयल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–372, गाजियाबाद,

जिला–गाजियाबाद ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० ला० गंगा प्रसाद गोयल । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1946 । जन्म स्थान–गाजियाबाद । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह–जून, 1971 में । पत्नी का नाम–श्रीमती संगीता गोयल । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उ० प्र० विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । पानी, ,बिजली, गृह कर, जलकर एवं तोड़-फोड़ के विरुद्ध किये गये आन्दोलन में आपने भाग लिया और 15 दिन गाजियाबाद–डासना जेल में बन्दी रहे । वर्ष 1975 से 2002 तक रामलीला कमेटी से सम्बद्ध रहे हैं ।


समाज सेवा एवं धार्मिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा भोजन एवं खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–125 सराय नगर आली, गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–5,96,877, कुल मतदान–1,81,316,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल–64,760,

2–श्री बालेश्वर त्यागी–60,234 (भारतीय जनता पार्टी) ।



## सुरेन्द्र प्रताप सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–238, जौनपुर,

जिला–जौनपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री आद्या प्रसाद सिंह । जन्म तिथि–2 जुलाई, 1956 । जन्म स्थान–ग्राम–राजेपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातक । पत्नी का नाम–श्रीमती लीला सिंह । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न युवा आन्दोलनों में आप लगभग 20 बार, 1975 के आपातकाल में मीसा के अन्तर्गत तथा श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में केन्द्रीय कारागार, नैनी व वाराणसी तथा जिला कारागार, लखनऊ व जौनपुर में बन्दी रहे । आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बाल्यकाल से ही कार्यकर्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रदेश मंत्री (1982-1990), भारतीय जनता युवा मोर्चा के संगठन मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री (1990-1993), भा०ज०पा० किसान मोर्चा उ० प्र० के प्रदेश मंत्री (1993-1996), तिलक धारी महाविद्यालय, जौनपुर के छात्र संघ के उपाध्यक्ष (1973-1974) तथा अध्यक्ष (1974-1975) एवं छात्र युवा संघर्ष समिति, जौनपुर के (1974 से 1977) जिला संयोजक रहे हैं ।


समाचार-पत्र तथा राजनीतिक पत्र-पत्रिकाओं का अध्ययन आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–राज कालोनी, हुसैनाबाद, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,55,607, कुल मतदान–1,30,109,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेन्द्र प्रताप–44,965,

2–श्री जावेद अहमद–42,140 (समाजवादी पार्टी) ।



## सुरेन्द्र विक्रम सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–94, सतांव,

जिला–रायबरेली ।

दल–* बहुजन समाज पार्टी ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप उ० प्र० विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री हैं ।

मुख्यावास–ग्रा०–देवली, पो०–लच्छीपुर, तह०–लालगंज, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,26,417, कुल मतदान–1,29,485,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेन्द्र विक्रम सिंह–38,632,

2–श्री राम नरेश यादव–31,292 (समाजवादी पार्टी) ।

* दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## सुरेन्द्र सिंह पटेल, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–230, गंगापुर,
जिला–वाराणसी ।
दल–* अपना दल ।

पिता–स्व० लालमन । जन्म तिथि–25 नवम्बर, 1957 । जन्म स्थान–ग्रा०–वीरभानपुर (वाराणसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–10 मई, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रभा देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप नवम्बर, 1990 से किसान इण्टर कालेज मिर्जामुराद, वाराणसी के उप प्रबन्धक हैं । सम्प्रति आप उत्तर प्रदेश विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) के सदस्य हैं और दिनांक 21 अप्रैल, 2003 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में विज्ञान प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे हैं ।

सामाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्रा० व पो०–वीरभानपुर, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,79,419, कुल मतदान–1,69,231,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेन्द्र सिंह पटेल–48,171,

2–श्री कमला राजभर–30,138 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 4 जुलाई, 2003 से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य ।

दिनांक 8 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य ।



## सुरेश कुमार खन्ना, श्री

निर्वाचन क्षेत्र–50, शाहजहांपुर,
जिला–शाहजहांपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम नारायन खन्ना । जन्म तिथि–17 नवम्बर, 1953 । जन्म स्थान–शाहजहांपुर । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । शिक्षा–बी०ए० (आगरा वि० वि०), एल–एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । व्यवसाय–वकालत ।

| 6 | तेजपाल सिंह, श्री | मथुरा |
| 7 | प्रताप, श्री | हाथरस |
| 8 | प्रेम सिंह, श्री | मथुरा |
| 9 | यशवंत, श्री | मुजफ्फरनगर |
| 10 | रणवीर राणा, श्री | मेरठ |
| 11 | राजपाल सिंह बालियान, श्री | मुजफ्फरनगर |
| 12 | वीरेन्द्र सिंह, श्री | मुजफ्फरनगर |
| 13 | समरपाल सिंह, श्री | बागपत |
| 14 | स्वामी ओमवेश, श्री | बिजनौर |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|

## राष्ट्रीय क्रान्ति पार्टी–4

| | |
|---|---|
| *1 कल्याण सिंह, श्री | बुलन्दशहर |
| 2 देवेन्द्र प्रताप, श्री | एटा |
| 3 सुन्दर सिंह, श्री | बुलन्दशहर |
| *4 कल्याण सिंह, श्री | अलीगढ़ |

## **अखिल भारतीय कांग्रेस–1

| | |
|---|---|
| 1 अखिलेश कुमार सिंह, श्री | रायबरेली |

## कम्युनिस्ट पार्टी आफ इण्डिया मार्क्सवादी–2

| | |
|---|---|
| 1 राम कृपाल, श्री | इलाहाबाद |
| 2 राम स्वरूप सिंह, श्री | बिजनौर |

## उत्तर प्रदेश लोकतांत्रिक कांग्रेस–2

| | |
|---|---|
| 1 श्याम सुन्दर शर्मा, श्री | मथुरा |
| 2 हरि शंकर तिवारी, श्री | गोरखपुर |

## अपना दल–3

| | |
|---|---|
| 1 अतीक अहमद, श्री | इलाहाबाद |
| 2 अंसार अहमद, श्री | इलाहाबाद |
| 3 सुरेन्द्र सिंह पटेल, श्री | वाराणसी |

## जनता दल (यू)–2

| | |
|---|---|
| 1 अजीत कुमार उर्फ राजू, श्री | बदायूं |
| 2 शंखलाल माझी, श्री | संत कबीर नगर |

* श्री कल्याण सिंह दो निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः डिबाई (बुलन्दशहर) एवं अतरौली (अलीगढ़) से निर्वाचित ।

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| | **समाजवादी जनता पार्टी (राष्ट्रीय)–1** | |
| 1 | राम गोविन्द चौधरी, श्री | बलिया |
| | **जनता पार्टी–1** | |
| 1 | संजय गर्ग, श्री | सहारनपुर |
| | **लोक जनशक्ति पार्टी–1** | |
| 1 | राजा राम, श्री | प्रतापगढ़ |
| | **राष्ट्रीय परिवर्तन दल–1** | |
| 1 | महबूब अली, श्री | ज्योतिबाफूले नगर |
| | **अखिल भारतीय हिन्दू महासभा–1** | |
| 1 | राधा मोहनदास, डा० | गोरखपुर |
| | **नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी–1** | |
| 1 | दीनानाथ कुशवाहा, श्री | देवरिया |
| | **निर्दलीय–14** | |
| 1 | अमर सिंह यादव, पुत्र सुन्दर सिंह, श्री | हाथरस |
| 2 | आर० के० चौधरी, श्री | लखनऊ |
| 3 | कौशल किशोर, श्री | लखनऊ |
| 4 | जितेन्द्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू भैया, श्री | गोरखपुर |
| 5 | दुर्गा प्रसाद मिश्र, श्री | देवरिया |
| 6 | देवेन्द्र नाग पाल, श्री | ज्योतिबाफूले नगर |
| 7 | धनंजय सिंह, श्री | जौनपुर |
| 8 | मदन भैया, श्री | बागपत |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 9 | महेश चन्द्र, श्री | कानपुर देहात |
| 10 | मिथिलेश कुमार, श्री | शाहजहांपुर |
| 11 | मोख्तार अन्सारी, श्री | मऊ |
| 12 | विजय सिंह, श्री | फर्रुखाबाद |
| 13 | शहजिल इस्लाम, श्री | बरेली |
| 14 | होशियार सिंह, श्री | बुलन्दशहर |

**रिक्त—3**

| | | |
|---|---|---|
| *1 | कुण्डा | प्रतापगढ़ |
| *2 | बिहार | प्रतापगढ़ |
| 3 | नाम–निर्देशित–1 | |

* मतगणना स्थगित ।

## (ख) चतुर्दश विधान सभा सदस्यों की आयु समूहों में संख्या

| क्र०सं० | आयु समूह | सदस्य संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 25–30 | 17 |
| 2 | 31–35 | 22 |
| 3 | 36–40 | 47 |
| 4 | 41–45 | 78 |
| 5 | 46–50 | 86 |
| 6 | 51–55 | 62 |
| 7 | 56–60 | 23 |
| 8 | 61–65 | 20 |
| 9 | 66–70 | 12 |
| 10 | 71–75 | 02 |
| 11 | 75 वर्ष से अधिक | 03 |
| 12 | सूचना शून्य | 32 |
| | | योग–*404 |

*उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य सम्मिलित हैं ।

(ग) चतुर्दश विधान सभा सदस्यों की शैक्षिक पृष्ठ भूमि

| क्र०सं० | शैक्षिक योग्यता | सदस्य संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जूनियर हाईस्कूल या उससे कम | 7 |
| 2 | हाईस्कूल | 33 |
| 3 | इण्टरमीडिएट तथा सीनियर कैम्ब्रिज | 37 |
| 4 | स्नातक एवं विधि स्नातक | 164 |
| 5 | स्नातकोत्तर | 103 |
| 6 | तकनीकी शिक्षा चिकित्सा तथा इन्जीनियरिंग | 19 |
| 7 | पी० एच० डी० अथवा अन्य उच्च शैक्षिक अर्हताधारी | 05 |
| 8 | विभिन्न डिप्लोमाधारी | 7 |
| 9 | शैक्षिक योग्यता अज्ञात | 29 |
| | | योग–*404 |

*उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य सम्मिलित हैं।

## (घ) चतुर्दश विधान सभा सदस्यों के व्यावसायिक आधार

| क्र०सं० | व्यवसाय | सदस्य संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कृषि | 183 |
| 2 | सेवानिवृत्त अधिकारी (सेना,पुलिस तथा अन्य) | 01 |
| 3 | राजनीति एवं सामाजिक कार्य | 07 |
| 4 | वकालत | 18 |
| 5 | व्यापार एवं उद्योग | 26 |
| 6 | अध्यापन | 12 |
| 7 | लेखन एवं पत्रकारिता | 01 |
| 8 | चिकित्सा | 07 |
| 9 | इन्जीनियरिंग | 02 |
| 10 | विविध (फोटोग्राफी, जीवन बीमा एजेन्ट, ट्रान्सपोर्टेशन एवं सन्यास दीक्षा आदि) | 01 |
| 11 | एक से अधिक व्यवसाय करने वाले सदस्य | 117 |
| 12 | व्यवसायों का विवरण प्राप्त नहीं | 29 |
| | | योग–*404 |

*उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य सम्मिलित हैं।

(ङ) चतुर्दश विधान सभा सदस्यों का विधायी अनुभव दर्शाने वाला विवरण

| क्र०सं० | निर्वाचन | सदस्य संख्या |
|---|---|---|
| 1 | पहली बार निर्वाचित | 175 |
| 2 | दूसरी बार निर्वाचित | 101 |
| 3 | तीसरी बार निर्वाचित | 60 |
| 4 | चौथी बार निर्वाचित | 31 |
| 5 | पांचवी बार निर्वाचित | 21 |
| 6 | छठी बार निर्वाचित | 11 |
| 7 | सातवीं बार निर्वाचित | 02 |
| 8 | आठवीं बार निर्वाचित | 02 |
| 9 | नवीं बार निर्वाचित | — |
| 10 | दसवीं बार निर्वाचित | 01 |
| | | योग–*404 |


*उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य सम्मिलित हैं।

पी०एस०यू०पी०–एल०–94 विधान सभा (174)–22–08-2003–300 (डी०टी०पी०)

# उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा

# सदस्यों का जीवन-परिचय

## सम्पूरकांक



सम्पादकीय शाखा,
विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा

# सदस्यों का जीवन-परिचय

## सम्पूरकांक

## 2006

सम्पादकीय शाखा,
विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
विधान भवन, लखनऊ।

# विषय-सूची


| विषय | | | | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1-प्राक्कथन | ... | ... | ... | क |
| 2-उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के पदाधिकारी | | | ... | ख |
| 3-सदस्यों की वर्णानुक्रम सूची | | ... | ... | ग-घ |
| 4-जीवन-परिचय | ... | ... | ... | 1-29 |
| 5-परिशिष्ट | ... | ... | ... | 31-35 |

# प्राक्कथन

"उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्यों का जीवन-परिचय 2002" ग्रन्थ में उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सभी 404 सदस्यों का जीवन-परिचय प्रकाशित किया गया था। दिनांक 6 दिसम्बर, 2003 को उपर्युक्त ग्रन्थ के प्रकाशन के बाद अनेक स्थान रिक्त हुए और अब तक कई नये सदस्य निर्वाचित होकर विधान सभा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। अतः ऐसे सदस्यों का परिचय "चतुर्दश विधान सभा सदस्यों का जीवन-परिचय सम्पूरकांक" के रूप में, माननीय सदस्यों से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। जिन माननीय सदस्यों ने अपनी परिचय विषयक सूचनाएं एवं चित्र उपलब्ध नहीं कराये हैं, उनका जीवन-परिचय कार्यालय में उपलब्ध सूचनाओं पर आधारित है।

सम्पूरकांक के अन्त में उपचुनाव में निर्वाचित माननीय सदस्यों से सम्बन्धित संक्षिप्त सूचनापरक परिशिष्ट भी दिया गया है।

लखनऊ :
5 अप्रैल, 2006

**राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,**
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश विधान सभा।

# उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा

के

# पदाधिकारी

अध्यक्ष

**श्री माता प्रसाद पाण्डेय**

उपाध्यक्ष

**श्री राजेश अग्रवाल**

प्रमुख सचिव

**श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय**

# उपचुनाव में निर्वाचित उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा सदस्यों की वर्णानुक्रम सूची


| क्र0सं0 | सदस्यों का नाम | निर्वाचन क्षेत्र | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अमर सिंह परमार | खैरागढ़ | 1 |
| 2 | श्रीमती अमिता सिंह | अमेठी | 2 |
| 3 | श्रीमती अलका राय | मोहम्मदाबाद | 3 |
| 4 | श्री अलगू प्रसाद चौहान | हैंसर बाजार (अ0जा0) | 4 |
| 5 | श्री उज्जवल रमण सिंह | करछना | 5 |
| 6 | श्री खालिद अजीम उर्फ अशरफ | इलाहाबाद पश्चिमी | 6 |
| 7 | श्रीमती नन्दिता शुक्ला | मुजेहना | 7 |
| 8 | श्री परमजीत | बघरा | 8 |
| 9 | श्री प्रदीप जैन ''आदित्य'' | झांसी | 9 |
| 10 | श्रीमती प्रेमलता देवी | अतरौली | 10 |
| 11 | श्री मदन सिंह उर्फ सन्तोष कुमार | अजीतमल (अ0जा0) | 11 |
| 12 | श्री मुकुल उपाध्याय | इगलास | 12 |
| 13 | श्री मुलायम सिंह यादव | गुन्नौर | 13-14 |
| 14 | श्री रंगनाथ मिश्र | औराई | 15-16 |
| 15 | श्री राजनाथ यादव | सैदपुर | 17 |
| 16 | श्री राजू पाल | इलाहाबाद पश्चिमी | 18 |

| क्र0सं0 | सदस्यों का नाम | निर्वाचन क्षेत्र | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|---|---|
| 17 | श्रीमती राबिया कलाम | वाराणसी उत्तरी | 19 |
| 18 | श्री राम चन्द्र यादव | मिल्कीपुर | 20 |
| 19 | श्री राम पाल वर्मा | बेनीगंज (अ0जा0) | 21 |
| 20 | श्री राम भुआल निषाद | कौड़ीराम | 22 |
| 21 | श्री राम मगन | सिद्धौर (अ0जा0) | 23 |
| 22 | श्री श्याम प्रकाश | अहिरौरी (अ0जा0) | 24 |
| 23 | श्रीमती श्रद्धा यादव | मड़ियाहूं | 25 |
| 24 | श्री श्रीराम भारती | छानवे (अ0जा0) | 26 |
| 25 | श्रीमती सत्तो देवी | नागल (अ0जा0) | 27 |
| 26 | श्री सुरेन्द्र कुमार मुन्नी | गाजियाबाद | 28-29 |

# जीवन-परिचय

***अमर सिंह परमार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र-344, खैरागढ़,

जिला-आगरा।

दल-राष्ट्रीय लोकदल।

जून, 2005 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

मुख्यावास-24ए, अयोध्या कुंज, अर्जुन नगर, जिला-आगरा।

कुल मतदाता-2,55,148, कुल मतदान-1,39,420,

प्राप्त मत-*1-श्री अमर सिंह परमार-40,608,

2-श्री भूपेन्द्र पाल सिंह-37,650 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*श्री रमेश कान्त लवानियां (भारतीय जनता पार्टी) की दिनांक 03 फरवरी, 2005 के पूर्वाह्न में हुई मृत्यु के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## *अमिता सिंह, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र-105, अमेठी,
जिला-सुल्तानपुर।
दल-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।

पिता-श्री एम0 बी0 कुलकर्णी। जन्म तिथि-4 अक्टूबर, 1962। जन्म स्थान-मुम्बई। धर्म-हिन्दू। जाति-सामान्य। शिक्षा-स्नातक। पति का नाम-डॉ0 संजय सिंह। सन्तान-एक पुत्र, तीन पुत्रियां। व्यवसाय-कृषि और समाज सेवा।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी से तथा मई, 2004 में सम्पन्न उपचुनाव में दूसरी बार आप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर उ0 प्र0 विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं। आप उ0 प्र0 विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (2002-2003) की सदस्या और दिनांक 11 अक्टूबर, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक आप सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रही हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के उद्देश्य से आपने अधिकांश देशों की यात्रा की है।

आन्तरिक डिजाइनिंग एवं आभूषण डिजाइनिंग में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन व संगीत प्रिय है।

मुख्यावास-भूपति भवन, ग्रा0 व पो0-रामनगर, अमेठी, जिला-सुल्तानपुर।

कुल मतदाता-2,73,455, कुल मतदान-1,34,911,

प्राप्त मत*1-श्रीमती अमिता सिंह-65,388,

2-श्री रमाशंकर यादव-24,281 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*श्रीमती अमिता सिंह (भारतीय जनता पार्टी) द्वारा दिनांक 3 फरवरी, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में पुनः निर्वाचित।



***अलका राय, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र-214, मोहम्मदाबाद,
जिला-गाजीपुर।
दल-भारतीय जनता पार्टी।

पिता-श्री बागेश्वर राय। जन्म तिथि-08 सितम्बर, 1962। जन्म-स्थान-अमांव। धर्म-हिन्दू। शिक्षा-इण्टरमीडिएट। विवाह-मई, 1978 में। पति का नाम-स्व0 कृष्णानन्द राय (भूतपूर्व विधायक)। सन्तान-दो पुत्र। व्यवसाय-व्यापार (दुकान आदि)।

फरवरी, 2006 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं।

मुख्यावास-बी-21/130 कमच्छा, वाराणसी।
कुल मतदाता-3,04,670, कुल मतदान-1,35,412,
प्राप्त मत*1-श्रीमती अलका राय-79,870
2-श्री कृष्ण उर्फ गामा राम-46,126 (समाजवादी पार्टी)।

---

*श्री कृष्णानन्द राय (भारतीय जनता पार्टी) की दिनांक 29 नवम्बर, 2005 के अपराह्न में हुई मृत्यु के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।

## *अलगू प्रसाद चौहान, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-162, हैंसर बाजार (अ0जा0),
जिला-सन्त कबीर नगर।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री राम ललित चौहान। जन्म तिथि-01 जनवरी, 1967। जन्म स्थान-नाथ नगर। धर्म-हिन्दू। जाति-अनुसूचित जाति। शिक्षा-इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि-01 जून, 1985। पत्नी का नाम-श्रीमती शारदा देवी। सन्तान-एक पुत्री। व्यवसाय-कृषि।

जून, 2005 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए हैं। आपने राजनैतिक आन्दोलन में भाग लिया और जिला-जेल, बस्ती में बन्दी रहे। वर्ष 1996 से 2001 तक आप ब्लाक प्रमुख रहे हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है और अध्ययन प्रिय है।

मुख्यावास-ग्रा0 व पो0-नाथनगर, जनपद-सन्त कबीर नगर।
कुल मतदाता-3,03,500, कुल मतदान-1,52,853,
प्राप्त मत-*1-श्री अलगू प्रसाद-63,238,
2-श्री दशरथ-63,144 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*श्री शंखलाल मांझी [सर्वप्रथम निर्वाचित जनता दल (यू0) तत्पश्चात् दिनांक 15 फरवरी, 2003 से मांझी मझवार शोषित समाज दल के सदस्य और दिनांक 02 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य] द्वारा दि0 5 जनवरी, 2005 के पूर्वाह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिए सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## *उज्जवल रमण सिंह, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-252, करछना,
जिला-इलाहाबाद।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-कुँवर रेवती रमण सिंह (सांसद)। जन्म तिथि-16 फरवरी, 1973। जन्म स्थान-इलाहाबाद। धर्म-हिन्दू। शिक्षा-स्नातक, एल-एल0बी0। व्यवसाय-कृषि एवं वकालत।

अक्टूबर, 2004 के उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सम्प्रति आप दिनांक 20 सितम्बर, 2005 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में पर्यावरण मंत्री हैं।

वकालत में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद, संगीत, यात्रा करना और अध्ययन प्रिय है।

मुख्यावास-ग्राम व पोस्ट-बराँव, करछना, जिला-इलाहाबाद।
कुल मतदाता-3,00,518, कुल मतदान-1,64,070,
प्राप्त मत*1-श्री उज्जवल सिंह-73,318,
2-श्री आनन्द कुमार-61,716 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*कुँवर रेवती रमण सिंह (समाजवादी पार्टी) द्वारा दिनांक 26 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिए सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## **खालिद अजीम उर्फ अशरफ, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-261, इलाहाबाद पश्चिमी,
जिला-इलाहाबाद।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-हाजी फिरोज अहमद। जन्म तिथि-03 अप्रैल, 1974। जन्म स्थान-इलाहाबाद। धर्म-इस्लाम (मुस्लिम)। जाति-पिछड़ी जाति। शिक्षा-स्नातक। व्यवसाय-कृषि एवं ठेकेदारी।

जून, 2005 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं।

मुख्यावास-6, करबला जी0 टी0 रोड, इलाहाबाद।
कुल मतदाता-3,82,465, कुल मतदान-1,73,282,
प्राप्त मत**1-श्री खालिद अजीम उर्फ अशरफ-90,836,
2-श्रीमती पूजा पाल-77,453 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

**श्री राजू पाल (बहुजन समाज पार्टी) की दिनांक 25 जनवरी, 2005 के अपराह्न में हुई मृत्यु के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिए सम्पन्न उपचुनाव मे निर्वाचित।



***नन्दिता शुक्ला, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र-144, मुजेहना,
जिला-गोण्डा।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री सत्य नारायण शुक्ला। जन्म तिथि-1 जनवरी, 1964। जन्म स्थान-जयपुर, धर्म-हिन्दू। शिक्षा-स्नातकोत्तर डिग्री। विवाह तिथि-23 मई, 1987। पति का नाम-स्व0 घनश्याम शुक्ल (भू0पू0 विधायक)। सन्तान-तीन पुत्र। व्यवसाय-कृषि।

सर्वप्रथम अक्टूबर, 2004 में सम्पन्न उपचुनाव में आप विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है।

ुख्यावास-सी-15 हाउसिंग कालोनी, गोण्डा।

ुल मतदाता-2,77,679, कुल मतदान-1,66,747,

ाप्त मत*1-श्रीमती नन्दिता शुक्ला-89,815,

2-श्री राम पाल सिंह-39,174 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

श्री घनश्याम शुक्ल (भारतीय जनता पार्टी) की दिनांक 26 अप्रैल, 2004 के अपराह्न में हुई मृत्यु के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिए सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## *परमजीत, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-394, बघरा,
जिला-मुजफ्फरनगर।
दल-राष्ट्रीय लोकदल।

पिता-श्री ब्रह्म सिंह मलिक । जन्म तिथि-3 मार्च, 1950। जन्म स्थान-सौहजनी जाटान (मुजफ्फरनगर)। धर्म-बैदिक (जाट), जाति-पिछड़ी जाति। शिक्षा-बी0ए0, एल-एल0बी0। विवाह तिथि-07 फरवरी, 1975। पत्नी का नाम-श्रीमती कुशल। सन्तान-एक पुत्र। व्यवसाय-कृषि।

अक्टूबर, 2004 के उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं।

सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास-115/3 सिविल लाइन्स उत्तरी, मुजफ्फरनगर।
कुल मतदाता-2,25,738, कुल मतदान-1,32,717,
प्राप्त मत*1-श्री परमजीत-42,705,
2-श्री पंकज कुमार-39,004 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।

---

* श्रीमती अनुराधा चौधरी (राष्ट्रीय लोकदल) द्वारा दिनांक 26 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## *प्रदीप जैन "आदित्य," श्री

निर्वाचन क्षेत्र-312, झांसी,
जिला-झांसी।
दल-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।

पिता-श्री विष्णु कुमार जैन । जन्म तिथि-08 सितम्बर, 1962। जन्म स्थान-झांसी। धर्म-जैन। शिक्षा-एम0ए0, एम0काम0 एल-एल0बी0। विवाह तिथि-05 मई, 1992। पत्नी का नाम-श्रीमती रीता जैन। सन्तान-एक पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय-वकालत।

मई, 2004 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। राजनीतिक आन्दोलन में आप अस्थाई जेल, झांसी में बन्दी रहे। उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ अध्ययन समिति के आप सदस्य हैं। वर्ष 1985 में आप बुन्देलखण्ड डिग्री कालेज छात्र संघ के विरोधी दल के अध्यक्ष रहे हैं। सम्प्रति आप वर्ष 1996 से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, वर्ष 1998 से 2002 तक पार्श्वनाथ सेवा संघ और जिला तैराक संघ के संरक्षक, बुन्देलखण्ड कालेज एवं श्री कृष्ण इण्टर कालेज की प्रबन्ध समिति के सदस्य हैं। आपने पर्यटन के उद्देश्य से नेपाल की यात्रा की है। आप द्वारा लिखित कई लेख भी प्रकाशित हुए हैं।

लेखन, अध्यात्म एवं ज्योतिष में आपकी विशेष रुचि है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम व गायन प्रिय है।

मुख्यावास-52, गुसाईपुरा, झांसी।

कुल मतदाता-3,40,917, कुल मतदान-1,49,058,

प्राप्त मत*1-श्री प्रदीप जैन "आदित्य"-55,941,

2-श्री रवीन्द्र शुक्ल-39,004 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

* श्री रमेश कुमार शर्मा (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



### *प्रेमलता देवी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र-356, अतरौली,
जिला-अलीगढ।
दल-भारतीब जनता पार्टी।

पिता-श्री प्रकाश चन्द्र वर्मा । जन्म तिथि-10 नवम्बर, 1962। जन्म स्थान-फर्रुखाबाद। धर्म-हिन्दू। जाति-पिछड़ी जाति। शिक्षा-स्नातकोत्तर डिग्री। विवाह तिथि-18 फरवरी, 1988। पति का नाम-श्री राजबीर सिंह (बिधायक)। सन्तान-दो पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय-कृषि।

अक्टूबर, 2004 में सम्पन्न उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास-ए-10, राज पैलेस, प्रगति विहार, मैरिस रोड, अलीगढ़।
कुल मतदाता-2,39,091, कुल मतदान-1,47,723,
प्राप्त मत*1-श्रीमती प्रेमलता देवी-61,036,
2-श्री अशोक कुमार-50,472 (समाजवादी पार्टी)।

---

* श्री कल्याण सिंह (राष्ट्रीय क्रांति पार्टी और दिनांक 23 फरवरी, 2004 को भारतीय जनता पार्टी में शामिल) द्वारा दिनांक 24 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## *मदन सिंह उर्फ सन्तोष कुमार, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-286, अजीतमल (अ0जा0),
जिला-औरैया।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री सुखवासी लाल । जन्म तिथि-1 फरवरी, 1961 । जन्म स्थान-उत्तर प्रदेश में। धर्म-हिन्दू। जाति-अनुसूचित जाति। शिक्षा-स्नातक। विवाह-सन् 1987 में। पत्नी का नाम-श्रीमती संतोष कुमारी। सन्तान-दो पुत्रियां। व्यवसाय-कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि)।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अब मई, 2004 में सम्पन्न उपचुनाव में दूसरी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप उ0प्र0 विधान सभा की याचिका समिति (2002-2003) के सदस्य रहे हैं।

मुख्यावास-ग्रा0-जगदीशपुर-रतनीपुर, पो0-भीखेपुर, जिला-औरैया।
कुल मतदाता-2,35,354, कुल मतदान-1,24,442,
प्राप्त मत*1-श्री मदन सिंह उर्फ संतोष कुमार-47,613,
2-श्री छक्की लाल-37,372 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

* श्री मदन सिंह उर्फ संतोष कुमार (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में पुनः निर्वाचित।



# *मुकुल उपाध्याय, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-359, इगलास,
जिला-अलीगढ़।
दल-बहुजन समाज पार्टी।

पिता-श्री राम चरन । जन्म तिथि-26 अप्रैल, 1972। जन्म स्थान-वामौली। धर्म-हिन्दू। शिक्षा-मास्टर आफ कम्प्यूटर साइंस। विवाह तिथि-21 नवम्बर, 1997। पत्नी का नाम-श्रीमती ऋतु उपाध्याय। सन्तान-एक पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय-व्यापार (दुकान आदि)।

अक्टूबर, 2004 में सम्पन्न उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

सामाज सेबा में आपकी बिशेष रुचि है और शाकाहारी भोजन तथा टी0वी0 देखना प्रिय है।

मुख्यावास-वामौली हाऊस, आगरा रोड, हाथरस।
कुल मतदाता-2,32,691, कुल मतदान-1,58,421,
प्राप्त मत*1-श्री मुकुल उपाध्याय-59,446,
2-चौधरी मलखान सिंह-48,326, (राष्ट्रीय लोकदल)।

---

* श्री विजेन्द्र सिंह (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) द्वारा दिनांक 26 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



# *मुलायम सिंह यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-25, गुन्नौर,
जिला-बदायूं।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-स्व0 सुघर सिंह यादव। जन्म तिथि-21 नवम्बर, 1939। जन्म स्थान-ग्राम-सैफई, इटावा। धर्म-हिन्दू। जाति-पिछड़ी जाति। शिक्षा-एम0 ए0, बी0टी0 (आगरा वि0वि0), विवाह-अप्रैल, 1957 में। पत्नी का नाम-स्व0 सामन्तश्री। सन्तान-एक पुत्र । व्यवसाय-अध्यापन (पूर्व व्यवसाय), कृषि एवं राजनीति।

सर्वप्रथम वर्ष 1967 के सामान्य निर्वाचन में संसोपा के टिकट पर, 1974 में भारतीय क्रान्ति दल से, 1977 में जनता पार्टी से, 1985 के सामान्य निर्वाचन में लोकदल से, 1989 में जनता दल से, 1991 के उपचुनाव में छठी बार जनता पार्टी से लगातार जसवन्त नगर निर्वाचन क्षेत्र से, 1993 के मध्यावधि चुनाव में सातवीं बार शिकोहाबाद निर्वाचन क्षेत्र से, 1996 में आठवीं बार सहसवान निर्वाचन क्षेत्र से तथा 24 जनवरी, 2004 को सम्पन्न उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप नौवीं बार गुन्नौर से उत्तर प्रदेश चतुर्दश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। लोक सभा के सदस्य बने रहने के कारण वर्ष 1996 में आपने विधान सभा की सहसवान सीट से त्याग-पत्र दे दिया। आप वर्ष 1991 के उप चुनाव में जसवन्तनगर के अतिरिक्त तिलहर से और वर्ष 1993 में शिकोहाबाद के अतिरिक्त जसवन्तनगर और निघौली कला से भी विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए किन्तु क्रमशः जसवन्तनगर और शिकोहाबाद का ही प्रतिनिधित्व किया और शेष सीटों से त्याग-पत्र दे दिया। विभिन्न आन्दोलनों के दौरान आप अनेक कारागारों में बन्दी रहे। आप मई, 1996 में मैनपुरी से, फरवरी-मार्च, 1998 में सम्भल से, अक्टूबर, 1999 में कन्नौज तथा सम्भल संसदीय क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य निर्वाचित हुए, किन्तु कन्नौज संसदीय सीट से त्याग-पत्र दे दिया। वर्ष 2004 में सम्पन्न हुए संसदीय चुनाव में चौथी बार

मैनपुरी संसदीय सीट से लोक सभा के लिये निर्वाचित हुए किन्तु विधान सभा सदस्य और मुख्य मंत्री बने रहने के कारण आपने लोक सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र दे दिया। वर्ष 1982-85 में विधान परिषद् के सदस्य तथा नेता, विरोधी दल भी रहे हैं। तत्पश्चात् वर्ष 1985-87 में आप विधान सभा में नेता, विरोधी दल तथा वर्ष 1974 में प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे। वर्ष 1977-80 की अवधि में श्री राम नरेश यादव और श्री बनारसी दास मंत्रि-मण्डल में क्रमशः सहकारिता एवं पशुधन मंत्री रहे। आप दिसम्बर, 1989 से जून, 1991 तक प्रथम बार और दिसम्बर, 1993 से जून, 1995 तक दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे हैं। पुनः दिनांक 29 अगस्त, 2003 से आप तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री पद पर आसीन हुए हैं। आप भारत सरकार के देवगौड़ा और इन्द्र कुमार गुजराल के मंत्रि-मण्डल में रक्षा मंत्री, संसद की पेट्रोलियम और रसायन सम्बन्धी समिति के सभापति, सामान्य प्रयोजनों सम्बन्धी समिति के सदस्य तथा लोक सभा में समाजवादी पार्टी संसदीय दल के नेता रहे हैं। उत्तर प्रदेश लोक दल, उत्तर प्रदेश लोकदल (बी), जनता दल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष, जनता विधान मण्डल दल, उ0प्र0 के नेता तथा इटावा डिग्री कालेज और छात्र संघ, के0के0 कालेज, इटावा के अध्यक्ष भी रहे हैं। सम्प्रति आप समाजवादी पार्टी के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तथा अनेक शिक्षण संस्थाओं से सम्बद्ध हैं। आपने यू0के0 तथा रूस सहित अनेक देशों की यात्रा की है।

शिक्षा, कृषि कार्य एवं व्यायाम व कुश्ती में आपकी विशेष रुचि है तथा समाजसेवा प्रिय है।

मुख्यावास-ग्रा0 और पो0-सैफई, जिला-इटावा।

कुल मतदाता-2,51,353, कुल मतदान-2,13,468,

प्राप्त मत*1-श्री मुलायम सिंह यादव-1,95,213,

2-श्री आरिफ अली-11,314 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

* श्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव (जनता दल-यूनाइटेड और दिनांक 2 सितम्बर, 2003 को समाजवादी पार्टी के सदस्य) द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर, 2003 के पूर्वाह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



***रंगनाथ मिश्र, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र-231, औराई
जिला-भदोही।
दल-बहुजन समाज पार्टी।

पिता-स्व0 केशव प्रसाद मिश्र । जन्म तिथि-1 जुलाई, 1959 । जन्म स्थान-सहसेपुर औराई (वाराणसी)। धर्म-हिन्दू। शिक्षा-स्नातकोत्तर (जौनपुर)। विवाह तिथि-3 जून, 1975 । पत्नी का नाम-श्रीमती सावित्री मिश्रा। सन्तान-तीन पुत्र, तीन पुत्रियां। व्यवसाय-कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि)।

नवम्बर, 1993 में आप प्रथम बार, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी से तथा दिसम्बर, 2005 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में तीसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में माह अक्टूबर-नवम्बर, 1992 में आप जिला कारागार, मिर्जापुर में बन्दी रहे। आप सन् 1986 से 88 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री, 1988-90 में प्रदेश मंत्री, 1990 से 1992 तक भारतीय जनता पार्टी वाराणसी के जिला उपाध्यक्ष, 1992 से अध्यक्ष भी रहे हैं। विधान सभा के अधिष्ठाता मण्डल (1997-98) के आप सदस्य तथा प्रतिनिहित विधायन समिति (1997-98) के सभापति और दिनांक 27 अक्टूबर, 1997 से फरवरी, 2002 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में गृह, ऊर्जा, वन, परिवार कल्याण एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री रहे हैं। सम्प्रति आप केशव प्रसाद राल्टी डिग्री कालेज, के0पी0 जनसेवा ट्रस्ट एवं के0आई0 स्मृति सेवा समिति, भदोही के प्रबन्धक हैं। आपने पार्लियामंन्ट्री एसोशियेशन में भाग लेने के उद्देश्य से अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा एवं हालैण्ड आदि देशों की यात्रा की है।

सामाज सेवा, कृषि एवं शिक्षा में आपकी विशेष रुचि है तथा दूरदर्शन देखना प्रिय है।

मुख्यावास-ग्रा0-सहसेपुर, औराई, जिला-भदोही।

कुल मतदाता-3,70,162, कुल मतदान-1,54,715,

प्राप्त मत*1-श्री रंगनाथ मिश्र-64,982,

2-श्रीमती रीता सिंह-59,452, (समाजवादी पार्टी)।

---

* निर्वाचन क्षेत्र संख्या-231, औराई (संत रविदास नगर) से निर्वाचित सदस्य, श्री उदयभान सिंह (बहुजन समाज पार्टी और दिनांक 6 सितम्बर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य) को श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 192 (1) के अंतर्गत किये गये विनिश्चय दिनांक 28 जनवरी, 2005 से निरर्हित किये जाने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उप चुनाव में निर्वाचित।



## *राजनाथ यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-220 सैदपुर,
जिला-वाराणसी।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-स्व0 जगरदेव यादव । जन्म तिथि-13 नवम्बर, 1946। जन्म स्थान-धौरहरा। धर्म-हिन्दू (पिछड़ी जाति) । शिक्षा-स्नातक (साहित्य रत्न)। पत्नी का नाम-श्रीमती मुरता देवी। सन्तान-एक पुत्री। व्यवसाय-कृषि।

अक्टूबर, 2004 के सम्पन्न उप चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत प्रिय है।

मुख्यावास-ग्राम व पोस्ट-धौरहरा, जिला-वाराणसी।
कुल मतदाता-3,21,087, कुल मतदान-1,85,187,
प्राप्त मत*1-श्री राजनाथ यादव-64,006,
2-डॉ0 महेन्द्रनाथ पाण्डेय-45,419, (भारतीय जनता पार्टी)।

* श्री कैलाश नाथ सिंह यादव (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा दिनांक 27 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उप चुनाव में निर्वाचित।

***राजू पाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र-261, इलाहाबाद पश्चिमी,
जिला-इलाहाबाद।
दल-बहुजन समाज पार्टी।

पिता-स्व0 बांके पाल । जन्म स्थान-इलाहाबाद। धर्म-हिन्दू (पिछड़ी जाति)। शिक्षा-साक्षर । व्यवसाय-कृषि ।

अक्टूबर, 2004 के उप चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि रही।

मुख्यावास-उमरपुर, नींवा, इलाहाबाद।

कुल मतदाता-3,73,172, कुल मतदान-1,49,547,

प्राप्त मत-* 1-श्री राजू पाल-70,537,

2-श्री खालिद अजीम उर्फ अशरफ-65,713 (समाजवादी पार्टी)।

---

*1-श्री अतीक अहमद (अपना दल और दिनांक 24 अक्टूबर, 2003 से समाजवादी पार्टी के सदस्य) द्वारा दिनांक 25 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उप चुनाव में निर्वाचित।

**2-श्री राजू पाल की मृत्यु दिनांक 25 जनवरी, 2005 को अपराह्न में हो गई। अतः उक्त स्थान दिनांक 25 जनवरी, 2005 के अपराह्न से पुनः रिक्त हो गया।

***राबिया कलाम, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र-227, वाराणसी उत्तरी,
जिला-वाराणसी।।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-स्व0 अब्दुल हमीद कुरेशी। जन्म-1969 में । जन्म स्थान-कल्याण (महाराष्ट्र) । धर्म-इस्लाम (मुस्लिम)। जाति-पिछड़ी जाति। शिक्षा-हाईस्कूल। विवाह तिथि-25 जून, 1986। पति का नाम-स्व0 अब्दुल कलाम (भूतपूर्व विधायक)। सन्तान-तीन पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय-व्यापार (दुकान आदि)।

जून, 2005 में सम्पन्न हुए उप चुनाव में आप प्रथम बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा की सदरया निर्वाचित हुई हैं। वर्ष 2005 से आप काशी विद्यापीठ, वाराणसी की कार्यकारिणी समिति की सदस्या हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास-18/78, राजा बाजार, नदेसर, जिला-वाराणसी।

कुल मतदाता-2,89,638, कुल मतदान-95,005,

प्राप्त मत-* 1-श्रीमती राबिया बेगम-48,862,

2-श्री रवीन्द्र जायसवाल-32,864 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

*श्री अब्दुल कलाम (समाजवादी पार्टी) की दिनांक 5 जनवरी, 2005 के पूर्वाह्न में हुई मृत्यु के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उप चुनाव में निर्वाचित।



## * रामचन्द्र यादव, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-120, मिल्कीपुर,
जिला-फैजाबाद।।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री रामतीरथ यादव । जन्मतिथि-15 मार्च, 1967 । जन्म स्थान-ग्राम-घटौली, फैजाबाद। धर्म-हिन्दू। जाति-पिछड़ी जाति। शिक्षा-स्नातक (का0 सु0 साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या फैजाबाद) । विवाह-मई, 1987 में। पत्नी का नाम-श्रीमती मालती यादव। सन्तान-दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय-कृषि ।

जून, 1998 के उप चुनाव में प्रथम बार तथा अक्टूबर, 2004 के उपचुनाव में आप दूसरी बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप वर्ष 1985 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आन्दोलन में धारा-188 के अन्तर्गत मण्डल कारागार, बरेली में तीन दिन तथा वर्ष 1997 में समाजवादी पार्टी के जेल भरो आन्दोलन में धारा-151 के अन्तर्गत मण्डल कारागार, फैजाबाद में दो दिन बन्दी रहे। जन कल्याण शिक्षा प्रसार समिति, मिल्कीपुर, फैजाबाद द्वारा संचालित मधुराज उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय, अंजरौली, फैजाबाद के वर्ष 1994 से आप प्रबन्धक हैं।

समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास-ग्रा0 व पो0-घटौली, जिला-फैजाबाद।

कुल मतदाता-2,78,737, कुल मतदान-1,62,486,

प्राप्त मत-* 1-श्री रामचन्द्र-89,116,

2-श्री आनन्दसेन-54,098 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*श्री आनन्दसेन (समाजवादी पार्टी) द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उप चुनाव में निर्वाचित।



## *रामपाल वर्मा, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-67,बेनीगंज (अ0जा0),
जिला-हरदोई।
दल-बहुजन समाज पार्टी।

पिता-श्री अंगने लाल । जन्म तिथि-2 अगस्त, 1959 । जन्म स्थान-ग्राम-शाहपुर-अटिया (हरदोई)। धर्म-हिन्दू। जाति-अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा-एम0ए0, एल-एल0बी0 (ल0 वि0 वि0)। विवाह तिथि-19 जून, 1987। पत्नी का नाम-श्रीमती रेनू वर्मा। सन्तान-तीन पुत्र । व्यवसाय-कृषि ।

वर्ष 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के निर्दलीय सदस्य निर्वाचित हुए। नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार एवं मई-जून, 1991 में तीसरी बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से, सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यवधि चुनाव में चौथी बार समाजवादी पार्टी से तथा मई, 2004 में सम्पन्न उपचुनाव में आप पांचवीं बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप वर्ष 2000-2001 में विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के सदस्य रहे हैं। वर्ष 1987 से आप श्री अंगने लाल प्रा0 विद्यालय, शाहपुर तथा श्री कुबेर लाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय शाहपुर (हरदोई) के प्रबन्धक हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा सादा जीवन व्यतीत करना, समाचार पत्र पढ़ना, टेलीविजन देखना और शाकाहारी भोजन प्रिय है।

मुख्यावास-ग्राम-शाहपुर, पो0-अटिया शाहपुर, जिला-हरदोई।

कुल मतदाता-2,20,084, कुल मतदान-1,04,589,

प्राप्त मत-* 1-श्री रामपाल वर्मा-34,660,

2-श्री सत्यनारायण उर्फ सन्तू-24,414 (समाजवादी पार्टी)।

---

*श्री सत्यनारायण (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



*** राम भुआल निषाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र-166, कौड़ीराम,
जिला-गोरखपुर।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री जगदीश निषाद। जन्म तिथि-25 फरवरी, 1962। जन्म स्थान-उत्तर प्रदेश। धर्म-हिन्दू। जाति-पिछड़ी जाति। शिक्षा-स्नातक। पत्नी का नाम-श्रीमती मीरा देवी। सन्तान-चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय-कृषि।

फरवरी, 2002 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अब दूसरी बार मार्च, 2006 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। दिनांक 3 मई, 2002 से दिनांक 29 अगस्त, 2003 के पूर्वाह्न तक सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और अम्बेडकर ग्राम्य विकास राज्य मंत्री तथा दिनांक 3 अक्टूबर, 2003 से श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में कारागार राज्य मंत्री रहे हैं। सम्प्रति आप मत्स्य विकास निगम के अध्यक्ष हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय है।

मुख्यावास-ग्रा0-दवनाडीह, 310 पाण्डे कोडर, बड़हलगंज, जिला-गोरखपुर।

कुल मतदाता-3,26,086, कुल मतदान-1,30,117,

प्राप्त मत-* 1-श्री राम भुआल निषाद-52,267,

2-श्री शीतल प्रसाद पाण्डेय-41,638 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

*श्री राम भुआल निषाद (समाजवादी पार्टी) का निर्वाचन दिनांक 28 अक्टूबर, 2005 को मा0 उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा शून्य घोषित किये जाने तथा दि0 29 अक्टूबर, 2005 को मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश द्वारा पुष्टि किये जाने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में पुनः निर्वाचित।

*** राममगन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र-124, सिद्धौर (अ0जा0),
जिला-बाराबंकी।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री राम सागर (पूर्व सांसद) । जन्म तिथि-07-10-1968 । जन्म स्थान-ग्रा0-पूरेपाठक धनौलीखास (बाराबंकी)। धर्म-हिन्दू (अ0जा0)। शिक्षा-इण्टरमीडिएट । पत्नी का नाम-श्रीमती सोना देवी। सन्तान-एक पुत्र।

अक्टूबर, 2004 को सम्पन्न उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास-ग्राम-पूरेपाठक, धनौलीखास, जिला-बाराबंकी।

कुल मतदाता-2,29,959, कुल मतदान-1,54,417,

प्राप्त मत-* 1-श्री राममगन-75,147,

2-श्रीमती धर्मी देवी-61,093 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*श्री कमला प्रसाद रावत (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा दिनांक 26 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



*** श्याम प्रकाश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र-69, अहिरौरी (अ0जा0),
जिला-हरदोई।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री झम्मन लाल । जन्म तिथि-17 जनवरी, 1961। जन्म स्थान-हरदोई। धर्म-हिन्दू। जाति-अनुसूचित जाति (पासी)। शिक्षा-एम0 ए0 (राजनीति विज्ञान) कानपुर वि0वि0। विवाह-मई, 1982 में। पत्नी का नाम-श्रीमती शशी वर्मा। सन्तान-दो पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय-कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि)।

सितम्बर-अक्टूबर, 1996 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी से तथा अक्टूबर, 2004 में सम्पन्न उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आपने अनेक आन्दोलनों में भाग लिया है और जिला कारागार, बस्ती में एक माह बन्दी रहे हैं। सम्प्रति आप वर्ष 1989 से शांति सेवा संस्थान के अध्यक्ष तथा शान्ती आदर्श शिक्षा निकेतन एवं शान्ती जूनियर हाईस्कूल, हरदोई के प्रबन्धक हैं। आप मण्डलीय रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं।

जनसेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन और बैडमिन्टन खेलना प्रिय है।

मुख्यावास-ग्राम-पुष्पताली, पोस्ट-भड़ायल, जिला-हरदोई।

कुल मतदाता-2,19,096, कुल मतदान-1,38,857,

प्राप्त मत-* 1-श्री श्याम प्रकाश-69,464,

2-श्री प्रभाष कुमार-58,891 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*श्रीमती ऊषा वर्मा (समाजवादी पार्टी) द्वारा दिनांक 25 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



*** श्रद्धा यादव, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र-235, मड़ियाहूं,
जिला-जौनपुर।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-श्री लालता प्रसाद यादव। जन्म स्थान-छतरीपुर, जौनपुर। धर्म-हिन्दू (पिछड़ी जाति)। शिक्षा-इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि-23 मई, 1986। पति का नाम-श्री कमला शंकर यादव। सन्तान-एक पुत्र, तीन पुत्रियां। व्यवसाय-कृषि।

अक्टूबर, 2004 को सम्पन्न उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास-ग्राम-अहिरौली, पो0-शीतलगंज, जिला-जौनपुर।

कुल मतदाता-3,01,627, कुल मतदान-1,55,835,

प्राप्त मत-* 1-श्रीमती श्रद्धा यादव-46,363,

2-श्री अमित कुमार यादव-41,465 (बहुजन समाज पार्टी)।

---

*श्री पारस नाथ यादव (समाजवादी पार्टी) द्वारा दिनांक 25 मई, 2004 को अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र देने के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## * श्रीराम भारती, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-250, छानवे (अ0जा0),
जिला-मिर्जापुर।
दल-बहुजन समाज पार्टी।

पिता-स्व0-राम दिहल। जन्म तिथि-12 जनवरी, 1956। जन्म स्थान-मौहरिया (मिर्जापुर)। धर्म-हिन्दू। जाति-अनुसूचित जाति (पासी)। शिक्षा-हाईस्कूल। विवाह-1982 में। पत्नी का नाम-श्रीमती इसरावती देवी। सन्तान-दो पुत्र, पांच पुत्रियां। व्यवसाय-कृषि।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा मई, 2004 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में दूसरी बार भी आप बहुजन समाज पार्टी से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। चक्काजाम पार्टी आन्दोलन में आप 21 दिन जिला-कारागार, मिर्जापुर में बन्दी रहे।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है और फुटबाल खेलना प्रिय है।

मुख्यावास-ग्राम-महुवरिया, पो0-सदर, जिला-मिर्जापुर।

कुल मतदाता-3,14,816, कुल मतदान-1,46,825,

प्राप्त मत-* 1-श्री श्रीराम भारती -53,137,

2-श्री भाई लाल-40,576, (भारतीय जनता पार्टी)।

*श्री पकौड़ी लाल (बहुजन समाज पार्टी) द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।

## * सत्तो देवी, श्रीमती

निर्वाचन क्षेत्र-399, नागल (अ0जा0),
जिला-सहारनपुर।
दल-बहुजन समाज पार्टी।

जन्म स्थान-समगोर। धर्म-हिन्दू। जाति-अनुसूचित जाति। शिक्षा-साक्षर। विवाह तिथि-15 जुलाई, 1971। पति का नाम-स्व0 इलम सिंह (भूतपूर्व विधायक)। सन्तान-दो पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय-कृषि।

दिसम्बर, 2005 में सम्पन्न हुये उपचुनाव में आप प्रथम बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं।

मुख्यावास-ग्राम-मड़की, पो0-कोटा, जनपद-सहारनपुर।


कुल मतदाता-2,41,088, कुल मतदान-1,15,874,

प्राप्त मत-* 1-श्रीमती सत्तो देवी-67,637,

2-श्री रजनीश-36,313 (राष्ट्रीय लोक दल)।

---

*श्री इलम सिंह (बहुजन समाज पार्टी) की दिनांक 22 सितम्बर, 2005 के पूर्वाह्न में हुई मृत्यु के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।



## * सुरेन्द्र कुमार मुन्नी, श्री

निर्वाचन क्षेत्र-372, गाजियाबाद,
जिला-गाजियाबाद।
दल-समाजवादी पार्टी।

पिता-स्व0 प्यारे लाल शर्मा। जन्म तिथि-9 जनवरी, 1955। जन्म स्थान-ग्राम-रईसपुर (गाजियाबाद)। धर्म-हिन्दू। शिक्षा-बी0 ए0। विवाह तिथि-2 दिसम्बर, 1983। पत्नी का नाम-श्रीमती ऊषा शर्मा। सन्तान-एक पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय-कृषि।

वर्ष 1980 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार निर्दलीय, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में दूसरी बार कांग्रेस से तथा अक्टूबर, 2004 को सम्पन्न उपचुनाव में तीसरी बार आप समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1978 में श्रीमती इन्दिरा गांधी रिहाई आन्दोलन में 14 दिन, 1979 में संजय गांधी के साथ 4 दिन मेरठ और तिहाड़ जेल, दिल्ली में बन्दी रहे। वर्ष 1985 में विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति, 1984-85 में आवास मन्त्रणा एवं किचन समिति के आप सदस्य तथा वर्ष 1980 से 1981 तक विधान सभा में सचेतक रहे। ट्रेड यूनियन, झोपड़-पट्टी एसोसियेशन और ठेला पटरी खोखा खोमचा एसोसियेशन से आप सम्बन्ध रहे हैं। एक रुपये रोज पर तीन हजार से अधिक लोगों को तथा तीन रुपये रोज पर पांच हजार लोगों को आपने विकास प्राधिकरण गाजियाबाद से मकान उपलब्ध करवाये हैं। वर्ष 1989 से आप शहीद प्यारे लाल शर्मा जनविकास परिषद्, गाजियाबाद के अध्यक्ष हैं तथा सनातन धर्म जूनियर हाईस्कूल हिन्दुस्तान मजदूर पंचायत तथा खाद्य एवं पेय पदार्थ, मोहननगर के दो वर्षों तक अध्यक्ष रहे हैं।

खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत, खेलकूद-विशेषकर बैडमिन्टन प्रिय है।

मुख्यावास-46, कल्लूपुरा, प्यारे लाल शर्मा मार्ग, गाजियाबाद।

कुल मतदाता-7,45,192, कुल मतदान-2,14,506,

प्राप्त मत-* 1-श्री सुरेन्द्र कुमार मुन्नी-64,173,

2-श्री सतीश त्यागी-52,712 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।

*श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) द्वारा दिनांक 24 मई, 2004 के अपराह्न से विधान सभा की सदस्यता से दिये गये त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान के लिये सम्पन्न उपचुनाव में निर्वाचित।

# परिशिष्ट

# चौदहवीं विधान सभा के लिये सम्पन्न उपचुनाव

(जनवरी, 2004 से अप्रैल, 2006 तक)

| क्र0सं0 | सदस्य का नाम | दल | निर्वाचन क्षेत्र | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | उपचुनाव तिथि<br>24 जनवरी, 2004 | | |
| 1 | श्री मुलायम सिंह यादव | समाजवादी पार्टी | 25, गुन्नौर (बदायूं) | 13-14 |
| | | उपचुनाव तिथि<br>13 मई, 2004 | | |
| 1 | श्रीमती अमिता सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 105, अमेठी (सुल्तानपुर) | 2 |
| 2 | श्री प्रदीप जैन "आदित्य" | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 312, झांसी (झांसी) | 9 |
| 3 | श्री मदन सिंह उर्फ संतोष कुमार | समाजवादी पार्टी | 286, अजीतमल, अ0 जा0 (इटावा) | 11 |
| 4 | श्री रामपाल वर्मा | बहुजन समाज पार्टी | 67 बेनीगंज, अ0 जा0 (हरदोई) | 21 |
| 5 | श्री श्रीराम भारती | बहुजन समाज पार्टी | 250, छानवे, अ0 जा0 (मिर्जापुर) | 26 |
| | | उपचुनाव तिथि<br>13 अक्टूबर, 2004 | | |
| 1 | श्री उज्ज्वल रमण सिंह | समाजवादी पार्टी | 252, करछना (इलाहाबाद) | 5 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 2 | श्रीमती नन्दिता शुक्ला | समाजवादी पार्टी | 144, मुजेहना (गोण्डा) | 7 |
| 3 | श्री परमजीत | राष्ट्रीय लोकदल | 394, बघरा (मुजफ्फरनगर) | 8 |
| 4 | श्रीमती प्रेमलता देवी | भारतीय जनता पार्टी | 356, अतरौली (अलीगढ़) | 10 |
| 5 | श्री मुकुल उपाध्याय | बहुजन समाज पार्टी | 359, इगलास (अलीगढ़) | 12 |
| 6 | श्री राजनाथ यादव | समाजवादी पार्टी | 220, सैदपुर (वाराणसी) | 17 |
| 7 | स्व0 राजूपाल | बहुजन समाज पार्टी | इलाहाबाद पश्चिमी (इलाहाबाद) | 18 |
| 8 | श्री रामचन्द्र यादव | समाजवादी पार्टी | 120, मिल्कीपुर (फैजाबाद) | 20 |
| 9 | श्री राममगन | समाजवादी पार्टी | 124, सिद्धौर, अ0 जा0 (बाराबंकी) | 23 |
| 10 | श्री श्याम प्रकाश | समाजवादी पार्टी | 69, अहिरौरी, अ0 जा0 (हरदोई) | 24 |
| 11 | श्रीमती श्रद्धा यादव | समाजवादी पार्टी | 235, मडियाहूं (जौनपुर) | 25 |
| 12 | श्री सुरेन्द्र कुमार मुन्नी | समाजवादी पार्टी | 372, गाजियाबाद (गाजियाबाद) | 28-29 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| | | उपचुनाव तिथि<br>02 जून, 2005 | | |
| 1 | श्री अमर सिंह परमार | राष्ट्रीय लोकदल | 344, खैरागढ़ (आगरा) | 1 |
| 2 | श्री अलगू प्रसाद चौहान | समाजवादी पार्टी | 162, हैंसर बाजार, अ0 जा0 (संतकबीरनगर) | 4 |
| 3 | श्री खालिद अजीम उर्फ अशरफ | समाजवादी पार्टी | 261, इलाहाबाद पश्चिमी | 6 |
| 4 | श्रीमती राबिया कलाम | समाजवादी पार्टी | 227, वाराणसी उत्तरी | 19 |
| | | उपचुनाव तिथि<br>02 दिसम्बर, 2005 | | |
| 1 | श्री रंगनाथ मिश्र | बहुजन समाज पार्टी | 231, औराई (भदोही) | 15-16 |
| 2 | श्रीमती सत्तो देवी | बहुजन समाज पार्टी | 399, नागल, अ0 जा0 (सहारनपुर) | 27 |
| | | उपचुनाव तिथि<br>16 फरवरी, 2006 | | |
| 1 | श्रीमती अलका राय | भारतीय जनता पार्टी | 214,मोहम्मदाबाद (गाजीपुर) | 3 |
| | | उपचुनाव तिथि<br>25 मार्च, 2006 | | |
| 1 | श्री राम भुआल निषाद | समाजवादी पार्टी | 166, कौड़ीराम (गोरखपुर) | 22 |

पी0एस0यू0पी0-एल0 04 विधान सभा (04)-5-4-2006 (कम्प्यूटर/आफसेट)।